4 | राजधानी
नवम्बर से होगा छूटे बच्चों का टीकाकरण

5 | अभिमत
सही दिशा में उठाया गया कदम

7 | राष्ट्रीय
परिवारों के सेवक बन गए हैं विपक्षी दलः नड्डा

8 | स्पोर्ट्स
डिविलियर्स के धमाल से आरसीबी चमका



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 2
लखनऊ, रविवार, 18 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com






फिल्टर बबल का है जमाना
आज के अंक के साथ
एजेण्डा


# दुश्मन देश का गुणगान करने वालों का बहिष्कार हो

- सीएम ने बलरामपुर से किया मिशन शक्ति का शुभारंभ
- सरकारी नौकरियों में बालिकाओं को वरीयता देंगेः योगी
- कहा, बेटियों पर बुरी नजर डालने वालों की दुर्गति तय

**पायनियर समाचार सेवा।** बलरामपुर



बलरामपुर स्थित शक्तिपीठ मंदिर देवीपाटन में पूजा-अर्चना करते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**बलरामपुर** पुलिस लाइन में मिशन शक्ति का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी नौकरी की भर्तियों में बालिकाओं को वरीयता दी जाएगी। बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार दिलाने के लिए स्वावलंबी बनने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि बेटियों पर बुरी नजर डाली तो दुर्गति तय है। ऐसे लोगों को उप्र की धरती पर रहने के लिए कोई जगह नहीं है। जो दल दुश्मन देश का गुणगान कर रहे हैं, उनका सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति के उद्घाटन अवसर पर बलरामपुर को सवा पांच सौ करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने गैसड़ी में सामूहिक दुष्कर्म के बाद मृत छात्रा को श्रद्धांजलि दी। कहा कि गैसड़ी कांड ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। मिशन शक्ति की शुरुआत से छात्रा की आत्मा को शांति मिलेगी। घटना में शामिल कोई भी व्यक्ति बच नहीं पाएगा। मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। सीएम ने छात्रा के परिजन को सहायतार्थ पांच लाख रुपए का चेक दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों की ओर से दिए गए मांग पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति का शुभारम्भ करते हुए कहा कि यह अभियान शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र तक चलेगा। नारी शक्ति की प्रतीक है, जिसकी अवहेलना करने वाला कोई भी राष्ट्र विकास नहीं कर सकता। महिलाओं व बेटियों पर अत्याचार सहन नहीं किया जाएगा। सूबे के सभी थानों व तहसीलों में महिला हेल्प डेस्क बनाकर महिला अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। महिलाओं की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पहले चरण में जन जागरूकता लानी है, जिसमें समाज का सहयोग आवश्यक है। दूसरे चरण में शोहदों को चिह्नित किया जाएगा। तीसरे चरण में शोहदों की फोटो चौराहों पर लगाकर उनका सामाजिक बहिष्कार होगा।

इस योजना के संचालन में 24 विभागों को शामिल किया गया है। साथ ही सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। महिला अपराध से जुड़े लोगों को सजा दिलाने की पैरवी सरकार मजबूती से करेगी। योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। योगी ने कहा कि भाजपा का विकास विपक्ष को पसंद नहीं आ रहा है। ऐसे भी लोग हैं, जो प्रदेश का माहौल खराब करने के लिए दंगा कराने की साजिश कर रहे हैं। सत्ता में रहते हुए विकास के बजाय जिन्होंने समाज को जाति व धर्म में बांटने का कार्य किया, अब उनका एजेंडा दंगा-फसाद व अच्छे कार्यों की आलोचना करना हैं।

## आरोग्य मित्रों का मानदेय दोगुना हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आबद्ध चिकित्सालयों में कार्यरत आरोग्य मित्रों का मानदेय दोगुना कर दिया गया है। आरोग्य मित्रों को वर्तमान में यह मानदेय 5000 रुपए प्राप्त होता था, जिसे बढ़ाकर 10000 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार एवं मातृ शिशु कल्याण अमित मोहन प्रसाद ने 16 अक्टूबर 2020 को मानदेय बढ़ोतरी का आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि आरोग्य मित्रों के मानदेय का भुगतान संबंधित चिकित्सालय द्वारा योजना अंतर्गत प्राप्त धनराशि से किया जाएगा। इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान नहीं किया जाएगा।

# राहतः कोरोना के मामले 8 लाख से नीचे



प्रतीकात्मक फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पिछले डेढ़ माह में पहली बार सक्रिय मरीजों की संख्या में आई गिरावट, 24 घंटे में 70 हजार से ज्यादा लोग हुए ठीक

**भारत** में पिछले डेढ़ माह में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों में पहली बार गिरावट आई है और यह संख्या आठ लाख के आंकड़े से नीचे आ गई है। लेकिन शनिवार को देश में महामारी से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री ने इसके खिलाफ जंग में कोई ढिलाई न बरतने के लिए चेताया। यहां तक कि विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि जाड़े की शुरुआत और आने वाले त्योहारी सीजन में मामले फिर तेजी से बढ़ सकते हैं जैसा कि ओणम के बाद केरल में हुआ था।

पिछले 24 घंटे में 70,816 मरीजों के स्वस्थ होने से भारत में सक्रिय मामले घटकर 7.95 लाख रह गए हैं। हालांकि रोजाना आने वाले मामलों को देखा जाए तो पूरी दुनिया में भारत में अब भी प्रतिदिन सबसे ज्यादा केस आ रहे हैं। मध्य सितंबर तक देश में प्रतिदिन 80 हजार से 90 हजार नए केस आ रहे थे जो पिछले हफ्ते में घटकर 70 हजार पर आ गए हैं। महाराष्ट्र में केसों में आई गिरावट से कुल मामलों की संख्या कम हुई है। वहीं केरल, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में कोविड-19 केसों में आई तेजी से केंद्र सरकार चिंतित है और उसने वहां महामारी पर नियंत्रण में मदद के लिए विशेषज्ञों की टीम को भेजा है। कोरोना के खिलाफ जंग में ढिलाई न बरतने की प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरूप डॉ. लेडी हार्डिंग हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. आरके धमीजा ने कहा कि केरल में ओणम के बाद कोविड केसों में 126 फीसदी तक इजाफा देखा गया।

डॉ. धमीजा ने कहा, 'लोगों को सावधान रहना होगा, सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनना और स्वच्छता बरतना होगा। लोगों के इकट्ठा होने ( शेष पेज 7 )

## चुनाव प्रक्रिया की तरह हो टीके का वितरणः मोदी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रत्येक** नागरिक के लिए टीकों की शीघ्र पहुंच सुनिश्चित करने के वास्ते पूरी तैयारी रखने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयोजन की तरह टीका वितरण की ऐसी प्रणाली विकसित करने का शनिवार को सुझाव दिया जिसमें सरकारी और नागरिक समूहों के प्रत्येक स्तर की भागीदारी हो। इस बीच. पीएमओ ने एक बयान में कहा कि आईसीएमआर और जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) द्वारा भारत में सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19 वायरस) के जीनोम पर दो अखिल भारतीय अध्ययनों से पता चलता है कि वायरस आनुवंशिक रूप से स्थिर है, इसमें कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है। कोविड-19 महामारी स्थिति और टीके के वितरण तथा प्रबंधन की तैयारी ( शेष पेज 7 )

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमाला कमण्डलू। देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं।

# बस-जीप की टक्कर में नौ की मौत, 32 घायल



पीलीभीत में शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त बस को उठाती क्रेन

**पायनियर समाचार सेवा।** पीलीभीत, लखनऊ

**पीलीभीत** जिले के पूरनपुर में शनिवार सुबह बोलेरो जीप और रोडवेज बस के बीच टक्कर होने से नौ लोगों की मौत हो गई तथा 32 लोग घायल हो गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि शनिवार तड़के तीन से चार बजे के बीच पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में पीलीभीत डिपो की रोडवेज बस सवारियों को लेकर लखनऊ से पीलीभीत आ रही थी, वहीं दूसरी ओर जीप भी सवारी लेकर पूरनपुर की तरफ से आ रही थी। थाना पूरनपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग 730 के सोहरामऊ बॉर्डर के पास बस व जीप में टक्कर हो गई ( शेष पेज 7 )

## फ्रांस में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून दिखाने पर शिक्षक का सिर काटा हमलावर भी ढेर

**पेरिस( एजेंसी )।** फ्रांस में पैगंबर मुहम्मद के कार्टून के बारे में छात्रों से चर्चा करने वाले इतिहास के एक शिक्षक का शुक्रवार को एक व्यक्ति ने सिर काट कर दिया। बाद में पुलिस ने हत्यारे को गोली मार दी। अभियोजन अधिकारी के कार्यालय ने कहा कि मामले की आतंकवादी कोण से जांच शुरू कर दी गई है। यह बर्बर घटना एरागनी नगर में हुई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चाकू और एक एयरसॉफ्ट बंदूक से लैस संदिग्ध को पुलिस ने गोली से उड़ा दिया। इस मामले में चार अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है। हमला राजधानी पेरिस के पूर्वी-पश्चिमी इलाके में कॉन्फ्लैन्स सौं होनोरी नाम के एक स्कूल के नज़दीक हुआ। पुलिस ने हमलावर को गिरफ़्तार करने की कोशिश की लेकिन फिर उन्हें हमलावर पर गोलियां चलानी पड़ीं। अब तक हमलावर का नाम जाहिर नहीं किया गया है। हालांकि अब तक जो जानकारी मिली है उसके अनुसार हमलावर 18 साल का था। बताया जा रहा है कि इस शिक्षक ने अपने छात्रों को पैगंबर मोहम्मद के वो कार्टून दिखाए थे जो कुछ साल पहले फ्रेंच पत्रिका शार्ली एब्दो ने छापे थे।

# पहले चरण के मतदान से पूर्व दस लाख लीटर शराब जब्त

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**बिहार चुनाव**

- अवैध हथियार, करोड़ों की नकदी और नशीले पदार्थ भी बरामद

**बिहार** में पहले चरण के मतदान से पूर्व 9.89 लाख लीटर से अधिक शराब जब्त की गई है। यह स्थिति तब है जब राज्य में शराबबंदी लागू है। चुनाव के दौरान शराब ही नहीं, हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी भी खूब हो रही है। अवैध हथियारों की फैक्टरियों के लिए कुख्यात राज्य में अब तक बिना लाइसेंस वाले 1139 हथियार भी कब्जे में लिए गए हैं।

यही नहीं, 16.81 करोड़ की अघोशित रकम और 90 लाख नेपाली करंसी भी पुलिस को मिली है। बाधारहित चुनाव संपन्न कराने के लिए आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 2.54 लाख से अधिक लोगों को नोटिस देकर चेताया गया है। छापेमारी और आकस्मिक जांच के दौरान 956.625 किलो खसखस, 106.825 किलो हशीश, 10.5 किलो पॉप्पी रोल, 40 पैकेट स्मैक, 150 ग्राम ब्राउन शुगर और 40 लीटर स्प्रिट मिली है। चुनाव आयोग की एक जब्ती रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार उड़न दस्ते, स्टैटिक सर्विलांस टीम और अन्य एजेंसियों ने अब तक अलग-अलग स्थानों से महुआ (मधुका इंडिका) में बनी सुरा समेत 9,89,973 लीटर शराब जब्त की है। अधिकारियों के अनुसार, महुआ की बनी शराब खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से बरामद हुई है। मालूम हो कि राज्य में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगा है और शराब की बोतल रखना आपराधिक कृत्य है और आरोपी पर भारी जुर्माने का प्रावधान है।

राज्य में शराबबंदी के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव को देखते हुए माफिया शराब तस्करी में अचानक सक्रिय हो गए हैं, क्योंकि मतदाताओं को लुभाने के लिए अक्सर इसका इस्तेमाल किया जाता है। शराब के अलावा पैसे का इस्तेमाल भी चुनाव में वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए किया जाता है। इसी ( शेष पेज 7 )

# एलएसी पर शांति अत्यधिक बाधित भारत-चीन संबंधों पर पड़ रहा असर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और अमन-चैन गंभीर रूप से बाधित हुए हैं और जाहिर तौर पर इससे भारत तथा चीन के बीच संपूर्ण रिश्ते प्रभावित हो रहे हैं। जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच पांच महीने से अधिक समय से सीमा गतिरोध की पृष्ठभूमि में ए बयान दिए जहां प्रत्एक पक्ष ने 50,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। जयशंकर ने अपनी पुस्तक द इंडिया वे :स्ट्रेटेजीस फॉर एन अनसर्टेन वर्ल्ड पर आयोजित वेबिनार में पिछले तीन दशकों में दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच संबंधों के विकास के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में कहा कि चीन-भारत सीमा का सवाल बहुत जटिल और कठिन विषय है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के संबंध बहुत मुश्किल दौर में हैं जो 1980 के दशक के अंत से व्यापार, यात्रा, पर्यटन तथा सीमा पर शांति के आधार पर सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सामान्य रहे हैं।

# कंगना रनौत के विरुद्ध मुंबई में एफआईआर

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**बांद्रा** पुलिस स्टेशन में अभिनेत्री कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बांद्रा कोर्ट ने कास्टिंग डायरेक्टर साहिल अशरफ सैयद की शिकायत के बाद हाल ही में कंगना और उनकी बहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। साहिल के वकील रवीश जमींदार ने बताया कि प्राथमिकी में लगाईं गईं धाराएं गैर जमानती हैं। आज कोर्ट से आदेश मिलने के बाद कोर्ट की कॉपी लेकर शिकायतकर्ता और उनके वकील बांद्रा पुलिस स्टेशन पहुंचे थे।

दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल ने अपने ट्वीट्स के जरिए सांप्रदायिक सदभाव बिगाड़ने और महाराष्ट्र सरकार का नाम बदनाम करने का काम किया है। पुलिस पहले इस केस में शिकायत कॉपी को पढ़ेगी और फिर इस मामले में सबूत जुटाने की कोशिश करेगी। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच करने की कोशिश करेगी और जब भी जरूरत होगी वे इस मामले में कंगना को समन भी कर सकते हैं। बता दें कि कोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा गया था कि कंगना रनौत लगातार बॉलीवुड को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म से लेकर टीवी तक, हर जगह वह बॉलीवुड के खिलाफ बोल रही हैं। वह लगातार बॉलीवुड को नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म का अड्डा बता रही हैं।

याचिका में आरोप लगाया गया कि कंगना ने बॉलीवुड के हिंदू और मुस्लिम कलाकारों के बीच खाई पैदा की है। वह लगातार आपत्तिजनक ट्वीट कर रही हैं जिससे न केवल धार्मिक भावनाएं आहत हुई बल्कि फिल्म इंडस्ट्री में कई लोग इससे आहत हैं। इस पूरे प्रकरण पर कंगना रनौत के वकील रिजवान सिद्दकी ने कहाकि मुझे उन ट्वीट्स को चेक करना होगा जिनका उल्लेख कोर्ट में किया गया है। जिन ट्वीट्स के बारे में बात की गई है, हो सकता है कि उनकी व्याख्या गलत तरीके से की गई हो। मुल्ला का मतलब धार्मिक प्रमुख होता है। आदेश की प्रतिलिपि मिलने के बाद ही इस पर कुछ टिप्पणी कर सकूंगा। वकील ( शेष पेज 7 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 39,982 | |
| निफ्टी | 11,762 | |
| सोना | 51,704 | /10g |
| चांदी | 62,972 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बीएड काउंसलिंग टली

**लखनऊ।** आगामी 19 अक्टूबर से प्रस्तावित बीएड काउंसलिंग 2020 को अपरिहार्य कारणों से लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्थगित कर दिया है। माना जा रहा है कि अभी तक सभी राज्य विश्वविद्यालयों के अंतिम वर्ष के परिणाम न आना मुख्य वजह है। बीएड प्रवेश परीक्षा की स्टेट नोडल आफिसर प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि जल्द ही काउन्सिलिंग के संशोधित कार्यक्रम की घोषणा शीघ्र की जायेगी।

### मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का विदेशी आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आईईडी बनाने में माहिर लश्कर-ए-तैयबा का विदेशी आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों को दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग जिले के लारनू में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी जिसके बाद आज सुबह तलाशी अभियान शुरू किया गया। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी की मौजूदगी का पता चलने के बाद उसे आत्मसमर्पण का मौका दिया गया।

# हमारी एक इंच जमीन कोई नहीं ले सकताः शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- लद्दाख विवाद पर बोले केंद्रीय गृह मंत्री
- कहा, बिहार में राजग को मिलेगा दो तिहाई बहुमत, पश्चिम बंगाल में अगली सरकार होगी भाजपा की




**लद्दाख** में चीन के साथ जारी गतिरोध के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार देश की एक-एक इंच जमीन को बचाने के लिए पूरी तरह सजग है और कोई इस पर कब्जा नहीं कर सकता। शाह ने यह भी कहा कि सरकार चीन में लद्दाख के साथ गतिरोध को सुलझाने के लिए हरसंभव सैन्य और कूटनीतिक कदम उठा रही है। क्या चीन ने भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया है, इस प्रश्न के जवाब में उन्होंने एक समाचार चैनल से साक्षात्कार में कहा, हम अपने एक-एक इंच भूभाग को लेकर चौकन्ने हैं, कोई इस पर कब्जा नहीं कर सकता। हमारे रक्षा बल और नेतृत्व देश की संप्रभुता और सीमा की रक्षा करने में सक्षम हैं। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के संदर्भ में शाह ने विश्वास जताया कि राजग दो-तिहाई बहुमत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार चुनाव के बाद राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। गृह मंत्री ने कहा कि अगले साल पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बदलेगी और भाजपा वहां सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि हम पश्चिम बंगाल में मजबूती से लड़ेंगे और सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर है और भाजपा जैसे राजनीतिक दलों को वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करने का हर अधिकार है। शाह ने कहा, हालांकि केंद्र सरकार संविधान को ध्यान में रखते हुए और राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर उचित निर्णय लेगी।

जब शाह से पूछा गया कि बिहार में यदि भाजपा की सीटें जदयू से अधिक आती हैं तो क्या पार्टी मुख्यमंत्री पद पर दावेदारी करेगी, इस पर उन्होंने कहा, कोई अगर, मगर की बात नहीं है। नीतीश कुमार बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे। हमने सार्वजनिक घोषणा की है और हम इसे लेकर प्रतिबद्ध हैं। बिहार में सत्तारूढ़ गठजोड़ से लोक जनशक्ति पार्टी के अलग होने का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि पार्टी को पर्याप्त संख्या में सीटों की पेशकश की गई लेकिन फिर भी वह गठबंधन से अलग हो गई। उन्होंने कहा, यह उनका फैसला था, हमारा नहीं। उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक युवती के कथित सामूहिक बलात्कार और उसकी मौत की घटना के बारे में पूछे जाने पर गृह मंत्री ने विपक्ष पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि घटना वाले दिन ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था और सीबीआई जांच चल रही है।

उन्होंने कहा, हाथरस में बलात्कार हुआ और ऐसी ही घटना राजस्थान में घटी। लेकिन राजनीति केवल हाथरस तक सीमित रही। किसी ने राजस्थान के विषय को नहीं उठाया। हाथरस मामले में आरोपियों को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया था। एक समिति का गठन जांच के लिए किया गया। सीबीआई भी जांच कर रही है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त होने के एक वर्ष बाद के हालात के प्रश्न पर शाह ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश में कानून व्यवस्था अब सामान्य है ( शेष पेज 7 )




## भैंस पर सूझबूझ

खाकी महकमा अपने अजीबोगरीब कारनामों के लिए हमेशा चर्चा में रहता है। कभी पुलिस अपराधी को डराने के लिए मुंह से ही गोली चलने की ठाएं ठाएं आवाज निकालती है तो कभी शराब पीकर आपस में ही सड़कों पर उलझ जाती है। अब एक बार फिर इत्र की राजधानी कहे जाने वाले जिले में पुलिस ने एक ऐसा काम किया है जिसे सुनकर हतप्रभ होना स्वाभाविक है। दरअसल एक व्यक्ति की भैंस चोरी हो गई। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई। इससे तीन दिन पहले एक अन्य व्यक्ति की भी भैंस चोरी हो चुकी थी। उसने भी शिकायत दर्ज करा रखी थी। जैसे तैसे पुलिस ने एक भैंस बरामद कर ली। इसकी जानकारी मिलने के बाद दोनों शिकायतकर्ता थाने पहुंच गए। दोनों ने भैंस के ऊपर अपना दावा ठोक दिया। ऐसे में पुलिस फैसला करने में असमर्थ हो गई क्योंकि एक भैंस पर दो लोग अपना दावा ठोक रहे थे। तभी पुलिस ने एक ऐसा निर्णय लिया जिसने सभी को चौंका दिया। पुलिस ने भैंस को दोनों दावेदारों के बीच में छोड़ दिया। पुलिस का कहना था कि यदि भैंस अपनी मालिक को पहचान कर उनके पास चली जाती है तो समझो भैंस उसी आदमी की है और हुआ भी यही। भैंस अपने असली मालिक को पहचानते हुए उसके पीछे चल दी। अब पुलिस के इस सूझबूझ भरे निर्णय की प्रशंसा हो रही है। भैंस का दूसरा दावेदार भी इस फैसले से सहमत है।




## फिर जगी आस

शनिवार से शारदीय नवरात्र शुरू होने के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा बलवती होती जा रही है। संगठन के भी लोग यह मान रहे हैं कि अगर अब सरकार में एडजस्ट नहीं हो पाए तो फिर मौका कब मिलेगा यह तो राम जाने क्योंकि आज से ठीक एक साल बाद यूपी सरकार विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएगी। इसलिए जो भी जोर आजमाइश करनी है वह अभी ही करनी होगी वरना समय नहीं मिलेगा। संगठन में ऐसे कई चेहरे हैं जो हर बार उम्मीद लगाते हैं कि शायद इस बार नाम के आगे माननीय लगने की नौबत आए लेकिन बहार आकर चली जाती है और गुलशन में फूल नही खिलते हैं। इस बार भी अगर मौसम मेहरबान न हुआ तो शायद फिर कभी मौका नहीं मिल पाएगा। इसी उम्मीद में कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने राम नाम जपना शुरू कर दिया है।

## खेल पर पहरा

अपने मैनेजमेंट गुरु अपनी विद्वता के जरिये संस्थान के बड़े से बड़े धुरंधरों को मात देने में लगे हैं। अब खबर है कि संस्थान में हर साल एडमिशन में होने वाले खेल की खबर पर उन्होंने पहरा लगा दिया है। संस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है। संस्थान में तो वैसे हर बार एडमिशन की प्रक्रिया सवालों के घेरे में रहती है। अपने आपको पाक साफ बताने वाले गुरुजी पिछले कई साल से जिम्मेदारी संभालते संभालते इस खेल के माहिर हो गए हैं। ऐसे में प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए मुखिया जी ने पहली बार साइंस के साथ आर्ट्स का कॉम्बिनेशन कर दिया है। काम साइंस करेगा, नजर आर्ट्स रखेगा। अंदर से यह भी खबर है कि नेक्स्ट शेसन से यह जिम्मेदारी किसी और को ट्रांसफर हो सकती है।

## गुप्त प्रसाद

लोगों को ऊपर मार्ग से यातायात की सेवा देने वाले लाला जी प्रसाद से वंचित चल रहे हैं। ऊपर मार्ग बनाने वाले विभाग के लाला जी पूरी तरह से मुखिया तो हैं लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि ऊपर वाला उनसे नाराज चल रहा है। शायद यही कारण है कि उन्हें प्रसाद नहीं मिल रहा है। वह भी केशव का। देखा जाए तो लालाजी ऊपर मार्ग अर्थात सेतु के मुखिया हैं फिर भी उनके पास काम कुछ नहीं है सिर्फ बैठक करते हैं और हस्ताक्षर। मलाई कोई और काट रहा है। काटे भी क्यों न। आखिर उस पर केशव की गुप्त रूप से दया दृष्टि है। यही कारण है कि लाला जी से काफी छोटे पद पर मौजूद व्यक्ति गुप्त रूप से आशीर्वाद लेकर पूरा आनंद ले रहा है। इस स्थिति से अकेले लालाजी ही परेशान नहीं है बल्कि ऊपर मार्ग बनाने के लिए बैठाए गए दर्जनों अधिकारी प्रभावित हो रहे हैं लेकिन बोल कोई नहीं रहा है। सब मौन धारण किए बैठे हैं। प्रश्न यह बनता है कौन पहल करे। केशव के प्रसाद को गुप्त रूप से मात्र एक व्यक्ति के पास जाने से रोके।



## चलो यह भी आजमाएं

कभी साइकिल पर सवार रही भाजपा की महिला नेता को सफलता के रास्ते की तलाश है। करीब दो साल के सारे जतन फेल होने के बाद अब इस महिला नेता ने सफलता के रास्ते की तलाश में नया जतन शुरू किया है। भगवा पोशाक में भाजपा की यह महिला नेता पिछले दिनों गोशाला पहुंची और बडे प्यार से गोवंश को अपने हाथों से खिलाया। उन्हें उम्मीद है कि गोवंश के प्रति लगाव रखने वाले मुख्यमंत्री को उनका यह तरीका पसंद आएगा और शायद उनके लिए भाजपा में कामयाबी का रास्ता खुल सके। महिला नेता ने अपना फोटो सहयोगियों की मदद से वायरल कराया। वैसे यह महिला नेता जब साइकिल पर सवार थी तो सफलता की डगर पर चलने के लिये खूब कुलाचें भरीं थी और कुछ हद तक सफल भी रहीं। उन्हें चुनाव से साल भर पहले ही विधानसभा का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया लेकिन चाचा-भतीजे के दंगल में उनका दांव खाली चला गया। उल्टा चुनाव तैयारियों पर खर्च किया गया लाखों रुपया पानी में चला गया।

# महिलाओं को बनना होगा सशक्त

- राज्यपाल ने किया सेफ सिटी परियोजना का शुभारंभ, 100 पिंक पेट्रोल स्कूटी व 10 चार पहिया महिला पुलिस वाहनों को झण्डी दिखाकर रवाना किया








**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से सेफ सिटी परियोजना का शुभारम्भ करते हुए 100 पिंक पेट्रोल स्कूटी एवं 10 चार पहिया महिला पुलिस वाहनों को झण्डी दिखाकर रवाना किया। निर्भया फण्ड से अनुदानित सेफसिटी परियोजना के लिए चयनित देश के 8 महानगरों में लखनऊ भी सम्मिलित हैं।

राज्यपाल ने नवरात्र की बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए महिला पुलिस कर्मी का दस्ता पूरे शहर में भ्रमण करेगा, इससे सुरक्षा की भावना एवं गौरव का बोध होता है। सेफसिटी परियोजना 180 दिन चलने वाला अभियान है जिसके तहत पुलिस सहित सभी विभाग केन्द्रीकृत होकर महिला हितों के लिये कार्य करेंगे। राज्यपाल ने केन्द्र एवं राज्य सरकार का महिलाओं के लिए चलायी जा रही योजनाओं के लिए अभिनन्दन करते हुए कहा कि हमें देखना होगा कि इन योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिले। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में समाज का दायित्व बढ़ जाता है। महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं होगा तो वे अपना महत्व खो देंगी। महिलाएं जब तक सामाजिक एवं आर्थिक रूप से दूसरों पर निर्भर रहेंगी तब तक उनका उत्पीड़न होता रहेगा। महिलाओं को सशक्त बनना होगा। राज्यपाल ने कहा कि समाज में अपराधी एवं विकृत प्रवृत्ति के भी लोग हैं जिन्हें अपराध करने में संतोष मिलता है। छात्राओं को स्कूल जाते समय परेशान किया जाता है। ऐसे लोगों के कारण महिलाएं परिवार में भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करती। उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसे लोगों को चिन्हित कर अपराध करने से पूर्व ही रोके। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारियां ही नहीं होती हैं। महिलाओं को अपने क्षेत्र के थानों एवं स्थानीय अधिकारियों का भी पता नहीं होता है। जब महिलाएं एवं बेटियां पुलिस और थाने से डरेंगी तो सुरक्षा की भावना कैसे विकसित होगी। पुलिस एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर महिलाओं, विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं तथा स्वयं सेवी महिला सगठनों से मिलकर महिलाओं के कल्याणार्थ चलायी जा रही योजनाओं एवं उनके अधिकारों की जानकारी देनी चाहिए, तब सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगे। महिला कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह ने कहा कि संविधान में महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिला है। समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव जागृत करें। हमें बेटा और बेटी का अंतर मिटाना होगा। हमें अपने बेटों को बेटी का सम्मान करने की शिक्षा देना होगी। पुलिस महानिदेशक एचसी अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश विशाल प्रदेश है। पुलिस के साथ-साथ लोगों को भी जागरूक कर भयमुक्त वातावरण बनाने का प्रयास किया जायेगा। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिला अपराध के दुराचारियों की पहचान उजागर करना, थानों में महिला डेस्क स्थापित करना, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक स्थलों में जन जागरूकता बढ़ायी जायेगी। उन्होंने कहा कि पिंक पेट्रोल वाहनों को प्रदेश के अन्य जनपदों में भी लागू किया जायेगा। अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश नीरा रावत ने सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में प्रारम्भ की गयी पिंक पेट्रोल योजना के प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें केन्द्र सरकार द्वारा 60 प्रतिशत तथा राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत व्यय वहन किया जायेगा। लखनऊ में 100 दो पहिया तथा 10 चार पहिया महिला वाहन संचालित किये जायेंगे जो रेडिया संचार तथा 112 सुविधा से जुड़े हैं। इन वाहनों को फर्स्ट एड किट, फ्लैशर लाइट तथा सुविधाओं से युक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में महिला अपराध से महिला पुलिस निपटेगी, जिससे महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी।

## महिला हेल्प डेस्क व आगंतुक कक्ष में नियुक्त पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएः डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों के प्रत्येक थाने पर स्थापित किए जा रहे महिला हेल्प डेस्क व आगंतुक कक्ष के संबंध में डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने शनिवार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस संबंध में डीजीपी ने समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त लखनऊ ,गौतमबुद्धनगर, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद को परिपत्र जारी किया है। अपने निर्देशों में डीजेपी ने कहा है कि थानों पर आने वाले आगन्तुक, शिकायतकर्ता, पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को सुनने हेतु एक आधुनिक केन्द्रीयकृत महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष की स्थापना की जाए। आगन्तुक, शिकायतकर्ता, पीड़ित महिलाओं को रिसेप्शन से ही उससे सम्बन्धित सभी जानकारियां प्राप्त कर उनका निस्तारण किया जाए। महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष में नियुक्त कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाए। महिला हेल्प डेस्क पर 2 व्यवहार कुशल एवं मृदुभाषी महिला आरक्षियों की नियुक्ति की जाए। महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष में नियुक्त होने वाले कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाए। मेट्रोपोलिटन सेन्टर तथा बड़ो शहरों में तैनात महिला रिसेप्शन कर्मी एवं टूरिज्म पुलिस कर्मियों को अंग्रेजी भाषा का भी प्रशिक्षण दिया जाए। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मेरठ में स्थापित लैंग्वेज लैब से प्रशिक्षण कराया जाए। रिसेप्शन पूर्णतः कम्प्यूटराईज्ड तथा प्रशिक्षित महिला आरक्षियों द्वारा संचालित किया जाए। थाने पर आने वाले हर आगन्तुक, शिकायतकर्ता, पीड़ित महिलाओं को सर्वप्रथम रिसेप्शन पर नियुक्त कर्मियों द्वारा अटैन्ड किया जाए। शिकायतकर्ता के विवरण को कम्प्यूटर में फीड करते हुये उन्हें प्रार्थना पत्र की प्राप्ति रसीद दी जाए।

## उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हो रहे विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के उद्देश से व्यापक चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा 30 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गयी हैं। स्टार प्रचारकों में प्रमुख रूप से कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव एवं प्रभारी उप्र प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, सांसद पीएल पुनिया, पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी, सांसद राजबब्बर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव शुक्ल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व एमएलसी विवेक बंसल, कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता दीपक सिंह, विधायक सोहेल अन्सारी, अल्संख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन नदीम जावेद, पूर्व सांसद राजा राम पाल, पूर्व सांसद राशिद अल्वी, पूर्व सांसद चौ. बिजेन्द्र सिंह, हरेन्द्र मलिक, पूर्व सांसद बीएल खाबरी, पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक अजय राय, पूर्व विधायक गजराज सिंह शामिल हैं।

## वसूली की लिस्ट वायरल करने पर स्पष्टीकरण तलब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने वरिष्ठ आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर द्वारा थाना कोतवाली मुगलसराय, चन्दौली की कथित वसूली लिस्ट वायरल करने के संबंध में उनका स्पष्टीकरण मांगा है। शासन ने कहा है कि अमिताभ द्वारा सोशल मीडिया नीति का उल्लंघन करते हुए तथ्यों को सार्वजनिक करना अनुचित आचरण की श्रेणी में आता है और इससे अवैधानिक कार्यों में लिप्त व्यक्तियों को अपना बचाव करने व साक्ष्यों से छेड़छाड़ का अवसर मिलता है। अमिताभ ने लिस्ट ट्वीट करते हुए कहा था कि इस हैण्डरिटेन लिस्ट से टोटल प्रति माह की वसूली 35.64 लाख के अलावा 15 व्यक्तियों से अवैध खनन से 12,500 रुपये प्रति वाहन तथा पडवा कट्टा का काम करने वाले कबाड़ी से 4,000 रुपये प्रति वाहन होता है। इसमें गांजा दुकान का 25 लाख भी शामिल है। उन्होंने इन तथ्यों की गहन जांच की मांग की थी। सतर्कता अधिष्ठान की जांच में अवैध वसूली तथा विभिन्न अवैध गतिविधियां करने की पुष्टि हुई है। अमिताभ की पत्नी एक्टिविस्ट डॉ. नूतन ठाकुर ने शनिवार को इस कारण बताओ नोटिस को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

## ओडीओपी कार्यक्रम के तहत 15000 करोड़ का ऋण दिया गयाः सहगल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के एसीएस एमएसएमई डा नवनीत सहगल ने बताया कि एक जिला-एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत मार्जिनमनी स्कीम से कारीगरों, इकाइयों को 20 लाख तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। पिछले तीन वर्षों से लेकर अब तक लगभग 3000 कारीगरों, इकाइयों को योजना के तहत 15000 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया जिससे 15000 लोगों को रोजगार मिला। उन्होंने बताया कि कौशल विकास और टूलकिट वितरण योजना के तहत ओडीओपी कारीगरों को 10 दिनों तक मुफ्त प्रशिक्षण देने की व्यवस्था है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले कारीगरों को फ्री में आधुनिक टूलकिट भी दिये जा रहे है। उन्होंने बताया कि अब तक 41000 से अधिक ओडीओपी कारीगरों को प्रशिक्षित कराते हुए लगभग 40000 कारीगरों को टूलकिट उपलब्ध कराया गया है। सहगल ने बताया कि ओडीओपी कार्यक्रम के तहत संचालित सामान्य सुविधा केंद्र योजना के तहत प्रत्येक जिले में सीएफसी की स्थापना कराई जा रही है। सीएफसी के माध्यम से ओडीओपी कारीगरों, इकाइयों को डिजाइनए कच्चे माल, पैकेजिंग, सहित व्यापार से जुड़ी तमाम प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत परियोजना लागत का 90 प्रतिशत की वित्तीय सहायता अनुदान देने का प्राविधान हैं। अब तक 13 जनपदों में सीएफसी के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हा गई।

इनके अलावा 34 जनपदों में सीएफसी को इन-प्रिंसिपल अप्रूवल प्रदान किया गया है। साथ ही 48 अन्य सीएफसी की स्थापना के लिए सैद्धांतिक सहमति प्रदान की जा चुकी है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि बाजार विकास सहायता योजना स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मेलों एवं प्रदर्शनियों में ओडीओपी कारीगरों, इकाइयों की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आवास, यात्रा और स्टाल शुल्क प्रतिपूर्ति भी की जा रही है।

## एमएसएमई के लिए मंडल स्तर पर बनेंगे उद्यमिता संवर्धन केन्द्र

**लखनऊ।** प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एमएसएमई डा नवनीत सहगल ने बताया कि प्रदेश में एमएसएमई के विकास तथा संवर्धन के लिए मण्डल स्तर पर उद्यमिता संवर्धन केन्द्रों की स्थापना कराई जा रही है। प्रदेश के 18 मण्डलों के 36 जनपदों में उद्यमिता संवर्धन केन्द्रों की स्थापना की संस्तुति एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार से अनुमति प्राप्त करने के लिए पत्र भेजा गया है। जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास तथा संवर्धन जनपद स्तर पर अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की स्थापना को अधिक सुगम बनाने, उनके उत्तरोत्तर विकास, व्यापार में विकास, सेवाओं में बढ़ोत्तरी आदि संरचनात्मक गतिविधियों को ऊर्जावार बनाने तथा सामूहिक परिवर्तन लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में भारत सरकार के अधीन मण्डल स्तर पर कम से कम दो उद्यमिता संवर्धन केन्द्रों की स्थापना जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र में कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

पायनियर वर्गीकृत

NOTICE

I Mahesh Sharma S/o Gyan Prakash Sharma, B-1677 Indira Nagar Lucknow inform My 10th Education Certificate/other Certificate My Father Name recorded Gyan Prakash. That my Father correct name is Gyan Prakash Sharma.

सूचना

सूच्य हो कि मेरी पुत्री त्रृंशिका मिश्रा के विद्यालय अभिलेखों में पुत्री के पिता का नाम त्रृटिवश सुरेन्द्र कुमार मिश्रा दर्ज हो गया है जो गलत है, मेरा सही नाम सुरेन्द्र कुमार है जो कि मेरे आधार कार्ड पर भी दर्ज है। अतः मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में पिता का नाम सुरेन्द्र कुमार ही पढ़ा व समझा जाये। सुरेन्द्र कुमार पुत्र त्रिवेणी प्रसाद निवासी-257, कबिरहा-खीरी।

सूचना

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र वर्ष 2016 क्रमांक 1521413 एवं अनुक्रमांक 5093880, इण्टरमीडिएट अंकपत्र व प्रमाण पत्र 2018, क्रमांक 0825082 एवं अनुक्रमांक 5697753 सी.बी.एस.ई. बोर्ड एवं बी.एस.सी. प्रथम समेस्टर अंक पत्र 229952, अनुक्रमांक 187909 एवं द्वितीय समेस्टर अंक पत्र क्रमांक 33812, अनुक्रमांक 187909, डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ, विद्यालय परिसर में कहीं खो गये हैं। गरिमा कुमारी पुत्री श्री रामकेवल, निवासी- ई-83, रवि खण्ड, शारदा नगर, बंगला बाजार, लखनऊ। मो0 9450458861, 7800591001

## श्रमिकों के लिए कई योजनाओं को जमीन पर उतारेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार श्रमिकों की कई योजनाओं को राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर 1 नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जमीन पर उतारेगी। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ भारत सरकार के श्रम मंत्री व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला ने दी। श्री भराला ने कहा कि प्रदेश के कारखानों एवं वाणिज्यिक दुकानों में काम करने वाले श्रमिकों को आधार कार्ड की तर्ज पर यूनीफाइड नम्बर दिया जायेगा। श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम भी जनपदों में आयोजित किये जायेंगे, जिसकी शुरूआत गौतम बुद्ध नगर से की जायेगी। सेवायोजकों को आनलाइन पंजीयन करने के लिए सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिया गया है कि पंजीयन का लाभ सेवायोजक अधिक से अधिक उठायें। इसके लिए उन्हें प्रेरित भी किया जाए। श्री भराला ने बताया कि श्रम कल्याण परिषद की 3 नई योजनाओं को बोर्ड द्वारा पारित कर दिया गया है। इसमें महादेवी वर्मा श्रमिक पुस्तक क्रय योजना, स्व. चेतन चौहान खेल सहायता योजना तथा स्वामी विवेकानन्द धार्मिक एवं पर्यटन यात्रा योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के तहत कारखानों में कार्यरत श्रमिक की पुत्रियों को स्नातक एवं परास्नातक की पढ़ाई के लिए किताब कापियों के क्रय हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा।

## जनता हित में भाजपा सरकार को अब गद्दी छोड़ देनी चाहिएः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि हर मोर्चे पर विफल भाजपा सरकार को अब प्रदेश और जनता के हित में गद्दी छोड़ देनी चाहिए। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के रहते बहन बेटियों की सुरक्षा नहीं हो सकती है। सत्ताधीशों का दिल भले न पिघले, पोस्टमार्टम के बाद बाराबंकी की बेटी का शरीर देखकर डाक्टरों के भी होश उड़ गए।

उन्होंने कहा कि जब हालात इतने हृदयविदारक हों तब मुख्यमंत्री का नवरात्र के शक्ति पर्व से नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए विशेष अभियान चलाने की बात करने का औचित्य क्या है। रोमियो स्क्वाड तो जन्म से ही विवादित रहा, 1090 और यूपी डायल 100 जैसी व्यवस्थाओं को भी भाजपा सरकार ने इसलिए निष्प्रभावी बना दिया क्योंकि उनकी शुरूआत समाजवादी सरकार ने की थी। अब प्रत्येक जनपद में 100 रोल माडल चुने जाने की भी घोषणा है।

## उपचुनाव में निषाद पार्टी बीजेपी को देगी पूर्ण समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**यूपी** की सात विधान सभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव को देखते हुए निषाद पार्टी बीजेपी के सभी प्रत्याशी का समर्थन करेगी। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद और बीजेपी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला के साथ सयुंक्त रूप से मीडिया से बात करते हुए यह घोषणा की है।

संजय निषाद ने कहा कि भाजपा के साथ निषाद पार्टी ने 2019 के चुनाव में गठबंधन करके बेहतर प्रदर्शन किया था। प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में भी निषाद पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक भाजपा के साथ हैं और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी निश्चित दिख रही हार से बौखलाकर भाजपा व निषाद पार्टी के गठबंधन को लेकर भ्रम फैला रहा है। निषाद पार्टी कल भी एनडीए का हिस्सा थी, आज भी एनडीए के साथ है और कल भी पूरी मजबूती के साथ एनडीए के साथ रहेगी। निषाद ने कहा कि विगत सात दशकों से विपक्ष ने कमजोर वर्गों को गुमराह करने का काम किया जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व की केन्द्र सरकार ने कमजोर वर्गों की मजबूती के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनके हित में काम किया। उन्होंने कहा कि शोषित, वंचित व गरीबों के कल्याण में किये जा रहे मोदी सरकार व योगी सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर निषाद पार्टी बीजेपी के साथ है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के संकल्प में निषाद पार्टी भी पूरी मजबूती के साथ मोदी सरकार व योगी सरकार के साथ है और एनडीए का अटूट हिस्सा है।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

सार्वजनिक सूचना

सभी सम्मानित ग्राहकों को सूचित किया जाता है आपकी पंजाब नैशनल बैंक, शाखा जरवल, बहराइच जल्द ही नए परिसर तूफानी चौराहा, जरवल रोड पर स्थानांतरित हो रही है।

शाखा प्रबन्धक

कार्यालय नगर पालिका परिषद
मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर

पत्रॉक 04 /न0पा0परि0/सूचना/2020-21 दिनॉक 17-10- 2020

सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा नगर में स्थित समस्त नागरिको को सूचित किया जाता है कि इस पालिका द्वारा दिनॉक 09.10.2020 को सूचना प्रकाशित कराई गई है। पालिका को विश्वस्त्र सूत्रों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है कि नगर मिश्रित में 100 वर्षो से धर्मशाला के पश्चिम पड़े भूखण्ड पर कुछ व्यक्तियो द्वारा बगैर स्वामित्व के अनावश्यक जमीन को घेर कर कब्जे किये जा रहे है जो पूर्णतयः नियमानुसार अवैध है। विज्ञापन प्रकाशन से 01 माह के अन्दर उक्त भूखण्ड से सम्बन्धित व्यक्ति अपना-अपना स्वामित्व सम्बन्धी प्रमाणित अभिलेख पालिका को उपलब्ध करा दे भूस्वामित्व सिद्ध होने पर ही भूमि धरो को भूमि उपलब्ध हो सकेगी तथा इस भूखण्ड पर सूचना प्रकाशन तिथि के बाद किये गये अवैध कब्जे को यथाशीध्र हटा ले पालिका प्रशासन द्वारा इस अवैध अतिक्रमण को बल पूर्वक हटाये जाने पर आप लोग अर्थिक दण्ड/प्राथमिकी के पूर्णतयः जिम्मेदार होगे। कुछ व्यक्तियो द्वारा सरकारी जमीन पर अनाधिकृत रूप से किया जा रहा है। उसे हटवाना अति आवश्यक है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582


# राजधानी में कोरोना के 317 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में कोरोना वायरस की रफ्तार में काफी कमी आई है। शनिवार को राजधानी में 317 नए केस सामने आए हैं। जबकि 5 लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई है। राजधानी में अभी तक 58,703 कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। आज 476 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अभी तक 54788 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 3915 केस एक्टिव हैं। अभी तक इलाज के दौरान 811 लोगों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 7129 लोगों के सैम्पल लिये गये । जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 24, आलमबाग 18, गोमती नगर 38, रायबरेली रोड 32, चौक 14, चिनहट 13, आशियाना 12, जानकीपुरम 10, अलीगंज 16, चिनहट 13, मडियांव 16, हजरतगंज 12 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वहीं दूसरी तरफ आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 117 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से 117 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 67 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 50 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

### पांच लोगों की मौत

### सूबे में 2880 नए मरीज



उधर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 2880 नए मरीज मिले हैं जबकि 40 लोगों की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई। 3528 व्यक्ति उपचारित होकर डिस्चार्ज किए गए हैं। अब तक कुल 4,11,611 लोग पूर्णतया उपचारित होकर डिस्चार्ज किए गए। प्रदेश में रिकवरी का प्रतिशत अब बढ़कर 90.93 प्रतिशत हो गया है। प्रदेश में 34,420 कोरोना के एक्टिव मामले हैं। होम आइसोलेशन में 15,831 लोग हैं।

बीते 24 घंटे के दौरान लखनऊ में 317ए कानपुर नगर में 81, प्रयागराज में 127, गोरखपुर में 153, गाजियाबाद में 189, वाराणसी में 137, गौतम बुध नगर में 107, मेरठ में 81, बरेली में 42, मुरादाबाद में 122, अलीगढ़ में 36, झांसी में 40, सहारनपुर में चार, अयोध्या में 33, बाराबंकी में 18, आगरा में 57, बलिया में 25, लखीमपुर खीरी में 22, शाहजहांपुर में 19, देवरिया में 20, मुजफ्फरनगर में 31, जौनपुर में 21, महाराजगंज में 26, कुशीनगर में 21, आजमगढ़ में 20, हरदोई में 30, रामपुर में 19, मथुरा में 70, इटावा में 53, बस्ती में भी गाजीपुर में 16, गोंडा में 24, बुलंदशहर में 32, प्रतापगढ़ में 24, सीतापुर में 18, उन्नाव में 19, सुल्तानपुर में 26, फर्रुखाबाद में नौ, पीलीभीत में पांच, चंदौली में 13, रायबरेली में 46, सिद्धार्थनगर में 21, बहराइच में 31, सोनभद्र में 34, अमरोहा में 137, बिजनौर में 16, हापुड़ में 12, बदायूं में 10, मैनपुरी में 24, फिरोजाबाद में 10, कन्नौज में 36, संत कबीर नगर में 13, फतेहपुर में 82, अमेठी में 18, ललितपुर में 17, शामली में 19, मिर्जापुर में 32, मऊ में 14, जालौन में 18, औरैया में 16, संभल में 18, बांदा में 21, एटा में 6, भदोही में 6, कानपुर देहात में तीन, कौशांबी में 16, बलरामपुर में दो, अंबेडकरनगर में 16, चित्रकूट में 22, कासगंज में 9, बागपत में चार, हमीरपुर में पांच, हाथरस में दो, श्रावस्ती में 4 और महोबा में कोरोना के 13 नए मरीज मिले हैं।

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,62,471 सैम्पल की जांच की गयी । प्रदेश में अब तक कुल 1,28,41,878 सैम्पल की जांच की गयी है । प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,42,139 क्षेत्रों में 4,22,827 टीम दिवस के माध्यम से 2,72,57,478 घरों के 13,44,09,734 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय उपचार के लिए ई -संजीवनी पोर्टल शुरू किया गया है। ई-संजीवनी के माध्यम से 2717 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श लिया। अब तक कुल 1,45,207 लोगों ने ई -संजीवनी पोर्टल पर चिकित्सकीय परामर्श लिया। प्रसाद ने बताया कि अक्टूबर माह में संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है , इसके तहत इन्फेक्शन डिजीज एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए अन्तरविभागीय समन्वय से कार्य किया जा रहा है । इसके पहले पखवाड़े 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया गया।



राजधानी में नवरात्र के पहले दिन मनकामेश्वर मंदिर के पास गोमती तट से निकाली गई कलश यात्रा

# सीएमएस के 66 छात्र नीट परीक्षा में उत्तीर्ण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल के सर्वाधिक 66 छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट-2020) में चयनित होकर अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया है एवं लखनऊ का नाम सारे देश में गौरवान्वित किया है। नीट परीक्षा में चयन के उपरान्त ये छात्र देश के प्रख्यात मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस कोर्स में एडमीशिन लेकर डाक्टर की डिग्री प्राप्त करेंगे एवं उज्जवल भविष्य के अपने सपनों को साकर करेंगे। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने सीएमएस के इन मेधावी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रतिभाशाली छात्र आगे चलकर विश्व मानवता की सेवा में अग्रणी भूमिका निभायेंगे। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 66 छात्र एवं छात्राओं ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जिनमें अंशिता अग्रवाल, द्रशु चौहान, अर्श अहमद, इंतसार आलम, अनुभा सोनकर, अनमोल शुक्ला, मानस गुप्ता, ध्रुव चौरसिया, अक्षिता राय, आरूषी सोनकर, नमीरा खान, फैजा खान, रशिका माथुर, इर्तिका इरफान, सुजीत कुमार वर्मा, स्मारिका, प्रज्ञा परमीत, प्रज्ञा प्रभाकर वर्मा, गर्विता सिंह, मुस्कान गुप्ता, अमन आरिफ धृति रवि, मोहम्मद अयाज खान, सलमान अली, कुहू, हर्षिता सिंह, सुजय बोस, मानसी वर्मा, सार्थक शर्मा, अर्जुन बनर्जी, आख्या कात्यान, प्रिया जिंदल, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अनामिका यादव, अमान अली, श्वेता शुक्ला, शिवांगी लाल, वंशिका शुक्ला, अदीबा नवाब, अनन्या, व्योमिका, हर्ष सिंह, कृष सराफ ओम सिंह, नमन प्रताप सिंह, उरूज अजीम, विकास सिंह, हर्ष सिंह, इशिता सिंह, अभूत दिवाकर, आर्यन त्रिपाठी, मणि द्विवेदी, आयुष नरायन, विनायक पटेल, आकृति राव, विनायक अग्रवाल, मीमांशा रंजन, रिजा ईमान, प्रिया चौरसिया, वैशणवी, सिद्धार्थ सिंह, प्रथम, तन्वी भट्ट, आर्यन मिश्रा, कुमार अभिनव एवं आतिफ रहमान शामिल है।

## नन्दू ने निगोहां का बढ़ाया मान

संवाददाता। निगोहां



**देश** के मेडिकल संस्थानों में दाखिले के लिये आयोजित नीट 2020 के नतीजे में निगोहां के समाजसेवी नागेश्वर द्विवेदी के बेटे नन्द किशोर नन्दू ने 720 में 611 अंक हासिल कर इलाके का मान बढ़ाया है। इस पर शनिवार को इलाके के लोगों नागेश्वर के घर पहुंचकर बधाई दी। यदि कड़ी मेहनत आपका हथियार है, तो सफलता आपकी गुलाम हो जाएगी। उक्त कहावत को चरितार्थ किया है निगोहां के मस्तीपुर के नन्द किशोर ने निगोहां के मस्तीपुर के नागेश्वर के पुत्र नन्दू ने नीट परीक्षा में अपना परचम लहराते हुए 720 में 611 अंक लाकर ना सिर्फ अपने माता पिता का नाम बल्कि निगोहां इलाके का नाम भी गौरवांवित किया है। नन्दू के पिता नागेश्वर इलाके में समाजसेवी के रूप में जाने जाते है। जबकि माता ग्रहणी हैं।

### अवध कॉलेजिएट के छात्र चेतन ने माता-पिता के साथ ही बढ़ाया विद्यालय का गौरव

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर के दरोगाखेड़ा स्थित अवध कॉलेजिएट के होनहार छात्र चेतन त्रिपाठी ने नीट की प्रवेश परीक्षा पास कर माता-पिता के साथ स्कूल का नाम भी रोशन किया है।



केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सांसद आदर्श ग्राम बेंती में रहने वाले चेतन को 4569 रैंक प्राप्त हुई है। चेतन त्रिपाठी की इस सफलता पर अवध कॉलेजिएट के प्रबंधक सर्वजीत सिंह, निदेशिका जतिंदर वालिया एवं प्रधानाचार्या इंदु चंदेल ने बधाई दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। चेतन त्रिपाठी ने अवध कॉलेजिएट में चौथी कक्षा से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई की। चेतन त्रिपाठी के पिता पवन कुमार त्रिपाठी अध्यापक एवं माता ग्रहिणी हैं। चेतन त्रिपाठी ने अपनी मेहनत से यह सफलता प्राप्त की और सिद्ध किया कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। चेतन प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि एवं मेहनती छात्र रहा है।

### न्यूरो सर्जन बन लोगों की सेवा करना है अतुल्य सोनी का उद्देश्य



लखनऊ। मेडिकल शिक्षा के लिए अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाली नीट परीक्षा 2020 में चयनित होकर अतुल्य सोनी ने लखनऊ का नाम रोशन किया। उन्होंने 651 अंक प्राप्त किया और आल इंडिया में उन्हें 3699 रैंक प्राप्त हुआ। अतुल्य सोनी प्रारम्भ से ही मेधावी छात्र रहे हैं। इसी वर्ष उन्होंने इंटर की परीक्षा 93 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसके पूर्व अतुल्य सोनी का चयन किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना के माध्यम से देश के नम्बर वन संस्थान इन्डियन इन्स्टीट्यूट आफ सांइस बेंगलूरू में हो चुका है। चिनहट स्थित दयाल रेजीडेन्सी निवासी अतुल्य सोनी ने बताया कि कानपुर आईआईटी से कम्प्यूटर साइंस में बीटेक कर रही उनकी बहन आस्था सोनी ने उनका जरूरी मार्गदर्शन किया जबकि मां सोनम सोनी ने भावनात्मक रुप से उन्हें संभाला। अतुल्य सोनी ने बताया केजीएमसी जैसे श्रेष्ठ संस्थान से एमबीबीएस करने के उपरांत न्यूरो सर्जन बन लोगों की सेवा करना ही उनका उद्देश्य है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी के गोमतीनगर इलाके में नवरात्र के पहले दिन होल्डिंग लगाते समय खंबे के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेजर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोमती नगर के विवेक खंड निवासी राकेश यादव उम्र 32 वर्ष अपने साथी विजय यादव और रिंकू यादव नवा पुरवा उम्र 26 वर्ष के साथ नवा पुरवा निवासी प्रॉपर्टी डीलर शुभम त्रिपाठी की नवरात्र और दीपावली की शुभकामनाओं संदेशों की होर्डिंग खंभा और दीवारों पर लगा रहे थे। इस दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोमती नगर प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि दोनों युवक अपनी इच्छा से होर्डिंग लगाने का काम कर रहे थे। उनके परिजनों ने अभी किसी भी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। दोनों मृतक जिस व्यक्ति की होर्डिंग लगा रहे थे। वह प्रॉपर्टी डीलर के साथ-साथ गोमती नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। जिसकी जांच चल रही है।

## संदिग्ध हालात में रेलवे लाइन पर पड़ा मिला युवक का शव

संवाददाता। सरोजनीनगर

### मृतक के भाई ने लगाया एक महिला पर हत्या कराने का आरोप

**सरोजनीनगर** थाना क्षेत्र में शनिवार को एक मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान कराने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में मृतक के परिजनों ने जमीनी विवाद को लेकर एक महिला के ऊपर हत्या कराने की आशंका जताई है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

बंथरा थाना क्षेत्र के लोनहा गांव में रहने वाला नेकराम (28) मजदूरी करता था। करीब दो साल पहले ही इलाके के कुरौनी गांव निवासी सोनी से उसकी शादी हुई थी। बताया जाता है कि सोनी करीब एक माह से अपने मायके में है। शुक्रवार शाम तकरीबन आठ बजे नेकराम परिजनों से कुछ देर के बाद लौटने की बात कह कर घर से निकला था। लेकिन काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटा। जिसके बाद परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन उसका फोन नहीं रिसीव हो सका। शनिवार सुबह लखनऊ-कानपुर रेल खण्ड स्थित पिपरसंड रेलवे स्टेशन मास्टर को सिंह देवी मंदिर और पिपरसंड रेलवे क्रॉसिंग के बीच रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। शव पड़े होने की जानकारी पाकर नेकराम के परिजन भी वहां पहुंचे और उन्होंने उसकी पहचान की। बताया जाता है कि घटनास्थल पर नेकराम का शव अप और डाउन लाइन के बीच पड़ा था। जबकि शव से कुछ दूरी पर ही देसी शराब की कुछ खाली बोतलें भी पड़ी थी। इससे लोगों को आशंका है कि नेकराम की हत्या कर दुर्घटना का रूप देने के लिए उसका शव रेलवे पटरी पर फेंक दिया गया। उधर मृतक के भाई रामबालक ने पुलिस को दी गई तहरीर में सरोजनीनगर के मुल्लाही खेड़ा-नटकुर गांव निवासी एक महिला पर नेकराम की हत्या कराने का संदेह जताया है।

## स्कूल की दीवार गिरने से मजदूर की मौत, महिला घायल

**लखनऊ।** काकोरी क्षेत्र के बरावनखुर्द में एलडीए विभाग द्वारा सरकारी नाले का निर्माण ठेकेदारों के द्वारा कराया जा रहा है। दैनिक मजदूरी करने वाले मोहम्मद जावेद पुत्र मेहंदी हसन उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम कहला थाना मलिहाबाद की काम करते समय स्कूल की दीवार गिरने से नीचे दबकर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला सरोज का एक निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार एलडीए विभाग के तहत ठेकेदार नाला निर्माण कार्य करा रहे थे। जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई करवाई गई थी। जिसको साफ करने के लिए मोहम्मद जावेद नाले में उतरा था। नाले की सफाई करते समय बगल में बनी दीवार भरभरा कर मोहम्मद जावेद के ऊपर गिर गई। दीवार के नीचे दबने से जावेद की मौत हो गई। मृतक मोहम्मद जावेद अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए ठाकुरगंज क्षेत्र के बरी रोड पर एलडीए में किराए के मकान में रहता था। मृतक के परिवार में पत्नी समेत चार बच्चे हैं। जिनके सर से पिता का साया उठ गया।

# ऑटोमोबाइल की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान राख

संवाददाता। सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर** थाना क्षेत्र में शनिवार को एक ऑटो मोबाइल दुकान में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। सूचना पाकर पहुंची आधा दर्जन से अधिक दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक इस घटना में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपए कीमत का सामान जलकर नष्ट हो गया। फिलहाल आग लगने का कारण विद्युत शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

सरोजनीनगर के हिंद नगर निवासी दलजीत सिंह की यहीं ट्रांसपोर्ट नगर में ऑटो पार्ट्स की दुकान है। बताया जाता हैं कि शनिवार को अचानक दुकान के अंदर आग लग गई। दुकान में मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया और उसकी तेज लपटें उठने लगीं। बाद में आनन-फानन घटना की सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर सरोजनीनगर फायर स्टेशन से पहुंची दमकल गाड़ियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। जिसके बाद आलमबाग व पीजीआई फायर स्टेशन से भी अन्य दमकल गाड़ियां मंगाई गई। काफी देर तक चली कड़ी मशक्कत पर करीब सात





दमकल गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। उधर आग लगने का कारण दुकान के अंदर विद्युत शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

# चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** की अलीगंज पुलिस ने एक मकान में चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए हुए जेवरात व हजारों की नकदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर अलीगंज ने बताया कि एकता नगर त्रिवेणी नगर अलीगंज निवासी मोहम्मद यासीन के घर चोरी की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम जांच कर रही थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी करने वाले दो शातिर इलाके में मौजूद है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और मौके पर पहुंच कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम तहसीन गंज ठाकुरगंज निवासी सलीम व उपरोक्त निवासी सद्दाम उर्फ शानू बताया। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात, 60 हजार नकदी बरामद की है। पुलिस ने प्रकाश में आये अन्य चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# बर्खास्त व निलंबित कंडक्टरों को मिलेगा अपनी बात रखने का मौका

### बिना टिकट यात्रा कराए जाने के मामलों में परिवहन विभाग की पहल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रोडवेज** बसों में यात्रियों को बिना टिकट यात्रा कराए जाने के मामले में नौकरी से बर्खास्त कंडक्टरों को सुनवाई का मौका दिया जाएगा। लखनऊ समेत प्रदेश भर में करीब दो हजार मामले सामने आए हैं। जिसमें नौकरी से निकले गए संविदा कर्मी व निलंबित किए गए नियमित कर्मियों का ब्यौरा एकत्र किया जा रहा है। ताकि इनकी सुनवाई करते हुए गुण दोष के आधार पर प्रकरण का निस्तारण किया जा सके।


परिवहन निगम मुख्यालय से यह कवायद पहली बार की जा रही है। जिसके तहत कर्मियों को एक बार सुनवाई का मौका दिया जाएगा। पूर्व में जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए गए कर्मियों से पूछताछ होगी। ऐसे प्रकरणों की सुनवाई करते हुए पुन: सेवा में लिए जाने की तैयारी है। दरअसल बिना टिकट मामले में पकड़े गए बस कंडक्टरों की दलील है कि बिना गलती हमारे खिलाफ कार्रवाई की गई। ऐसे कई प्रकरण सामने आने के बाद निगम प्रशासन एक बार सुनवाई का मौका देगा। प्रधान प्रबंधक अनुशासनिक डीवी सिंह ने बताया कि बीते 12 जून को परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। जिसमें बिना टिकट मामले में सेवा से पृथक कंडक्टरों की ओर से पुनरू अपीलीय प्रकरणों का निस्तारण करने पर सहमति बनी थी। इसी के तहत प्रदेश भर से प्रकरणों का ब्यौरा एकत्र करते हुए सुनवाई की तारीख तय की जाएगी।

## नारी सम्मान व सुरक्षा के लिए रोडवेज ने उठाए विशेष कदम

लखनऊ। नवरात्र के पहले दिन से महिला सुरक्षा, गरिमा और सशक्तिकरण को जनआंदोलन बनाने जाने के सिलसिले में सीएम के आदेश पर परिवहन निगम ने कार्ययोजना तैयार की है। जिसमें 17 से 25 अक्तूबर तक नारी सम्मान और सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। इस संबंध में परिवहन निगम के मुख्य प्रधान प्रबंधक संचालन पीआर बेलवारियार ने बताया कि नौ दिनों तक रोडवेज बसों में यात्रा के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर बस कंडक्टर सम्मान पूर्वक यात्रा कराएंगे। जिसमें नारी मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, नारी एक-रूप अनेक, नारी शक्ति-अभिमान हमारा-तुम जगत की हो मुख्य धारा, शान हो, सम्मान हो, अभियान हो। इन बिंदुओं पर एक संदेश बस कंडक्टर महिला यात्रियों को सम्मान के रूप में देते नजर आएंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना संख्या : 94/2020

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित पूजा स्पेशल गाड़ियों का संचलन दिनांक 20.10.2020 से 30.11.2020 के मध्य निम्नवत किया जायेगा-



पूजा स्पेशल गाड़ियाँ

1. 02595/02596 गोरखपुर-आनन्द विहार (ट)-गोरखपुर एक्सप्रेस (हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस)

02595 - गोरखपुर से दिनांक 20.10.20 से 30.11.20 तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार

02596 - आनन्द विहार (ट) से दिनांक 21.10.20 से 01.12.20 तक प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार

| 02595 गोरखपुर-आनन्द विहार | | ↓ स्टेशन ↑ | 02596 आनन्द विहार-गोरखपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20.00 | गोरखपुर | 07.50 | -- |
| 21.00 | 21.03 | बस्ती | 06.20 | 06.23 |
| 22.25 | 22.30 | गोण्डा | 05.05 | 05.10 |
| 01.10 | 01.20 | लखनऊ | 02.20 | 02.30 |
| 02.40 | 02.45 | कानुपर सेन्ट्रल | 00.50 | 00.55 |
| 08.50 | -- | आनन्द विहार (ट) | -- | 20.00 |

संरचना- जनरेटर यान-02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-18 = 20 यान

2. 02597/02598 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस

02597- गोरखपुर से दिनांक 20.10.20 से 24.11.20 तक प्रत्येक मंगलवार

02598 - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दिनांक 21.10.20 से 25.11.20 तक प्रत्येक बुधवार

| 02597 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | | ↓ स्टेशन ↑ | 02598 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08.30 | गोरखपुर | 18.35 | -- |
| 09.10 | 09.12 | खलीलाबाद | 17.35 | 17.37 |
| 09.36 | 09.39 | बस्ती | 17.10 | 17.13 |
| 11.00 | 11.03 | गोण्डा | 15.50 | 16.00 |
| 13.25 | 13.35 | लखनऊ | 13.05 | 13.15 |
| 15.05 | 15.15 | कानपुर सेन्ट्रल | 11.30 | 11.40 |
| 17.00 | 17.02 | उरई | 08.50 | 08.52 |
| 18.55 | 19.05 | झाँसी | 07.25 | 07.35 |
| 23.10 | 23.20 | भोपाल | 03.25 | 03.30 |
| 00.55 | 01.00 | इटारसी | 01.20 | 01.30 |
| 05.10 | 05.15 | भुसावल | 20.20 | 20.25 |
| 10.57 | 11.00 | कल्याण | 14.22 | 14.25 |
| 12.20 | -- | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | -- | 13.30 |

संरचना- जनरेटर यान-02, सामान्य द्वितीय श्रेणी-17 = 19 यान

कृपया ध्यान दें - 1. उपरोक्त गाड़ियों के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे। 2. इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं उनकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी-27बी

मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# नवम्बर से विशेष अभियान चलाकर होगा छूटे बच्चों का टीकाकरण

● कोरोना काल में टीकाकरण से वंचित रह गए सवा तीन लाख बच्चे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में कोरोना संक्रमण का असर टीकाकरण पर भी पड़ा है। लॉकडाउन के दौरान जहां सभी व्यवस्थाएं बाधित होने के कारण सरकारी अस्पतालों में टीकारण नहीं हो पाया, वहीं बाद में इसके शुरू होने के बावजूद बड़ी संख्या में बच्चे और गभर्वती महिलाएं इससे वंचित रह गए। अब ऐसे छूटे सवा तीन लाख बच्चों और चार लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं का नवम्बर माह से विशेष अभियान चलाकर टीकाकरण कराया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद के मुताबिक प्रदेश में मार्च महीने से जब से कोरोना प्रारम्भ हुआ, तब से बहुत बच्चे टीकाकरण से छूट गए। इनकी जानकारी जुटाने के लिए 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चले दस्तक अभियान में आशा वर्कर और आंगनवाड़ी कार्यकात्रियां घर-घर पहुंची। इस दौरान संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने के साथ टीकाकरण से वंचित रह जाने वाले बच्चों की खोजबीन करते हुए उनका ब्योरा जुटाया गया। इसमें सामने आया कि इस वर्ष पैदा हुए करीब सवा तीन लाख बच्चे टीकाकरण से छूट गए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश नवजातों को लेकर इतना बड़ा सघन कार्यक्रम चलाने वाला देश का अकेला राज्य है। अब नवम्बर माह से इन बच्चों के टीकाकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह टीकाकरण सामान्य टीकाकरण से अलग चलेगा और इसके लिए सप्ताह का कोई दिन निर्धारित किया जाएगा।

इसी तरह अभियान में ऐसी लगभग सवा चार लाख गर्भवती महिलाओं का पला चला जो टिटनेस और डिप्थीरिया के टीके से वंचित रह गईं। इन्हें भी आगामी 09 नवम्बर से चलने वाले अभियान में शामिल किया जाएगा। स्वास्थ्य महकमे के मुताबिक नवम्बर से तीन महीनों का प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस तरह नवम्बर से लेकर जनवरी तक सभी बच्चों का टीकाकरण कर लिया जाएगा। इस दौरान सामान्य टीकाकरण से लेकर जरूरत के मुताबिक बूस्टर डोज दी जाएगी।

## अखिलेश ने व्यक्त किया शोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैफई के प्रधान दर्शन सिंह यादव के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दर्शन सिंह यादव का आशीर्वाद उनके साथ हमेशा रहा। उनके निधन से जो जो क्षति हुई उसकी भरपायी होना मुश्किल है। सपा प्रवक्ता ने बताया कि सैफई गांव के 90 वर्षीय प्रधान का शनिवार की सुबह निधन हो जाने से सपाइयों में शोक की लहर दौड़ गई। वह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज कराया जा रहा था। वह लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती थे, जहां भोर पहर उन्होंने अंतिम सांस ली। सैफई में जन्मे दर्शन सिंह पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के बचपन के साथी रहे। सैफई का लम्बे समय तक प्रधान रहने पर समाजवादी सरकार में अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में उन्हें यशभारती से सम्मानित किया था।



प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कलेक्ट्रेट में कन्या सुमंगला योजनांतर्गत हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की छात्राओं को प्रशस्ति पत्र बांटे

## सपा की उत्तराखंड प्रदेश कार्यकारिणी घोषित, डॉ. सचान बने प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड की 39 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने डॉ. सत्य नारायण सचान को सपा उत्तराखंड का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही तीन उपाध्यक्ष, एक प्रमुख महासचिव, 2 महासचिव, एक कोषाध्यक्ष तथा 20 सचिव बनाये हैं। समाजवादी पार्टी उत्तराखण्ड की घोषित कार्यकारिणी में सुरेश परिहार एडवोकेट, अवतार सिंह, आभा बड़थ्वाल उपाध्यक्ष, सुएब अहमद सिद्दीकी प्रमुख महासचिव, डॉ राकेश कुमार पाठक एवं डा राजेन्द्र पारासर महासचिव, एसके राय कोषाध्यक्ष तथा मुख्य प्रवक्ता सुभाष पंवार होंगे। उत्तराखण्ड समाजवादी पार्टी कार्यकारिणी में अब्दुल कवि, हेमा वोहरा , रमेश गौड, चन्द्र मोहन मुंडुप्पी, अतुल शर्मा, जगदीश पोखरियाल, अतुल यादव, इं विपिन चन्द्र पाण्डेय, धर्मानन्द नैनवाल, प्रदीप सिंह पंवार गुर्जर, शेख अहमद जमा, भगत सिंह रावत, गुलफाम अहमद, सुभाष सैनी, मशकूर अहमद कुरैशी, अब्दुल गफ्फार, अरविन्द यादव, हरेराम शास्त्री, शहरून उर्फटोनी पठान तथा थामस मैसी सचिव बनाये गये हैं।

## उत्तर प्रदेश विद्यालय प्रबंधक महासमिति ने किया स्कूलों को खोले जाने का स्वागत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्यालय प्रबंधक महासमिति आगामी 19 अक्टूबर 2020 से कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय खोले जाने को प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करती है। संगठन के सभी विद्यालय प्रदेश सरकार व भारत सरकार के शासनादेश द्वारा निर्गत प्रोटोकॉल का अक्षरस पालन करेगी महासचिव विनोद रत्रा ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को विद्यालय आने की अभिभावक की लिखित अनुमति प्रधानाचार्य के पास जमा करना अनिवार्य होगा विद्यालय प्रबंधन तंत्र विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है सभी छात्र छात्राओं को मास्क सैनिटाइजर सोशल डिस्टेंसिंग स्वच्छता का विशेष ध्यान देना होगा। थर्मल स्कैनिंग के बाद ही विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी के लक्षण होने पर विद्यार्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी महासचिव की विभिन्न आन मीटिंग में उक्त निर्णय लिए गए। वेबीनार मीटिंग में उत्तर प्रदेश विद्यालय प्रबंधक समिति की ओर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर डी मौर्य अध्यक्ष विनोद रत्रा, महासचिव राकेश विश्वकर्मा उपाध्यक्ष शैल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## तीन नवंबर को उपचुनाव के मद्देनजर एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा जारी किए विकल्प

**उप्र** की सात विधानसभा सीटों के लिए होने वाले तीन नवंबर को उप चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग ने किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया है। आयोग के अनुसार अधिसूचित अवधि के दौरान कोई भी एग्जिट पोल आयोजित करने और ऐसे एग्जिट पोल के परिणाम प्रकाशित करने एवं उनका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबन्ध होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि 3 नवम्बर को पूर्वाहन 6 बजे से 7 नवम्बर को अपराहन 6:30 बजे तक के बीच की अवधि में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट एंव इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार प्रसार करने पर प्रतिबन्ध होगा।वहीं चुनाव आयोग ने यूपी की सात विधान सभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव को लेकर मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य विकल्प भी जारी किए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि सात सीटों पर हो रहे उप चुनाव को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि अधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, राज्य, केन्द्र सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्परियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र एवं सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र मान्य होगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है। ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते उस निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है। उस मतदान केन्द्र से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़वारी मॉंग विकास खण्ड-मोहम्मदी, खीरी।

पत्रांक- /टेन्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21/दिनांक 14.10.2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बढ़वारी मॉंग वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वां/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से इण्टरलाकिंग मार्ग, खडंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त ईट, सीमेन्ट, रोड़, बजरी, इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 19.10.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी। निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र. सं. | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | शिव सिंह के मकान से राजाराम के मकान तक इण्टरलाकिंग नाली निर्माण कार्य 60 मी0। | 323799.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 12.10.2020 से 19.10.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संतोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ.डी.आर. ग्राम बढ़वारी मॉंग के नाम बंधक होनी चाहिए।

**राम प्रकाश सिंह**
प्रधान
ग्राम पंचायत बढ़वारी मॉंग
विकास खण्ड मोहम्मदी
जनपद - खीरी

**प्रभात वर्मा**
ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत बढ़वारी मॉंग
विकास खण्ड मोहम्मदी
जनपद - खीरी

### कार्यालय ग्राम पंचायत धमौला विकास खण्ड-मोहम्मदी, खीरी

पत्रांक- /टेन्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21/दिनांक 14.10.2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धमौला वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वां/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से इण्टरलाकिंग मार्ग, खडंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त ईट, सीमेन्ट, रोड़, बजरी, इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 20.10.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी। निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र. सं. | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | नजमुल के मकान से मुश्ताक के मकान तक इण्टरलाकिंग नाली निर्माण कार्य 60 मी0। | 337016.00 | 10000.00 |
| 2 | जावेद के मकान से वसीम के मकान तक इण्टरलाकिंग नाली निर्माण कार्य 60 मी0। | 337016.00 | 10000.00 |
| 3 | बशीर के मकान से इजराईल के मकान तक इण्टरलाकिंग नाली निर्माण कार्य 60 मी0। | 337016.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 12.10.2020 से 19.10.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संतोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम धमौला के नाम बंधक होनी चाहिए।

**आसमा बेगम**
प्रधान
ग्राम पंचायत धमौला
विकास खण्ड मोहम्मदी
जनपद - खीरी

**प्रभात वर्मा**
ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत धमौला
विकास खण्ड मोहम्मदी
जनपद - खीरी

### कार्यालय ग्राम पंचायत ग्रन्ट इब्राहिमपुर विकास खण्ड-मोहम्मदी, खीरी।

पत्रांक- /टेन्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21/दिनांक 14.10.2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ग्रन्ट इब्रहिमपुर वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वां/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से इण्टरलाकिंग मार्ग, खडंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त ईट, सीमेन्ट, रोड़, बजरी, इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 20.10.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी। निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र. सं. | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | लालाराम के मकान से जीवन के मकान तक इण्टरलाकिंग नाली निर्माण कार्य 60 मी0। | 338519.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 12.10.2020 से 19.10.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संतोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ.डी.आर. ग्राम ग्रन्ट इब्राहिमपुर के नाम बंधक होनी चाहिए।

**ओमप्रकाश**
प्रधान
ग्राम पंचायत ग्रन्ट इब्राहिमपुर
विकास खण्ड मोहम्मदी
जनपद - खीरी

**मनोज यादव**
ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत ग्रन्ट इब्राहिमपुर
विकास खण्ड मोहम्मदी
जनपद - खीरी

### कार्यालय ग्राम पंचायत मौठीखेड़ा विकास खण्ड-मोहम्मदी, खीरी।

पत्रांक- /टेन्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21/दिनांक 14.10.2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मौती खेड़ा वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वां/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से इण्टरलाकिंग मार्ग, खडंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त ईट, सीमेन्ट, रोड़, बजरी, इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 20.10.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी। निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र. सं. | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | सरनाम के मकान से प्राथमिक स्कूल तक इण्टरलाकिंग नाली निर्माण कार्य 60 मी0। | 394848.00 | 10000.00 |
| 2 | ज्ञान के मकान से तारकोल रोड तक इण्टरलाकिंग नाली निर्माण कार्य 60 मी0। | 397410.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 12.10.2020 से 19.10.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संतोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम मौठीखेड़ा के नाम बंधक होनी चाहिए।

**ओमप्रकाश**
प्रधान
ग्राम पंचायत मौठीखेड़ा
विकास खण्ड मोहम्मदी
जनपद - खीरी

**मनोज यादव**
ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत मौठीखेड़ा
विकास खण्ड मोहम्मदी
जनपद - खीरी


## एसबीआई की 11 नई लघु व मध्यम उद्यम शाखाओं का हुआ ई-उद्घाटन




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** स्टेट बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा द्वारा लखनऊ मण्डल के अन्तर्गत विभिन्न अंचल मे 11 नई लघु एवं मध्यम उद्यम शाखाओं का ई-उदघाटन किया गया। ये शाखाएँ बरेली, सीतापुर, अकबरपुर, कानपुर देहात, अकबरपुर, अंबेडकर नगर, सुल्तानपुर, महोबा, आजमगढ़ , गाजीपुर, फ़र्रुखाबाद, इटावा तथा गोंडा जिलों में हैं । इन विशिष्टिकृत शाखाओं में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से संबन्धित सभी बैंकिंग सेवाएँ एक ही जगह उपलब्ध कराई जाएंगी। लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक अजय कुमार खन्ना ने बताया कि ये समस्त शाखाएँ एसएमई रिवेम्प मॉडल के अन्तर्गत खोली जा रही हैं, जिसके अंतर्गत इन शाखाओं में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों से संबन्धित समस्त कार्यो का निष्पादन किया जाएगा। विगत वर्षों में शुरू किए गए रिलेशनशिप बैंकिंग के सिद्धांत के तहत इन शाखाओं में रिलेशनशिप मैनेजर एसएमई नियुक्त किए हैं जो कि एसएमई ग्राहकों की समस्त जरूरतों का ध्यान रखेंगे व ग्राहकों के लिए एकल संपर्क माध्यम का कार्य करेंगे । इन 11 शाखाओं को मिलाकर अब कुल 38 एसएमई शाखाएं लखनऊ मण्डल में कार्यरत हो जाएंगी। बैंक की भविष्य मे लखनऊ मण्डल में 14 और शाखाएँ खोलने की योजना है।

## शौचालय निर्माण में मोहनलालगंज फिसड्डी, गोसाईगंज ने मारी बाजी

संवाददाता। मोहनलालगंज



**सामुदायिक** शौचालय निर्माण कराने को लेकर तहसील मुख्यालय का मोहनलालगंज ब्लाक पिछड़ता जा रहा है। हालांकि इसी तहसील के दूसरे ब्लाक गोसाईगंज ने बेहद तेजी से निर्माण पूरा कराते हुए बढ़त हासिल कर ली है। वहां के अधिकतर शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा होने के करीब है।

मोहनलालगंज ब्लाक की 79 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण का शुभारंभ हुए तकरीबन डेढ़ माह का वक्त गुजरने के बावजूद भी अब तक लगभग 17 पंचायतों में ही सामुदायिक शौचालय बनकर तैयार हो सके हैं। जबकि शेष 62 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय अधूरे हैं। बीडीओ अजीत कुमार सिंह को छोड़कर अन्य अधिकारियों के फील्ड में निकलकर निर्माण कार्यों का जायजा नहीं लिए जाने से तहसील मुख्यालय का मोहनलालगंज ब्लाक जिला प्रशासन के आंकड़ों में पिछड़ता जा रहा है। जिसे लेकर मातहतों की जवाबदेही तय करने की तैयारी चल रही है। बीडीओ अजीत कुमार सिंह इसके पीछे कई जगह जमीनी विवाद और फंड की कमी को वजह मान रहे हैं। हालांकि उनका दावा है कि लगातार समीक्षा की जा रही है सप्ताह भर में 25 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण पूरा कराने की पूरी कोशिश की जा रही है। वहीं इसी तहसील के गोसाईगंज ब्लाक अधिकारी तेजी से सामुदायिक शौचालयों का निर्माण पूरा कराते हुए अफसरों की शाबासी हासिल करने में सफल रहे हैं। आंकड़ों की मानें तो गोसाईगंज में अब तक लगभग 35 शौचालयों का निर्माण पूरा हो चुका है। जबकि बीडीओ भोलानाथ कनौजिया के मुताबिक जल्द ही करीब-करीब सभी पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण पूरा करा लिया जाएगा।

## तीन साल से लगातार शिकायत के बाद भी गड्ढा मुक्त नहीं हो सकी सड़क

● ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सीएम से लगाई मदद की गुहार

संवाददाता। मोहनलालगंज



**सड़कों** को गड्ढामुक्त करने के अभियान को लेकर सीएम की मंशा पर पीडब्ल्यूडी अफसरों की लापरवाही पानी फेर रही है। लिहाजा मोहनलालगंज के दहियर गांव में तकरीबन पच्चीस साल पहले रोड में बिछाए गए कट स्टोन से मिल रहे हिचकोले ग्रामीणों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। लेकिन तीन वर्ष से लगातार शिकायतों के बावजूद भी लगभग पांच सौ मीटर खस्ताहाल सड़क गड्ढामुक्त नहीं हो सकी है। हताश ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सीएम से मदद की गुहार लगाई है।

मोहनलालगंज के दहियर गांव में प्राइमरी स्कूल के निकट से पंचायत भवन तक तकरीबन पांच सौ मीटर सड़क पर लोक निर्माण विभाग ने लगभग पच्चीस वर्ष पहले कट स्टोन बिछाकर आवागमन के लिए सड़क बना दी थी। गुजरते वक्त के साथ जर्जर कट स्टोन जगह-जगह उखड़ कर गायब हो चुके हैं। लिहाजा सड़क में गड्ढों की भरमार हो चुकी है। जिसकी वजह से इस सड़क से आवागमन करने वाले दर्जनभर गांव के लोगों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां तक कि अक्सर बाइक सवार सड़क पर गिरकर चोटिल भी होते रहते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर तहसील समाधान दिवस से लेकर लोक निर्माण विभाग के शिकायत निवारण पोर्टल तक कई बार शिकायत की जा चुकी हैं। फिर भी सड़क गड्ढामुक्त नहीं कराई जा सकी है। पीडब्ल्यूडी अफसरों की अनसुनी से परेशान ग्रामीणों ने एक बार फिर एडीएम प्रशासन और पीडब्ल्यूडी हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ही उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री को ट्वीट कर समस्या बताई है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

निर्माण खण्ड 2 के अधिशाषी अभियन्ता प्रदीप रस्तोगी ने बताया मामला जानकारी में नहीं है। वैसे कहीं से भी शिकायत मिलते ही यथावश्यक प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा जाता है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद ही कार्य कराया जाना संभव होता है। इस मामले की जानकारी कराकर समुचित कार्रवाई कराई जाएगी।

## व्यापार मंडल ने चलाया जागरूकता अभियान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रानीगंज** उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजू साहू के नेतृत्व में आज रानीगंज चौराहे पर मास्क वितरण कर नागरिक जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें समस्त पदाधिकारियों मे संरक्षक अनिल बंसल, महामंत्री नवीन गुप्ता, संगठन मंत्री पवन गुप्ता, मंत्री नितिन गुप्ता , कार्यकारिणी सदस्य रमेश गुप्ता , दीपू नाग एवं प्रशासन के पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सही दिशा में उठाया गया कदम

यह अच्छी बात है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो व रिवर्स दरों को अपरिवर्तित रखा है अन्यथा वर्तमान परिदृश्य में किसी भी प्रकार की कटौती निष्फल व्यय साबित होती।

उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक हैं।





पिछले द्विमाह मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के पुनरीक्षण में 6 अगस्त को  आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा घोषणा की गई थी, कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नीति रेपो दर को चार प्रतिशत पर बनाए रखा है। इसने रिजर्व रेपो दर अथवा ब्याज दर जिसके तहत बैंक अपना अतिरिक्त धन आर्रबीआई में रखते हैं उसे 3.35 प्रतिशत पर रखा है। उसने तब तक मौद्रिक नीति के समायोजनकारी रुख को जारी रखा है जब तक वृद्धि का पुनरुत्थान एवं कोविड-19 के प्रभाव को क्षीण करना आवश्यक है, साथ में सुनिश्चित भी किया है कि मुद्रास्फीति लक्ष्य के दायरे में ही रहे।

अगले द्विमाही पुनरीक्षण में (जो कि 1 अक्टूबर को होना निर्धारित था, जिसे 9 अक्टूबर तक टाल दिया गया था, जिसका कारण था एमपीसी में तीन अतिरिक्त सदस्यों का नियुक्ति में विलंब होना), यह उम्मीद थी कि इस बार कोई बदलाव नहीं होगा। चीजें उम्मीद के मुताबिक हुई हैं जबकि आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दरों पर यथास्थिति को बनाए रखा है। इसके चार प्रमुख कारण है कि क्यों नीतिगत दरों को नीचे की ओर जाने के लिए आगे कार्रवाई करना आवश्यक था, जैया कि उद्योग के कुछ तबकों द्वारा मांग की गई थी। जब से, दिसंबर 2018 में पदासीन गवर्नर ने पद संभाला है, आरबीआई ने 2.5 प्रतिशत की रेपो दर में संचयी कटौती तकसीम की है। इसमें से, 2019 के दौरान, 1.35 प्रतिशत की कुल कटौती पांच किस्तों में की गई थी, अंतिम कटौती उस नीतिगत पुनरीक्षण के अंतर्गत की गई थी जो 4 अक्टूबर 2019 को घोषित किया गया था। इसने दर को वर्ष के प्रारम्भ में 6.5 प्रतिशत से बंद होने तक 5.15 प्रतिशत पर ला दिया। शीर्ष बैंक ने तरलता को बढ़ावा देकर खुला बाजार परिचालन (ओएमओ) जैसे नीतिगत औजारों का प्रयोग करके अर्थव्यवस्था को बल देने का प्रयास किया।

उपरोक्त नीतिगत कदम वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि में गिरावट की पृष्ठभूमि में किए गए थे जिसकी शुरुआत वित्त वर्ष 2018-19 की तीसरी तिमाही में हुई थी और 2019-20 के संपूर्ण वित्त वर्ष के दौरान जारी रही, जिसके पीछे इरादा न केवल गिरावट को रोकना बल्कि उनका पुनरुत्थान करना भी था। फिर भी, वृद्धि के 2019-20 की अंतिम तिमाही के दौरान तीन प्रतिशत से थोड़ा अधिक डूब जाने के साथ घोषणा जारी रही और वह 4.2 प्रतिशत पर जाकर रुकी। लेकिन यह दास को नीति दर में कटौती जारी रखने से नहीं रोक सकी। 27 मार्च को, उन्होंने नीति दर 0.75 प्रतिशत घटा दी। इसके बाद 22 मई को 0.4 प्रतिशत की कटौती की गई, इस तरह महामारी के पश्चात 1.15 प्रतिशत की कुल कटौती की गई। दस ने 27 मार्च तथा 17 अप्रैल को नकद आरक्षित अनुपात- सीआरआर, लक्षित दीर्घकालीन रेपो परिचालन की नीलामी, सीमांत स्थायी सुविधा- एमएसएफ के अधीन सामायोजन में बढ़ोतरी जैसे उपायों की घोषणा की, जिसका उद्देश्य कुल तरलता को 5,00,000 करोड़ के स्तर पर प्रविष्ट करना था। इन उपायों के बावजूद, वर्तमान वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान आर्थिक वृद्धि ऋण 24 प्रतिशत तक गिर गई थी।

30 सितम्बर को समाप्त होने वाली दूसरी तिमाही के दौरान, यद्यपि स्थिति उतनी बुरी नहीं थी, वृद्धि फिर भी 2019 की तिमाही की तुलना में कम थी (संपूर्ण वर्तमान वर्ष के दौरान, दास ने 9.5 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान प्रस्तुत किया था, वह भी पिछली तिमाही के दौरान सकारात्मक वृद्धि पर लगाया गया था)। ये रुझान स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि न तो नीतिगत दर में कटौती, न ही प्रणाली में तरलता झोंकना कारगर हो रहा है। दूसरे, दस के मुताबिक, कोविड-पूर्व चरण के दौरान नीतिगत दर 1.35 प्रतिशत घटाने से, बैंकों के द्वारा केवल 0.6 प्रतिशत कर्ज देने की दरों में कटौती के द्वारा हस्तांतरित किया गया था। यदि संचारण तब 50 प्रतिशत भी नहीं था, तो फिर नीतिगत दरों में कटौती पर जोर देते रहने की क्या जरूरत है। क्या हमें यह समझना है कि बैंक अंतर को जेब में रख रहे हैं? सच यह है, हम एक मजबूत सह संबंध देखने का प्रयास कर रहे हैं जो या तो विद्यमान ही नहीं है अथवा  यदि कोई होगा भी तो बहुत निर्बल है। बैंक वह ब्याज दर तय करता है जिसे वह उधार लेने वाले से वसूलता है जो कि जमा पर उसके द्वारा चुकाई जाने वाली ब्याज दर पर आधारित होता है, साथ में उसकी मध्यस्थता की लागत को जोड़ा जाता है। यह गैर निष्पादन परिसपंत्तियों अथवा ऋणों में कारक बनना होता है जिन्हें वसूला जा सकता है।

जबकि नीतिगत दर को ऋण देने की दर निर्धारित करने के लिए बाहरी बेंचमार्क के तौर पर पेश किया जाता है, वह नीतिगत दर में बदलाव का सटीक अनुसरण नहीं करता। एक निश्चित सहसंबंध केवल तभी संभव होगा यदि केवल आरबीआई उसके वित्तपोषण का एकमात्र स्त्रोत हो, लेकिन यह सैद्धांतिक बात है। तीसरे, आरबीआई द्वारा आगे की ओर कर्ज देने के लिए स्त्रोत व बैंकों को खोले जाने के बावजूद जैसा कि वित्त वर्ष 2019-20 में तथा चालू वर्ष के दौरान बड़े पैमाने पर किया गया था, बैंकों ने कर्ज देना बंद नहीं किया है। 2019-20 के दौरान, बैंक क्रेडिट 6.1 प्रतिशत से बढ़ा था, जो कि 2018-19 के दौरान दर्ज की गई 13.4 प्रतिशत की वृद्धि के आधे से भी कम है। रुझान चालू वर्ष में बढ़ गया है। कुल मिलाकर बैंकिंग प्रणाली से गैर खाद्य क्रेडिट टेकआफ अप्रैल- जुलाई 2020 के दौरान 1,40,000 करोड़ से घटकर 90 लाख करोड़ हो गया है। 17 अप्रैल को रिवर्स रेपो दर में वर्तमान 3.75 प्रतिशत से कटौती की घोषणा करते समय, दास ने तर्क दिया था कि यह बैंकों को स्वयं के पास अतिशय धन रखने के बजाए बिजनेसों को कर्ज देने के लिए प्रेरित करेगा और तब वे भारी भरकम 6,90,000 करोड़ आरबीआई के साथ रखे हुए थे। तब से यह दर 3.35 प्रतिशत और कम कर दी गई है यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंक शीर्ष बैंक के पास धन न रखें, इसके बजाए कर्ज दें। फिर भी, अतिरिक्त धन जो उनके पास रखा है वह 80,000 करोड़ पार कर गया है। कोरोनावायरस द्वारा पैदा किए गए व्यवधान एवं परिणामत: क्रेडिट में संकुचन के अलावा, अनुशस्ति एवं निस्तारण के लिए मांग भी बैंकों द्वारा जोखिम टालने एवं कर्ज के प्रति संकीण दृष्टिकोण अपनाने के कारण प्रभावित हुई है।

चौथे, तीन महीने तक लाकडाउन एवं उसके पश्चात भी जारी रहने, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर रुक रुक कर लाकडाउन लागू किए जाने, के कारण पूर्व की तुलना में मांग में जबर्दस्त गिरावट आई है। लाखों की संख्या में बिजनेसों के बंद हो जाने के अतिरिक्त अथवा वेतन व मजदूरी में कटौती होने के कारण, वे लोग कोविड के प्रभाव से बच गए और जिनके पास अतिरिक्त धन था, वे भी सामाजिक दूरी की बाध्यता के कारण खर्च नहीं कर पाए और रेस्टोरेंटों, सिनेमा हालों, मल्टीप्लेक्सों, पर्यटन गंतव्यों जैसे सेवा क्षेत्रों में लंबे समय तक बंदी की स्थिति बनी रही।

महामारी के द्वारा पैदा की गई अक्षमता की गंभीरता को आंकलन इस तथ्य से किया जा सकता है कि वर्तमान समय में, जनता के पास नकदी ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच गई है जो कि 26,00,000 करोड़ अथवा जीडीपी की 15 प्रतिशत है, अगर वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 10 प्रतिशत संकुचन मान लिया जाए, तो यह नवंबर 2026 में नोटबंदी केसमय 17,00,000 करोड़ से ऊपर थी।

एक प्रमुख कारक जिसका मांग पर व्यापक असर पड़ा उसका घोटालों से लेना देना है। इनमें शामिल है बैंकों व गैर बैंकिंग फाइनेंस कम्पनियों से पैसे का गबन किया जाना, अथवा बिल्डरों द्वारा सीधे जनता से पैसा लिया जाना आदि। सैकड़ों व हजारों करोड़ के ये घोटाले चुनिंदा लोगों की निजी संपत्ति में जुड़ जाते हैं, जो कि या तो विदेशों में जमा की जाती है या भारत के भीतर बेनामी संपत्ति के तौर पर। यदि यह धन उन लाखों लोगों के पास रहता जिनका ये असलियत में है, तो इससे क्रयशक्ति में काफी बढ़ोतरी होती, बैंकों व वित्तीय संस्थाओं का एनपीए कम होता और कर्ज देने की उनकी क्षमता और बढ़ जाती।

एमपीसी की अगस्त में हुई बैठक में छायी निराशा के विपरीत, इस बार आरबीआई ने आत्मविश्वास पैदा किया है क्योंकि गवर्नर भारतीय अर्थव्यवस्था को निर्णयात्मक चरण में प्रवेश करते देख रहे हैं, और विविध क्षेत्रों में संकुचन घटकर सहजता आ रही है। क्यू-1 का गहन संकुचन हमारे पीछे छूट चुका है और भारत में चमकीली रेखा नजर आने लगी है। वो खुदरा मुद्रास्फीति को तीसरी तिमाही के बाद से कम होता देख रहे हैं, जो कि श्रेष्ठ कृषि संबंधी दूरदृष्टि तथा तेल की कीमतें सीमा में रहने से प्रेरित है। गवर्नर ने बाजार के सहभागियों को तरलता तक पहुंच एवं सरल वित्तीयन शर्तों को लेकर आश्वस्त करने के लिए उपाय करने का वादा भी किया है- अगले सप्ताह 20,000 करोड़ की ओएमओ नीलामी और मार्च 2021 तक 1,00,000 करोड़ की उपलब्धता, इस दिशा में उठाए गए कुछ कदम हैं।

ये सब समान श्रेणी में उपायों की संख्या में जुड़ जाते हैं। जिस तरह वे उपाय विफल साबित हुए, वैसे ही संभव नहीं है कि ये बढ़ोतरियां कुछ बेहतर कर पाएंगी। यह अच्छी बात है कि आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दरों यथा रेपो दर व रिवर्स रेपो दर को अपरिवर्तित रखा है, अथवा वर्तमान परिदृश्य में, जब अर्थव्यवस्था संरचनात्मक बाधाओं से परिपूर्ण है, आगे कोई और कटौती निष्फल साबित हुई होती। अर्थव्यवस्था में विद्यमान संरचनातमम बाधाओं को संबोधित करने के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इनमें बिजनेस भावना को ऊंचा उठाने तथा निवेश को बढ़ावा देने, एनपीए से युद्धस्तर पर निबटने, बैंकों को सक्रिय ढंग से परियोजनाओं के लिए कर्ज देने हेतु प्रेरित करने तथा घोटालों के साथ सख्ती से निबटने व उन्हें रोकने जैसे नीतिगत सुधार शामिल होते हैं। इनके बगैर, अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने पर जोर देने से कोई लाभ नहीं होता।

# मजबूत करें स्थानीय निकाय

यूएलबी को जल सप्लाई, कचरा प्रबंधन, जल निकासी, सीवेज, शहरी परिवहन व ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। ऐसा न होने का एक कारण उनकी अक्षमता है।

एम. रामचंद्रन
(लेखक, शहरी विकास मंत्रालय के पूर्व सचिव हैं)





स्थानीय निकायों को ज्यादा सक्रिंय भूमिका देने के लिए नगरपालिका व नगर निगम कर्मचारियों के वर्तमान ढांचे में व्यापक परिवर्तन करने होंगे। केन्द्र व राज्य सरकारों के बाद शहरी स्थानीय निकाय-यूएलबी या पंचायत जनता के सबसे निकट होती है। 1992 में संविधान के 74वें संशोधन ने नगरपालिकाओं की महत्वपूर्ण स्थिति स्वीकार की थी। हालांकि, चेन्नै नगर निगम 1688 से तथा कोलकाता और मुंबई के नगर निगम 1726 से कार्यरत हैं।

स्थानीय सरकार राज्य सूची का विषय है और 1992 के संशोधन द्वारा नगरपालिकाओं को संवैधानिक दर्जा मिलने के बावजूद नगर निकाय संस्थानों की शक्तियों, कामकाज तथा जिम्मेदारियों पर संबंधित राज्य विधायिकाओं का अधिकार बनाए रखा गया है। इस प्रकार यूएलबी की वैधता सुनिश्चित रखते हुए यह संशोधन नगरपालिका व्यवस्था में कोई ढांचागत परिवर्तन नहीं करता है। राज्यों ने स्थानीय सरकारों को मजबूत कर प्रशासन बेहतर बनाने तथा उसे जनता के निकट ले जाने के प्रयास थोड़ा अलग तरीके से किए हैं। संविधान की बारहवीं अनुसूची में यूएलबी के निर्धारित 18 कामों को विभिन्न राज्य सरकारों ने अलग-अलग तरीके से संबोधित किया है। कुछ ने ये सारे काम उनको दिए हैं, जबकि कुछ ने यह काम केवल आंशिक रूप से किया है। ऐसा कदम उठाने के बावजूद यूएलबी को पैसे, कामकाज व कार्यकारियों को पूरी शक्ति देने के मामले में काफी भ्रम की स्थिति है। केन्द्र सरकार ने शहरी क्षेत्रों की केन्द्रीय योजनाओं को सुधार एजेंडे में शामिल कर सारे काम शहरी संस्थानों को दिए हैं और उनको प्रभावी बनाने का प्रयास किया है।

यूएलबी को जल सप्लाई, कचरा प्रबंधन, जल निकासी, सीवेज, शहरी परिवहन व ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। ऐसा न होने का एक कारण उनकी अक्षमता है। संविधान संशोधन यूएलबी का राजस्व आधार परिभाषित नहीं करता है तथा राज्य वित्त आयोग-एसएफसी की व्यवस्था प्रभावी परिवर्तन करने में अक्षम रही है। इसके उलट ब्राजील की नगरपालिकाओं को व्यापक स्वायत्तता प्राप्त है और वे टैक्स लगाने में सक्षम हैं। इसके लिए संविधान में संघ, राज्यों व नगर निकायों को पैसा हस्तांतरित करने की स्पष्ट व्यवस्था है। ऐसे में संविधान में केन्द्र व राज्य सूचियों के साथ स्थानीय निकाय सूची भी शामिल हो सकती है। ज्यादा सक्रिय व जवाबदेह भूमिका निभाने के लिए नगरपालिका कर्मियों के वर्तमान ढांचे में भी व्यापक परिवर्तन जरूरी होंगे। भविष्य में नगरपालिकाओं को निर्धारित कामों के लिए तैयार करने हेतु नगर प्रशासन को हर क्षेत्र में सक्षम पेशेवरों की जरूरत है।

कर्नाटक के नगर निगमों में मोटेतौर से नगर कमिश्नर नीचे चीफ एकाउंट्स आफिसर, चीफ इंजीनियर, रेवेन्यू आफिसर, चीफ डेवलपमेंट आफिसर व चीफ हेल्थ आफिसर जैसे पांच पद हैं। ठोस कचरा प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था जरूरी है। सार्वजनिक-निजी साझेदारी, पर्यावरण प्रबंधन, शहरी आवागमन व संसाधन सृजन के लिए भी पेशेवरों की जरूरत है। कर्मचारियों के मानकों की समीक्षा की जरूरत है। ढांचागत संरचना से सेवा प्रदाता व्यवस्थाओं में परिवर्तन स्वीकार किया जाना चाहिए। क्या हमारे स्थानीय निकाय पानी सप्लाई जैसी व्यवस्थाओं को निरंतर बनाए रखने, उस पर आने वालाखर्च वसूल करने, नागरिकों की शिकायतें दूर करने व अन्य समस्याओं के समाधान की स्थिति में हैं। क्या वे नागरिकों को चौबीसों घंटे व सातों दिन मानकों के अनुसार सेवा दे सकते हैं।

तेरहवें वित्त आयोग ने कहा था कि राज्य सरकारों को सभी आवश्यक सेवायें धीरे-धीरे स्थानीय निकायों को सौंपनी चाहिए तथा चौदहवें वित्त आयोग ने मूलभूत सेवाओं के मानक निर्धारित किए थे। जनता की सेवा के मामले में अनेक वैश्विक उदाहरण हैं। लंदन में 2019 में एक सार्वजनिक बयान के माध्यम से एक निजी जल सप्लाई कंपनी ने स्वीकार किया था कि वह पानी लीकेज रोकने का लक्ष्य प्राप्त करने में विफल रही है और इसके लिए जुर्माना अदा करेगी। इस जुर्माने की राशि उपभोक्ताओं के बिलों से घटाई जाएगी। स्थानीय निकाय सरकारों को जनता के निकट ले जाने के लिए हमें उनको प्रभावी व कारगर बनाना होगा। संविधान संशोधन ने स्थानीय निकाय परिषदों के स्तर पर वार्ड समितियां बनाने का प्राविधान किया है। प्रत्येक राज्य विधायिका को इसका प्राविधान कर उनको कारगर बनाना होगा। केन्द्र ने राज्यों को एक माडल नगर राज बिल का प्रारूप दिया है जिसमें उनके काम, अधिकारों तथा कर्तव्यों का वर्णन है। वार्ड समितियां वार्डों का बजट बनाने, निगरानी तथा विभिन्न विकास कार्यों के बीच समन्वय का काम कर सकती हैं। इससे प्रमुख सेवाओं तक सभी नागरिकों की पहुंच सुनिश्चित होगी तथा इस व्यवस्था में क्षेत्रीय लोगों को सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया जा सकता है। अब राज्यों का काम है कि वे इनके गठन तथा इनको प्रभावी बनाने के लिए समुचित विधायन करें। हाल ही में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा कर्नाटक के स्थानीय निकायों के आडिट से स्पष्ट हुआ है कि बैंगलुरू को छोड़ कर किसी नगर निगम में वार्ड समितियों का गठन नहीं हुआ था। प्रत्येक पोलिंग स्टेशन या पोलिंग स्टेशनों के समूह पर क्षेत्र सभाओं का गठन भी राज्य विधायनों से किया जा सकता है। प्रत्येक राज्य सरकार से उम्मीद की गई थी कि राष्टीय शहरी मिशन के सुधार एजेंडे के अंतर्गत वह सामुदायिक सहभागिता कानून बनाएगा। लेकिन आंध्र प्रदेश जैसे कुछ ही राज्यों ने इस दिशा में कदम उठाए।

वार्ड समितियां व क्षेत्रसभायें नागरिकों के बारे में डेटा व सूचनायें एकत्र करने तथा सेवाओं पर लगातार निगरानी रखने का काम कर सकती हैं। यह स्थानीय स्वशासन को प्रभावी बनाने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वर्तमान कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के संदर्भ में एक ऐसी स्थिति की कल्पना करें जब क्षेत्र सभायें स्थानीय निकाय प्रशासन को जरूरतमंद लोगों के बारे में जानकारी उपलब्ध करा सकतीं। इनमें अकेले, दिव्यांग, लगातार चिकित्सकों की निगरानी की जरूरत वाले लोग, प्रवासी तथा कामगार शामिल होते जिनको सहायता की आवश्यकता होती। इसके आधार पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई की सुनियोजित व्यवस्था बनाई जा सकती थी। इससे स्थानीय निकाय के स्तर पर उपयुक्त सूचनाओं के आधार पर निर्णय लेने में सहायता मिलती। इसका एक सक्रिय उदाहरण हाल ही में गुरुग्राम में देखने को मिला था। यहां शहर प्रशासन ने शहर के विभिन्न भागों में बेकार पड़ी सिटी बसों का प्रयोग राशन तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए किया था। स्थानीय प्रशासन के दृष्टिकोण से स्थानीय सरकारों को 'वोकल' बनाया जा सकता है। इससे लोगों को प्रशासनिक प्रक्रिया में सहभागिता का अनुभव होगा। राज्यों को स्थानीय स्तर पर संस्थाओं के लिए विधायन का काम करना चाहिए। समय आ गया है कि राज्य सरकारें स्थानीय निकाय संस्थानों की प्रभावी भूमिका स्वीकार करें। इसके लिए संसाधन प्रबंधन, कर्मियों को पेशेवर बनाने, स्थानीय जवाबदेही को बढ़ावा देने तथा हर स्तर पर क्षमता सुधारने के लिए कुछ परिवर्तन करने होंगे। स्वच्छ भारत मिशन ने सिद्ध किया है कि स्थानीय नेतृत्व का सहयोग कितना महत्वपूर्ण हो सकता है। औपचारिक व्यवस्थायें बनाने से अटल शहरी पुनर्जीवन मिशन जैसी योजनाओं के लक्ष्यों का बेहतर क्रियान्वयन संभव हो सकता है। इससे सभी घरों को पानी सप्लाई व सीवेज निस्तारण की मूलभूत सुविधायें मिल सकेंगी।

# नारी सशक्तीकरण एलईडी वैन को प्रभारी मंत्री ने किया रवाना

## ● महिला सुरक्षा के लिए बनी गाइड लाइन

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जनपद में** आपरेशन शक्ति की शुरुआत शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता के लिए मोबाइल एलईडी वैन रैली को प्रभारी मंत्री रमापति शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डीएम के. विजयेंद्र पांडियन ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं की सुरक्षा के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। अभियान के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शासन की तरफ से नियुक्त महिला नोडल अधिकारी आज ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयार की गई कार्ययोजना समीक्षा करेंगी। इस अभियान के तहत महिला अपराध से जुड़े अधिक से अधिक मामलों में दोषी को सजा दिलाने पर भी जोर रहेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आनलाइन छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि हर थाने में महिला टॉप टेन महिला अपराधों की सूची तैयार कर दो माह में चार्ज सीट कर जनपद न्यायाधीश से बात कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाया जाएगा। दहेज, उत्पीड़न, छेड़खानी, पाक्सो, महिलाओं से जुड़े एससी/एसटी एक्ट पर सर्वाधिक जोर होगा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी नारी सशक्तिकरण मनीषा त्रिभाटिया, विधायक चौरी चौरा संगीता यादव, मंडलायुक्त जयंत नालिकर्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार, सीडीओ इंद्रजीत सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर गौरव सिंह सोगरवाल, पुलिस अधीक्षक नगर डॉक्टर कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक आशुतोष शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी, सहायक पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह, डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह, शेरनी दस्ता समेत अन्य उपस्थित रहें।

## शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ ही भगवती दुर्गा की आराधना शुरू

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**शारदीय** नवरात्र के प्रथम दिन भगवती मॉ शैलपुत्री देवी व गायघाट स्थित मुख मॉ निर्मालिका गौरी के दरबार में पहुंचकर दर्शन.पूजन किया और मॉ कोण्नारियलए चुनरीए माला.फूलए प्रसाद आदि चढ़ाएं। दर्शन.पूजन का क्रम भोर से जो शुरू हुआ जो देर रात चलता रहा।मॉ शैलपुत्री के परिसर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए थे। शारदीय नवरात्र के पहले दिन शहर के सभी देवी मंदिरों में दर्शन.पूजन की भीड़ लगा रहा। दुर्गाघाट स्थित मॉ ब्रह्माचारिणी देवीए चौक स्थित मॉ चित्रघंटा देवीए चौसट्टी घाट में चौसट्टी देवीए दुर्गाकुंड में कुष्टमांडा देवीए दारानगर में मॉ वैष्णो देवी के दरबार में अलसुबह से ही देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन.पूजन के लिये लगी रही। इसके साथ ही अच्छे मुहूर्त में कलश स्थापना कर भगवती दुर्गा की आराधना की।

# ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ अपील पर अंतरिम अर्जी तय होने तक कार्रवाई न करने का समादेश जारी

## ● मुख्य सचिव सहित प्राधिकरण उपाध्यक्षों और सभी जिलाधिकारियों को आदेश के अमल का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अवैध भवनों के ध्वस्तीकरण मामले में सामान्य आदेश जारी किया है। आदेश का पालन करने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव सभी विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष सभी जिलाधिकारियों को आदेश की प्रति भेजने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ 30 दिन में विधिक अपील दाखिल करने की अवधि तक कार्यवाई न की जाय। अपील पर अंतरिम अर्जी दो हफ्ते में तय की जाय।अर्जी तय न होने तक ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर रोक लगी रहेगी। ध्वस्तीकरण आदेश की प्रति मकान मालिक को दिया जाय। उसकी आपत्ति सुनकर फैसला लिया जाय।

यह आदेश न्यायमूर्ति शशिकान्त गुप्ता तथा न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की खंडपीठ ने अब्बास अंसारी व जमशेद रजा की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि उसने 29 सितम्बर 2000 को जमीन का बैनामा कराया। 5 दिसम्बर को व्यावसायिक निर्माण का नक्शा पास कराने का आवेदन दिया। 31 दिसम्बर 2002 को कंपाउन्डिंग का अनुमोदन कर दिया गया। किन्तु बिना सुनवाई 15 सितम्बर 20 को अनुमोदन निरस्त कर दिया गया है। और 16 सितंबर 20 को ध्वस्तीकरण की कारण बताओ नोटिस दी गयी। 8 अक्टूबर को एक हफ्ते में ध्वस्तीकरण की कार्यवाई का आदेश जारी किया गया है। जिसे चुनौती दी गयी थी।याची का कहना है कि उसे अपील दाखिल करने का समय दिया दिया जाना चाहिए। तब तक कार्यवाही रोकी जाय। कोर्ट ने याची को ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ10 दिन मे अपील करने तथा उस पर दाखिल अंतरिम अर्जी दो हफ्ते में निर्णीत करने का निर्देश दिया है। अर्जी तय होने या चार हफ्ते जो जल्दी हो ध्वस्तीकरण कार्यवाही कर रोक लगा दी है और पूरे प्रदेश में ध्वस्तीकरण के खिलाफ कार्रवाई पर सामान्य समादेश जारी कर इस प्रकार के मामले में अमल करने का निर्देश दिया है।

# आदेश का पालन न करना डीएम को पड़ा भारी, भरना पड़ा पांच हजार का हर्जाना

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट के आदेश का पालन न करना डीएम प्रयागराज भानुचंद्र गोस्वामी को भारी पड़ गया। कोर्ट के आदेश पर उनको पांच हजार रुपये हर्जाना भरना पड़ा। इसके बाद ही डीएम को अवमानना की कार्यवाही से निजात मिल सकी। मामला सरोज कुमार मिश्रा द्वारा दाखिल अवमानना याचिका का है। याची सरोज कुमार ने इससे पहले भी अवमानना याचिका दाखिल कर हाईकोर्ट के आदेश का पालन न करने की शिकायत की थी। पहली बार में हाईकोर्ट ने डीएम को एक और मौका देते हुए याचिका निस्तारित कर दी। आदेश का पालन नहीं हुआ तो उसने दुबारा याचिका दाखिल की। इस पर कोर्ट ने तीन अक्तूबर को डीएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए। साथ आदेश के पालन का एक और मौका देते हुए कहा कि यदि वह आदेश का पालन कर देते हैं तो उनको व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होना पड़ेगा। इस सख्त आदेश के बावजूद डीएम ने हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया। पांच अक्तूबर को जब दुबारा याचिका की सुनवाई हुई तो डीएम की ओर से पक्ष रखने कोई वकील उपस्थित नहीं हुआ और न ही अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसे गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने डीएम को पांच हजार रुपये का जमानती वारंट जारी करते हुए 13 अक्तूबर को तलब कर लिया। हालांकि सरकारी वकील के अनुरोध पर कोर्ट ने वारंट पर तो रोक लगा दी। मगर इस शर्त के साथ कि डीएम अपने निजी बैंक खाते से पांच हजार रुपये भरेंगे। साथ ही यह भी हिदायत दी कि यदि आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट नहीं दाखिल की जाती है तो डीएम को अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से हाजिर होना पड़ेगा। हाईकोर्ट की इस सख्ती के बाद डीएम ने हर्जाने की राशि जमा करने के साथ ही कोर्ट में अनुपालन रिपोर्ट पेश की।

# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान अभियान का हुआ शुभारंभ

## ● टांडा विधायक ने दिखाई हरी झंडी

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**मुख्य** सचिव उत्तर प्रदेश शासन गृह( पुलिस) द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वालंबन के लिए विशेष अभियान संचालित किए जाने के विस्तृत दिशा निर्देश के क्रम में नामित नोडल अधिकारी रेणु तिवारी विशेष सचिव खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस लाइन में नारी सुरक्षा नारी सम्मान अभियान का शुभारंभ किया गया । इस अभियान का शुभारंभ टांडा विधायक संजू देवी द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। अवगत कराना है कि यह कार्यक्रम शारदीय नवरात्र 2020 से वंसतिक नवरात्र 2021 तक चलेगा । इस कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को प्रारंभ किया जा रहा है जो कि निरंतर जारी रहेगा । इस कार्यक्रम में महिलाओं को, बच्चों को, युवाओं को, बालिकाओं को साथ ही अन्य वर्ग के लोगों को, महिलाओं को मिशन शक्ति के प्रति जागरूक किया जाएगा । अभियान के दौरान नामित नोडल अधिकारी रेनू तिवारी ने समस्त विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एंटी रोमियो चेकिंग के दौरान मिलने वाली महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु जागरूक किया जाए तथा साथ ही साथ उनकी समस्या आदि कोई है पूछा जाए, नोट कर निस्तारण कराया जाए, एंटी रोमियो चेकिंग सादे वस्त्रों में तथा वर्दी में की जाएगी साथ ही साथ थाना क्षेत्र के चिन्हित हॉटस्पॉट पर निरंतर पेट्रोलिंग की जाए । उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि समस्त विभाग एक दूसरे के साथ मिलजुल कर सहयोग करें। इस दौरान जिलाधिकारी समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु जागरूक किया जाए तथा समस्त स्थानों पर महिला डेस्क स्थापित किया जाए जिससे पीड़ित महिलाओं को अपनी समस्या बताने में कोई कठिनाई न हो साथ ही साथ यह भी निर्देश दिए गए कि स्कूल व कॉलेजों में आत्मरक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाए एवं समस्त अधिकारियों थाना इंचार्ज के सीयूजी नंबर, 1090, 181 हेल्पलाइन हेतु जागरूकता बढ़ाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि हर थाना क्षेत्र के सभी स्कूलों कालेजों व प्रमुख बाजारों के पास एक महिला शिकायत पेटिका लगवाया जाए जिससे कि महिलाएं नि:संकोच होकर अपनी समस्या लिखकर डाल सकें तथा जनपद के प्रमुख एन.जी.ओ .संभ्रांत व्यक्तियों व उद्योगपतियों की सहायता से निराश्रित बालिकाओं ,महिलाओं ,बालकों आदि को शिक्षा संबंधित, खानपान संबंधित ,रोजगार संबंधित, सहायता प्रदान की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ,अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, जिला विकास अधिकारी बिरेंद्र सिंह ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक , जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह तथा संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे ।



पुलिस लाइन में बैठक में भाग लेतीं नोडल अधिकारी, विधायक सहित अन्य लोग

# प्रशासन की लापरवाही का किसानों को भगुतना पड़ रहा खामियाजा

## ● पीसीएफ के क्रय केंद्र में बोरे की उपलब्धता न होने से नहीं शुरू हो सकी खरीद

## ● किसान अपनी उपज बेंचने के लिए क्रय केंद्र का काट रहे चक्कर

संवाददाता। बीघापुर,उन्नाव

**प्रशासन** की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि तीन दिन बीतने के बाद भी ब्लॉक परिसर में स्थित पीसीएफ के क्रय केंद्र में बोरे की उपलब्धता न होने के चलते अभी तक धान की खरीद प्रारम्भ नहीं हो सकी है। वहीं केंद्र के प्रभारी का कहना है कि किसानों द्वारा दिये गए धान के सैम्पल की रिपोर्ट मिलर द्वारा समय से न देने से खरीद में देरी हो रही है। किसान अपनी उपज बेंचने के लिए क्रय केंद्र का चक्कर काट रहे हैं। मगर खरीद न प्रारम्भ होने से वह अपनी उपज बाजार में कम कीमत पर व्यापारियों के हाथो बेचने को विवश हैं। पीएसएफ के धान क्रय केंद्र में पाही के धनीराम, बेहटागोपी के प्रकाशचंद, टेढ़ा के रामशंकर, बीघापुर के जयसिंह व रामप्रसाद अकवाबाद के राजेंद्र द्विवेदी व जंगलीखेड़ा के उदयभान सिंह, मगरायर के सुनील अवस्थी ने अपना धान बेचने के लिए केंद्र में सैंपल जमा किये हैं। केंद्र प्रभारी ने किसानों को बताया कि सैंपल जांच के लिए मिलर के पास जाएंगे और उनके द्वारा पास किए जाने पर खरीद की जाएगी। सैंपल की जांच रिपोर्ट समय से न आने से किसानों को केंद्र की परिक्रमा करनी पड़ रही है। केंद्र के प्रभारी ने बताया कि भगवंतनगर के मिलर ने हाइब्रिड धान खरीदने को मना कर दिया है। वह केवल मोती, गंगा कावेरी, मंसूरी, दामिनी, शरबती, सुगंधा, सांभा किस्म के ही धान खरीदे जाएंगे। सरकार पैदावार बढ़ाने के लिए हाइब्रिड धान के बीज उपलब्ध करा कर बोने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करती है किंतु इनकी खरीद न शुरू होने से किसान हैरान व परेशान है। सरकार द्वारा इस बार 1868 रुपए प्रति कुंतल धान की खरीद का मूल्य घोषित किया गया है। किसानों का कहना है कि मिलर के सख्त नियमों के चलते उन्हें सस्ते दामों पर बाजार में धान बेचना पड़ रहा है।केंद्र के प्रभारी राकेश कुमार का कहना है कि केंद्र पर धान के तकनीकी परीक्षण की कोई सुविधा नहीं है इसलिए सैंपल मिलर को भेजा जाता है। अभी तक 25 किसानों के सैम्पल भेजे गए जिसमें केवल पांच की ही रिपोर्ट आई है। हाइब्रिड धान लेने के लिए मिलर ने मना कर दिया है। इसलिए इनकी खरीद नहीं की जा रही है। जिला कृषि विपणन अधिकारी राजीव कुलश्रेठ ने बताया कि हाइब्रिड धान की खरीद के लिये जल्द ही सभी मिलरों के साथ बैठक कर समस्या का निदान किया जाएगा, वहीं एक दो दिन में केंद्र में बोरे की व्यवस्था करा दी जाएगी।



# ईटगांव में मामूली बात को लेकर दो सम्प्रदाय आपस में भिड़े

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के ईट गांव में पटाखा दगाने से मना करने की मामूली सी बात को लेकर दो संप्रदायों के लोग आपस में भिड़ गए हालांकि इनायतनगर पुलिस की तत्परता से गांव में बड़ी वारदात होने से बाल.बाल बच गई घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर विजय सेन सिंह ने एक विशेष संप्रदाय के पांच लोगों को तत्काल हिरासत में ले लिया मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने आक्रोशित लोगों को समझा–बुझाकर किसी तरह शांत कराया हालांकि गांव में शांतिपूर्ण माहौल में तनाव जरूर घुला हुआ है। बताते चलें कि बीते इनायत नगर थाना क्षेत्र के गांव में कुछ मुस्लिम युवक बीते 16 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे पटाखा दगा रहे थे इस बात का पड़ोसी बंसीलाल की बेटी रिंकी ने विरोध किया और पटाखा फोड़ने से मना किया यह बात पटाखा दगा रहे विशेष संप्रदाय के कुछ युवकों को नागवार लग गई और उन्होंने दलित बालिका रिंकी से हाथापाई शुरू कर दी। फिर क्या था देखते ही देखते समूचे गांव के लोग भारी संख्या में एकत्र हो गए और दोनों पक्षों में खूब शोर शराबा होने लगा इस टकराव की जानकारी ग्रामीणों द्वारा इनायत नगर पुलिस को दे दी गई। दो संप्रदायों के बीच टकराव की नौबत की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर विजय सेन सिंह थाने से भारी पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना के सूत्रधार 5 मुस्लिम युवकों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर भारी संख्या में पुलिस फोर्स देख मौके की नजाकत भाग तमाम ग्रामीणों ने अपने घरों की राह पकड़ ली मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने उग्र व आक्रोशित ग्रामीणों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक की सूझबूझ से एक बड़ा बवाल होते होते बाल बाल बच गया।

# श्रीराम भक्ति के सहारे भेदभाद होगा खत्म



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**विशाल** भारत संस्थान एवं इन्द्रेश आश्रम के संयुक्त तत्वाधान में 9 दिवसीय हनुमान चालीसा हवनात्मक महायज्ञ का आयोजन इन्द्रेश नगरए लमही में किया गया। इस अवसर पर इन्द्रेश कुमार ने कहा कि आज पूरे विश्व को भगवान श्री राम के पथ पर चलने की जरूरत है। राम की भक्ति के सहारे ही पूरे विश्व को भेदभाव से मुक्त कराया जा सकता है। वैश्विक भेदभाव एक बड़ी चुनौती है। राम की भक्ति का सबको अधिकार है। किसी भी वंचित समूह को राम की भक्ति से किसी आधार पर अलग नहीं किया जा सकता। काशी ने हमेशा सुधारों की वकालत की है। रामपंथ दुनियां के समाज सुधार आंदोलन का प्रतीक बनेगा। इन्द्रेश आश्रम के संस्थापक डॉ0 राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि दलित वर्ग को पुजारी बनने का प्रशिक्षण देकर श्री रामपंथ के मंदिरों की पूजा का दायित्व दिया जाएगा। इन्द्रेश आश्रम दलित बच्चों एवं किन्नर समुदाय को पूजा करने के वैदिक तरीके में प्रशिक्षित करेगा। आध्यात्मिक धर्मगुरू अरविन्द नागर ने कहा कि रामपंथ विश्व का सबसे उदार पंथ होगा।

# ‘हिंदू राष्ट्र नहीं घोषित हुआ तो दस साल में हिंदुस्तान का नामो निशान मिट जाएगा’

## ● परमहंस दास जी महाराज का आमरण अनशन छठवें दिन भी जारी, दशरथ गद्दी के महंत बृजमोहन दास सहित अयोध्या के दर्जनों संतों ने किया समर्थन

संवाददाता। अयोध्या

**हिंदू** राष्ट्र की मांग को लेकर आमरण–अनशन पर बैठे तपस्वी छावनी के महंत परमहंस दास का स्वास्थ्य अब बिगड़ रहा है। वह छरू दिनों से अन्न.जल का त्यागकर अनशन पर हैं। इस दौरान उनका वजन 95ए35 से घटकर 88 किलो हो गया है। फिर भी जिले का कोई आला अधिकारी व जनप्रतिनिधि अनशनरत महंत का कुशलक्षेम जानने की कोशिश नही किया। इससे परमहंस के समर्थकों में खासी नाराजगी है।



शनिवार को अयोध्या तीर्थ पुरोहित और सखी समाज भी अनशनकारी महंत के समर्थन में आगे आया। साथ ही कथावाचिका साध्वी किशोरी रामलला के विग्रह को लेकर समर्थन देने पहुंची। इस दौरान अनशनरत परमहंस दास ने कहाकि आज देश की एक बेटी रामलला को लेकर आयी और मुझे समर्थन दिया है। रामलला की कृपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्दी सुधि लें और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करें। हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर 12 अक्टूबर से मेरा आमरण.अनशन चल रहा है। हिंदू, हिंदी, हिंदुस्तान के आस्तित्व को बिना हिंदू राष्ट्र घोषित किए नही बचाया जा सकता है। जिस तरह से कश्मीर में हिंदुओं को खत्म कर दिया गया। उसी तरह से मुस्लिम समाज के लोग पूरे देश में जिहादी मानसिकता लेकर षड्यंत्र रच रहे हैं। देश का विभाजन मुसलमानों के कारण ही हुआ। पूरी दुनिया में हिंदुओं के लिए कोई भी देश नही है। विश्व में मुसलमानों के 57 व ईसाइयों के 157 देश हैं। उन्होंने कहाकि मोदी सुधि लें एक ही सही। हिंदुओं को कम से कम हिंदुस्तान ही मिल जाए। तो बड़ी बात है इसलिए हिंदुस्तान को जल्द से जल्द हिंदू राष्ट घोषित किया जाए। वरना हिंदूए हिंदीए हिंदुस्तान का नामो.निशान 10 साल के अंदर मिट जाएगा। अन्न.जल का त्यागकर मैं छरू दिनों से आमरण.अनशन पर हूं जिसको लेकर देश की बहन.बेटियों को बड़ी पीड़ा और तकलीफ है। आज देश की एक बेटी का रामलला को लेकर समर्थन देने आना। इस संवेदना का परिचायक है। देश की बहन.बेटियां चाहती हैं कि पीएम मोदी बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ का अभियान चला रहे हैं। तो बेटी की आवाज सुनकर हमारी मांग को पूरी करें। इस मौके पर दशरथगद्दी महंत बृजमोहन दास, सखी समाज की राजेश्वरी सखी बाबा वृंदावन, शिवानी शरण, पूजा शरणए शोभा शरण, शिला शरण, अनीता शरण, चंद्रकला शरण और तीर्थ पुरोहित समाज से राजेश पांडेय, लल्लन पांडेय, श्रवण कुमार पांडेय, प्रदीप पांडेय, जुगुल किशोर पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### हत्या के तीन आरोपियों की जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झगड़े में हत्या के आरोपियों की जमानत मंजूर कर ली है और उन्हें व्यक्तिगत मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह आदेश हत्या के आरोपियों को सत्र न्यायालय की आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ दाखिल आपराधिक अपील पर दाखिल जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने अपील की दो माह में पेपर बुक तैयार करने का भी निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति बी अमित स्थालेकर तथा न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की खंडपीठ ने फीरोजाबाद के प्रेमपाल, ओमपाल व मंजीत की अर्जी पर दिया है। मालूम हो कि 28अगस्त 2004 को सुबह साढे 8 बजे महेश्वर दयाल पंकज उर्फ विश्वनाथ खेत में काम कर रहे थे। मिट्टी खोदने को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ और बंदूक की गोली लगने से मौत हो गयी। एफआई आर दर्ज करायी गयी है। हत्या के आरोपियों को 11 जनवरी 19 से जेल भेज दिया गया है। इसी दिन सत्र न्यायालय ने सजा सुनाई। हाईकोर्ट ने आरोपियों की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

### हाईकोर्ट ने कहा, अधिकारियों को आदेश न मानने की हो गयी है आदत, प्रमुख सचिव मोनिका गर्ग तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के अधिकारियों में कोर्ट आदेश की अवहेलना की बढती आदत को राज्य के लिए खेदजनक करार दिया है और कहा है कि सभी अधीनस्थ अधिकारियों को कोर्ट के आदेश का पहले निर्देश पर ही पालन करने का निर्देश दिया जाय। कोर्ट ने कहा कि अधिकारी आदेश का पालन नही करते। वादकारी को अवमानना याचिका दाखिल करने को मजबूर होना पडता है। अवमानना याचिका पर समय दिये जाने के बावजूद आदेश का पालन नही करते। कोर्ट ने मोनिका गर्ग प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा को नोटिस जारी कर तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति वी के बिडला ने श्रीमती दीप्ति मिश्रा की अवमानना याचिका पर दिया है। प्रमुख सचिव पर कोर्ट के 14 नवम्बर 17 के आदेश की अवहेलना करने का आरोप है। कोर्ट ने 23 जून 20 को आदेश पालन करने का समय दिया था। फ़िर भी पालन नही किया गया। कोर्ट ने प्रमुख सचिव को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है कि क्यो न उन्हें अवमानना में दंडित करने के लिए उनके खिलाफ आरोप निर्मित किया जाय।

### संवेदनशील बूथों का एसपी ने किया निरीक्षण

**उन्नाव।** बांगरमऊ विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत रखते हुए एसपी आनन्द कुलकर्णी द्वारा संवेदनशील बूथों उच्च प्राथमिक विद्यालय जसरा मारुसपुर फ्तेहपुरचौरासी, प्राथमिक विद्यालय सरांय अख्तियारपुर फ्तेहपुरचौरासी, प्राथमिक विद्यालय हफीजाबाद फ्तेहपुरचौरासी, जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, प्रारम्भिक पाठशाला ताडासन फ्तेहपुर चौरासी आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था के संबन्ध व आगामी उपचुनाव को शांतिपूर्व सकुशल संपन्न कराये जाने को लेकर दिशा निर्देश दिए है।

### खड़े डम्पर में टकराने से बाइक सवार दम्पति की मौत

**उन्नाव।** शहर कोतवाली क्षेत्र के हुसैननगर चौराहे के पास शनिवार की दोपहर खड़े डम्पर में टकराने से बाइक सवार दम्पति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखनऊ थाना छितवापुर के पीसीएफ व टीवीएस बिल्डिंग स्थित नहर किनारे निवासी विष्णु गुप्त (30) अपनी पत्नी राखी (28) के संग बाइक से कानपुर स्थित तपेश्वरी मंदिर जा रहे थे। शनिवार को मंदिर में शुक्लागंज इंदिरानगर मोहल्ला निवासी रिश्तेदार मेवालाल की बेटी रूा के बेटे वंश का मुंडन संस्कार था। लखनऊ से कानपुर जाते समय बाइक सवार दम्पति शहर के हुसैननगर मोहल्ला के पास सड़क किनारे खड़े डम्पर में घुस गए। हादसे इतना जबर्दस्त था कि बाइक सवार पति विष्णु व पत्नी राखी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने शहर कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र, दही चौकी प्रभारी प्रेम नारायण सरोज, ललऊखेड़ा चौकी प्रभारी विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद परिजनों को हादसे की सूचना दी। हादसे की जानकारी होने पर शुक्लागंज से अन्य रिश्तेदार जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पांच दिन से लापता युवक का शव मिलने से हड़कंप

**पुरवा,उन्नाव।** लखनऊ के थाना सरोजनी नगर के चिल्लावां निवासी दिनेश रावत 28 पुत्र विपिन बारह अक्टूबर को सुबह बिना बताए घर से लापता हो गया था। परिजनो ने 13 अक्टूबर को सरोजनीनगर थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। शनिवार को युवक का असोहा थाना क्षेत्र के सालारपुर गांव के पास से निकलने वाली सई नदी में शव मिलने से हडकंप मच गया। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से निकलवाया। शव को देख कर ऐसा प्रतीत होता है कि विपिन की हत्या कर नदी में फेंका गया है। शव के हाथ प्लास्टिक की बोरी से बंधे हुए थे और शव कई दिनों पुराना लग रहा था। शव मिलने की सूचना पुलिस ने आसपास के थानों के साथ ही गैर जनपद के थानों में दी। सरोजनी नगर पुलिस ने क्षेत्र के चिल्लावां गांव निवासी दिनेश को एक शव मिलने की सूचना दी। सूचना पर दिनेश मृतक की पत्नी को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। शव देखते ही मृतक विपिन की पत्नी सुनीता ने अपने पति के रुप मे पहचान की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर।** जैतपुर पुलिस ने शुक्रवार की रात एक मुठभेड़ के दौरान तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा, कारतूस व लूटी गई दस मोबाइल बरामद किया है। मुठभेड़ में आरक्षी प्रदीप कुमार यादव भी घायल हो गये। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता हमराही उपनिरीक्षकों व सिपाहियों के साथ विजय नगर तिराहे पर रात की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान नेवादा की तरफ से मोटर साइकिल से आ रहे तीन व्यक्तियों का पुलिस ने रूकने का इशारा किया। पुलिस के इशारा कराने के बाद वे रूकने के बजाय भागने लगे। पुलिस टीम ने भाग रहे संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा किया। ब्रहम बाबा के निकट किशुनपुर कविरहा गांव के पास पूलिस ने तीनों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्तियों में सुजीत कुमार पुत्र कल्पनाथ, हरेन्द्र यादव पुत्र रामकरन निवासी गोपरी चांदपुर थाना जैतपुर तथा अरूण मौर्या पुत्र बृजलाल निवासी नरायनपुर रामगढ़ थाना जैतपुर शामिल हैं।

# परिवारों के सेवक बन गए हैं विपक्षी दलः नड्डा

**भाषा।** देहरादून



**भारतीय** जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर परिवारों के सेवक बनने का आरोप लगाया और कहा कि सिर्फ उनकी पार्टी है जिसके लिए संगठन पहले आता है।

नड्डा नई दिल्ली से डिजिटल रूप से यहां भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय भवन के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, किसी भी राजनीतिक दल को चुन लीजिए। दल परिवार के लिए पर्यायवाची बन गए हैं। फिर चाहे वह कांग्रेस हो या क्षेत्रीय दल, वे छोटे परिवारों तक सीमित हैं। अगर एक भाई-बहन को बचा रही है, तो दूसरी मां और बेटे को। कोई बेटे को बचा रहा है तो कहीं चाचा-भतीजों से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद, भाजपा एक मात्र दल है जिसके लिए संगठन अपने आप में परिवार है।

उन्होंने कहा कि जब किसी दल का संचालन एक नेता के घर से होता है तब संगठन व्यक्तियों का सेवक बन जाता है और देश में अधिकतर राजनीतिक दलों के साथ यही हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय साझेदारी और विचारधारा के लिए खड़े होने के मूल्य पैदा कर एक पार्टी कार्यकर्ता के विकास में बड़ा और अनौपचारिक योगदान करते हैं।

प्रमुख स्थल पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्टी दफ्तर के निर्माण की योजना के लिए नड्डा ने पार्टी के नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इसे डिजिटल मंचों का अधिकतम इस्तेमाल करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए अच्छे कामों को लोगों तक पहुंचाने के लिए वाहक के तौर पर काम करना चाहिए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर व्हाट्सऐप समूह बनाने और हर 15 दिन पर इसमें सामग्री साझा करने को कहा। नड्डा ने कहा, उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री ने हाल में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना शुरू की। यह किसानों को स्वतंत्रता देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। हमें डिजिटल मंचों का इस्तेमाल कर लोगों को ऐसी चीजों के बारे में जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने हाल में संयुक्त राष्ट्र महासभा में मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता का मुद्दा उठाया था। ऐसी वीडियो क्लिप पार्टी कार्यकर्ताओं को शिक्षित करने के लिए व्हाट्सऐप समूहों पर साझा की जा सकती हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि किसी बच्चे की मातृभाषा को प्राथमिक स्तर पर शिक्षा का माध्यम बनाने वाली नई शिक्षा नीति के विशिष्ट बिंदुओं पर प्रकाश डाले जाने की जरूरत है।

## पश्चिम बंगाल में 37 लाख रुपये के सोने के बिस्कुट जब्त, एक गिरफ्तार

**भाषा।** कल्याणी (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने के छह बिस्कुट बरामद किए है। अर्द्धसैनिक बल के एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। सीमा सुरक्षा बल की 112 वीं बटालियन के कमांडेंट अरूण दहिया ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हाकिमपुर सीमा चौकी पर साइकिल से जा रहे एक स्थानीय व्यक्ति को शुक्रवार को पकड़ा गया और उसके पास से सोने के बिस्कुट बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि बरामद सोने के बिस्कुट की कीमत करीब 37 लाख रुपए है। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति ने किसी को देने के लिए उसे यह बिस्कुट दिए थे, जिनका कुल वजन 720 ग्राम है। आरोपी ने बताया कि इसके लिए उसे 300 रुपए दिए जाने का वादा किया गया था। कमांडेंट ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को तेनतुलिया में सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों के हवाले कर दिया गया।



चेन्नई में शनिवार को दुर्गा पूजा उत्सव से पहले देवी दुर्गा की मूर्ति को अंतिम रूप देता कारीगर

## भाजपा ने कांग्रेस को बिहार चुनाव के अपने घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 का उल्लेख करने की चुनौती दी

### ● प्रकाश जावड़ेकर ने कांग्रेस पर बिहार चुनाव से पहले वोट की खातिर समाज को बांटने की राजनीति करने का लगाया आरोप

**भाषा।** नई दिल्ली



**जम्मू-कश्मीर** में अनुच्छेद 370 बहाल करने की कांग्रेस द्वारा हिमायत करने के एक दिन बाद भाजपा ने शनिवार को उसे बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में इसका उल्लेख करने की चुनौती दी। साथ ही, भगवा पार्टी ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी अलगाववादियों की भाषा बोल रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कांग्रेस पर बिहार चुनाव से पहले वोट की खातिर समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों ने जम्मू कश्मीर में केंद्र के कदम का समर्थन किया है। बिहार विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान 28 अक्टूबर को, दूसरे चरण का तीन नवंबर को और तीसरे चरण का मतदान सात नवंबर को होना है। मतगणना 10 नवंबर को होगी। जावड़ेकर ने संवाददाताओं से कहा, लोगों ने देखा है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कितनी प्रगति हुई है। फिर भी कांग्रेस वहां कुछ अलगाववादियों के सुर में बोल रही है। कांग्रेस एक संकीर्ण सोच वाली पार्टी हो गई है और यही कारण है कि वह देश में जन भावनाओं के खिलाफ खड़ी है। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि चाहे कोई भी मुद्दा हो, कांग्रेस पाकिस्तान और चीन की सराहना करती है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल किए जाने के लिए वहां के मुख्य राजनीतिक दलों के गठबंधन बनाने का समर्थन करते हुए शुक्रवार को ट्विटर पर कहा था कि केंद्र सरकार को अनुच्छेद 370 के विशेष प्रावधान हटाने संबंधी फैसलों को निरस्त कर देना चाहिए।

वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के इस रुख को लेकर शुक्रवार रात ट्वीट किया, चूंकि कांग्रेस के पास सुशासन के एजेंडे पर बात करने को कुछ नहीं है, वे बिहार चुनाव से पहले भारत को बांटो के गंदे हथकंडे पर वापस आ गए हैं। राहुल गांधी पाकिस्तान की प्रशंसा करते हैं और चिदंबरम कहते हैं कि कांग्रेस अनुच्छेद-370 की वापसी चाहती है। सरकार ने पिछले साल अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को रद्द कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।

## गर्भवती महिला को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए हैदराबाद मेट्रो रेल ने चलाई विशेष ट्रेन


**भाषा।** हैदराबाद

**हैदराबाद** मेट्रो रेल ने शहर में भारी बारिश के दौरान एक गर्भवती महिला को उसके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए विशेष रूप से ट्रेन चलाई। मेट्रो रेल के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि महिला 14 अक्टूबर की रात को विक्टोरिया मेमोरियल स्टेशन पहुंची और उसने मेट्रो रेल कर्मियों को बताया कि उसे मियापुर जाना है और उसके पास वहां तक जाने के लिए कोई अन्य साधन उपलब्ध नहीं है। महिला की स्थिति को समझते हुए अधिकारियों ने विशेष रूप से उसके लिए ट्रेन चलाने का फैसला किया। एचएमआरएल के प्रबंध निदेशक एनवीएस रेड्डी ने पीटीआई भाषा से कहा, हम नियमानुसार रात नौ बजे सेवाएं बंद कर रहे थे.. महिला रात करीब 10 बजे स्टेशन आई और उसने हमसे उसे मियापुर ले जाने का अनुरोध किया, क्योंकि उसके पास वहां जाने के लिए अन्य कोई वैकल्पिक साधन नहीं था। उन्होंने कहा, हमारे कर्मियों ने एक विशेष ट्रेन का प्रबंध किया और उसे सुरक्षित उसके गंतव्य तक पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि शहर और पड़ोसी इलाकों में 13 और 14 अक्टूबर को मूसलाधार बारिश हुई थी, जिससे सार्वजनिक परिवहन समेत जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था।

## उत्तराखंड में एक नवम्बर से स्कूल फिर से खुलेंगे

### ● कोविड-19 के बढ़ते मामलों को लेकर अभिभावक चिंतित

**भाषा।** देहरादून



**उत्तराखंड** में सात महीनों से अधिक के अंतराल के बाद दसवीं और बारहवीं कक्षा के लिए स्कूल एक नवम्बर को फिर से खुलने के लिए तैयार हैं। हालांकि ज्यादातर अभिभावक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं क्योंकि राज्य में अभी भी कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं। स्कूल प्रबंधनों का कहना है कि वे कोविड-19 प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए कक्षाओं को फिर से शुरू करने के लिए वह तैयार हैं। इस प्रोटोकॉल में सामाजिक दूरी के लिए कक्षाओं में प्रतिदिन 50 प्रतिशत उपस्थिति को सीमित करना शामिल हैं।

हालांकि, एहतियाती कदम उठाए जाने के बावजूद कोई छात्र संक्रमित हो जाता है, तो वे इसकी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं हैं। दून इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डी एस मान ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन किया जाए, हालांकि मैं यह कहना चाहूंगा कि यदि कोई छात्र इस वायरस से संक्रमित हो जाता है तो स्कूलों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। नेहरू कॉलोनी की रहने वाली आशा रावत ने कहा, बच्चों ने ऑनलाइन कक्षाओं में शामिल होने में सत्र का आधा समय बिता दिया है। शेष सत्र के लिए भी उन्हें इस तरह से अपनी पढ़ाई जारी रखने देने में कोई हर्ज नहीं है।

उन्होंने कहा, मेरी बेटी बारहवीं कक्षा में पढ़ती है और साइकिल पर स्कूल जाती थी। यह बेहतर है कि वह घर से बाहर निकलने और (कोविड-19 से संक्रमित होने का) जोखिम उठाने के बजाय घर पर रहकर ही पढ़ाई करती रहे। कुछ अभिभावकों का मानना है कि बच्चों को जरूरी होने पर केवल प्रायोगिक कक्षाओं के लिए ही बुलाया जाना चाहिए और कोरोना वायरस का टीका आने तक नियमित कक्षाओं के लिए नहीं बुलाया जाना चाहिए।

उत्तराखंड सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा के लिए स्कूल अधिकारियों द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाए जाएंगे जिनमें स्कूल बसों को कीटाणु मुक्त करना, केवल 50 प्रतिशत क्षमता के साथ चलाना, परिसरों का नियमित रूप से सैनिटाइजेशन, कक्षाओं में कुल क्षमता की केवल 50 प्रतिशत उपस्थिति आदि शामिल हैं। यह पूछे जाने पर कि सावधानियों के बावजूद भी यदि कोई संक्रमित हो जाता है, कौशिक ने कहा, किसी को भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। हाल में इस वायरस से संक्रमित हुए मंत्री ने कहा, मैं कोविड-19 से संक्रमित पाया गया था। क्या मैंने किसी को दोषी ठहराया है?

## पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष की सेहत में सुधार

**कोलकाता।** कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष की सेहत में शनिवार को सुधार दर्ज किया गया और उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों के मुताबिक उनका ऑक्सीजन संतृप्तता स्तर व अन्य स्वास्थ्य मानक स्थिर हैं। चिकित्सकों ने कहा कि मेदिनीपुर के सांसद को सुबह बुखार नहीं था और दोपहर में उन्होंने सामान्य भोजन किया। उन्होंने कहा कि घोष के फेफड़ों में कुछ गड़बड़ी मिलने पर चिकित्सकों ने उनकी छाती का सीटी स्कैन किया। एक चिकित्सक ने कहा कि आज दोपहर में घोष की छाती का सीटी स्कैन किया गया क्योंकि डॉक्टरों को उनके फेफड़ों में कुछ गड़बड़ी मिली थी। उनकी सेहत में कुल मिलाकर सुधार है और उन्हें अब बुखार नहीं है। उन्होंने कहा, उनका ऑक्सीजन संतृप्तता स्तर सामान्य है और अन्य सभी स्वास्थ्य मानक स्थिर हैं। वह सामान्य भोजन ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीटी स्कैन की रिपोर्ट आने के बाद आगे के उपचार के बारे में फैसला किया जाएगा।

## गिरफ्तार सिख व्यक्ति की पत्नी बंगाल के डीजीपी से मिली

### ● पति को शीघ्र पंजाब ले जाने की उन्हें उम्मीद

**भाषा।** कोलकाता

**भाजपा** के राज्य सचिवालय मार्च के दौरान आठ अक्टूबर को यहां गिरफ्तार किए गए एक निजी सुरक्षा अधिकारी की पत्नी करमजीत कौर ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक से मुलाकात के बाद शनिवार को खुशी जाहिर की। साथ ही, उन्होंने उम्मीद जताई कि वह जल्द ही अपने पति को वापस पंजाब ले जा सकेंगी। उल्लेखनीय है कि बलविंदर सिंह नाम के इस सिख व्यक्ति की पुलिस के साथ जोर आजमाइश के दौरान पगड़ी गिर गई थी। कौर ने सिंह की रिहाई के लिए राज्य सचिवालय नबन्ना के बाहर शनिवार से अपने बेटे के साथ धरने पर बैठने की धमकी दी थी। हालांकि, अब उन्होंने सकारात्मक घटनाक्रमों को लेकर मीडिया और पश्चिम बंगाल प्रशासन का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, आज मैं डीजीपी से मिली। मुझे उम्मीद है कि बलविंदर जल्द ही जेल से बाहर होंगे। मैं उनकी रिहाई के बाद उन्हें शीघ्र पंजाब ले जाना चाहती हूं। सिंह गिरफ्तारी के बाद से हावड़ा पुलिस की हिरासत में हैं। सूत्रों ने बताया कि उन्हें जल्द ही अदालत में पेश किए जाने की संभावना है और वह जमानत मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। पुलिस ने दावा किया कि सिंह पर भारतीय दंड संहिता और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है क्योंकि गिरफ्तारी के वक्त उनके पास एक बंदूक थी, जिसका लाइसेंस सिर्फ जम्मू कश्मीर में वैध है। सिंह की पत्नी और बेटे हर्षवीर मंगलवार को कोलकाता पहुंचे थे। वे राज्यपाल जगदीप धनखड़ से राजवन में मिले और इस मुद्दे में हस्तपक्षेप का अनुरोध किया। पुलिस के साथ जोर आजमाइश के बीच सिंह की पगड़ी गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। कई सिख संगठनों और क्रिकेटर हरभजन सिंह ने सिख व्यक्ति की पगड़ी कथित तौर पर छुए जाने की घटना की निंदा की थी।

### बलविंदर सिंह को रिहा करे बंगाल सरकारः धनखड़

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शनिवार को राज्य सरकार से कहा कि निजी सुरक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह को तत्काल रिहा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मानवाधिकार उल्लंघन का मामला है। पिछले सप्ताह सिंह को गिरफ्तार करने के दौरान उनकी पगड़ी गिर गई थी। धनखड़ ने कहा कि पूर्व सैनिकों के एक दल ने उनसे मुलाकात कर मांग रखी कि पूर्व सैनिक सिंह के विरुद्ध मामला वापस लिया जाए। राज्यपाल ने ट्वीट किया, पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुझसे मुलाकात कर बलविंदर सिंह के विरुद्ध दर्ज मामला वापस लेने और तत्काल रिहाई की मांग की है। पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी से आग्रह है कि बलविंदर सिंह को रिहा करें और मामला वापस लें। राज्यपाल ने तीन दिन पहले सिंह की पत्नी करमजीत कौर और उनके बेटे से मुलाकात की थी।

## भारत में होगा रूसी वैक्सीन का ट्रायल मिली मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** ने रूस की कोरोना वैक्सीन स्पुतनिक-वी का देश में बड़े पैमाने पर अध्ययन के लिए ट्रायल की अनुमति दे दी है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (डीसीजीआई) ने डॉ रेड्डी लेबोरेटरीज लिमिटेड के देश में रूसी वैक्सीन का असर जानने के लिए बड़े पैमाने पर ट्रायल के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। रूस छोटे पैमाने पर परीक्षणों के बाद टीकों को मंजूरी दे रहा है, जो स्पुतनिक-वी की सुरक्षा पर चिंता का कारण है। यही कारण था कि डॉ रेड्डी को भारत में तुलनात्मक रूप से बड़ी आबादी के बीच इसका परीक्षण करने की अनुमति नहीं दी गई थी। डॉ. रेड्डीज और रूसी डायरेक्ट इनवेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है, 'यह एक बहु-केंद्र और नियंत्रित अध्ययन होगा, जिसमें सुरक्षा और प्रतिरक्षात्मक अध्ययन शामिल होगा।' चूंकि रूस में एक टीका के रूप में पंजीकृत होने से पहले स्पुतनिक-वी का परीक्षण बहुत कम लोगों पर किया गया था, इसलिए डीसीजीआई ने डॉ रेड्डी के भारत में बड़ी आबादी के बीच परीक्षण के प्रारंभिक प्रस्ताव पर सवाल उठाए।

# पेज 1 का शेष

## राहतः कोरोना...

तथा भीड़ वाले स्थानों पर जाने से बचना होगा। सरकार को हल्के और गंभीर लक्षणों वाले मरीजों के दाखिल के लिए जरूरी व्यवस्था और तैयारी रखनी होगी।' जाड़े और त्योहारी सीजन में ऑक्सीजन की संभावित कमी से निपटने के लिए सरकार द्वारा तरल ऑक्सीजन के आयात की प्रक्रिया शुरू करने का उन्होंने स्वागत किया। इस बीच कोविड-19 के लिए टीका वितरण पर बने राष्ट्रीय विशेषज्ञों के ग्रुप ने राज्य सरकारों तथा सभी संबंधित हितधारकों से विचार-विमर्श के बाद वैक्सीन के भंडारण, वितरण और उन्हें लगाने के बारे में एक विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार करके पेश किया है। विशेषज्ञों का दल राज्यों के लगातार संपर्क में है और प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन वितरण की दिशा में पूरी सक्रियता से काम कर रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक एक्टिव केसलोड अब केवल 10.70 फीसदी रह गया है। मंत्रालय ने कहा ' केंद्र सरकार के नेतृत्व में लक्षित रणनीति के परिणामस्वरूप स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या काफी ज्यादा है तथा मौतों की संख्या में तेज गिरावट आई है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मंत्रालय ने बताया कि देश में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज कोविड-19 से ठीक हो रहे हैं और इलाज करा रहे मरीजों की संख्या तेजी से कम हो रही है।' देश में अब तक 65,24,595 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। मंत्रालय की ओर से जारी आकंड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में कुल 70,816 मरीज स्वस्थ हुए हैं और इसी अवधि में संक्रमण के 62,212 नए मामले सामने आए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर स्वस्थ होने की दर बढ़कर 87.78 फीसदी हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि देश में चिकित्सकीय ढांचों में बढ़ोतरी, बचाव नियमों, डॉक्टरों, नर्सों और अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर्मियों के समर्पित कार्यों से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है और मृत्यु दर में कमी आई है। मंत्रालय ने कहा, 'भारत एक मात्र ऐसा देश है, जहां स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है और यह वैसे देशों की सूची में शामिल हैं, जहां कोविड-19 से मृत्यु दर कम है। मौजूदा समय में मृत्यु दर 1.52 फीसदी है।' मंत्रालय ने बताया कि स्वस्थ हुए नए लोगों में से 78 फीसदी महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से हैं। मंत्रालय ने बताया कि महाराष्ट्र में अब भी बड़ी संख्या में कोविड-19 के मामले सामने आ रहे हैं। यहां 11,000 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके बाद कर्नाटक और केरल में 7,000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में 837 लोगों की मौत हुई है और इनमें से 82 फीसदी मौतें 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों-महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और केरल में हुई हैं। महाराष्ट में सबसे ज्यादा 306 लोगों की मौत हुई।

## चुनाव प्रक्रिया...

की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने प्रतिदिन के मामलों और वृद्धि दर में लगातार गिरावट का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने इस बीमारी के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई बरतने के खिलाफ चेताया और महामारी को नियंत्रित करने के प्रयासों को जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने त्यौहारों के आगामी मौसम में विशेष तौर पर कोविड-19 दिशा-निर्देशों का पालन किये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लोगों को इस महामारी के खिलाफ कोई ढिलाई नहीं बरतते हुए मास्क लगाना चाहिए, नियमित रूप से हाथों को धोना चाहिए और साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। बैठक में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य), प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारी और विभिन्न अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। पीएमओ ने एक बयान में कहा कि भारत में तीन टीके विकसित होने के उन्नत चरणों में है, जिनमें से दो टीके दूसरे चरण में और एक टीका तीसरे चरण में है। बयान में कहा गया है कि भारतीय वैज्ञानिक और अनुसंधान टीम पड़ोसी देशों जैसे अफगानिस्तान, भूटान, बांग्लादेश, मालदीव, मॉरीशस, नेपाल और श्रीलंका में सहयोग और अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत कर रहे हैं। अपने देशों में क्लीनिकल परीक्षणों के लिए बांग्लादेश, म्यामां, कतर और भूटान से और अनुरोध मिले हैं। वैश्विक समुदाय की मदद करने के लिए प्रधानमंत्री ने निर्देश दिये कि हमें अपने पड़ोस में अपने प्रयासों को सीमित नहीं करना चाहिए बल्कि टीका, दवाइयां उपलब्ध कराने और टीका वितरण के वास्ते आईटी मंचों के लिए पूरी दुनिया तक पहुंच बनानी चाहिए। कोविड-19 टीके के प्रबंधन पर राष्टीय विशेषज्ञ समूह ने राज्य सरकारों और सभी संबंधित हितधारकों से परामर्श कर टीके के भंडारण, वितरण और प्रबंधन का एक विस्तृत खाका तैयार किया और प्रस्तुत किया है। मोदी ने निर्देश दिये कि देश के भौगोलिक फैलाव और विविधता को ध्यान में रखते हुए, टीके की पहुंच तेजी से सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वितरण और प्रबंधन में हर कदम ठोस तरीके से उठाया जाना चाहिए। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने निर्देश दिये है कि हमें देश में चुनाव और आपदा प्रबंधन के सफल आयोजन के अनुभव का उपयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी तरीके से टीका वितरण और प्रबंधन व्यवस्थाओं को लागू किया जाना चाहिए। पीएमओ ने बयान में कहा कि इसमें राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों/जिला-स्तरीय पदाधिकारियों, नागरिक समाज संगठनों, स्वयंसेवियों, नागरिकों और विशेषज्ञों की भागीदारी होनी चाहिए। पूरी प्रक्रिया में एक मजबूत आईटी आधार होना चाहिए। इसमें कहा गया है कि आईसीएमआर और जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) द्वारा भारत में सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19 वायरस) के जीनोम पर दो अखिल भारतीय अध्ययनों से पता चलता है कि वायरस आनुवंशिक रूप से स्थिर है, इसमें कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है।

## पहले चरण...

को देखते हुए आयकर विभाग के उड़न दस्ते सक्रिय हैं और उन्होंने राज्य में 16,81,29,023 रुपये की बेनामी रकम और लगभग 90 लाख नेपाली करेंसी नोट बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बिना लाइसेंस के 1139 हथियार जब्त करने के साथ 19000 हथियार जमा भी कराए हैं। यही नहीं, 2100 से अधिक हथियारों के लाइसेंस रद्द किए हैं। पुलिस द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि या बुरे बर्ताव वाले 2,56,447 लोगों को नोटिस दिया गया है। इसका मतलब है कि यदि कुछ भी गलत होता है, तो वे सलाखों के पीछे होंगे। चुनाव आयोग ने 91 विधानसभा सीटों को अति संवेदनषील श्रेणी में रखा है। कुल 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए पहले चरण में 16 जिलों की 71 सीटों पर 28 अक्टूबर को मतदान होगा। इस चरण में 1,066 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमें 319 आपराधिक रिकॉर्ड वाले हैं।

## बस-जीप...

जिसमें बस और जीप दोनों पलट गईं। उन्होंने बताया कि बस पलटने से कई सवारियां उसके नीचे दब गईं, वहीं पिकअप में भी सवार लोगों को चोटें आई हैं। इस हादसे में बस चालक सहित नौ लोगो की मौत गई। मृतकों में बस का चालक पीलीभीत निबासी शकील (28), गयादीन (45), कलावती (40), मोहन बदादुर (45), दीपा विश्वास (50), श्याम (12) शामिल हैं। बाकी तीन मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बस में 40 यात्री और जीप में 10 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 32 लोग घायल हुए हैं जिनमें से कई की हालत चिंताजनक है। इस दुर्घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि दो लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ज्यादातर यात्री पीलीभीत तथा आसपास के लोग थे। लखनऊ में एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पीलीभीत की दुर्घटना पर गहरा शोक व्यवक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घायल लोगों का समुचित उपचार कराने का भी निर्देश दिया है।

## कंगना रनौत...

रिजवान ने कहाकि ऐसा कुछ नहीं है जिससे लगे कि वह सांप्रदायिक नफरत फैला रही हैं। मैं मुस्लिम हूं और पिछले 10 साल से कंगना के साथ जुड़ा हूं। उन्होंने कहाकि मैं उनके ट्वीट पर बोलने के लिए अधिकृत नहीं हूं। एक बार जब मुझे पूरी ऑर्डर कॉपी मिल जाएगी तो मैं इसके बारे में बोल सकूंगा। उन्होंने कहाकि सांप्रदायिक घृणा के लिए मेरे क्लाइंट के ट्वीट्स जिम्मेदार नहीं हैं। इसके लिए यह साबित करना होगा कि वे ट्वीट्स सांप्रदायिक घृणा के लिए जिम्मेदार है। मुल्ला के खिलाफ उनका ट्वीट इस्लाम समुदाय के खिलाफ नहीं बल्कि धार्मिक प्रमुख के खिलाफ है। यह पैगंबर मुहम्मद या मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। कंगना किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हैं।

## हमारी एक...

जबकि कोविड-19 के हालात को लेकर स्थिति चुनौतीपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि वहां अब उप राज्यपाल मनोज सिन्हा हैं और वह अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। शाह ने कहा, आप वहां पांच-छह महीने में अहम विकास देखेंगे। शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी से पूर्व गृह मंत्री तथा कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के इस बयान का सार्वजनिक समर्थन करने को कहा कि जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल होना चाहिए। हिंदी फिल्म जगत में मादक पदार्थों की समस्या के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि वह दोनों को जोड़ना नहीं चाहते। उन्होंने कहा, मादक पदार्थ एक समस्या है और जल्द यह समस्या समाप्त होनी चाहिए। शाह ने कहा, जहां तक देश से ड्रग्स के संकट को समाप्त करने के लिए बुनियादी ढांचे, कानूनी प्रावधानों और श्रमशक्ति की बात है तो आप आने वाले दिनों में बड़े बदलाव देखेंगे। उन्होंने लोगों से कोविड-19 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह मानने को कहा।

# डिविलियर्स के धमाल से आरसीबी चमका

## ● रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने राजस्थान रायल्स को सात विकेट से रौंदा

भाषा। दुबई



डिविलियर्स

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने एबी डिविलियर्स की 22 गेंद में नाबाद 55 रन की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट से जीत दर्ज की। डिविलियर्स ने इस पारी के दौरान छह गगनचुंबी छक्के और एक चौका जमाया। उन्होंने अंत में गुरकीरत सिंह मान (नाबाद 19) के साथ चौथे विकेट के लिए 77 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद अच्छी शुरूआत की और फिर कप्तान स्टीव स्मिथ (57 रन) के अर्धशतक की बदौलत छह विकेट पर 177 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने (आरसीबी) कप्तान विराट कोहली (43 रन) और देवदत्त पडिक्कल (35 रन) की दूसरे विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी के बाद डिविलियर्स के तूफानी अर्धशतक से 19.4 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बनाकर जीत हासिल की। डिविलियर्स ने 19वें ओवर में जयदेव उनादकट की गेंदों को धुनते हुए छक्कों की हैट्रिक लगाई जिससे इसमें 25 रन बने जबकि आरसीबी को अंतिम दो ओवरों में जीत के लिए 35 रन चाहिए थे। अब अंतिम ओवर में केवल 10 रन की जरूरत थी जिसमें दो, एक, दो और एक गगनचुंबी से टीम ने छठी जीत हासिल की। आरसीबी के अब नौ मैचों में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं और वह मुंबई इंडियंस (12 अंक) और दिल्ली कैपिटल्स (12 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स की यह नौ मैचों में छठी हार थी और वह छह अंक से सातवें स्थान पर है। आरसीबी के लिए पहला विकेट आरोन फिंच (14 रन) के रूप में गिरा जिन्हें श्रेयस गोपाल ने आउट किया। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल (35 रन) और कोहली ने बिना विकेट गंवाए 12 ओवर तक अच्छी साझेदारी निभाई। कोहली के 13वें ओवर में तेवतिया पर लगे छक्के से आरसीबी ने 76 गेंद में 100 रन पूरे किए। पर इसी ओवर में कोहली और पडिक्कल के बीच दूसरे विकेट के लिए 9.3 ओवर में 79 रन की भागीदारी का अंत हुआ। तेवतिया की गेंद पर पडिक्कल (37 गेंद में दो चौके) बेन स्टोक्स को कैच देकर आउट हो गए। अगले ही ओवर में तेवतिया ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश करते हुए कार्तिक त्यागी की गेंद पर कोहली का कैच लपककर आरसीबी को करारा झटका दिया। अब दारोमदार दक्षिण अफ्रीकी स्टार डिविलियर्स और गुरकीरत पर था।

### आईपीएल के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी हैं एबी : कोहली

दुबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीकी स्टार एबी डिविलियर्स को इंडियन प्रीमियर लीग का सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी करार दिया जिन्होंने यहां 22 गेंद में नाबाद 55 रन की पारी से राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट की जीत दर्ज करने मे मदद की।कोहली ने मैच के बाद कहा, एबी हमेशा ही ऐसा खिलाड़ी रहा है जो परिस्थितियों को देखकर अपने खेल को इसके अनुसार ढालने के लिए तैयार रहता है। मेरी नजर मे वह आईपीएल का सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी है। अगर वह चल जाता है तो प्रतिद्वंद्वी टीम को पता चल जाता है कि उनके पास कम मौका है और इसके पीछे कारण भी है। उन जैसे खिलाड़ी की मौजूदगी से टीम हमेशा महसूस करती है कि हम मैच में कभी भी बाहर नही है।

### स्कोरबोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स** : उथप्पा का फिंच बो चहल 41, स्टोक्स का डिविलियर्स बो क्रिस मौरिस 15,सैमसन का क्रिस मौरिस बो चहल 09 , स्मिथ का शाहबाज अहमद बो क्रिस मौरिस 57,बटलर का नवदीप सैनी बो क्रिस मौरिस 24,तेवतिया नाबाद 19, आर्चर पगबाधा बो क्रिस मौरिस 02, **अतिरिक्त** : 10, **कुल योग** : 20 ओवर में छह विकेट पर 177 रन, **विकेट पतन** : 50-1, 69-2, 69-3, 127-4, 173-5, 177-6, **गेंदबाजी** : वाशिंगटन सुंदर 3-0-25-0,क्रिस मौरिस 4-0-26-4 , इसुरू उडाना 3-0-43-0 ,नवदीप सैनी 4-0-30-0 , युजवेंद्र चहल 4-0-34-2 , शाहबाज अहमद 2-0-18-0

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर** : पडिक्कल का स्टोक्स बो राहुल तेवतिया 35, फिंच का उथप्पा बो श्रेयस गोपाल 14,कोहली का राहुल तेवतिया बो कार्तिक त्यागी 43,डविलियर्स नाबाद 55, गुरकीरत सिंह मान नाबाद 19, **अतिरिक्त** : 13 ,**कुल योग** : 19.4 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन, **विकेट पतन** : 23-1, 102-2, 102-3, **गेंदबाजी** : आर्चर 3.4-0-38-0,गोपाल 4-0-32-1, त्यागी 4-0-32-1,उनादकट 4-0-46-0, तेवतिया 4-0-30-1

## मजबूत मुंबई का मुकाबला अब गेल तूफान से उत्साहित पंजाब से

**दुबई।** मुंबई इंडियन्स लगातार पांच मैचों में जीत से बेहद मजबूत नजर आ रहा है लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा क्योंकि क्रिस गेल की वापसी से उसके इस प्रतिद्वंद्वी में नया उत्साह जगा है। मुंबई एक जीत से प्लेऑफ के बेहद करीब पहुंच जाएगा जबकि पंजाब एक और हार से दौड़ से बाहर हो सकता है। मुंबई अपनी दमदार बल्लेबाजी और घातक गेंदबाजी से विरोधी टीमों की चुनौती से आसानी से पार पा रहा है। पिछले मैच में उसने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज मुंबई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा (251 रन) और उनके सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक (269 रन) अच्छी लय में है जबकि मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव (243 रन) और इशान किशन (186 रन) भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट अभी आईपीएल की सबसे सफल गेंदबाजी जोड़ी के रूप में सामने आए हैं।

## बल्लेबाजों के दम पर जीत की राह पर लौटना चाहेंगे केकेआर व सनराइजर्स

**अबुधाबी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कप्तानी संभालने के बाद पहले मैच में ही करारी हार का सामना करने वाले इयोन मोर्गन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ मैदान पर उतरेंगे। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दिनेश कार्तिक ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ शुक्रवार को मैच से पहले कप्तानी अपने उप कप्तान मोर्गन को सौंप दी थी। इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कप्तान की नई भूमिका में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उनकी टीम को मुंबई से आठ विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। केकेआर ने अब तक चार मैचों में जीत दर्ज की है लेकिन उसे इतने ही मैचों में हार भी मिली है। वह अंकतालिका में मुंबई इंडियन्स, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बाद चौथे स्थान पर है। लेकिन अगर दो बार का चैंपियन केकेआर प्लेऑफ में जगह बनाना चाहता है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ 194 रन के लक्ष्य के सामने केकेआर के बल्लेबाज 20 ओवरों में 112 रन ही बना पाए। मुंबई के खिलाफ तो आठ ओवर में उसका स्कोर चार विकेट पर 42 रन हो गया था। उसकी आधी टीम 11वें ओवर में 61 रन के स्कोर तक पवेलियन लौट गई थी। इसके बाद मोर्गन (नाबाद 39) और तेज गेंदबाज कमिन्स (नाबाद 53) के बीच छठे विकेट के लिए 87 रन की अटूट साझेदारी से टीम पांच विकेट पर 148 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची।

## एक जनवरी से घरेलू क्रिकेट शुरू करने की योजना : गांगुली



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि घरेलू क्रिकेट सत्र एक जनवरी से शुरू होगा। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने रविवार की शाम को बैठक की और काफी समय घरेलू कैलेंडर पर चर्चा की गई जो भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण गड़बड़ा गया है। गांगुली ने दुबई से पीटीआई से कहा, हमने घरेलू क्रिकेट पर काफी देर तक चर्चा की और हमने संभावित रूप से एक जनवरी 2021 से टूर्नामेंट शुरू करने का फैसला किया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या सत्र को छोटा किया जाएगा तो पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि बोर्ड व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए सभी घरेलू टूर्नामेंट का आयोजन नहीं कर पाएगा। बीसीसीआई रणजी ट्राफी के लिए जनवरी से मार्च की विंडो पर नजर लगाए है। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से रणजी ट्राफी का पूर्ण सत्र कराएंगे। लेकिन सभी टूर्नामेंट का आयोजन करना शायद संभव नहीं होगा। बीसीसीआई अध्यक्ष ने यह भी आश्वस्त किया कि जूनियर क्रिकेट और महिला टूर्नामेंट का आयोजन मार्च और अप्रैल के बीच किया जाएगा। हमारी आयु ग्रुप और महिला क्रिकेट के लिए विस्तृत योजनाए हैं। हम रणजी ट्राफी के साथ शुरूआत करेंगे और फिर हम अन्य टूर्नामेंट मार्च और अप्रैल के बीच कराएंगे।

### जेपचिरचिर ने अपने विश्व रिकार्ड में सुधार किया

**ग्डिनिया (पोलैंड)।** कीनिया की पेरेज जेपचिरचिर ने शनिवार को महिला हाफ मैराथन मे अपने विश्व रिकॉर्ड का मे सुधार करते हुए एक घंटा पांच मिनट और 16 सेकंड का समय निकाला।इस 27 साल की धाविका ने यहां आयोजित विश्व एथलेटिक्स हाफ मैराथन चैम्पियनशिप मे अपने रिकार्ड मे 18 सेकेंड का सुधार किया।

### रोहन जेटली का निर्विरोध चुनना तय, कोषाध्यक्ष पद के लिए मुकाबला

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के पांच से आठ नवंबर तक होने वाले चुनावो मे कोषाध्यक्ष पद के लिए बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सीके खन्ना की पत्नी शशि और गौतम गंभीर के अंकल पवन गुलाटी के बीच मुकाबला होगा। शनिवार को अंतिम मतदाता सूची तैयारी की गई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र नामांकन पूर्व वित्त मंत्री दिवंगत अरूण जेटली के बेटे रोहन का है जिससे वह शीर्ष पद के लिए सर्वसम्मत विकल्प होंगे।

### एएफआई 31 को चुनाव कराएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) 31 अक्टूबर को होने वाली वार्षिक आम सभा की बैठक के दौरान अपने पदाधिकारियो का चुनाव करेगा। इस बैठक का आयोजन ऑनलाइन होगा। एजीएम का आयोजन गुरुग्राम के एक होटल में होगा जो एक नवंबर तक चलेगी। पदाधिकारियो का चयन एजीएम के पहले दिन 2020-24 के कार्यकाल के लिए होगा।

### भारत में क्रिकेट की दीवानगी को कैमरे में कैद किया स्टीव वॉ ने

**नई दिल्ली।** स्टीव वॉ खेलते आस्ट्रेलिया के लिए थे लेकिन जब क्रिकेट को कैमरे मे कैद करने की बात आई तो उन्होने भारत को चुना जहां इस खेल को धर्म माना जाता है। चाहे वह हिमालय की किसी तलहटी मे भिक्षुओ द्वारा क्रिकेट खेलना हो या फिर दिव्यांग खिलाड़ी का गेंद पकड़ने के लिए निंजा वारियर्स की तरह हवा मे तैरना, वॉ को भारत मे क्रिकेट जीवन जीने का एक तरीका लगा। आस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने समुद्र तटों से लेकर रेगिस्तान और पहाड़ो पर लोगो को क्रिकेट खेलते हुए देखा।

### बाला देवी को उम्मीदों पर खरा उतरने की भरोसा

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान बाला देवी को लगता है कि रेंजर्स एफसी मे उन्हे जिस तरह की पेशेवर ट्रेनिंग मिली है, उससे वह बेहतर खिलाड़ी बन गई है और वह रविवार से शुरू होने वाली स्कॉटिश महिला प्रीमियर लीग मे उम्मीदों पर खरा उतरने की आशा लगाए हुए है। बाला ने जनवरी में रेंजर्स से 18 महीने का अनुबंध किया था। उन्होने कहा कि सत्र से पूर्व छह हफ्ते की कड़ी ट्रेनिंग के बाद वह लीग मे अच्छा करने को तैयार है जो बंद स्टेडियम मे खेली जाएगी।

### जेवरेव, बातिस्ता आगुट संघर्षपूर्ण जीत से कोलोन सेमीफाइनल में

**कोलोन (जर्मनी)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्सांद्र जेवरेव और दूसरी वरीयता प्राप्त राबर्टो बातिस्ता आगुट ने संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके कोलोन इंडोर टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जेवरेव ने दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस को तीन सेट में 6-4, 3-6, 6-0 से हराया। विश्व में सातवीं रैंकिंग के जेवरेव का सामना अब स्पेन के अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा जिन्होंने डेनिस नोवाक को 6-3, 2-6, 6-3 से पराजित किया।

### एमबापे के दो गोल से पीएसजी ने नाइम्स को हराया

**पेरिस।** स्टार स्ट्राइकर कायलिन एमबापे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने दस खिलाड़ियों के साथ खेल रहे नाइम्स को 4-0 से करारी शिकस्त देकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में इस सत्र में पहली बार शीर्ष पर पहुंचने में कामयाबी हासिल की। एमबापे के गोल से ही फ्रांस ने दो दिन पहले नेशन्स लीग में क्रोएशिया को 2-1 से हराया था। नाइम्स के सेंटर हॉफ लोइक लांड्रे को 12वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया गया था।

# धवन की धुनाई से हारे सुपरकिंग्स

## ● दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई को 5 विकेट से हराया

भाषा। शारजाह



धवन के शानदार शतक की मदद से दिल्ली ने चेन्नई को 5 विकेट से हराकर अपनी ताकत एकबार फिर दिखाई। सुपरकिंग्स के 179 रन का पीछा करने उतरी कैपिटल्स की टीम ने 19.5 ओवर में 185 रन बनाकर मैच जीत लिया। उसके पांच खिलाड़ी अभी खेलने शेष थे। इससे पहले फाफ डुप्लेसिस (58) की अर्धशतकीय पारी के बाद आखिरी ओवरों में अंबाती रायुडु और रविन्द्र जडेजा की ताबड़तोड़ पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल मुकाबले में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 179 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। चेन्नई के बल्लेबाजों ने आखिरी पांच ओवर में 67 रन जोड़े जिसमें जडेजा ने 13 गेंद में चार छक्के की मदद से नाबाद 33 और रायुडु ने 25 गेंद में चार छक्के और एक चौका की मदद से नाबाद 45 रन बनाए। दोनों ने महज 21 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। इससे पहले डुप्लेसिस ने शेन वाटसन (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी कर बाद के बल्लेबाजों के लिए मजबूत नींव रखी। चेन्नई के लिए टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला उस समय गलत लगा जब युवा तेज गेंदबाज तुषार पांडे ने शुरुआती ओवर की तीसरी गेंद पर ही चेन्नई के सलामी बल्लेबाज सैम कुरेन को खाता खोले बगैर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कागिसो रबाडा के द्वारा किया गया दूसरा ओवर मेडन रहा। वाटसन ने तीसरे ओवर में देशपांडे के खिलाफ दो चौके जबकि डुप्लेसिस ने नोर्जे के खिलाफ पांचवें ओवर में छक्के और फिर दो चौके लगाकर हाथ खोले।

### स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपरकिंग्स पारी:** कुरेन का नोर्जे बो देशपांडे 00,डुप्लेसिस का धवन बो रबाडा 58, शेन वाटसन बो नोर्जे 36, रायुडु नाबाद 45,धोनी का कैरी बो नोर्जे 03, जडेजा नाबाद 33,**अतिरिक्त:** 04, **कुल योग:** 20 ओवर में चार विकेट पर 179 रन, **विकेट पतन:** 1-0, 2-87, 3-109, 4-129, गेंदबाजी:देशपांडे 4-0-39-1,रबाडा 4-1-33-1,अक्षर 4-0-23-0, नोर्जे 4-0-44-2,अश्विन 3-0-30-0, स्टोइनिस 1-0-10-0

### उमर गुल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उमर गुल ने शनिवार को राष्ट्रीय टी20 कप के समापन के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। गुल ने पाकिस्तान की तरफ से अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच (वनडे) 2016 में खेला था। गुल ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा, भारी मन से और काफी सोच विचार करने के बाद मैंने राष्ट्रीय टी20 कप के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है।

### ब्रावो की वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में वापसी, होप बाहर

**सेंट जोन्स (एंटीगा)।** डेरेन ब्रावो और शिमरोन हेटमायर तथा आलराउंडर कीमो पॉल को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टीम में शामिल किया गया है जबकि शाई होप को बाहर कर दिया गया है। छह रिजर्व खिलाड़ी भी पृथकवास के दौरान टेस्ट टीम की तैयारियों में मदद करने और किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसका स्थान लेने के लिए न्यूजीलैंड दौरे पर जाएंगे। आंद्रे फ्लेचर को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है।

## ईमेल मामले की जांच कर रहा एफबीआई

### ● बाइडेन के बेटे से जुड़े ईमेल का मामला

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** की जांच एजेंसी एफबीआई इस बात की जांच कर रही है कि समाचार पत्र न्यूयार्क पोस्ट ने डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन के बेटे हंटर से जुड़े जो ईमेल प्रकाशित किए हैं, कहीं उनका संबंध गलत सूचना फैलाने के संभावित रूसी प्रभाव अभियान से तो नहीं है। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने यह जानकारी दी। समाचार पत्र ने बुधवार को प्रकाशित अपनी एक खबर में कहा कि उसे रिपब्लिक पार्टी से ताल्लुक रखने वाले रूडी गुलिएनी से एक हार्ड ड्राइव मिली है जिसमें ई मेल हैं। ए संदेश एक लैपटॉप में थे जिसे पिछले वर्ष डेलवेयर में कम्प्यूटर ठीक करने वाली एक दुकान में दिया गया था। लेकिन इसे कभी वापस नहीं लिया गया। ईमेल के अचानक सामने आने के बाद इसमें रूस के दखल संबंधी प्रश्न उठने लगे हैं क्योंकि अमेरिकी अधिकारी पहले ही इस बात के लिए आगाह कर चुके हैं कि रूस राष्ट्रपति चुनावों में फिर से दखल दे रहा है।

### बाइडेन और कमला हैरिस के लिए प्रचार करेंगे बराक ओबामा

मेकन (अमेरिका)। **पूर्व** अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा अगले सप्ताह पेनसिल्वेनिया में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन के लिए प्रचार करेंगे। बाइडेन के प्रचार अभियान की ओर से यह जानकारी दी गई ।हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यहां अपने समर्थकों से कहा कि ओबामा प्रभावशाली प्रचारक नहीं हैं और यह अच्छी खबर है क्योंकि 2016 में उन्होंने बेकार काम किया था इसलिए मैं आपका राष्ट्रपति हूं।ओबामा के दोनों कार्यकाल में बाइडेन उप राष्ट्रपति थे। ओबामा ने बाइडेन और कमला हैरिस के लिए ऑनलाइन प्रचार किया है हालांकि यह पहली बार होगा जब 59 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति जनता के बीच जाकर उनके लिए प्रचार करेंगे। अपनी वाक्पटुता के कारण ओबामा आज भी बड़े पैमाने पर भीड़ जुटाने में समर्थ नेता हैं।शुक्रवार दोपहर बाइडेन की ओर से एक वक्तव्य में कहा गया, बुधवार, 21 अक्टूबर को पूर्व राष्ट्रपति ओबामा, जो बाइडेन और कमला हैरिस के लिए प्रचार की खातिर फिलाडेल्फिया और पेन्सिलवेनिया जाएंगे। ताजे ओपिनियन पोल के मुताबिक बाइडेन अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से औसतन नौ से अधिक अंकों से आगे चल रहे हैं।

## टाउन हॉल में ट्रंप के मुकाबले बाइडेन को मिले कहीं ज्यादा दर्शक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए चल रहे जोरदार प्रचार के बीच डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन और रिपब्लिक पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का टाउन हॉल आयोजित किया गया और और ट्रंप के मुकाबले ज्यादा लोगों ने बाइडेन का कार्यक्रम देखा।नीलसन कंपनी ने कहा कि बाइडेन के टाउन हॉल को एबीसी में रात आठ से नौ बजे के बीच एक करोड़ 41 लाख लोगों ने देखा वहीं ट्रंप के कार्यक्रम को एनबीसी, सीएनबीसी और एमएसएनबीसी पर कुल मिला कर एक करोड़ 35 लाख लोगों ने देखा। माना जा रहा था कि ट्रंप का कार्यक्रम अधिक लोग देखेंगे क्योंकि इसे तीन नेटवर्क में प्रसारित किया जा रहा था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। एमएसएनबीसी के प्रस्तोता राचेल काडोव ने कहा, ऐसा वास्तव में हुआ। बाइडेन का कार्यक्रम 90 मिनट चला।

# ट्रंप ने जो बाइडेन को एक भ्रष्ट राजनीतिज्ञ बताया



ओकाला में चुनावी अभियान रैली के दौरान समर्थकों को संबोधित करते हुए डोनाल्ड ट्रंप

भाषा। मेकन (अमेरिका),

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रतिद्वंद्वी एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह एक भ्रष्ट राजनीतिज्ञ हैं। ट्रंप ने फ्लोरिडा और जॉर्जिया में अपने समर्थकों से तीन नवम्बर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें जीत दिलाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वाम नियंत्रित मीडिया और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां इस चुनाव अभियान में बाइडेन के साथ खड़ी है।ट्रंप ने फ्लोरिडा के ओकाला और जॉर्जिया के मेकन में दिए गए अपने भाषणों में अपने समर्थकों से कहा, जो बाइडेन एक आपदा है। चलो इसका सामना करते हैं। वह वह ऐसे अक्षम व्यक्ति से हारने के बारे में नहीं सोच सकते है। उन्होंने कहा कि द न्यूयार्क पोस्ट द्वारा हाल ही में प्रकाशित दस्तावेजों और ई-मेल से यह साबित हुआ है कि बाइडेन एक भ्रष्ट राजनीतिज्ञ है। माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट द्वारा व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कायले मैकनी के ट्विटर अकाउंट को कुछ समय के लिए बंद किए जाने का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यहां प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है।

### दो राज्यों के वोटरों को लुभाने में जुटे राष्ट्रपति

एपी। फोर्ट मायर्स (अमेरिका)

**चुनाव** अभियान मे आर्थिक तंगी का सामना कर रहे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपने प्रतिद्वंद्वी के परिवार पर निशाना साधा और कोरोना वायरस महामारी पर काबू के लिए अपने खुद के संघर्ष का बचाव किया। चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार जो बाइडेन ने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है।ट्रंप अपने चुनाव अभियान मे फिर से जान डालने के लिए प्रयासरत है और इस क्रम मे वह फ्लोरिडा और जार्जिया मे मतदाताओ से संवाद कर रहे थे। राष्ट्रपति पद पर उनके दूसरे कार्यकाल के लिए इन दोनो राज्यो मे जीत अहम है। उन्होने शुक्रवार की शाम का मुख्य समय जार्जिया को दिया। इससे यहां चुनाव मे गंभीर चुनौती का अनुमान लगाया जा सकता है। इससे पहले उनकी मूल योजना डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा शासित राज्यो मे ज्यादा ध्यान देने की थी।वर्ष 1992 में जॉर्ज एच डब्ल्यू बुश के बाद से राष्ट्रपति पद के लिए किसी रिपब्लिकन उम्मीदवार को जॉर्जिया में हार नही मिली। ट्रंप ने शुक्रवार को फ्लोरिडा मे बाइडेन परिवार को एक संगठित आपराधिक परिवारे करार देते हुए निशाना साधा। इस क्रम मे ट्रंप ने बाइडेन के पुत्र हंटर और यूक्रेन तथा चीन मे उनके व्यापारिक लेनदेन को लेकर फिर से निशाना साधा।ट्रंप ने फ्लोरिडा में वरिष्ठ नागरिको से सीधी बातचीत की जो महामारी से निपटने के तरीके को लेकर नाराज बताए जाते है। उन्होने वरिष्ठ नागरिको से कहा कि वह चीनी वायरस से लोगो को बचाने के लिए कोई कसर नही छोड़ रहे है। उन्होंने इस वायरस से बचाव को लेकर लोगो को उम्मीद बंधाई कि जल्द ही टीका विकसित होगा। साथ ही उन्होने वादा किया कि शुरुआती खुराकें वरिष्ठ नागरिको को दी जाएंगी।

# अलगाव और उथल-पुथल पसंद है ट्रंप कोः बाइडेन

## ● कोविड-19 से निपटने की विफलता से लोगों का ध्यान हटाना चाहते हैं राष्ट्रपति

भाषा। मेकन (अमेरिका)



**डेमोक्रेटिक** पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अलगाव और उथल-पुथल में आनंद आता है और वह कोविड-19 से निपटने में अपनी विफलताओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

शुक्रवार को मिशिगन के साउथफील्ड में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि कोविड-19 पर ट्रंप की नीतियों की वजह से देश को भारी कीमत चुकाना पड़ रही है। उन्होंने कहा, नफरत कभी खत्म नहीं होती। यह सिर्फ छुप जाती है और अगर इसे ऑक्सीजन मिल जाए तो यह बढ़ने लगती है। अमेरिका में राष्ट्रपति से लेकर आम लोगों तक नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। बाइडेन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप को अलगाव और उथल-पुथल में आनंद आता है। कोरोना वायरस से निपटने और इस देश की रक्षा करने में उनकी विफलताओं से हमारा ध्यान हट जाए, इसके लिए वह कुछ भी कर सकते हैं। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने कहा, वह अब भी सपनों की दुनिया में जी रहे हैं और लगातार हमें यह कह रहे हैं कि किसी चमत्कार की तरह वायरस इस दुनिया से लापता होने जा रहा है।

### आर्मीनिया के मिसाइल हमले में 13 की मौत

**बाकू (आजरबैजान)।** आजरबैजान ने शनिवार को आरोप लगाया कि आर्मीनिया ने उसके दूसरे बड़े शहर गांजा को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया, जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए। दोनों देशों के बीच नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र को लेकर संघर्ष चल रहा है। आर्मीनिया के रक्षा मंत्रालय ने मिसाइल हमले की बात से इनकार किया हैं, लेकिन नागोर्नो-काराबाख के अलगाववादियों ने आजरबैजान के गांजा शहर में सैन्य प्रतिष्ठानों पर कथित हमलों को लेकर बयान जारी किया है।

# ‘लाखों को अकाल से बचाने में मदद करें’

एपी। संयुक्त राष्ट्र



**नोबेल** शांति पुरस्कार से सम्मानित एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के प्रमुख डेविड बीसली ने एक बार फिर अरबपति लोगों से आग्रह किया है कि वे लाखों जीवन बचाने के लिए कुछ अरब (डॉलर) दान दें। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी के बाद भुखमरी की ओर बढ़ रहे लोगों की संख्या 13.5 करोड़ से बढ़कर 27 करोड़ हो गई है। बीसली ने कहा, मानवता को अभी मदद की दरकार है... यह एक बार का अनुरोध है। दुनिया एक चौराहे पर खडी है और हमें अरबपतियों से इस संबंध में कदम बढ़ाने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी के कार्यकारी निदेशक ने एक डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अप्रैल से जुलाई के बीच लगभग 2,200 अरबपतियों की वैश्विक संपत्ति में 20 खरब डॉलर की वृद्धि हुई। वह स्विस बैंक यूबीएस और लेखा कंपनी पीडब्ल्यूसी द्वारा पिछले सप्ताह प्रकाशित एक अध्ययन का जिक्र कर रहे थे।उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ी आपदाओं में से एक से लाखों लोगों की जान और मानवता को बचाने के लिए कुछ अरब डॉलर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धनी देशों ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए अपने नागरिकों की खातिर 170 खरब डॉलर का आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज दिया है और यह राशि 2021 के लिए उपलब्ध नहीं होने वाली है।



आर्मेनिया के हमले के बाद तबाह हुए आवासीय क्षेत्र को देखता अजरबैजान का सैनिक

तेंदुआ के दिखने से फिर मचा हड़कंप...

# तेंदुए के हमले से एक की मौत, दो ग्रामीण घायल

## ● ट्यबवेल के कमरे के होल में घुसते हुए देखा गया तेंदुआ

संवाददाता। गोंदलामऊ सीतापुर



सीतापुर-विलाप करती मृतक की पत्नी, घटना स्थल पर पहुंचे विधायक रामकृष्ण

**संदना थाना** क्षेत्र के गांव लौहंगपुर में तेंदुए के हमले से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदीशपुर के मजरा लौहंगपुर निवासी मृतक मुर्तजा पुत्र नुरमोहम्मद उम्र करीब 50 वर्ष गांव के उत्तर सुबह करीब 4 बजे शौच हेतु गया था, जहां पर अचानक तेंदुए ने मृतक को उठाकर करीब 500 मीटर दूरी पर घसीटता हुआ ले जाकर मृतक को अपना निवाला बनाया मृतक का पेट फाड़कर सिर पैर छोड़कर पूरा शरीर को अपना निवाला बना डाला। जिससे क्षेत्र में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वन विभाग की ऐसे ही लापरवाही रही तो यह आदमखोर तेंदुआ किसी न किसी को निशाना बनाता रहेगा। उधर हरिहरपुर गांव मे तेंदुए को ट्यूबल के कमरे के होल के अंदर घुसते हुये देखा गया, बच्चे द्वारा चीता चीता कहकर शोर मचाने पर आस पास खेतो मे काम कर लोग दौड़े, जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते कि तब तक तेंदुए ने पंजे के प्रहार से दो लोगो को घायल कर दिया। मौके पर दर्जनों लोग लाठी डंडा लेकर शोर मचाते हुये जंगली जानवर को दौड़ा लिया। ग्रामीणों द्वारा स्थानीय पुलिस व वन विभाग को सूचना दी गयी वही घायलों को सीएचसी गोंदलामऊ ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिहर निवासी राकेश पुत्र श्री रामसिंह, सोनू पुत्र लालता प्रसाद तिवारी आपने गन्ने के खेतो मे दवाइयों का छिड़काव कर रहे थे। घायल राकेश ने बताया हम अपने खेत मे काम कर रहे थे, बच्चों द्वारा चीता चीता कहकर शोर मचाया गया पहले सोचा बच्चे खेल रहे है फिर मौके की तरफ हम लोग गये तो वहा तेंदुआ था जिसने पहले मुझपर प्रहार किया फिर मुझे व सोनू पर छलांग लगाते हुये पंजे से नोच डाला जिससे हम लोग घायल हो गये मौके पर वन बिभाग के कर्मचारी पहुंच गये पिंजरा लगाकर तेंदुए की तलाश शुरू कर दी। मौके पर डीएफओ डा अनुरूद्ध पाण्डेय, एसडीओ ए.के. मिश्रा, रेंजर प्रदीप अवस्थी, वन दरोगा सुनील त्रिपाठी, एस एन शुक्ला सहित समस्त मिश्रिख स्टॉफ मौके पहुचे गया। वन रेंजर मिश्रिख प्रदीप अवस्थी ने बताया जानकारी प्राप्त होते ही हम लोग पहुचे तेंदुए को पकड़ने के लिये पिंजरा लगा कर ट्रैपिंग की जा रही है।

# बिना हाईसिक्योरिटी नम्बर प्लेट आए तो लौटेंगे बैरंग

## ● एआरटीओ दफ्तर में काम ठप, डीलरों के साथ हुई बैठक, सभी गाड़ियों पर एचएसआरपी अनिवार्य

संवाददाता। सीतापुर

**परिवहन विभाग** द्वारा सभी प्रकार के वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगा होना अनिवार्य कर दिया गया है। षासन स्तर पर नम्बर बदल कर वाहन चलाने, एक नम्बर के दो वाहन चलने, नम्बर प्लेट बदलकर चोरी के वाहन विक्रय करने जैसी षिकायते होने के बाद राजस्व, जनहित में यह निर्णय लिया गया है ए.आर.टी.ओ. प्रशासन प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार से बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट वाले वाहनों का कोई भी आवेदन मान्य नही होगा गाड़ी ट्रान्सफर, आर0सी0 की द्वितीय प्रति समेत सभी प्रकार के आवेदनों से पूर्व वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट अवष्य लगावा लें। उन्होने बताया कि एक अप्रैल 2019 से पूर्व के वाहन पर यह व्यवस्था लागू की गई है, एक अप्रैल 2019 के बाद विक्रय हुए वाहनों पर यह व्यवस्था पूर्व में ही लागू की जा चुकी है। वाहन स्वामियों को असुविधा से बचने के लिए यथाशीघ्र सम्बन्धित डीलर से सम्पर्क कर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लेनी चाहिए। एआरटीओ द्वारा शनिवार को जिलेभर के डीलरों के साथ बैठक की गई, एआरटीओ ने डीलरो को निर्देशित किया कि हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के आवेदकों को असुविधा नही होनी चाहिए, बैठक में एआरटीओ उदित नरायण, आरआई रामबचन, शैलेन्द्र दीक्षित के अतिरिक्त तीन दर्जन से अधिक आटो मोबाइल्स कम्पनी के डीलर मौजूद रहे।

### सोमवार से बुक होंगे वीआईपी नम्बर

संवाददाता। सीतापुर

**गाड़ियों** पर मनपंसद नम्बर की शौकीन लोगो को सोमवार से एक और मौका मिलने जा रहा है, एआरटीओ प्रशासन प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि यूपी 34 बीडी की सीरीज पूरी हो गई है। नई सीरीज यूपी 34 बीई को सोमवार से शुरू किया जाएगा। ऑनलाइन बुकिंग भी सोमवार सुबह 10 बजे ई-ऑक्शन के जरिए की जा सकेगी।

## विवक न्यूज



सीतापुर-गौशाला का निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज

### डीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण

**सीतापुर।** जिलाधिकारी ने शनिवार शाम परसेण्डी की गोशाला मोहरय्या कला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से पराली जलाने के बजाय गोषालाओं को देने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने गोशाला के इर्द गिर्द पड़ी खाली जमीन पर हरा चारा बुवाने का और कुपोशित बच्चों के माता-पिता को नि:शुल्क गाय देने का निर्देश दिया।

### रोडवेज बस स्टाप पर हुई मारपीट

**सीतापुर।** रोड पर बस खड़ी करने को लेकर रोडबेज बसअड्डे पर होमगार्ड रोहित तिवारी व कंडक्टर गौतम में विवाद हो गया। विवाद में होमगार्ड के भांजे भी कूद पड़े और मारपीट हो गई। दोनों पक्षों को हल्की चोंटे आईं। चौकी इंचार्ज निर्मल तिवारी ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया।

### ऑनलाइन टीवी जागरूकता शिविर लगा

**सीतापुर।** फुलर्टन इंडिया व जीएलआरए इंडिया की ओर से आनलाइन टीबी जागरूकता शिविर चलाया गया। म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एमडी रिजवी, हिंदू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या गीता शुक्ला और आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रवक्ता श्रीप्रकाश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को टीवी के लक्षण व बचाव की जानकारी दी। एक पहल परियोजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कोरोना से बचाव के तरीके भी बताए गए।

### संगीता देवी बनीं कोटेदार

**सीतापुर।** लहरपुर की ग्राम पंचायत दारानगर में कोटे की दुकान का लफड़ा खत्म हो गया है, प्राइमारी विद्यालय में आयोजित दूसरी बैठक में सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य संगीता देवी के नाम कोटे का प्रस्ताव हो गया है। डीओ पंचायत मोहम्मद साकिब, एडीओ आईएसबी अनिल अवस्थी, एडीओ एजी यशपाल सिंह व ग्राम विकास अधिकारी बृजेश कुमार की मौजूदगी में प्रक्रिया सम्मन्न हुई। शांति व्यवस्था के लिए मौके पर भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### बाइक पर चोरों ने साफ किया हाथ

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के मोहल्ला कटरा से उचक्कों ने बाइक पर हाथ साफ कर दिया। बाइक मोहम्मद कलीम के घर के बाहर खड़ी थी। कोतवाल ओपी राय ने बताया कि कलीम की तहरीर पर बाइक की तलाश शुरू कर दी गई है।

### दिव्यांग सशक्तिकरण का लगा कैंप

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख ब्लॉक में दिव्यांग सशक्तीकरण कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 122 दिव्यांगों का चिन्हीकरण किया गया। डॉ. अभिजीत वर्मा, डॉ. भारती व डॉ. सिद्दीकी ने दिव्यांगों का परीक्षण कर उन्हें उपकरण देने के लिए चिन्हित किया। इस मौके पर दिव्यांग नरेंद्र, अवधेश कुमार, कौशल कुमार, राजकिशोर, अनूप सिंह, अजय आदि मौजूद रहे।

### कोविड-19: गिर रहा ग्राफ, कोरोना से एक और मौत, 18 नए केस




**सीतापुर।** नवरात्र के पहले सीतापुर में कोरोना ग्राफ में गिरावट देखी गई। जिले में 18 नए केस मिले। शहर के सदर बाजार में 2 और विकास नगर कॉलोनी, रोटी गोदाम व दुर्गापुरवा में 1-1 केस की पहचान की गई है। हरगांव में 3, सिधौली में 2 और मिश्रिख, कसमंडा, महोली, मछरेहटा व बेहटा में 1-1 केस निकला है। इसी के सथ जनपद में 3,999 कोरोना के केस हो गए हैं। रिटायर कर्नल बाबू राम वर्मा की कोरोना से मौत हो गई है। अब तक जिले में कोरोना से 55 मौत हो चुकी हैं। बाबूराम वर्मा को 2 दिन पहले मिलेट्री अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया था, यहीं इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

न्याय यात्रा का तीसरे दिन

# धान क्रय केंद्रों पर मची है लूट: आशीष गुप्ता

संवाददाता। सकरन सीतापुर




सीतापुर-न्याय यात्रा निकालते कांग्रेस नेता आशीष गुप्ता

**जिला कांग्रेस** उपाध्यक्ष आषीश गुप्त की न्याय यात्रा के तीसरे दिन कम्हरिया, जिजौली, चक देवरिया, कोन्सर व मदनापुर में चौपाल का आयोजन किया गया। आशीष गुप्ता ने कहा कि धान कि सरकारी खरीद करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में क्रय केंद्रों पर सिर्फ और सिर्फ बिचौलियों का धान खरीदा जा रहा है। इस दौरान मंगला प्रसाद, त्रिभवन यादव, सरवन भार्गव, वीरेंद्र गौतम, रामलोटन, प्रेम भार्गव, सुनील यादव, प्रेमचन्द्र, हरिओम, राजकिशोर भार्गव, सन्तोष वर्मा, गप्पू, पूर्व प्रधान उषा देवी, निम्मी देवी, राहुल गौतम, रामसरन भार्गव, आदि उपस्थित रहे।

# ओलंपिक एसोसिएशन गठन को लेकर हुई बैठक

संवाददाता। सीतापुर



**जिला ओलंपिक** एसोसिएशन के गठन को लेकर षुक्रवार को मोती महल रेस्टोरेंट में भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पांडे की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस मौके पर नरेश चंद्र यादव, हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष सिंघानिया, सचिव राज शर्मा, सुधा बाजपेई, अनंत मिश्रा, नेट बॉल एसोसिएशन के सचिव धीरेंद्र वर्मा, एथलेटिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि अनुराग गुप्ता, श्री .ष्णा कॉलेज के अशोक प्रजापति, सुनील, विजय, प्रमोद दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# अवैध संम्बध को लेकर हरगांव में बीडीसी की गोली मारकर हत्या

## ● झोलाछाप डाक्टरी करता था मृतक, तहरीर पर चार नामजद, एसपी ने लगाई चार टीमें, 2011 में पिता की भी हुई थी हत्या

संवाददाता। हरगांव सीतापुर



हरगांव-घटना स्थल पर मौजूद भीड़, इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

> दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। घटना में प्रथम दृष्टया अवैध सम्बंध का होना सामने आ रहा है, बचे आरोपियों की गिरफ्तारी व घटना के कारणों का पता लगाने के लिए स्वाट व सर्विलांस सहित 4 टीमें लगा दी गई हैं।
>
> **आरपी सिंह, एसपी**

**हरगाँव थाना** क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में झोलाछाप डाक्टरी करने वाले क्षेत्र पंचायत हरगाँव के सदस्य की शुक्रवार की रात घर जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुबह होने पर ग्रामीणों के द्वारा घर वालों को घटना की सूचना दी गई। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुचें परिजन और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हरगाँव थाना के अन्तर्गत ग्राम हरदासपुर के बाहर थाना इमलिया सुल्तानपुर के ग्राम मातिनपुर मजरा फत्तेपुर निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष सिंह पुत्र ठाकुर प्रसाद झोला छाप डाक्टरी का करता था। सूत्रों ने बताया कि संतोष सिंह के रामस्वरूप की पत्नी से अवैध संबंध थे। उसकी शुक्रवार की देर रात अपने घर मातिनपुर मजरा फत्तेपुर को जाते समय अज्ञात लोगों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह शुक्रवार को किसी के मोबाइल से आए फोनकाल पर दवा देने के बहाने हरदासपुर गए थे। जहां से संतोष सिंह अपनी मोटरसाइकिल से देर रात घर वापस आ रहे थे । मृतक के भाई रणधीर सिंह ने बताया कि संतोष सिंह एक फोन काल पर राम स्वरूप की पत्नी को पायल दिलाने के लिए शुक्रवार को दिन के 11बजे राम स्वरूप के घर हरदासपुर गए थे। जहां से वह देर रात वापस घर को जा रहे थे। मृतक के भाई अजय पाल ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही मैसर खाँ पुत्र छोटे खाँ, छोटे खाँ पुत्र छेद्दा खाँ निवासी मातिनपुर मजरा फत्तेपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर व राम स्वरूप पुत्र मैकू निवासी हरदासपुर ,जसविंदर सिंह बाऊ पुत्र रंजीत सिंह निवासी मुमताजपुर थाना हरगाँव को नामजद करते हुए हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के भाई ने बताया कि सुबह हरदासपुर के लोगों के द्वारा संतोष सिंह की हत्या की सूचना मिली तब घटनास्थल पहुँच कर पुलिस को सूचना दी । सूचना पाकर पहुंची थाने की पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा राजीव दीक्षित व क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय व थाना प्रभारी निरीक्षक बिनोद कुमार मिश्र मय एसओजी टीम व फोरेंसिक टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे। और घटना की जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा. राजीव दीक्षित ने बताया कि घटना की तफ्तीश हेतु चार टीमों को लगाया गया है स्वाट टीम को भी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगाया गया है।

मिशन शक्ति अभियान का हुआ शुभारंभ...

# समाज में महिलाएं होगी भयमुक्त: संदीप कौर



सीतापुर-हरी झंडी दिखाकर रवाना करती विशेष सचिव गृह संदीप कौर, विधायक बिसवां महेन्द्र सिंह यादव, डीएम, एसपी



सीतापुर-ट्रेनिंग के बाद मौजूद एंटी रोमियो की टीम



विशेष सचिव संदीप कौर को सम्मानित करती शिक्षिका मालती वर्मा

संवाददाता। सीतापुर

**महिला उत्पीड़न** से कांप रहे उत्तर प्रदेश में जागरूकता बढ़ाकर सुरक्षा मजबूत की जायेगी। राज्य सरकार ने इस खास अभियान के लिए खास मौका चुना है। नवरात्रि से नवरात्रि तक चलने वाले इस ''मिशन शक्ति'' अभियान को शनिवार को शक्तिरूपेणा नवरात्रि के पहने दिन प्रदेशभर में शुरू किया गया। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक बालिका-महिला उत्पीड़न से दहल रहे उत्तर प्रदेश में अब एक नया अभियान चलाकर सूरज बदलने का उद्यम शुरू किया गया है। जिसका शुभारम्भ विशेष सचिव गृह संदीप कौर ने किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं के लिए भयमुक्त माहौल बनाने के लिए मिशन शक्ति अभियान शुरू किया गया है। शनिवार सुबह विशेष सचिव गृह संदीप कौर, जिलाधिकारी अखिलेश भारद्वाज, एसपी आरपी सिंह व बिसवां विधायक महेन्द्र यादव ने अभियान की विशेष वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विशेष सचिव ने बताया कि अभियान अप्रैल 2021 तक चलेगा, इस दौरान महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने के साथ ही उन्हे जागरूक भी किया जाएगा। कार्यक्रम में एडीएम विनय कुमार पाठक, सीडीओ संदीप कुमार, सीडीपीओ राजकपूर, जिला प्रोवेशन अधिकारी अवश्वनी कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अमित भट्ट, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### महिला सुरक्षा पर दिया जोर

**मिशन शक्ति** अभियान को सशक्त बनाने के लिए स्व. राजरानी विश्वनाथ मानव सेवा संस्थान द्वारा खैराबाद नगर में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के तहत लोगो को महिलाओं से अच्छा व्यवहार करते हुए उनका सम्मान करने की बात कही गई। साथ ही कोविड से बचाव हेतु मास्क भी बांटे गए। इस दौरान नागेश्वर कुमार, अजितेश कुमार, पुनीत मिश्रा, अरविन्द बाजपेयी, विकास गुप्ता, धीरज शुक्ला, सुशील तिवारी, प्रणय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति में महिला कर्मी हुई सम्मानित

**परिवहन** विभाग द्वारा 17 से 25 अक्टूबर तक महिला सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है शनिवार को एआरटीओ डा. उदित नारायण ने डीलरो को निर्देषित किया कि उनके यहां काम करने वाली महिलाओं को सुरक्षा का अहसास दिलाते हुए सम्मानजनक व्यवहार करें। पीटीओ शैहपर किदवई ने कहा कि महिला उत्पीड़न की घटनाएं संकुचित मानसिकता की निशानी हैं, षिक्षित महिलाएं परिवार को सहेज कर रखती हैं। इस मौके पर कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक राखी मिश्रा, अनामिका विश्वकर्मा को कर्तव्यों के उत्कृष्ट निर्वाहन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



लहरपुर-महिलाओं को प्रशस्त्रि पत्र देते चेयरमैन जासमीर अंसारी

### नारी सुरक्षा अभियान को लेकर महिलाओं का हुआ सम्मान

संवाददाता। लहरपुर/हरगांव सीतापुर

**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नवरात्र के अवसर पर चलाए जा रहे नारी सुरक्षा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष जासमीर अंसारी ने अपने आवास पर महिला सशक्तिकरण और सम्मान पर्व के तहत पालिका परिषद में कार्यरत मुन्नी देवी, शांति देवी, सुनीता, सन्नो और अनीता को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए योजनाएं चलाए जाने के दिशा निर्देश दिए, उन्होंने कहा महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्रथम प्राथमिकता है। इस अवसर पर उन्होंने पालिका कर्मियों से महिलाओं की सुरक्षा हेतु व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए। हरगांव नगर पंचायत में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरमैन गफार खां व ईओ अरविंद सिंह ने महिला सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संजीव गुप्ता, मुकेश राय, मो.सलीम, अहिबरन लाल, दीपक कुमार, अतुल कुमार, बिनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# खीरी में हुआ मिशन शक्ति का आगाज

- जनप्रतिनिधियों ने दिखाई शक्ति मोबाइल को हरी झंडी
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दिया गया मिशन शक्ति का संदेश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**शनिवार को** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन खीरी में मिशन शक्ति का आगाज हुआ। जिला मुख्यालय पर मिशन शक्ति के शुभारंभ पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा ने जिला पंचायत अध्यक्ष सुमन नरेंद्र सिंहए विधायक योगेश वर्माएमंजू त्यागीए जिलाध्यक्ष सुनील सिंहए नोडल अधिकारी सुजाता सिंहए डीएम एसपी एवं सीडीओ के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन एवं स्वागत किया। धरोहर सांस्कृतिक दल के प्रमुख उमेश तिवारी ने अपने साथी कलाकारों के साथ महिला परक योजनाओं पर आधारित एवं महिला सशक्तिकरण से ओतप्रोत शिक्षाप्रद नाट्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ नमिता श्रीवास्तव ने किया। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद रेखा अरुण वर्मा ने मिशन शक्ति की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित है। महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं स्वावलंबन के लिए नित नए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा महिलाएं जितना सशक्त होंगी। उतनी ही तीव्रता के साथ सशक्त समाज की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यता का परिचय देते हुए पूरे देश का मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बेटियां अपनी शक्ति को पहचाने आगे बढ़े। उन्होंने सफल महिलाएं समाज के लिए रोल मॉडल बने ताकि लोग बेटियों के पैदा होने पर खुशियां मनाएं। विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी ने कहा कहा कि महिलाएं अपनी शक्ति को पहचाने। नारियों को मजबूत करने के लिए सरकार ने नए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा नारी एक साथ दो परिवारों की जिम्मेदारी का निर्वहन करती है। जिले की नोडल अधिकारी वरिष्ठ आईपीएस सुजाता सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति को सफलता के आयाम तक पहुंचाए जाने में आप सबका सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं से अपील की कि पूरे उत्साह उमंग एवं ऊर्जा के साथ इस अभियान को सफल बनाकर सरकार के सपने को साकार करें। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित सभी महिलाओं को शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति आज शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा से प्रारंभ होकर वासंतिक नवरात्र तक शासन द्वारा नियत की गई महिला सशक्तिकरण से संबंधित विविध गतिविधियों एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिससे सरकार का नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन का सपना साकार होगा। बताया कि 24 विभागों के अंतर विभागीय समन्वय से मिशन शक्ति के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बेटियां किसी से कमतर नहीं है। उन्होंने बताया कि इस मिशन के माध्यम से ऐसे समाज की स्थापना होगी जहां नारियां अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अरविंद सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। महिलाएं दृढ़ संकल्पित होकर किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकती है। जिसका जीता जागता उदाहरण धौरहरा सांसद है। उन्होंने कहा कि अंधकार तभी छूटेगा जब समाज में महिलाओं और बच्चियों के प्रति भेदभाव खत्म होगा।

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**मोहम्मदी-खीरी।** भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा का मोहम्मदी नगर में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया एवं नगर मंडल पदाधिकारियों सोशल मीडिया टीम द्वारा गोमती मोड़ पर सैकड़ों गाड़ियों के साथ रिसीव किया गया। पेट्रोल पंप के निकट सोशल मीडिया टीम ने सैकड़ों गाड़ियों के लाव लश्कर के साथ पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। राम जानकी मंदिर पर समाजसेवी शिवम राठौर, प्रदीप वर्माए देवेंद्र वर्मा उर्फ बबलू संजीव मेहरोत्रा रितेश शुक्ला पंडित चंद्रभान पुनीत बाजपेई द्वारा 21 किलो माला एवं शिवम राठौर द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। सबसे आगे राशि घोड़ा पीछे जोरदार ढोल भांगड़ा बजा कर रामलीला चौराहे पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का काफिला पहुंचा। कार्यक्रम स्थल बड़े शिवाला मंदिर पर भव्य स्वागत पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# बाल आयोग की सदस्य ने कई स्कूलों का किया औचक निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश बाल आयोग की सदस्य डॉ प्रीति वर्मा ने जिले में कई स्कूलों का निरीक्षण किया। कई अध्यापक नदारद मिले। स्कूल में न आने वाले शिक्षक नेताओ में हड़कंप मच गया है।

सूबे के मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप लखीमपुर जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ प्रीति वर्मा ने आज सुबह कई परिषदीय विद्यालयों सघन औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई परिषदीय विद्यालयों में अध्यापक कई दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। विद्यालयों में शौचालय व बाउंड्री व्यवस्था जर्जर हालत में मिली। आज सुबह डॉ प्रीति वर्मा ने जिले में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय मन्ना टांडाए विद्यालय कटैयाए प्राथमिक विद्यालय बरूआकलाए प्राथमिक विद्यालय बोझवाए प्राथमिक विद्यालय भीरा फर्स्टए प्राथमिक विद्यालय शंकरपुरए शिवपुरी बिजुआए बांकेगंज क्षेत्र के अलीगंज प्रथम के साथ कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। मौके पर कई शिक्षक कई दिनों से विद्यालय में अनुपस्थित पाएगा। गांव वालों द्वारा बताया गया कि शिक्षक कुछ चर्चित शिक्षक नेताओं से सांठगांठ करके विद्यालय नहीं आते। जिसकी खबर उच्च अधिकारियों तक नहीं पहुंचती। विद्यालयों में एसएमसी की बैठक की समीक्षा की गई साथ ही विद्यालयों में बाउंड्री व्यवस्था व शौचालयों की व्यवस्था जर्जर स्थिति में मिले। डॉ प्रीति वर्मा ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जर्जर भवन विद्यालय को तत्काल ध्वंस किया जाए जो बच्चों के लिए हानिकारक है। ऑपरेशन कायाकल्प के बजट की समीक्षा करते हुए संबंधित पंचायत सचिव को निर्देश दिए हैं। विद्यालय की बाउंड्री व शौचालय की व्यवस्था को अतिशीघ्र पूर्ण कर अवगत कराएं।

## नगर संघ चालक व उनके बड़े भाई के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचीं केंद्रीय मंत्री

**बिंदकी (फतेहपुर)।** नगर संघ चालक तथा उनके बड़े भाई के निधन की जानकारी मिलने पर केंद्रीय मंत्री उनके आवास पहुंची और शोक संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सभी लोग दुखी परिजनों के साथ हैं। शुक्रवार की देर रात को केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति नगर के कृष्णागंज मोहल्ले पहुंची। वहां पर उन्होंने नगर संघ चालक वीरेंद्र तिवारी तथा उनके बड़े भाई राजेंद्र प्रसाद तिवारी के बीमारी के चलते निधन होने पर शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने परिवारिक सदस्य बीजेपी नेता तथा पूर्व सभासद दिनेश मिश्रा तथा अन्य परिवार के सदस्यों से मिली तथा उन्हें ढाढस बंधाया। कहा कि संकट की इस घड़ी में सभी लोग दुखी परिवार के लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से वीरेंद्र तिवारी एक आदर्श व्यक्तित्व थे। उनके चेहरे में हमेशा मुस्कान दिखाई देती थी वह खुशमिजाज और सामाजिक व्यक्तित्व के धनी थे।

# सांसद ने किया पंचायत भवन का शिलान्यास

संवाददाता। निघासन-खीरी



**भाजपा सांसद** अजय मिश्र टेनी ने पंचायत भवन का शिलान्यास किया। ब्लाक के ग्राम पंचायत खैराहना के बौधिया गांव में खीरी सांसद के पहुंचते ही जोरदार स्वागत किया गया। क्षेत्रीय कार्यक्रताओं द्वारा स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बौधिया में गरीब कल्याण रोजगार योजना के अन्तर्गत ग्राम निधि से बनने जा रहे पंचायत भवन का शिलान्यास भूमि पूजन के साथ भाजपा सांसद के द्वारा किया गया। जिसकी लागत लगभग बीस लाख पचास हजार रुपए है। जिसका शिलान्यास किया गया। पंचायत भवन बनने से ग्राम पंचायत को काफी सुविधा मिलेगी। ग्राम पंचायत से लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक आसानी से हो सकेगी। इसके बाद सभा हुई सभा को संबोधित करते हुए खीरी सांसद ने विभिन्न प्रकार की योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि। लखीमपुर खीरी में काफी विकास कार्य हुआ है। एक ऐसा विचार प्रधानमंत्री जी का है। सभी को बिजलीए पानीए सड़क की सुविधा उपलब्ध हो सके। केवल लखीमपुर खीरी में लगभग चार लाख पचास हजार शौचालय बन चुके है। एक लाख से ज्यादा आवासए बारह हजार से ज्यादा शहरी आवासए पांच लाख से ज्यादा निरूशुल्क गैस कनेक्शन। कहा कि लोगों की जरुरतें पूरी करना सरकार की जिम्मेवारी है। कार्यक्रम का संबोधन सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने भी किया। इस दौरान पलिया से आए सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवारए आर डी रायए प्रधान प्रतिनिधि सुरेश मौर्याए रामपाल मौर्याए अनमोल सिंहए बीरेंद्र मिश्राए ग्राम विकास अधिकारीए विवेक सिन्हा व विनय मौर्या समेत काफी भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## बीएलओ की ड्यूटी न काटने पर राजस्व निरीक्षक का सिर फोड़ा

**बरेली।** बीएलओ की डियूटी कटवाने गये एक शिक्षक ने शुक्रवार को डियूटी न काटने पर राजस्व निरीक्षक पर ईंट से हमला कर दिया और सरकारी दस्तावेज फाड़ दिये। घटना की शिकायत राजस्व निरीक्षक ने पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के कस्बा रिठौरा के राजस्व निरीक्षक चन्द्रप्रकाश शर्मा ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसके पास त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के वृहद का निरीक्षण का कार्य भी है, वो शुक्रवार को अपने कार्यालय में बैठकर कार्य कर रहे थे, इसी दौरान बिथरी चैनपुर ब्लाक की डंडिया प्राईमरी पाठशाला के सहायक अध्यापक नरेन्द्र प्रताप सिंह उनके पास आये और कहा कि उनकी डियूटी बीएलओ कार्य में गलत तरीके से लगाई गई है, जिसे काटा जाये। उन्होने धमकी दी कि डियूटी न कटने पर गंभीर परिणाम होंगे। तब राजस्व निरीक्षक ने कहा कि बीएलओ की डियूटी एसडीएम के निर्देश पर लगाई और काटी जाती है।

# मिशन शक्ति अभियान का शुभारम्भ, निकाली गयी रैली

संवाददाता। फतेहपुर

**मुख्यमंत्री के** निर्देशों के अनुक्रम में जनपद में आज मिशन शक्ति अभियान का शुभारम्भ किया गया। अभियान की शुरूआत पूर्वान्ह 10 बजे विकास भवन से उक्त अभियान की रैली निकाली गयी। जिसे विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान एवं जिलाधिकारी संजीव सिंह, जनपद की नोडल अधिकारी सुश्री दीपा रंजन, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया एवं जनपद की तीनों तहसीलों, नगरीय निकायों, विकास खण्डों एवं ग्रामीण क्षेत्र में उक्त अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वैन रवाना की गयी।

उक्त अभियान के अगले क्रम में आज विकास भवन सभाकक्ष में मिशन शक्ति के सिद्धान्तों एवं उद्देश्यों के सम्बन्ध में विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद/विधायक हुसैनगंज रणवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान उपस्थित रही। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, चाइल्ड लाइन फतेहपुर प्रतिनिधि, महिला कल्याण अधिकारी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, विभिन्न विद्यालयों की अध्यापिकागण, आंगनवाडी कार्यकत्री, पर्यवेक्षक एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गोष्ठी में भाग लिया। गोष्ठी का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी केएस मिश्र ने किया। गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि किसी भी परिवार के विकास की आधार उस परिवार की माँ होती है। यदि माँ शिक्षित होती है तो उसका प्रभाव पूरे परिवार को प्रभावित करता है। हर महान पुरूष के महान बनने में उसकी माँ का सर्वाधिक योगदान रहा है। इसलिए आवश्यकता है कि हम बेटा और बेटी में अन्तर को समाप्त करते हुए बेटियों को भी बेटे के समान शिक्षा सहित सभी महत्वपूर्ण सुविधायें एवं अवसर प्रदान करें ताकि हमारा समाज एक विकसित एवं सुशिक्षित समाज बन सके। खागा विधायक ने अपने सम्बोधन में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा देश एवं प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के विकास एवं कल्याण के लिए महत्वपूर्ण योजनायें चलायी गयी है। जिसका प्रभाव महिलाओं के विकास में परिलक्षित हो रहा है। जिलाधिकारी द्वारा महिलाओं और बच्चों के कल्याण हेतु शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अधिनियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया गया। नामित नोडल अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि बेटा और बेटी में भेदभाव खत्म करके बेटियों को समुचित सुविधा एवं अवसर प्रदान करने से देश एवं समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है।

# राशी और रानू का बढा वजन परिजन भी हुये खुश

- पोषण पुनर्वास केंद्र में चिन्हित कमजोर बच्चों को बनाया जा रहा सेहतमंद

संवाददाता। फतेहपुर

**राष्ट्रीय** पोषण माह के तहत चिहिन्त पांच साल तक के नौनिहालों को सुपोषित बनाने की दिशा में काम शुरू हो गया है। इस दौरान जनपद के 13 ब्लॉकों से कम वजन लाल श्रेणी के 4011 बच्चे चिन्हित किये गये है। अब इन बच्चों का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएसके की टीम स्वास्थ्य परीक्षण कर सेहतमंद बनाने का काम कर रही है। परिजनों की काउंसलिंग कर आवश्यकतानुसार बच्चों को इलाज मुहैया कराया जा रहा है। ज्यादा गंभीर बच्चों को जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी में भर्ती कराया गया है।

आबूनगर के गिहार बस्ती में रहने वाले कल्लू गिहार और मालती की 11 माह की बेटी राशी जो कि बेहत कमजोर और बीमार थी। आंगनबाडी के माध्यम से सूचना मिलने पर सीडीपीओ अमिता श्रीवास्तव ने बच्ची की जांच कराई जिसमें वह अति कुपोषित पाई गई। तत्काल उन्होंने बच्ची को जिला अस्पताल के एनआरसी सेंटर में भर्ती कराया। अब बच्ची का वजन भी बढ रहा है और वह पहले से स्वस्थ है। बच्ची के पिता कल्लू ने बताया कि मजदूरी करते है बच्ची के स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित थे लेकिन अब वह बहुत खुश है। इसी प्रकार गडरियन पुरवा निवासी देवकरन और पूजा की छह माह की बेटी रानू भी अति कुपोषित थी। सीडीपीओ ने बताया कि जानकारी मिलने पर बच्ची को जिला अस्पताल लेकर गये और जांच कराई इसके बाद भर्ती कर इलाज शुरू कराया। अब बच्ची स्वस्थ है।

एक माह तक चले पोषण माह के दौरान कुल 4011 बच्चे अति कुपोषित चिन्हित किये गये है।

# जिला विकास योजना में शाहजहांपुर को चार अरब 63 करोड़ रुपये 2021 के लिए मिले

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिला विकास** योजना वर्ष 2020-21, की बैठक विकास भवन सभागार में गूगल मीटएप के माध्यम से कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) व्यवसायिक षिक्षा एवं कौषल विकास विभागध्प्रभारी मंत्री जनपद षाहजहॉपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक के उपरांत जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जिला योजना वर्ष 2020-21 हेतु षासन द्वारा रू0 46312.00 लाख (रू0 चार अरब तिरसठ करोड़ बारह लाख मात्र) का परिव्यय निर्धारित किया गया है। जो कि गत वर्ष की तुलना में रू0 43.18 करोड़ अर्थात 10.28 प्रतिशत का ज्यादा परिव्यय आवंटित किया गया है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में सम्मिलित जिला सेक्टर योजनाओं के लिए भारत सरकार से प्राप्त होने वाला केन्द्रांश को परिव्यय में सम्मिलित करते हुए शासन द्वारा निर्धारित वर्गीकृत योजनाओं में विभिन्न विभागों से जनपद की आवश्यकतानुसार प्रस्ताव प्राप्त किये गये है। निर्धारित परिव्यय रू0 46312.00 लाख में केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं का केन्द्रांश रू0 22212.89 लाख (रू0 दो अरब बाईस करोड़ बारह लाख नवासी हजार मात्र) का जो कुल परिव्यय का 47.96 प्रतिशत है। पूंजीगत कार्यो हेतु रू0 18852.19 लाख (रू0 एक अरब अठासी करोड़ बावन लाख उन्नीस हजार मात्र) का जो कुल परिव्यय का 40.71 प्रतिशत है।

उक्त परिव्यय के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में मुख्यत: कृषि विभाग के अन्तर्गत कुल रू0 24.00 लाख से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (आयल सीडस) के अन्तर्गत प्रमाणित बीजों का उत्पादन, वितरण एवं कृषि प्रर्दशन और कृषक प्रशिक्षण हेतु, गन्ना विकास के अन्तर्गत प्राथमिक पौधशाला एवं आधार बीज तैयार करने हेतु रू0 470.91 लाख का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार कृषकों की सिंचन क्षमता वृद्धि हेतु कुल 1000 नि:षुल्क बोरिंग तथा 20 गहरे तथा 200 मध्यम गहरे नलकूपों का निर्माण कराया जायेगा, जिन पर रू0 452.85 लाख का प्राविधान किया गया है। पशुपालन कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुओं के स्वास्थ्य एवं रोग निदान तथा पशु चिकित्सालयों के निर्माण पर रू0 486.77 लाख का प्रावधान किया गया है। पशुपालकों से दुग्ध एकत्रीकरण कर दुग्ध एवं उसके उत्पाद को वितरण किये जाने हेतु दुग्ध संघोंध्समितियों को पुर्नगठन एवं उसके विस्तारीकरण हेतु रू0 311.45 लाख का प्राविधान है। सामाजिक वानिकी के अन्तर्गत मृदा कार्य, वृक्षारोपण एवं अनुरक्षण हेतु रू0 874.00 लाख का प्राविधान है। पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में 45 बहुउद्देशीय पंचायत भवन के निर्माण हेतु रू0 785.70 लाख का प्राविधान है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन के तहत रैली निकाली

संवाददाता। शाहजहांपुर



**महिलाओं** के सशक्तिकरण के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से महिलाओं और बालिकाओं की स्कूटर (बाइक), कार रैली निकाली रैली को, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जो डीएम कंपाउंड स्थित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पार्क से होते हुए कलेक्ट्रेट पार्क पर आकर समाप्त हुई। रैली की शोभा महिला-शक्ति उत्साहवर्धक उद्घोष एवं एक जैसे परिधान में मानो समाज को महिला शक्ति का परिचय करा रही हो जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति लोगो प्रिंट की टी शर्ट, कैप , बैच मास्क ,शामिल थे। ऐसे परिधान में निकली यह शक्ति स्वरूपा राह चलते सभी लोगों के बीच नई ऊर्जा का संचार कर रही थी और एक ऐसा प्रकाशमयी और सकारात्मक माहौल का निर्माण कर रही थी जो नारी शक्ति को समर्पित था। इस प्रकार उपरोक्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से तहसील स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर जन सामान्य को जागरूक करने हेतु चार एलईडी वैन को भी कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। एलईडी वैन के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत निर्मित लघु फिल्म बेटियां एवं नारी शक्ति को प्रदर्शित करती एवं अन्य लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जा जायेगा।

अथर्व कल्चरल सोसायटी के माध्यम से कलेक्ट्रेट पार्क में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित योजनाओं को समर्पित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इससे निश्चित ही महिलाओं में जागरूकता आएगी। जिला अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं से महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी है। कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा किया गया । अपर जिलाधिकारी प्रषासन, सिटी मजिस्ट्रेट आदि अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

## विचक न्यूज

### एटीएम से 21 हजार निकाले, रिपोर्ट दर्ज

**संडीला(हरदोई)।** एक व्यक्ति के खाते से किसी व्यक्ति ने 21 हजार रुपए निकाल लिए। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। नगर के मोहल्ला अशफाकटोला निवासी सचिन कुमार गुप्ता ने एफआइआर दर्ज कराते हुए कहा कि उसके खाते से किसी व्यक्ति ने तीन बार में 21 हजार रुपए निकाल लिए जबकि उसका एटीएम कार्ड उसके पास सुरक्षित था। तहरीर पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है।

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**संडीला(हरदोई)।** दहेज की मांग पूरी ना होने पर एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करायी है। ग्राम बेनीमगंज निवासी प्रीति सिंह पुत्री कैलाश कुमार ने एफआइआर दर्ज कराते हुए कहा कि उसका विवाह 11 मार्च 2016 को प्रदीप सूर्या पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम तिरवा थाना मलिहाबाद के साथ हुआ था। इस विवाह में 5 लाख से अधिक खर्च किया गया था। विवाह के बाद उसके पति ने सोने की जंजीर तथा लखनऊ में एक प्लाट खरीद कर देने की मांग की जिसे पूरी करना उसके बस की बात नहीं थी। इसके बाद उसका ससुराल में उत्पीड़न शुरू हो गया और अंततः उसे मारपीटकर घर से निकाल दिया गया। उसकी तहरीर पर एफआइआर दर्ज कर ली गयी।

### महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



लोगों को जागरूक करती इन्सपेक्टर क्राइम

**संडीला(हरदोई)।** पुलिस द्वारा लोगों को महिला सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चालकर उन्हें कानूनों की जानकारी देकर विभिन्न हेल्प लाइन नंबर दिए गए। इन्सपेक्टर क्राइम हंसमति ने जागरूकता अभियान चलाया तथा ग्राम मुसैला में महिलाओं को जागरूक किया। इसके अलावा उन्होंनें शीतला मंदिर रोड पर अकारण घूम रहे युवकों से भी पूछताछ की तथा वहां महिलाओं को एन्टी रोमियो स्कवाड के नंबर दिए। इसके अलावा अन्य कई जगहों पर भी जागरूकता अभियान चलाया गया।

### शांति कमेटी की बैठक संपन्न



शांति कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी एवं प्रतिष्ठित लोग

**संडीला(हरदोई)।** कोतवाली संडीला में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने तथा खेतों में पराली जलाने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। कोतवाली में आयोजित शांति कमेटी की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नवरात्र और दशहरा के त्यौहार आ रहे हैं। इन त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए। उन्होंनें इन त्यौहारों में शांति, एकता और भाईचारा सदैव बना रहना चाहिए। उन्होंनें लोगों से अपील की कि वे पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक हों तथा पराली ना जलाएं। इस अवसर पर सीओ अमित कुमार श्रीवास्तव, कई सभासद तथा कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**बरेली।** घर के पास सड़क किनारे खड़े एक युवक को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई। लेकिन गांववालों ने बाइक चला रहे युवक को पहचान लिया और पुलिस से घटना की शिकायत कर दी। पुलिस ने बाइक और उसके चालक को कब्जे में लेकर मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शेरगढ़ थाने के गांव अंबरपुर निवासी 45 वर्षीय महेश पाल पुत्र पूरन लाल कि कल शाम घर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि महेश पाल खेती करता था। कल शाम को अपने ही घर के पास सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान शेरगढ़ के गांव मवई काजियान निवासी प्रेमी तेजी से मोटरसाइकिल लेकर सड़क पर आया और अचानक उसकी बाइक बेकाबू होकर महेश पाल को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाली बाइक चला रहे युवक पहचान लिया। लेकिन बाइक सवार फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे घरवालों ने महेश को अस्पताल ले जाने की कोशिश की। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बाइक चला रहे युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी का नाम नन्ही देवी है। वह 4 बच्चों का पिता था।

### जयन्ती पर महाराजा अग्रसेन को किया गया नमन



**फतेहपुर।** महाराजा अग्रसेन के जयन्ती अवसर पर सर्व समाज के जिलाध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता ने सर्व समाज के पदाधिकारी व समाज के अन्य लोगों के साथ जेल रोड स्थित महाराज अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई। वहीं पर सर्व समाज के लोगों ने अग्रसेन महाराज की गोष्टी भी की। गोष्टी में जिला उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता ने उनके जीवन में प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। समाज के अन्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे। माल्यार्पण व गोष्ठी में भाग लेने वालों में उपाध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, संरक्षक मनोज गांधी, जिला महामंत्री अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### डेढ़ माह से लापता अधेड़ का तालाब से मिला शव

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चितीसापुर में डेढ़ माह से लापता लगभग 45 वर्षीय अधेड़ का शव आज सुबह गांव के बाहर तालाब के किनारे से पुलिस ने बरामद कर विच्छेदन गृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सुआहीवान गांव निवासी छोटेलाल का पुत्र मिश्रीलाल डेढ़ माह पूर्व घर से अचानक कहीं चला गया था। तब से उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग न लगा। आज सुबह गांव के बाहर स्थित तालाब से उसका कई दिन पुराना शव बरामद हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 45 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के बरातीनगर मुहल्ला निवासी अजय पाल का पुत्र राजेन्द्र कल देर शाम पैदल टहलने निकला था। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गयी।

### तिलहर एवं रौजा मण्डी में धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** आयुक्त, खाद्य तथा रसद मनीश चौहान ने तिलहर एवं रौजा मण्डी में धान क्रय केन्द्रों के औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धान खरीद पारदर्शिता के साथ की जाए। धान खरीद में किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि केन्द्र प्रभारी किसान भाईंयों से मधुर व्यवहार बनाते हुए मानक के अनुसार धान खरीद करें। उन्होंने कहा है कि केन्द्र प्रभारी कांटे के मानक के अनुसार धान खरीद करें। उन्होंने यह भी कहा है कि जो केन्द्र प्रभारी कांटे के मानक के अनुसार धान खरीद नहीं करेंगे उनके केन्द्र के निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गिरिजेश कुमार चौधरी, उपजिलाधिकारी तिलहर वेद सिंह चौहान, आर.एफ.सी. प्रमोद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विश्व खाद्य दिवस: एसएस कॉलेज मे ऑनलाइन फूड फेयर आयोजित

**शाहजहांपुर।** एसएस कॉलेज मे विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य मे गृहविज्ञान विभाग द्वारा ऑनलाइन ब्हाट्सएप के माध्यम से फूड फेयर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्राओं द्वारा अपने-अपने घर पे विभिन्न प्रकार के व्यजंन बनाकर व्हाट्सप के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ0 अवनीश मिश्रा ने सभी को अपने आर्शीवाद दिया और कहा भारत वर्ष में भोजन बनाना एक कला माना जाता है हमारे यहाँ भोजन के साथ प्रयोग होने वाले मसाले, मसाले नहीं औषधियां जो हमें स्वास्थ्य प्रदान करती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। कला संकाय के अध्यक्ष डॉ0 आलोक मिश्रा जी ने कहा कि यह एक वैश्विक महामारी का समय चल रहा है इस समय प्रत्येक व्यक्ति को अपने खाने पीने और स्वस्थ्य रहने का ध्यान रखना चाहिए। निर्णायक मण्डल में डॉ0 मीना शर्मा, डॉ0 पूनम, डॉ0 अर्चना गर्ग जी ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान-रितु (मिनीरोल) द्वितीय स्थान-शाम्भवी चौहान (वेज मंचूरियन) , आंकाक्षा (पिज्जा) तृतीय स्थान-कंचन राव (साबूदाने की पकौडी) को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 विनीता राठौर ने कहा कि एक स्वस्थ्य आहार अच्छा जीवन जीने के लिए बीमारी के खतरे को कम करने के लिए पर्याप्त, सुरक्षित, पौष्टिव और विविध खादय प्रदार्थ प्रदान करके लोगों की पोषण सम्बन्धी जरूरतों को पूरा करता है। अगर आप स्वस्थ्य आहार खाते है, तो पोषक तत्व अपने शरीर में पहुचेगें और आप स्वस्थ्य सक्रिय और मजबूत बने रहेगें।

# महिलाओं और बेटियों को दें सुरक्षात्मक परिवेश, बनायें स्वावलंबी: प्रभारी मंत्री

● मिशन शक्ति कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ

संवाददाता। कानपुर देहात


प्रभारी मंत्री महेशचन्द्र गुप्ता दीप प्रज्जवलित कर मिशन शक्ति कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये

जनपद में मिशन शक्ति के तहत नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत राज्यमंत्री, नगर विकास शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग उत्तर प्रदेश जनपद प्रभारी मंत्री महेश चन्द्र गुप्ता व प्रदेश सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण सम्बन्धी नामित जनपद की नोडल अधिकारी (वरिष्ठ आईएएस) सुजाता शर्मा ने माती कलेक्ट्रेट के समीप ईको पार्क के सभागार कक्ष में दीप प्रज्ज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, विधायक सदर प्रतिभा शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, आदि विभागों के अधिकारीगण की उपस्थिति में नारी सशक्तिकरण के तहत मिशन शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को पुष्प देकर स्वागत किया। वहीं महिलाओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। वहीं नवनियुक्त शिक्षक पुष्पेन्द्र पाठक ने मां शब्द के गीत सुना कर कार्यक्रम मे समा बांध दी तथा एक और गीत जिलाधिकारी के शब्दों द्वारा बनाया गया जिसमें सभी लोगों ने सुना तथा प्रशंसा भी की तथा जनपद प्रभारी मंत्री ने 500 रूपये से पुरस्कृत किया तथा जिलाधिकारी द्वारा गीत में शब्द होने पर उन्हें भी पुष्प देकर सम्मानित किया। वहीं उपस्थित अतिथियों ने घसीटी देवी को ट्रैक्टर की चाबी देकर सम्मानित किया वहीं खेतों में पानी व्यवस्था को सुधार करने के लिए आरती देवी को सोलर पैनल संबंधी उपकरण उपलब्ध कराए गए। वहीं कार्यक्रम में जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि शारदीय नवरात्र के अवसर पर शुरु किए जा रहे महिला शक्ति अभियान का उद्देश्य है कि हम महिलाओं और बेटियों को सुरक्षात्मक परिवेश दें और उन्हें स्वावलंबी बनाने में शासकीय योगदान दें। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभाग अपने कार्यालय में महिला हेल्प डेस्क तत्काल शुरु करें। किसी भी विभाग में यदि कोई महिला उत्पीड़न का मामला है तो उसका प्राथमिकता पर समाधान करें। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा से लेकर स्कूल कॉलेजों और कार्पोरेट संस्थानों में महिला सशक्तीकरण, स्वावलंबन पर सेमिनार आदि का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक सप्ताह का अभियान नहीं है, शारदीय नवरात्र से शुरु होकर वासन्तिक नवरात्र तक चलने वाला कार्यक्रम है। वहीं उन्होंने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से कहा कि वे जनपद में महिला शक्ति मिशन के कार्यक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील होकर कार्यक्रम आयोजित कराएं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से इस सम्बंध में कार्ययोजना के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को विधायक प्रतिभा शुक्ला, नोडल अधिकारी सुजाता शर्मा, डीएम ड. दिनेशचन्द्र, एसपी केशव कुमार चौधरी सहित अन्य लोगों ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर एसडीएम सदर आनन्द कुमार सिंह, एसडीएम भोगनीपुर दीपाली भार्गव, अतिरिक्त मजिस्टेट्र राजीव राज, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी सुमित पटेल, जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, ईओ अकबरपुर देवहूती पाण्डेय आदि संबंधित अधिकारीगण कर्मचारी तथा समाजसेवी कंचन मिश्रा, माया कोरी आदि जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीन दीक्षित व नीतू कटियार द्वारा किया गया।

## बेटी बचाअ-बेटी पढ़ाओ को लेकर लोगों को किया जागरुक

**बकेवर।** बेटियों के प्रति हमारी भावना जब तक सकारात्मक नहीं होगीए तब तक हम बेटियों के जन्म को लेकर गंभीर नहीं होगे। ये बातें नगर पंचायत द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर आयोजित कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी अजय कुमार ने व्यक्त किये। अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर पूर्व की तुलना में लोगो में काफी जागरूकता आई है एवं महिलाओं के साथ ही पुरूषों को भी बेटी जन्म को लेकर उत्साह होना चाहिए तथा बेटियां ही जीवन का आधार होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर ग्रामीण स्तर तक सरकार विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। बेटियों की सुरक्षा को लेकर एवं उनकी बेहतर शिक्षा को लेकर सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। हम सभी को अपने सामाजिक जिम्मेदारियों का निवर्हन करते हुए इस क्षेत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगर पंचायत कर्मी अनूप कुमार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि नवरात्र पर देवी पूजन तभी सार्थकता प्रदान करेगा जब समाज बेटियों को संबल प्रदान करेगा। कार्यक्रम में अजब सिह, सुकृत शरण, अनूप कुमार, राहुल, सुधीर दीक्षित, बबलू त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम समापन पर कार्यक्रम मे उपस्थित बेटियों का नगर पंचायत ने उत्साहवर्धन किया।

## कोटेदारों ने उच्च शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा काटियार को दिया ज्ञापन

**घाटमपुर।** नगर के जहानाबाद रोड पर स्थित एक गेस्ट हाउस में पधारी प्रदेश की उच्य शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार को तीनों बिकास खंण्डों के पंहुचे कोटेदारों ने 5 सूत्रीय एक माँग पत्र देकर उचित न्याय की माँग की। उचित दर बिक्रेता सेवा समिति ( रजि0 ) के अध्यक्ष सुभाष चंद्र द्विवेदी के साथ पंहुचे बिकास खंण्ड घाटमपुर के अलावा पतारा और भीतर गांव क्षेत्र के सरकारी सस्ते गल्ले के बिक्रेताओं ( कोटेदार ) ने उच्य शिक्षा राज्य मंत्री से प्रति कुन्टल 2 सौ रुपये कमीशन देने के साथ ही माँग की कि बीते जून माह शेष धनराशि व नि:शुल्क चना बितररण का कमीशन दीपावली के पूर्ब उनके खाते में पंहुचाई जाय तथा आये दिन होने वाले उत्पीड़न पर रोक लगाई जाय। ज्ञापन देने वालों में सुभाष चंद्र द्विवेदी के अलावा परशुराम यादव रहटी खालसा, मुन्ना सिंह बदले सिमनापुर, आनन्द मिश्रा टिकवांपुर, अनिल पाण्डेय कुमेड़िया, देवेन्द्र सिंह बल्लाहन, सुनील मखौली, राजीव ढ़ोभा और जगराम सिंह आदि प्रमुख राशन बिक्रेता मौजूद रहे। इसके पहले उच्य शिक्षा राज्य मंत्री ने कोटेदारों की बैठक की, बैठक में अनलॉक की गाइड लाइन का पालन किया गया।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार की भूमि पर लेखपाल ने लगाई गलत आख्या

● प्रार्थना पत्रों के साथ संलग्न कोर्ट की कमीशन रिपोर्टों को किया नजरंदाज

**अमृतपुर फरुर्खाबाद।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र एवं भारत . पाकिस्तान संग्राम सन 1965-1971 में भाग लेने वाले संग्राम मेडल ध्रक्षा मेडल से अलंकृत दिवंगत भारतीय नौ सैनिक के पुत्र ज्ञान प्रकाश आदि को देश भक्त पूर्वजों से विरासत में मिली भूमि गाटा संख्या 2397, 2371-2. 2371, वर्तमान में गाटा स. 1946 ख जिस पर दो बार न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन में चले मुकद्मों में ज्ञान प्रकाश के पक्ष में निस्तारित उक्त भूमि पर गत वर्ष ग्राम प्रधान ने जबरन सीसी मार्ग बनवा दिया और अपने दबंग समर्थकों को घूरा कूड़ा डलवा कर कब्जा करवा दिया गया।

जिसकी उसी समय अधिकारियों से शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नही की । वर्तमान में जिला अधिकारी द्वारा भू माफ़ियाओं के विरुद्ध कठोर कदम उठाने पर उनसे न्याय की उम्मीद जागने पर दिए प्रार्थना पत्रों पर जन सुनवाई संदर्भ में थाना प्रभारी को जांच भेजने पर थाना दिवस पर एसडीएम ने न्यायालय के आदेशों को माना और उक्त भूमि की पैमाइश करवाने के बाद जमीन कब्जा मुक्त करवा देने का कहा । उक्त प्रकरण की शिकायत के दूसरे संदर्भों में लेखपाल रमेश कुमार ने प्रार्थना पत्रों के साथ संलग्न कोर्ट के जजमेंट और कमीशन रिपोर्टों को नजरंदाज करके आख्या में गलत लिखा कि ग्राम प्रधान द्वारा बनवाए गए सीसी मार्ग पर आपत्ति लगा कर ज्ञान प्रकाश ने न्यायालय में मुकद्मा दायर किया था गलत आख्या पर तहसील से अधिकारियों ने भी संस्तुति कर दी । जबकि न्यायालय में चले मुकद्मों की शुरुआत सन 2003 से हुई ।

## शातिर इनामी बदमाश कप्तान राजपूत उर्फ भीमा गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने शनिवार को शातिर इनामी बदमाश कप्तान राजपूत उर्फ भीमा को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। शहर कोतवाली पुलिस व स्वॉट टीम ने मोहल्ला श्यामनगर निवासी शातिर बदमाश कप्तान राजपूत उर्फ भीमा को गांव पपियापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी के 1900 रुपये व तीन सौ ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया। पुलिस की पूछताछ के दौरान भीमा मुस्कुराता रहा। उसके चेहरे पर गिरफ्तारी का कोई खौफ नहीं दिखा। भीमा कोतवाली की टापटेन बदमाशों की सूची में भी शामिल है। कोतवाली प्रभारी वेदप्रकाश पांडेय ने बताया कि भीमा पिछले दिनों शातिर लकी पाल के साथ हुई पुलिस की मुठभेड़ के दौरान वहां मौजूद थाए लेकिन मौका पाकर भागने में सफल हो गया था। वह मुठभेड़ के अलावा चोरी के मामले में फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि भीमा की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये इनाम घोषित था। स्वाट टीम ने पिछले दिनों शहर में हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में उससे जानकारी ली। शहर में सक्रिय चोर व लूटपाट करने वाले बदमाशों के बारे में भी जानकारी ली गई। उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। फोटो खिचने का दावा होने पर हुआ चालान पुलिस शातिर बदमाश कप्तान राजपूत उर्फ भीमा की गिरफ्तारी मुठभेड़ में करने की तैयारी कर रही थी। पता चला है कि एक युवक ने भीमा की फोटो खींच लेने का दावा पुलिस कर्मियों से किया। इसी के बाद उसका चालान तुरंत करने का निर्णय लिया गया।

## अबकी बार महिषासुर नहीं, कोरोना सुर का वध करने की मां दुर्गा से प्रार्थना

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कोविड-19** महामारी के बीच शनिवार से शुरू हुए नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की उपासना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर में प्रवेश के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन के साथ भक्तों को प्रवेश दिया जा रहा है। वही घरों और मंदिरों में देवी के नौ रूपों के पूजन के लिए स्थापना की गयी है। शक्ति के उपासक व्रत रहकर माँ की उपासना में लींन हैं। श्रद्धालुओं नें अबकी बार महिषासुर नहीं, कोरोना सुर का वध करनें की मां दुर्गा से प्रार्थना भगवती मां दुर्गा की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया। नवरात्र में दुर्गा सप्तशती के अनुसार मां भगवती की पूजा-अर्चना से सुख व सौभाग्य में बढ़ोत्तरी होती है। शारदीय नवरात्र में शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा, काली, लक्ष्मी एवं सरस्वती जी की विशेष आराधना फलदायी मानी जाती है। इस बार भक्तों की बस यही कामना कि विश्व को महामारी से मां बचाएं और शांति और संपन्नता बनाए रखें। जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन के बाद मंदिर के चारों को बैरिकेट भी किया गया है। भक्तों के उत्साह के आगे कोरोना महामारी का डर खत्म सा दिख रहा है। नगर के बढ़पुर शीतला देवी मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मंदिर, मऊदरवाजा स्थित गुरुगाँव देवी मन्दिर, भोलेपुर स्थित वैष्णों देवी मन्दिर और जेएनबी रोड़ फतेहगढ़ के गमा देवी मन्दिर में श्रद्धालु माँ आदि शक्ति की उपासना के लिए उमड़ रहें हैं। इस दौरान भक्तों ने सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वाथ साधिके, शरंये त्र्यंबके गौरी, नारायणी नमोस्तुते मंत्र की माला जपकर देवी का पूजन अर्चन किया। सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किये गये हैं।

### नवदुर्गा को नौ दिन करें अर्पित

प्रथम - उड़द, हल्दी, माला-फूल, द्वितीया -तिल, शक्कर, चूड़ी, गुलाल, शहद,तृतीया- लाल वस्त्र, शहद, खीर, काजल, चतुर्थी-दही, फल, सिंदूर, मसूर, पंचमी-दूध, मेवा, कमलपुष्प, बिंदी, षष्ठी- चुनरी, पताका, दूर्वा, सप्तमी-बताशा, इत्र, फल-पुष्प, अष्टमी-पूड़ी, पीली मिठाई, कमलगट्टा, चंदन, वस्त्र, नवमी- खीर, सुहाग सामग्री, साबूदाना, अक्षत फल, बताशा अर्पित करें।

## क्विक न्यूज

### 118 बिल संशोधन के साथ 10 कनेक्शन काटे

**ताखा।** उपखंड अधिकारी महेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में उसराहार फीडर पर मेगा कैंप लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी गई। उनका निराकरण भी किया गया। उपखंड अधिकारी ने बताया 118 बिल संशोधन किए गए 10 संयोजन विच्छेदन किए गए। रु. 50000 की राजस्व वसूली हुई। 8 मीटर भी लगाए गए। 7 अन्य समस्याओं का भी निपटारा किया गया ।महेंद्र प्रसाद ने बताया कि 4 लोगों के खिलाफ10 तारीख के आसपास एंटी पावर एक्ट के तहत एफआई आर दर्ज भी कराई गई। इस मौके पर सर्वेश कुमार अवर अभियंता मनोज कुमार अवर अभियंता अपनी टीम श्रीप्रकाश श्याम सिंह योगेश आनंद कुमार श्यामू के साथ कस्बा ऊसराहार में छापेमारी करते नजर आए। उपखंड अधिकारी ने बताया कि हमारी पूरी टीम की नजर विद्युत चोरी करने वालों पर है विद्युत चोरी बंद कर कर कनेक्शन करवा ले समय से बिल जमा करें जिससे आप भी निश्चिंत रहें विभाग भी निश्चिंत रहें । अगर कोई बिजली चोरी करते पकड़ा जाएगा तो उस पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### सांसद भरथना में जनता दरबार लगाकर सुनेंगे समस्याएं

**भरथना।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनूप जाटव ने क्षेत्रीय जनता व पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थकों से अपील करते हुए बताया भारत सरकार अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व इटावा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय यशस्वी सांसद प्रो0डॉक्टर रामशंकर कठेरिया दिनांक 18 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक भरथना के तहसील मुख्यालय पर स्थित पीडब्लूडी गेस्ट हाऊस में पहला जनता दरबार लगाकर क्षेत्रीय जनता व पार्टी पदाधिकारीएकार्यकर्ता व समर्थकों की समस्या सुनेंगे। उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग व अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। भाजपा अध्यक्ष श्री जाटव ने क्षेत्रीय जनता पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व समर्थकों से निर्धारित समय व स्थान पर पहुँचने की पुरजोर अपील की है।

### मारपीट में तीन घायल, मामला दर्ज

**शमसाबाद फर्रुखाबाद।** गांव दुदाहा निवासी सूबेदार गांव के हृदयराम को खेत में काम कराने के लिए मजदूरी पर ले गए थे। वहीं दोनों ने शराब पी। उसके बाद हृदयराम ने मजदूरी के रुपये मांगे। न देने पर हृदयराम अपनी मां गंगावती व पुत्रों के साथ मिलकर सूबेदार के घर में घुस गए और लाठी.डंडों से पीटकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष आरके रावत ने बताया कि सूबेदार की तहरीर पर हृदयरामए गंगावती तथा उनके पुत्रों के खिलाफएनसीआर दर्ज कर घायल का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब पीने को लेकर विवाद हुआ है। .

### छह दिन पूर्व गई किशोरी बरामद, प्रेमी गिरफ्तार

**शमसाबाद फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी को छह दिन पूर्व जनपद शाहजहांपुर थाना अल्लाहगंज निवासी रिश्तेदार बहला फुसलाकर ले गया था। जिसकी शिकायत मां पुलिस से की थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर युवक जमील को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष आरके रावत ने बताया किशोरी को मां के सुपुर्द कर दिया गया है। मां ने कोई भी कार्रवाई करने से मना कर दिया। आरोपित का शांतिभंग में चालान किया गया है। .संसू

### दबंगों ने पिता पुत्र को पीटा

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** गांव सिरौली निवासी रामशंकर शाक्य अपने चबूतरे पर बैठे थे। गांव के नामजद लोगों ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया। विरोध करने पर दबंगों ने रामशंकर को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। रामशंकर को बचाने आए पुत्र रामदीन से भी मारपीट की। जिससे पिता पुत्र चुटहिल हो गए। रामशंकर ने नामजद लोगों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### मामूली बात पर महिला का सिर फोड़ा

**फर्रुखाबाद।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव प्रकाश नगर निवासी सुरजीत ने गांव के ही चरन सिंहए कमलेश व रामस्वरूप के खिलाफएनसीआर दर्ज कराई। जिसमें कहा कि शुक्रवार शाम को गली को लेकर कहासुनी होने पर आरोपित भाभी मंजू देवी को गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपितों ने भाभी को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। .

### मारपीट में दंपती समेत तीन घायल

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** गांव उखरा निवासी शैलेश कुमार दिवाकर खेत पर काम कर रहे थे। घर पर उनके पिता राज बहादुर व स्वजन थे। गांव के ही नामजद लोगों ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया। विरोध करने पर दबंगो ने राजबहादुर को लाठी डंडो से पीटना शुरू कर दिया। बचाने आईं पत्नी राजबेटी व शैलेश की पत्नी रजनी को भी पीटा। मारपीट में राजबहादुरए राजबेटी व पुत्रवधू रजनी देवी घायल हो गईं। शैलेश कुमार ने नामजद लोगों के खिलाफतहरीर दी। .

### पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर शोकसभा का हुआ आयोजन

**रूरा, कानपुर देहात।** वरिष्ठ कॉग्रेसी नेता व सेवानिवृत्त शिक्षक रामऔतार दीक्षित के नेतृत्व में शिक्षकों व बुद्धजीवियों ने गलुवापुर इण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य व कामरेड नेता पीएन पाण्डेय के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके सामाजिक व राजनैतिक विचार पर वकवतय दिये। गरीबों पीडित, शोषित वर्ग के लिये हमेशा खडे रहने वाले पूर्व प्रधानचार्य की शोक सभा में रामलखन यादव प्राचार्य, विजय यादव, प्रशॉत दीक्षित अवनीश शुक्ला, हृदयनारायण त्रिवेदी, बच्चन लाल पाण्डेय, अशोक यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान के निधन पर उमड़ा जनसैलाब

**रूरा, कानपुर देहात।** चिलौली गॉव के लगातार तीन बार प्रधान रहे रामप्रताप दीक्षित पिछले काफी समय से बीमारी से जूझ रहे थे। शनिवार को उनके निधन की खबर पर सैकडों की सॅख्या में क्षेत्रीय लोगों का हजूम पूर्व प्रधान के अॅतिम दर्शन करने को उमड पडा। इस मौके पर पूरे सम्मान के साथ लोगों ने पूर्व प्रधान को अॅतिम विदाई दी। पूर्व प्रधान लगातार अपने सामाजिक सरोकारों के चलते तीन बार प्रधान चिलौली गॉव के बने थे। अकबरपुर सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले के नजदीकी लोगों में शुमार होने वाले रामप्रताप दीक्षित गॉधी गोविन्द विद्यालय डेरापुर के प्रधानाचार्य व किसान सॅध बडा गॉव के सॅचालक भी रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया

**बकेवर।** कृषि विज्ञान केंद्र इटावा पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे कृषक महिलाओं को सशक्तिकरण के लिये समूह में कार्य करने व स्वावलंबी बंनाने पर जोर दिया गया। वहीं कृषक महिला ध्पुरुषो को फसल चना प्रजाति का आरण्बीण्जी202एका बीज कलस्टर प्रर्दशन के अंतर्गत नि:शुल्क एक एकड़ के लिए दिया गया। इसके अलावा ग्राम सारंगपुर चिन्दौलीए बसैयाहारएसारंगपुरएप्रतापनेर आदि गांवों की कृषक महिलाओं व पुरुषो को सरसों प्रजाति की आरण्एचण्749 का बीज निशुल्क दिया गया था । कृषक गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉण् एमण् केण्सिंह ने कृषि केआधुनिकरण में महिलाओं के योगदान पर जोर दिया। वही किसानों द्वारा पराली को न जलाये पर बिशेष बल दिया तथा उसके सदुपयोग पर जोर दिया।

## यूपी की सड़कों पर अब होगा संघर्षः शिवपाल

**इटावा।** समाजवादी पार्टी से अलग होकर नया राजनैतिक दल बना चुके प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्रांति रथ के द्वारा उत्तर प्रदेश की सड़कों पर संघर्ष करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हम लोग क्रांति रथ के द्वारा यूपी की सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेंगे। लोहियावादी समाजवादी और गांधीवादी विचारधारा के लोग एक साथ मिलकर सड़क पर संघर्ष करेंगे और प्रदेश से भाजपा को उखाड़ कर फेंक देंगे उन्होंने कहा कि प्रदेश में उनकी सरकार आने पर बेरोजगार युवाओ को नौकरी और 65 वर्ष से ऊपर के लोगों को पेंशन भी दी जाएगी।

शनिवार को प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के मुख्यालय का उद्घाटन करने इटावा पहुंचे उद्घाटन के बाद शिवपाल यादव ने मंच से सम्बोधन करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी सड़को पर उतरकर संघर्ष करेगी क्रांति रथ के द्वारा प्रसपा यूपी की सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी और प्रदेश से भाजपा की सरकार को जड़ से उखाड़कर फेंक देगी। उन्होंने कहा कि लोहियावादी समाजवादी और गांधीवादी विचारधारा के लोग एक साथ मिलकर सरकार के खिलाफ संघर्ष करेंगे और प्रदेश से बीजेपी को हटाएंगे हमारी सरकार आने पर नौजवानों को नौकरी दी जाएगी और 65 वर्ष से अधिक लोगो को पेंशन दी जाएगी। अखिलेश यादव और निशाना साधते हुए कहा कि सम्मान औए स्वाभिमान के आगे नही झुकेंगे। हमने कई बार कहा था कि वह जो फैसला करेंगे हम मानने को तैयार है अब संघर्ष होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार से ज्यादा बुरा हाल है। अब यूपी में क्रांति रथ के माध्यम से संघर्ष होगा धरना प्रदर्शन होंगे सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ खुलकर संघर्ष किया जाएगा और प्रदेश से भाजपा की सरकार को उखाड़कर फेंका जाएगा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव के बहनोई अजंट सिंह यादव, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, सुनील यादव सहित प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ईस्ट इंडिया कंपनी की तर्ज पर बड़े उद्योगपतियों को देश पर कब्जा दिलाने की कोशिश की जा रही है : शिवपाल सिंह

**जसवंतनगर।** भाजपा सरकार में प्रसपा कार्यकर्ताओं का जमकर उत्पीड़न किया जा रहा है उनके खिलाफपर फर्जी मुकदमे लिखाए जा रहे हैं। इस सरकार में भ्रष्टाचार भी चरम सीमा पर है।

यह बात आज यहां नगर में अमित असित ऑटो सेल्स के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस सरकार में मंडी खत्म होने की कगार पर हैं किसानों की फसल बिक्री पर लागत नहीं निकल रही है। पूंजीपतियों को लाभ के लिए निजीकरण किया जा रहा है जबकि गांधी व लोहिया विकेंद्रीकरण चाहते थे। अब तो ईस्ट इंडिया कंपनी की तर्ज पर बड़े उद्योगपतियों को देश पर कब्जा दिलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आजकल तो रिपोर्ट लिखाने के नाम पर व ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर बड़ी रिश्वतखोरी हो रही है। डीजल पेट्रोल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और बिजली बिलों में हुई अत्यधिक बढ़ोतरी और जुर्माने के नाम पर जमकर लूट की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार थी तब उन्होंने इस क्षेत्र में तमाम विकास कार्य कराए सड़कों और पुलों की तो गिनती ही नहीं है। किसानों को समर्थन मूल्य भी बढ़ाकर दिलाया गया था। शिवपाल सिंह यादव ने सपा को लेकर यह भी कहा कि वे एक साल से लगातार एक होने के कोशिश में लगे हैं किंतु अभी तक उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। यह भी कहा है कि यदि उनकी सरकार बनती है तो वकीलों को 5 साल तक भत्ता और पत्रकार साहित्यकार व कवियों को पेंशन देने का काम करेंगे।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी ने की समीक्षा, दिये निर्देश



**कानपुर देहात।** प्रदेश सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण सम्बन्धी नामित जनपद की नोडल अधिकारी (वरिष्ठ आईएएस) सुजाता शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों व गणमान्यजनों व उद्यमियों आदि के साथ बैठक की। बैठक में नामित नोडल अधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपनी अपनी कार्ययोजना पहले से ही तैयार रखे तथा उसी के अनुसार कार्यवाही करें। सभी सरकारी विभाग अपने कार्यालय में महिला हेल्प डेस्क तत्काल शुरु करें। किसी भी विभाग में यदि कोई महिला उत्पीड़न का मामला है तो उसका प्राथमिकता पर समाधान करें। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा से लेकर स्कूल कॉलेजों और कार्पोरेट संस्थानों में महिला सशक्तीकरण, स्वावलंबन पर सेमिनार आदि के आयोजन में नजर रखे यह मात्र एक सप्ताह का अभियान नहीं है, शारदीय नवरात्र से शुरु होकर वासन्तिक नवरात्र तक चलने वाला कार्यक्रम है। जनपद में महिला शक्ति मिशन के कार्यक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील होकर कार्यक्रम आयोजित कराएं। लोगों को जागरूक करे तथा भीड वाले स्थानों को चिन्हित कर लिया जाये तथा वहां पर महिला पुलिस भी लगायी जाये तथा फैक्ट्री एरिया के तहत वहां पर भी महिला मजदूरों की सुरक्षा के लिए पुलिस टीम रहे तथा सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क अवश्यक संचालित कराये तथा थाने में आने वाली महिलाओं का सम्मान के साथ जागरूक किया जाये। बैठक में अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा आदि विभागों के अधिकारीगण व गणमान्यजन, उद्यमी आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति महिलाओं के स्वाभिमान और सम्मान का बनेगा कवचः बिहारी

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**योगी सरकार** की महिला सुरक्षा के नाम पर हुई किरकिरी के बाद अब सरकार नें महिला सुरक्षा के लिए कदम मजबूत कर दिये है। जिसके बाद सरकार नें महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति का शुभारम्भ कर दिया। 180 तक चलने वाले इस अभियान को प्रभारी मंत्री नें हरी झंडी दिखाकर 'मिशन शक्ति' के काफिले को रवाना किया।

कलेक्ट्रेट में शनिवार को जिले के प्रभारी मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा नें मिशन शक्ति के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमे सूचना जनसम्पर्क विभाग के द्वारा व महिला कल्याण विभाग के प्रचार वाहन शामिल थे। जो महिला शक्तिकरण को लेकर जन सामान्य को जागरूक करने के लिए प्रचार वाहन रवाना किये गये। प्रभारी मंत्री नें कहा की सरकार का मिशन शक्ति महिला सुरक्षा के लिए कवच का कार्य करेगा।

### जिला योजना संरचना की बैठक में 254 करोड़ 53 लाख का बजट पास

कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला योजना संरचना की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे 16 नव नियुक्त शिक्षको को 10 दिन के भीतर नियुक्ति पत्र देनें के निर्देश बीएसए लाल जी यादव को दिये गये। उन्होंने खनन निरीक्षक राजीव रंजन को निर्देशित किया कि बड़े-बड़े खनन माफ़ियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करें। बैठक में 254 करोड़ 53 लाख का वजट पास किया गया। बैठक में होम्योपैथी चिकित्सक डॉ0 महेंद्र पाल सिंह के द्वारा बैठक में जनप्रतिनिधियों से ठीक से वार्ता ना करने पर कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

शनिवार को जिला योजना संरचना की बैठक में पंहुचे प्रभारी मंत्री नें कहा कि मीडिया नें बीते दिन उनकी बहुत निंदा की। उनका स्वभाव इस तरह का नही है। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा से कहा कि महिला उत्पीडन के मामले में आप भले कार्यवाही में लगे हो लेकिन उसको न्याय से जादा संतुष्ट करने की जरूरत है। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिये कि महिला सुरक्षा और उनके सम्मान को विशेष ध्यान दें। महिला उत्पीडन की शिकायत आने पर कार्यवाही के साथ ही शिकायत करने वाले पक्ष को अवश्य संतुष्ट करें।

### 9 लाभर्थियों को 1 करोड़ 29 लाख का ऋण वितरण

प्रभारी मंत्री नें जनपद के 9 लाभार्थियों को 1 करोड़ 29 लाख का ऋण वितरण के दौरान डमी चेक का प्रदान की। इसके साथ सभी व्लाकों के 401 फाइव स्टार विद्यालयों का बटन दबाकर डिजिटल उद्घाटन किया। इसके साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले एसडीएम सदर अनिल कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद व बीडीओ कमालगंज, डाक्टर व प्रधान अशोक मिश्रा आदि को सम्मानित किया गया। सांसद मुकेश राजपूत, जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, एसपी डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा, जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, कायमगंज विधायक अमर सिंह खटिक, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया, नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल आदि रहे।

# महिलाओं को सशक्त करेगा मिशन शक्ति

● प्रभारी मंत्री ने मिशन शक्ति अभियान का किया शुभारम्भ

● महिला आईपीएस बनीं नोडल अधिकारी



संवाददाता। कन्नौज

**महिलाओं** को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। शनिवार को प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कन्नौज में अभियान की शुरुआत की।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अभियान की शुरुआत करते हुए कैबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर है। केन्द्र सरकार व प्रदेश की सरकार ने महिलओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित कर रखी हैं। उसका फायदा महिलाओं को मिल रहा है।उन्होंने सरकार की ओर से संचालित कई योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा साकार करने के लिए सुमंगला योजना चलाया जा रहा है। इससे बेटियों की पढ़ाई में मदद मिल रही है। अपराध को रोकने के लिए भी कई ठोस कदम उठाए गए हैं। सांसद सुब्रत पाठक ने भी सरकार की नई पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को अपनी ताकत, हक और सुरक्षा का एहसास होगा।उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने के लिए उन्हें शिक्षित होना जरूरी है। घरेलू हिंसा और गर्भपात जैसी घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि महिलाओं को सम्मान देने की परंपरा हमें घर से ही करनी होगी। डीएम राकेश मिश्र ने मिशन शक्ति अभियान पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं से उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। एडीएम गजेन्द्र कुमार ने समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिकाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार जताया।कार्यक्रम का संचालन मेजर एनसी टंडन ने किया। कार्यक्रम के आखिर में महिला पुलिसकर्मियों, अध्यापिकाओं व महिला लेखपालों की स्कूटी रैली निकाली गई। प्रभारी मंत्री और सांसद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। स्कूटी रैली की मदद से मिशन शक्ति से लोगों तक जागरूकता फैलाई गई।

### अभियान की नोडल अधिकारी बनी आईपीएस पूनम

सरकार की ओर से मिशन शक्ति के संचालन के लिए महिला आईपीएस अधिकारी पूनम को जिले का नोडल अफसर बनाया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नोडल अधिकारी ने बेटियों को बहादुर और निडर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि हरियाणा की बेटियां किसी ने नहीं डरतीं। कोई उनकी तरफ गलत नीयत से देख ले तो पिटाई करने से पीछे नहीं हटती हैं। उन्होंने कहा कि कानून अपने हाथ में न लें, लेकिन कानून की मदद से अपने हक के लिए जरूर लड़ें। बेटियों को बहादुर बनने के लिए शिक्षित होना भी जरूरी है। फिर वह किसी भी मुकाम को हासिल कर सकती हैं।

## बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान को लेकर प्रशासन ने बनाई रणनीति

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय, पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, नोडल अधिकारी श्रीमती वंदना त्रिपाठी की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में महिला तथा बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि आज महिला शक्ति स्वावलंबन अभियान की शुरुआत की गई है, इस अभियान में पुलिस की महती भूमिका है। जन जागरूकता कार्यक्रम में उप जिलाधिकारियों को भी शामिल किया जाये। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कहा कि मिशन शक्ति का कार्यक्रम 6 माह तक चलेगा इसकी आज शुरुआत की गई है सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का मुख्य उद्देश्य को लागू करने के लिए कन्वर्जेंस के विभाग भी लगाए गए हैं जिसमें विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाना है। सभी थानों पर एंटी रोमियो प्रचलित है महिलाओं की जो 112, 1090, 1076 टोल फ्री नंबर है उनका भी प्रचार-प्रसार कराया जाए। सभी थानाध्यक्ष अभियान चलाकर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराएं अराजक तत्वों के खिलाफकार्यवाही की जाए। इस प्रथम चरण में जागरूकता का कार्यक्रम 25 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बाद भी चौत्र मास की नवरात्रि तक यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनपद नोडल अधिकारी श्रीमती वंदना त्रिपाठी सभी थानाध्यक्षों से कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को देखते हुए एंटी रोमियो को सक्रिय किया जाए। महिला हेल्पडेस्क सभी थाना पर बन जाये। कहा कि जहां पूजा पंडाल रामलीला आदि कार्यक्रम हो रहे हैं उसमें एंटी रोमियो की टीम जाकर महिला व बालिका स्वावलंबन की जानकारी अवश्य दें। क्षेत्र में अगर कोई घटना होती है तो तत्काल उस पर कार्यवाही की जाए समस्याओं का निस्तारण थाना स्तर पर ही कराया जाए। कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए जो भी कार्यक्रम चलाया जाए उनका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार अवश्य कराया जाए। तत्पश्चात जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय तथा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने क्राइम, अभियोजन, कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा बैठक की।

बैठक में अपर जिलाधिकारी जी पी सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी राम प्रकाश, मऊ नवदीप शुक्ला, मानिकपुर संगम लाल, राजापुर राहुल कश्यप, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार यादव सहित संबंधित अधिकारी, थानाध्यक्ष व शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान की सांसद चंदेल ने की शुरुआत

**महोबा।** जिले में मिशन शक्ति अभियान का शुभारंभ शनिवार को सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने एक समारोह में किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने दुर्गा पूजा के प्रथम दिन से अभियान की शुरुआत कर लोगो से नारी शक्ति के मानण्सम्मान को कायम रखने हेतु कार्य करने का आवाहन किया है। अभियान से जुड़ कर सभी को महिलाओं के सम्मान का संकल्प लेना चाहिए।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि संविधान में महिलाओं को पुरुषों के बराबर हक दिया गया है। महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा महिला कल्याण के लिए संचालित कार्यक्रमो की जिले में स्थिति की समीक्षा कराई जाएगी।इस दौरान जिले में मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम के संचालन के लिए शासन द्वारा नियुक्त महिला अधिकारी अपर निदेशक चित्रलेखा सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद महोबा की चेयरमेन दिलासा तिवारी ने कहा कि महिला को अबला समझने का वक्त अब नही रहा। पुरुष प्रधान समाको अपनी सोच बदलना चाहिए। महिला थाना प्रभारी रचना राजपूत ने कहा कि किसी भी संकटपूर्ण स्थिति में महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरो का तत्काल प्रयोग करना चाहिए।

## भ्रष्टाचार में दो पुलिस आरक्षी निलंबित

**महोबा।** भ्रष्टाचार, अनियमितता ओर नियम कानून का अनुपालन न करके मनमानी करने पर उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के अजनर थाना में तैनात पुलिस के दो आरक्षियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोपो से जूझ रही जिले की पुलिस की छवि को सुधारने के लिए महकमे के दागी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधिकारियों के लिए दंड एवम अपील नियमावली 19 91 के सेक्सन 17य1द्ध के तहत अजनर थाने में तैनात आरक्षी प्रभात कुमार व मोहित यादव को आज तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफवसूली व स्वेच्छाचारिता से सम्बंधित अनेक शिकायते थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भ्रष्टाचार एवम स्वेच्छाचारिता से सम्बंधित शिकायतों पर जिले में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जा चुका है। दंडित होने वालों में यहां तीन थानों कबरईएखरेलाएपनवाड़ीके एसओ क्रमशः देवेंद्र शुक्लाए राजू सिंह व अशोक कुमार सिंह समेत पूर्व पुलिस अधीक्षक आईपीएस मणिलाल पाटीदार भी शामिल है। एसपी पाटीदार के खिलाफमुकदमा भी पंजीकृत है। कोर्ट में पेश न होने तथा फरार होने के कारण अदालत ने उनके विरुद्ध गैर जमानती वारंट भी जारी किया है। इसके अलावा दागी छवि के जिले के 40 से अधिक पुलिस कर्मियों को मंडल से बाहर ट्रांसफर करके महकमे में ब्यापक बदलाव किया गया है।

## पचास फीसदी बच्चों के साथ 19 से खोलें विद्यालयः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने जिले के सभी प्रधानाचार्यो को निर्देश दिये कि बच्चों को नैतिक व सामाजिक शिक्षा का भी ज्ञान दिया जाये। उन्होंने विद्यालय खोले जाने बाबत बोर्ड के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की। शनिवार को जिलाधिकारी ने कहा कि विषम हालातों में शासन ने बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए पचास फीसदी बच्चों के साथ विद्यालय खोलने के निर्देश जारी किये हैं। बहुत कम प्रदेशों में अभी स्कूल, कालेज खोलने की अनुमति दी गई है। कोरोना को ध्यान में रखते हुए 19 अक्टूबर से विद्यालय खोले जाने से पहले सभी व्यवस्थायें कर लें। सीएमओ व अधिशाषी अधिकारियों से कहा कि विद्यालयों को सैनेटाइज कराकर एसडीएम अपने क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण कर लें। प्रधानाचार्यों से कहा कि पिंक कार्ड धारक छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा दें। जिले की नोडल अधिकारी श्रीमती वन्दना त्रिपाठी ने प्रधानाचार्यो से कहा कि एनसीसी व स्काउट के छात्र-छात्राओं को सक्रिय कर महिला सशक्तिकरण की बाबत जन-जागरूकता करायें। छह माह की कार्य योजना बनाकर भविष्य में बालिका कालेजों में स्वावलम्बन व सुरक्षा तथा सम्मान के बारे में बताया जाये। जिला विद्यालय निरीक्षण बलिराज राम ने सभी प्रधानाचार्यो को निर्देश दिये कि शासन से प्राप्त गाइडलाइन का अध्ययन कर विद्यालयों में अनुपालन करायें। बैठक में एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, एसडीएम राजापुर राहुल कश्यप, एसडीएम मानिकपुर संगमलाल, सीएमओ डॉ विनोद कुमार, बीएसए ओंकार राणा आदि मौजूद रहे।

## शैलपुत्री की आराधना कर भक्तों ने की कलश स्थापना

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नवरात्र के प्रथम दिवस शारदीय नवरात्र पर कोरोना काल के बाद सती माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों के कपाट खुले और भक्तों ने पूरी आस्था के साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए पूजा अर्चना की और भक्तों ने घरों में हवन पूजन कर कलश स्थापित किया। शनिवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर भक्तों ने देवी मंदिरों में माता रानी की पूजा अर्चना कर आरती वंदना की। भक्तों ने अपने घरों में कलश स्थापित कर हवन पूजन किया और सुख शांति की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। जिसके कारण नगर के सर्विस रोड स्थित प्राचीन सती माता मंदिर में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता नें विधि विधान से पूजा अर्चना की। उधर नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित प्राचीन काली देवी मंदिर, तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर, पावर हाउस में गंगेश्वर नाथ मंदिर, राम मंदिर में भक्तों नें सोशल डिस्टेंसिंग के तहत पूजा-अर्चना की। ज्ञात हो कि कोरोना कालके नियमों के चलते शासन द्वारा धार्मिक कार्यों के लिए कड़े नियम जारी किए गए हैं। इस कारण अधिकांश मंदिरों में धार्मिक आयोजन नहीं होंगे।

## बेटियों को शिक्षा के पर्याप्त अवसर प्रदान किये जायें: नोडल अधिकारी

● मिशन शक्ति अभियान का किया शुभारंभ,जन प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**हमीरपुर।** मिशन शक्ति अभियान के शुभारंभ अवसर पर एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सदर युवराज सिंह तथा विशिष्ट अतिथि मा अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती जयंती राजपूत रहीं।

इस मौके पर वर्ष 2020 में यूपी बोर्ड एंड सीबीएसई बोर्ड में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में जनपद स्तर की टॉप-10 टॉपर बालिकाओं को पांच पांच हजार की चेक , प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह सदर विधायक, अध्यक्ष जिला पंचायत ,शासन द्वारा जनपद में मिशन शक्ति हेतु नामित नोडल अधिकारी आईएएस प्रियंका निरंजन, जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ,पुलिस अधीक्षक एनके सिंह द्वारा प्रदानकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली हाई स्कूल की छात्राओं में सृष्टि, सुभाषिनी गुप्ता ,देविका, दीक्षा कसौधन ,सिया शिवहरे ,निहारिका नामदेव ,आकांक्षा अवस्थी, सेजल ,स्मृति चौहान ,इशिता अग्रवाल तथा इंटरमीडिएट की छात्राओं में छवि प्रजापति ,स्वर्णिमा ,दिव्या ,अनामिका सोनकर ,पूजा ,सना आफरीन, गुरबीन कौर अरोरा ,अवनी बुधौलिया, जिज्ञासा पालीवाल , जीवन ज्योति आदि शामिल रहीं नोडल अधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कहा कि मिशन शक्ति के इस कार्यक्रम को अंतर विभागीय समन्वय के माध्यम से 24 विभागो द्वारा पूरे 180 दिन संचालित किया जाएगा । इसका उद्देश्य महिलाओं के को उनके अधिकारों , उनके उत्थान हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रमो के प्रति जागरूक करना है। कहा कि यह समाज जितना पुरुषों का है उतना ही महिलाओं का भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान हेतु शिक्षा का अहम रोल है अतः बेटियों को शिक्षा के पर्याप्त अवसर अवश्य उपलब्ध कराए जाय। जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि महिलाएं, बेटियां किसी से कम नहीं है उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार के हो रहे भेदभाव अन्याय को छुपाया न जाय इससे अपराध को बढ़ावा मिलता है अतः हमारे बालिकाओं महिलाओं के साथ हो रहे किसी भी प्रकार के भेदभाव अन्याय हिंसा आदि को छुपाया ना जाए अपितु खुलकर बताया जाए, पुलिस क्षेत्राधिकारी मौदहा सौम्या मिश्रा ने महिलाओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट, एंटी रोमियो स्क्वायड, वुमन हेल्पलाइन 1090, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से रोकथाम ,घरेलू हिंसा से रोकथाम, तीन तलाक से रोक, छेड़खानी बलात्कार के विरुद्ध बनाए गए विभिन्न एक्ट प्रावधानों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## लखनऊ से आई टीम को दो गांवों में आधा दर्जन कुओं में मिले डेंगू के लार्वा

**राठ ( हमीरपुर )।** कुल्हैंडा गांव में डेंगू के बढते प्रकोप के चलते आज लखनऊ से आई डेंगू की राज्य स्तरीय टीम ने कुल्हैंडा और गल्हिया गांव में पहुंच कर जायजा लिया। गल्हिया गांव में डेंगू से दो माह के बीच सात लोगों की मौत हो चुकी है। शनिवार को लखनऊ से आए ज्वाइंट डायरेक्टर डा.विकास सिंह, कीट वैज्ञानिक सुदेश कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी आरके यादव, मलेरिया निरीक्षक शमीम उल्ला की टीम ने कुल्हैंडा और गल्हिया गांव पहुंच कर डेंगू फैलने की जांच पड़ताल की। कुल्हैंड़ा गांव में टीम ने सबसे पहले गांव में बने कुओं को जायजा लिया। गांव के 6 कुओं की जांच की तो 4 कुओं के अंदर भरे पानी में डेंगू के लार्वा मिले। इसी तरह से टीम ने गल्हिया गांव के कुओं को देखा। जिसमें दो कुओं में डेंगू के लार्वा मिले। टीम ने गांव के घरों में जाकर पानी से भरे स्थिति को देखा। प्राथमिक विद्यालय में शिविर लगाकर डेंगू से पीड़ित मरीजों की जांच पड़ताल करते हुए उनसे बातचीत की। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि गांव में साफ सफाई और दवा के छिड़काव से फिलहाल डेंगू के लार्वा खत्म हो गए हैं लेकिन अनउपयोगी कुओं में व्याप्त गंदगी और साफ पानी भरा होने के कारण उनमें डेंगू के लार्वा मिले। जो ग्रामीणों के लिए खतरा है। उन्होने कुओं की साफ सफाई के निर्देश दिए।

## 48 घंटे बाद भी नहर में डूबे मासूम को तलाश नहीं कर सकी पुलिस

**एट ( जालौन )।** बीते रोज शुक्रवार की दोपहर मामुलिया विसर्जन के दौरान अपनी बहिनों के साथ नहर में गए मासूम के डूबने से जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वही पुलिस के उदासीन रवैया के चलते मासूम का 48 घंटे बीत जाने के बावजूद भी पता नहीं चल सका। क्योंकि न तो पुलिस ने मासूम को खोजने के लिए गोताखोरों को नहर में उतारना मुनासिब समझा न इस ओर कोई ध्यान दिया जा रहा है। मासूम के चचेरे भाई अखिलेश का कहना है कि थानाध्यक्ष कमलेश प्रजापति को भी मासूम सुभाष को तलाशने के बारे में कहा किंतु उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। 48 घंटे बीत जाने के बावजूद भी नहर में कोई गोताखोर नहीं उतारा गया ताकि मासूम की तलाश की जा सके। वहीं ग्रामीणों की मानें तो नहर में करीब 12 फीट लंबा मगरमच्छ विचरण करता देखा गया। इकलौते पुत्र के नहर में डूबने से उसकी तीन बहनों सहित मां- का रो रो कर बुरा हाल है।

## नारी शक्ति की सुरक्षा और सम्मान दिलाने को संकल्पित है योगी सरकार: पटेल

● सांसद और डीएम ने झंडी दिखाकर दिखाकर किया मिशन शक्ति का शुभारंभ

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट सांसद आर0के0 सिंह पटेल, जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय, पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल तथा मिशन शक्ति के लिए लखनऊ से नामित नोडल अधिकारी श्रीमती वंदना त्रिपाठी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर से मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन अभियान का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।इस मौके पर सांसद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार नारी शक्ति को सम्मान दिलाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।योगी सरकार का मिशन शक्ति कार्यक्रम महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करेगा।

शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर मिशन शक्ति का शुभारंभ करते हुए सांसद आर0के0 सिंह पटेल ने कहा कि नवरात्रि का प्रथम दिन है माता भगवती की कृपा से आज इस मिशन शक्ति कार्यक्रम की शुरुआत हुई है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं कि उन्होंने नारी शक्ति के लिए यह अभियान चलाया। यह अभियान 6 माह तक चलेगा ,जिसमें जिला प्रशासन की पूरी टीम कार्य कर रही है। आज मां भगवती का पहला दिन है मैं सभी देवियों को प्रणाम करता हूं।आज भगवान श्री राम की तपोस्थली चित्रकूट से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय ने कहा कि आज मिशन शक्ति का शुभारंभ सांसद आर के सिंह पटेल द्वारा किया गया। महिलाओं की सुरक्षा,सम्मान और जन जागरूकता के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर एक सप्ताह का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जन-जन तक संदेश भेजना है कि महिलाओं का सम्मान,



नारी शक्ति का सम्मान करें। आज इसलिए प्रसांगिक होगा कि आज से नवरात्रि का प्रारंभ हो रहा है। हम सब लोग मिलजुल कर संकल्प लें कि नारी का सम्मान करें। उनके निरंतर उत्थान पर कार्य किए जाएं।सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ महिलाओं को दें। जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा को निर्देश दिए कि इन प्रचार वाहनों को लगाकर जनपद के सुदूर गांव में महिलाओं के उत्थान के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए। रैली के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल,अपर जिलाधिकारी जी पी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश स्वरूप पांडेय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, उपनिदेशक कृषि टीपी शाही, डीसी एनआरएलएम राम उदरेज यादव, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तथा सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर मौजूद रहे।

## राम वनवास की लीला देख हुए हुये भावविभोर

संवाददाता। जालौन (उरई)

**रामलीला** भवन में चल रहे 172 वें श्रीराम लीला महोत्सव के 6 वें दिन सीता विदाई से राम वनवास तक की लीला का मंचन किया गया। राम वनवास की लीला देख राम भक्त भाव-विभोर हो गए। रामलीला महोत्सव में छटवें दिन माता सीता का अपने माता-पिता, सगे-संबंधी, भाई-बंधु से बिछड़ने की लीला का मनोहारी प्रस्तुति देख सभी आकुल हो गए। राम परिवार का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। माता सीता के अयोध्या पहुंचने पर बधाई गीत गाए गए। मंच पर राजा दशरथ भगवान श्रीराम को युवराज घोषित करते हैं तो मंथरा के भड़काने पर कैकई कोप भवन में चली जाती हैं। राजा दशरथ के मनाने पर वह भरत को राजगद्दी व श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास का वरदान मांगती है। इसका पता चलने पर भगवान श्रीराम सीता जी व लक्ष्मण के साथ वनवास चले जाते हैं। भगवान श्रीराम व अयोध्या के महाराज दशरथ के संवाद को सुनकर दर्शकों की आंखें नम हो गई तथा पंडाल में कुछ देर के लिए खामोशी छा गई। लीला मंचन में भगवान श्रीराम के रूप में पिकीं महाराज , माता जानकी के रूप में बृजेश शर्मा, लक्ष्मण के रूप में के के शुक्ला, राजा दशरथ के रूप रमेश चंद्र दुवे का अभिनव दर्शकों को खूब भाया, इस मौके पर समिति के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, मंत्री पवन चतुर्वेदी, रामशरण शर्मा, प्रयाग गुप्त, मंगल चतुर्वेदी ने लीला का सफल आयोजन कराने में सहयोग किया।

# क्विक न्यूज

### जेडी ने अभियोजकों, डीजीसी को शासनादेश से कराया अवगत

**हमीरपुर।** संयुक्त निदेशक अभियोजन बीएल वर्मा ने बताया कि उन्होंने शासनादेश के मुताबिक सभी अभियोजकों,एपीओ, डीजीसी को पत्र लिखकर न्यायालय में लंबित महिला उत्पीड़न, बलात्कार पाक्सो एवं बाल अपराध में संबंधित अभियोगों को गुणवत्तापूर्वक शीघ्र निस्तारण करने को कहा है। उन्होंने आदेश दिया है कि ज्यादा से ज्यादा आरोपियों की जमानतें खारिज करायी जाये ताकि अदालत उनको जल्द से जल्द सजा दे सके। श्री वर्मा ने बताया कि समय समय पर शासन से आवश्यक दिशा निर्देश आते रहते है। और शासकीय अधिवक्ताओं व अभियोजन अधिकारियों को इस मामले में जानकारी दे दी जाती है। वहीं एपीओ नित्यानंद यादव को मिशन शक्ति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है ताकि आरोपियों को जल्दी सजा दिलायी जा सके।

### छोटे भाई ने थाने में कराया मृत घोषित, बड़े भाई ने दी तहरीर

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र धनौरी गांव में बड़े भाई ने छोटे भाई पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुये थाने में तहरीर दी है। धनौरी गांव निवासी लल्ला मुकाम मिश्रीपुरा निवासी छव्वराम पुत्र कल्लू ने बताया कि वह चार भाई भगवानी, रामचरण, गुलाब है। गुरूवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह खेत देखने के लिये गांव गया था। बताया कि गांव में वह हरिओम से बात कर रहा था। आरोप लगाया कि तभी उसका छोटा भाई गुलाब आया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। बताया पिता की मृत्यु के बाद उसने चारों भाईयों के नाम वरासत करा दी थी। लेकिन मकान पर गुलाब कब्जा किये है। आरोप लगाया कि गुलाब ने पिता के नाम से बैंक से पैसे निकाल लिये थे। रुपये जमा न करने से चारों भाईयों की जमीन बंधक है। जब वह गांव जाता है तो उसे जान से मारने की धमकी देता है। बताया उसका छोटा भाई गुलाब वारंट चल रहा है। आरोप लगाया कि जिसमें राठ थाने में वारंट में लिखकर मुकदमा में मृत घोषित हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सल्फास खाने से युवक की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के मुगलपुरा मोहल्ला निवासी अरूण कुमार (32) पुत्र फूलसिंह ने पारिवारिक कलह के चलते सल्फास की गोलियों का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। नाजुक हालत में चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया। जहां रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इसी तरह से कोतवाली क्षेत्र के टोला गांव निवासी वीरसिंह की 23 वर्षीया पत्नी सुखवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में चार घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बा सरीला निवासी अतीक खान (45) पुत्र करामत अपने 18 वर्षीया पुत्री शहनाज के साथ बाइक से राठ आ रहा था। रास्ते संतुलन बिगड़ जाने पर पिता पुत्री बाइक से गिरकर घायल हो गई। इसी तरह से गायत्री नगर राठ निवासी रविकांत (24) पुत्र उमाशंकर और प्रमोद (22) पुत्र धरम बाइक से गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

### अज्ञात चोरों ने दरवाजे पर खड़ी बाइक की चोरी

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में घर के बाहर दरवाजे पर खड़ी बाइक अज्ञात चोर ले गये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पठानपुरा मोहल्ला निवासी पुनी देवी पत्नी संतोष ने बताया कि शुक्रवार की रात उसके पुत्र की बाइक घर के बाहर दरवाजे के पास खड़ी थी। जब उसका पुत्र बाहर आया तो बाइक गायब थी।

### वृद्धा ने कुएं में कूद कर गंवाई जान

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिदोखर मेंदनी में एक वृद्धा ने खेतों में स्थित एक पुराने कुएं में छलांग लगाकर जान दे दी। बिदोखर व पत्यूरा गांव के मध्य स्थित एक कुएं में एक महिला का शव देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। यह खबर गांव में पहुंची तो चौकीदार के जरिए पुलिस को अवगत कराया गया पुलिस ने कुँए से शव को बाहर निकाला तो वृद्धा की पहचान बिदोखर निवासी सतीदीन की पत्नी लीलावती 70 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव के चौकीदार मूलचंद व उसके परिजनों ने बताया कि वृद्धा काफी दिनों से अर्ध विक्षिप्त रहती थी। सुबह सुमेरपुर जाने की बात कहकर घर से निकली थी। कुछ देर बाद पता चला कि उसने कुए में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

### माल सहित चोर को दबोचा

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा कस्बा के एक गेस्टहाउस के पास स्थित एक गुमटी में चोरी करने वाले चोर को कोतवाली पुलिस ने चोरी के माल सहित दबोच लिया है। बीते दिन कस्बा मौदहा के एक गेस्ट हाउस के पास गुमटी का तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोर ले गए थे। साथ ही ट्रक से मोबाइल व एक बैटरी चोरी की गयी थी।कोतवाली पुलिस ने इस मामले में निर्देश तिवारी पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी दाऊ पुरा श्रीनगर जिला महोबा को गिरफ्तार किया है उसके पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद हुआ है।पुलिस ने बताया कि उक्त युवक ने ई-रिक्शा से अकेले ही रात्रि में मौका देख कर घटना को अंजाम दिया जाता था।

### भाकपा का जन अभियान 26 से

**जालौन (उरई)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी किसान विरोधी बिल, प्रदेश में बिगाड़ती कानून व्यवस्था, महिला उत्पीड़न, निजीकरण, बेरोजगारी तथा दलित अल्पसंख्यक व पिछड़ों वंचितों पर हो रहे संघीय हमलों को 26 अक्टूबर से 18 नवंबर तक पूरे जिले में जन अभियान चलायेगी। यह जानकारी पार्टी के प्रवक्ता कमलेश कुमार ने दी है। उन्होंने जनपद में बढ़ रहे अपराधों पर भी नाराजगी जाहिर की तथा इसे भी अभियान में सम्मिलित किया जायेगा।

### दो पक्षों चले लाठी-डंडे, पिता-पुत्र घायल

**जालौन (उरई)।** पारिवारिक कारणों को लेकर 2 पुत्रों के साथ मिलकर पिता ने पुत्र के साथ मारपीट कर दी जिससे पुत्र घायल हो गया। पिता व भाईयों की पिटाई से घायल भाई की शिकायत पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफमारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम व्यासपुरा निवासी कल्लू पुत्र कमलेश कुमार ने बताया कि वह राजस्थान में एक कम्पनी में काम करता था। लॉकडाउन के दौरान नौकरी चले जाने के कारण वह घर आ गया था। शुक्रवार को उनके ससुर रामकृपाल आ गये थे। जब वह घर से वापस गये तो पिता कमलेश ने भाई रामहेत, संजू व पड़ोसी कृष्ण स्वरूप ने उनके साथ भद्दी भद्दी गालियां इसके बाद डंडे से पिटाई कर दी जिससे कान के साथ कई जगह चोटें आयी हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पिता समेत 4 लोगों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

### पालिका बोर्ड मीटिंग में सात प्रस्ताव सर्व सम्मति से हुये पारित

**जालौन (उरई)।** सात माह बाद संपन्न हुई नगर पालिका की बोर्ड मीटिंग में पटल पर रखे गए सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुए। जिनमें झंडा चौराहा पर झंडा लगाने के लिए 21 मीटर के पाल की स्थापना का प्रस्ताव प्रमुख रहा। नगर पालिका अध्यक्ष गिरीश कुमार गुप्ता व ईओ डीडी सिंह की उपस्थिति में 7 माह बाद नगर की पालिका बोर्ड मीटिंग नगर पालिका सभागार में संपन्न हुई। जिसमें आय-व्यय, दाखिल-खारिज, मकान नक्शा समेत 7 प्रस्ताव पटल पर रखे गए। पटल पर रखे गए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास किया गया। इनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव झंडा चौराहा पर पोल लगाने को लेकर रहा। सभासद अनिल यादव, सोमिल याज्ञिक आदि ने नगर के प्रमुख झंडा चौराहा को उसके नाम का अर्थ देते हुए पोल लगवाकर झंडा लगवाने का प्रस्ताव दिया था। मीटिंग में झंडा चौराहा पर 21 मीटर ऊंचा पोल लगवाकर झंडा लगाए जाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी जिसके बाद सभी सदस्यों की ओर से उक्त र्प्रस्ताव पास कर दिया गया। हालांकि 7 माह तक बोर्ड मीटिंग न होने सदस्यों ने रोष भी व्यक्त किया। वहीं, सभासद किरण यादव ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान में खर्च को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अभियान में सरकार द्वारा जारी गाइड लाईन को पटल पर रखने एवं उस गाइड लाईन के अनुसार किए खर्च को पटल पर रखने की मांग उठाई। इस मौके पर सभासद अनिल यादव, सोमिल याज्ञिक, विनय श्रीवास्तव, नफीस सिद्दीकी, विजय वर्मा, इकबाल, नईम, आदि समेत लगभग समस्त सभासद व नामित सभासद उपस्थित रहे।

### समाजसेवी पंकज अग्रवाल ने मनाई महाराजा अग्रसेन की जयंती

**चित्रकूट।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मंडल उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती बडे ही श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गई। कोविड-19 को देखते हुए इस बार शहर में शोभा यात्रा नहीं निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन व कुल देवी लक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण, आरती व हवन पूजन के साथ की गई। इस मौके पर पंकज अग्रवाल ने कहा कि समाज को एकजुट रहने की जरूरत है, क्योंकि एकजुटता से ही शक्ति मिलती है। महाराज अग्रसेन ने मानव सेवा, समानता व भाईचारे के साथ चलने का संदेश दिया है। उनके बताए मार्ग सत्य, अहिसा, भाईचारा, समानता, समता व ममता के सिद्धांतों को स्वीकार कर समाज के उत्थान के कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर श्रीमती माया अग्रवाल,नीरज अग्रवाल,अतुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### आयुर्वेदिक अस्पतालों में रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग उठायी

**उरई (जालौन)।** विगत वर्षो से प्रदेश के आयुर्वेदिक चिकित्सालय में आयुर्वेद उपचारिकाओं नर्सिंग, फार्मासिस्ट, होम्योपैथिक फार्मासिस्टों के हजारों रिक्त पदों पर कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी को देखते हुये जल्द पद सृजित कर डिप्लोमाधारी बेरोजगारों की नियुक्ति के लिये मुख्यमंत्री को पुनः स्मरण पत्र भेजा गया। डिप्लोमाधारी सिद्धार्थ, ममता, विमला, देवेंद्र, राधा, सुरेंद्र, गोपाल सिंह आदि ने मुख्यमंत्री को भेजे गये स्मरण पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि एक ओर जहां कोरोना महामारी के दौरान हजारों डिप्लोमाधारी युवा बेरोजगार घूम रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर आयुर्वेदिक चिकित्सालय में हजारों पद खाली पड़े हुये हैं।

# बेटियों के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती

## मिशन शक्ति अभियान का जिले में हुआ आगाज

संवाददाता। गोंडा

**बेटियों** और महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए प्रदेश सरकार के अति महत्वांकाक्षी 'मिशन शक्ति' अभियान का आगाज शनिवार को जिले में हो गया।

जिले के प्रभारी मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने डिजिटल माध्यम से 'मिशन शक्ति' अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों से सम्पर्क कर उन्हें जागरूक कर उनके अधिकारों के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी


दीप जलाकर मिशन शक्ति अभियान का शुभारम्भ करते जनप्रतिनिधिगण

जानकारियां दी जायेंगी। विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय ने कहा कि बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलम्बन की जिम्मेदारी पूरे समाज की है, क्योंकि बेटियों-महिलाओं के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए यह अवसर है कि हम लोग बेटियों-महिलाओं को हर स्तर पर समान अधिकार का अवसर व सम्मान दें। विधायक गौरा प्रभात वर्मा ने कहा कि आज इस बात की नितान्त आवश्यकता है कि बेटियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कठोर कानून बनाएं जाएं तथा मामलों में पुलिस निष्पक्ष ढंग से विवेचना करके दोषियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम ईमानदारी से करे। विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान बेटियों और महिलाओं के अन्दर सुरक्षा की भावना लाने के साथ ही उन्हें आत्म निर्भर बनाने का भी काम करेगा। सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि संजीव सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला उत्पीड़न के मामलों को लेकर बेहद संवेदनशील है। इसके अलावा संगठित अपराधियों के खिलाफ सरकार की लगातार कार्यवाहियों से उनकी कमर टूटी है। कार्यक्रम में अभियान के लिए शासन से नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव आवास एवं शहरी नियोजन श्रीमती माला श्रीवास्त ने कहा कि शासन के निर्देशन में पूरे जनपद में विशेष अभियान चलाकर महिला व बाल अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने का काम किया जाएगा। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कहा कि जनपद के सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों, स्थानीय निकाय, मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों, श्रमिकों, किसानों आदि सभी वर्गों के लोगों को महिला अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय ने कहा कि बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है और हम उन्हें हर स्तर पर सुरक्षा प्रदान करेगें। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अधिकारी अनूप श्रीवास्तव, बीएसए डा0 इन्द्रजीत प्रजापति, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी सभाजीत पाण्डेय, आरआई संजय कुमार सहित आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## गौरव वर्मा के नीट परीक्षा में उत्तीर्ण कर बढ़ाया जिले का मान

**श्रावस्ती।** विकासखंड जमुनहा के ग्राम पंचायत पटना बीरगंज के निवासी गौरव वर्मा पुत्र उग्रसेन वर्मा ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है इनके रैंक का नंबर 12384 है। इस परीक्षा को पास करने के लिए वे कोटा में रहकर तैयारी कर रहे थे गौरव वर्मा ने बताया कि मेरे पिता उग्रसेन वर्मा पेशे से डॉक्टर हैं मैंने अपनी प्राथमिक शिक्षा जनपद बहराइच सेबेंथ डे स्कूल से किया था इंटर की पढ़ाई के बाद मैंने कोटा में रहकर पढ़ाई शुरू की मेरी इच्छा डॉक्टर बनने की है मैं सर्जन बनकर लोगो की सेवा करना चाहता हूँ गौरव वर्मा ने बताया कि मेरे पढ़ाई का श्रेय मेरे बाबा अर्जुन लाल वर्मा चाचा रूद्रसेन वर्मा व मनीष कुमार वर्मा तथा पिताजी का सहयोग रहा है और मैं अपने परिवार के सहयोग से पढ़ाई की है मेरे बाबा एक किसान हैं जो खेती किसानी का कार्य कर रहे हैं मेरे चाचा रूद्रसेन वर्मा चौधरी महाजन लाल गौरव पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक हैं तथा शिक्षण कार्य मेरे गुरुजनों का विशेष सहयोग रहा।

मिशन शक्ति कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा-सम्मान हम सबका दायित्व : रामफेरन पांडेय



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलम्बन के उद्देश्य से राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ से एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर से मिशन शक्ति का शुभारम्भ किया। वहीं जिले में श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय व प्रदेश सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी तथा प्रदेश की अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक ने कबूतर एवं गुब्बारा उड़ाकर मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान का शुभारम्भ किया।

मिशन शक्ति के तहत जनपद के समस्त तहसीलो ब्लाकों पंचायतों शहरी निकायों व थानों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम चरण में इस अभियान को जागरूकता आधारित रखा गया है। जबकि द्वितीय चरण में मिशन शक्ति के इन्फोर्समेंट क्रियान्वयन पर बल दिया जाएगा। श्रावस्ती विधायक राम फेरन पांडे ने मिशन शक्ति अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए समाज के साथ हम सब का दायित्व है। मिशन शक्ति के बारे में हर वर्ग के लोगों से सम्पर्क कर उन्हें जागरूक कर उसके अधिकारों के बारे में बताया जायेंगा। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बेटियां बेटो से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है जरुरत इस बात की है कि बिना भेद.भाव के हम अपने बेटियों को भी पढ़ा लिखाकर आगे बढ़ावें।

इस दौरान जिले की नोडल अधिकारी व प्रदेश की अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक सी0 इन्दूमती ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता में ये कार्यक्रम है। बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। लेकिन जरुरत इस बात की है कि बिना भेद.भाव के उन्हें भी पढ़ा लिखाकर आगे बढ़ाया जाए। महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलम्बी और आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से ही प्रदेश सरकार ने 1 मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान का संकल्प लेकर आज से इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया है। ये कार्यक्रम 180 दिन तक निरन्तर चलते रहेंगे। और महिलाओं बालिकाओं को जागरुक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेहनत से ही हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। इसलिए महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाना अतिआवश्यक है। अभी भी अज्ञानता के आभाव में बहुत लोग अपने बेटी बेटो में भेद भाव करते है जो चिन्ता का विषय है। सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए 181 महिला हेल्पलाइन 1090 ओमेन पावर लाइन का संचालन कर रही है यदि उन्हे कोई समस्या है तो वे बेझिझक बतावें निश्चित ही उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

## क्विक न्यूज

### छात्र ने बढ़ाया जिले का मान

**करनैलगंज ( गोंडा )।** मदरसा दर्सगाह इस्लामी स्कूल हलधरमऊ के छात्र ने गांव के साथ ही जिले का नाम रौशन किया है। हलधरमऊ निवासी सुबहान खान पुत्र मासूम अली खान ने नीट की परीक्षा दी और प्रथम प्रयास में ही 720 अंको में 616 अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। सुबहान ने इंटरमीडिएट लक्ष्य इंटर कालेज करनैलगंज, हाई स्कूल जनता माध्यमिक स्कूल सर्वांगपुर व बेसिक शिक्षा मदरसा दर्सगाह इस्लामी स्कूल हलधरमऊ से प्राप्त की है। इस मौके पर मदरसा दर्सगाह इस्लामी के अध्यापक मोहसिन खान, हाफिज समीउल्लाह, हाफिज अब्दुर्रशीद, रुखसार अहमद, अजय कुमार सिंह, रमेश तिवारी, कैलाश नाथ आदि ने छात्र सुबहान के आवास पर पहुँच कर स्वागत करते हुए उनके माता पिता को बधाई दी।

### 15 हजार के इनामी दो गैंगेस्टरों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया है जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0 सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी इकौना महेन्द्र प्रताप शर्मा के नेतृत्व में थाना गिलौला प्रभारी निरीक्षक वृजेश द्विवेदी ने मु0 अ0 सं0 152.2020 धारा 3 ;1द्ध गैगेस्टर एक्ट के वाँछित व 15 हजार के पुरस्कार घोषित अभियुक्त गणेश दत्त पाण्डेय पुत्र राजमणि पाण्डेय वा पंकज उर्फउमादत्त पाण्डेय निवासीगण चिरैधापुर दा0 मोहम्मदपुर राजा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर मोहनीपुर पैट्रोल पम्प गिलौला के पास से गिरफ्तार कर लिया गया जिन्हें जेल रवाना किया गया। दोनों अभियुक्त कई अन्य मुकदमों में भी काफी दिनों से वांछित चल रहे थे जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा लगातार दबिश देकर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे लेकिन सफलता नही मिल पायी थी जिस पर दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 15.15 हजार का पुरस्कार घोषित किया हुवा था।

### तहसील प्रसासन ने ढहाये अवैध कब्जे

**लालगंज रायबरेली।** सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ लालगंज एसडीएम जीतलाल सैनी ने सख्त कार्यवाही की है। एसडीएम ने बताया कि अम्बारा पस्चिम गांव की बंजर भूमि मे दिनेस उर्फकल्लू सविता पुत्र सुन्दर ने पिलर बनाकर छत डाल लिया था। इसके अलावा धन्नर तिवारी ने भी बंजर भूमि मे टीनसेड रख लिया था। दोनों के अवैद्य कब्जे को जेसीबी लगाकर ढहा दिया गया है। साथ ही यह भी नोटिस दी गयी है कि अगर फिर से कब्जा हुआ तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### छेड़खानी का विरोध करने पर की मारपीट

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के प्रतापुर मजरे शाहपुर गांव में खेतो में काम कर रही बालिका के साथ छेडखानी व विरोध करने पर मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर घायलो को मेडिकल परीक्षण के लिये अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार प्रतापुर गांव निवासिनी अंजू पुत्री श्रीराम खेतो में काम करने गई थी। तभी वहां पर मौजूद गांव का ही रामेश्वर, शैलेंद्र व अमृत ने उसके साथ अभद्रता करते हुए विरोध करने पर उसकी पिटाई की जिसमें उसे चोंटे भी आई है। पीडिता का आरोप है कि चीखपुकार सुनकर बचाने पहुंचे उसके भाई अतुल व बहन गोमती मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनकी भी पिटाई की। पीडितो का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफमामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है। वही पुलिस के अनुसार दोनो पक्षो में मामूली बात को लेकर मारपीट हुई है। छेडखानी का आरोप गलत है। दोनो पक्षो की तहरीर मिली है रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### फिल्म की एक्टिंग करके मासूम ने लगा ली फांसी

**ऊंचाहार।** फिल्म में एक्टिंग हीरो के देखने के बाद एक 12 वर्षीय मासूम बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश मे आया है। मामला ऊंचाहार कोतवाली के गांव दूलीपुर का है। गांव निवासी यश उर्फबंटी 12वर्ष पुत्र मुकेश कुमार अपने घर पर अकेला था जिसके यहां परिजन खेतो मे चले जाने पर बिजली आ जाने पर मासूम बच्चा अपने घर पर टीवी मे फिल्म देख रहा था जिसमे हीरो फांसी लगाने के बाद उछाल मारकर बच जाता था जिसकी तर्ज पर मासूम ने भी घर पर रखे रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया, जिसमें परिजनो के आने पर मासूम को फांसी के फंदे पर लटकते हुए देखने के बाद उसको आनन-फानन उतारकर प्राइवेट अस्पताल मे ले जाया गया जहां के चिकित्सक के द्वारा उसको मृतक घोषित कर दिया गया।जिसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। जिसमें मासूम का गांव के लोगों ने मिलकर मासूम का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के घर राष्ट्रीय जनसहयोग पार्टी के जिला अध्यक्ष राममणि तिवारी उर्फ आलोक ने पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया और हर संभव मदद करने के लिए अश्वासन दिया है उधर सीओ ने बताया कि जांच करने के बाद ही हम कुछ बता पाएंगे।

### सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**सेमरी बाजार,सुलतानपुर।** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बाँदा टाण्डा नेशनल हाइवे पर तिन्दौली गाँव के पास बीती शुक्रवार की देर रात ट्रक व ट्राला के आमने सामने की टक्कर में एक चालक की मौत हो गई तो वहीं ट्राला का चालक व खलासी घटना के बाद ट्रॉला को छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक में फंसे ड्राइवर को गैस कटर मशीन से ट्रक को काटकर बाहर निकाला तथा घायल चालक को इलाज के लिए एम्बुलेन्स की सहायता से अस्पताल भेज दिया। गौरतलब हो जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में बीती शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे बाँदा टाण्डा नेशनल हाइवे पर तिन्दौली गाँव के पास स्थित सिद्धि विनायक धर्मकांटे पर सेमरी बाजार से गल्ला लोडकर एक ट्रक धर्मकांटा कराने के लिए गया था जैसे ही ट्रक धर्मकांटा हुआ व ट्रक ड्राइवर ट्रक को धर्म कांटे से उतारकर रोड पर ही पहुंचा था कि सुलतानपुर की तरफसे अम्बेडकरनगर जा रही दूसरी तेज रफ्तार गिट्टी लोडेड ट्रॉला ने गल्ले वाली ट्रक को सामने से टक्कर मार दी व खड्ड में जा घुसी।

# पुजारी पर जानलेवा हमले में सात गिरफ्तार

संवाददाता। गोंडा

**जिले** के थाना इटियाथोक में बीते दिनों पुजारी पर हुए जानलेवा हमले का खुलासा पुलिस ने शनिवार को कर दिया है। पुलिस ने घटना के मास्टर माइंड सहित सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया है।

बताते चलें कि थाना इटियाथोक के तिर्रेमनोरमा गांव स्थित श्रीरामजानकी मंदिर के पुजारी सम्राट दास को 10 अक्तूबर 2020 की देर रात बदमाशों द्वारा गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने मंदिर के महंत की तहरीर पर पूर्व प्रधान अमर सिंह, मुकेश सिंह, भयहरण सिंह व दरोगा सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया था। वहीं पुलिस ने दो नामजदों को गिरफ्तार भी किया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी डॉ. राकेश सिंह ने शीघ्र घटना का खुलासा किए जाने का निर्देश दिए थे।


पुजारी गोली कांड का खुलासा करते डीएम डा. नितिन बंसल व एसपी शैलेष कुमार पांडेय।

एसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि साजिश के तहत पुजारी को गोली मारने की घटना को अंजाम दिया गया था। उन्होंने बताया कि तिर्रेमनोरमा में राम जानकी मंदिर की 120 बीघा भूमि है। जिसको लेकर महंत सीताराम दास व अमर सिंह के बीच में विवाद चल रहा था। विनय सिंह व अमर सिंह के बीच प्रधानी चुनावी की रंजिश भी थी। बस इसी को लेकर महंत सीताराम दास व विनय सिंह ने अमर सिंह को फंसाने के लिए साजिश रची। इसको लेकर मुन्ना सिंह, विपिन द्विवेदी, नीरज सिंह, सोनू सिंह, वृन्दारण त्रिपाठी, शिवशंकर सिंह, सूरज सिंह व पुजारी सम्राट दास के बीच मुलाकात हुई और साजिश रची जाने लगी। एसपी ने बताया कि साजिश को अंजाम देने के लिए सभी अभियुक्त मंदिर परिसर में एकत्र हुए थे। प्लान बनाया गया कि रात में मुन्ना सिंह, सोनू सिंह व नीरज सिंह बाबा को गोली मारने आएंगे। 10 अक्तूबर की रात मंदिर में नीरज सिंह मंदिर के छत पर चढ़ गया और चारों तरफ नजर रखने लगा। उसके इशारे पर मुन्ना सिंह व सोनू सिंह आ गए। पुजारी सम्राट दास की सहमति पर उसे गोली मार दी और इसके बाद महंत सीताराम दास अंदर जाकर सोने का नाटक करने लगा। अभियुक्तों ने होमगार्डों पर भी फायर किए थे।

एसपी ने बताया कि मामले में थाने की पुलिस ने जिले की क्राइम ब्रांच टीम के साथ मिल कर घटना का खुलाशा करते हुए मुन्ना सिंह निवासी तिर्रेमनोरमा इटियाथोक, विपिन द्विवेदी निवासी रामनई थाना रायपुर रीवां मध्यप्रदेश, नीरज सिंह निवासी तिर्रेमनोरमा इटियाथोक, सोनू सिंह निवासी तिर्रेमनोरमा इटियाथोक, वृन्दारण त्रिपाठी निवासी गुड़ जनपद रीवां मध्यप्रदेश, शिवशंकर सिंह निवासी तिर्रेमनोरमा थाना इटियाथोक, विनय कुमार सिंह निवासी तिर्रेमनोरमा थाना इटियाथोक गोंडा को गिरफ्तार किया गया है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की निकली जागरूकता रैली

संवाददाता। बल्दीराय-सुलतानपुर

**नारी** सशक्तीकरण के तत्वावधान मे बाल विकास परियोजना कार्यालय बल्दीराय में मुख्य सेविकाओं ने बेटी के सम्मान मे जाग उठा हिंदुस्तान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारों को बुलंद करते हुए एक जागरूकता रैली निकालकर समाज में बेटियों के प्रति अच्छा व्यवहार करने की हिदायत दी।

कहते हैं बेटे भाग्य से होते हैं तो बेटियां सौभाग्य से होती हैं। अगर बेटे अंश हैं तो बेटी वंश है। बेटा आन है तो बेटी शान है। हमारे देश में ऐसा कहने वाले तो करोड़ों मिल जाएंगे लेकिन बेटियों को सफलता की सीढ़ियां चढ़ने के लिए जो माहौल चाहिए वो माहौल भी अब मिलने लगा है।.

देश की सोच बदल रही है. बड़े शहरों से लेकर छोटे गांवों तक बेटियां राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही हैं।. ये हमारे देश की नारी शक्ति ही है जो सरकार के मंत्रालय भी चला रही हैं। किसी भी समाज के विकास का सीधा सम्बन्ध उस समाज की महिलाओं के विकास से जुड़ा होता है। महिलाओं के विकास के बिना व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास की कल्पना भी नही की जा सकती है।

महिलाओं के विकास के लिए सरकार ने कुछ योजनाएं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय योजना आदि की शुरुआत की है। इस मौके पर मुख्य सेविका राजवती सिंह, सरस्वती पांडेय, ज्ञानवती शुक्ला, मुख्य सेविका, दर्शना, नामिता, सुमन, शुशीला, कांति, मीना देवी, सहित दर्जनो सहायिकाएं मौजूद रहीं।

## लेखपाल पर अवैध वसूली का आरोप

संवाददाता। जयसिंहपुर, सुलतानपुर

**जयसिंहपुर** तहसील क्षेत्र के एक गाँव की युवती ने अपने पिता की जमानत नामे के सत्यापन के लिये लेखपाल पर पांच हजार रुपये घूस मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। आरोप है कि पिता के जमानत नामे के सत्यापन के लिए हल्का लेखपाल द्वारा काफी परेशान करते हुए करीब दस दिनों से पीड़ित युवती को दौड़ाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लेखपाल को फटकार लगाते हुए कार्यवाही का अल्टीमेटम दिया। मामला जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सरायजेहली गाँव का है। जहां गाँव निवासी मनीराम मुअस-380/2020 अ0 धारा 363 आई पी सी एक्ट ए16/17 थाना जयसिंहपुर से निरुद्ध है। मनीराम की जमानत न्यायालय द्वारा तीन अक्टूबर को स्वीकृत की जा चुकी है।

# महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान व सवालम्बन के लिए 180 दिनों तक चलेगा अभियान : नीना शर्मा



संवाददाता। रायबरेली

**महिलाओं** एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वालम्बन हेतु ''मिशन शक्ति'' के अन्तर्गत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान की नोडल अधिकारी नीना शर्मा सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास ने कलेक्ट्रेट के प्रांगण से मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रथम चरण 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ, महिलाओं तथा हिंसा से रोकथाम एवं जागरूकता हेतु मोबाईल एलईडी वैन व प्रचार वाहनों के साथ शक्ति पुलिस की वैनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि यह अभियान 17 अक्टूबर से अप्रैल 2021 के मध्य कुल 180 दिनों तक चलाया जायेगा। विशेष अभियान के दौरान समस्त 75 जनपदों 821 ब्लाको 59000 पंचायतों, 630 शहरी निकायो व 1535 थानों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने का प्रशिक्षण, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूकता प्रदान किये जाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

## मेगा कैंप का अधिशासी अभियंता ने किया निरीक्षण

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए शनिवार को भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मेगा कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड-द्वितीय अर्जुन राम बौद्ध ने हलियापुर व कुड़वार पहुंचकर कैंप का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि शनिवार को बल्दीराय, हलियापुर, धनपतगंज, असरोगा, कुड़वार व धम्मौर सहित विभिन्न क्षेत्रों में मेगा कैंप लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपने विद्युत बिलों को सही कराया। साथ ही कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्युत चोरी रोकने, बिलों में सुधार आदि के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके अलावां हर माह प्रथम व तृतीय शनिवार को शिकायत निवारण महाशिविर का आयोजन प्रत्येक उप केंद्रों पर किया जा रहा।

# फरार अभियुक्त को कुड़वार पुलिस ने दबोचा

संवाददाता। सुलतानपुर

**पुलिस** अधीक्षक शिवहरि मीणा के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफचल रहे धर पकड़ अभियान के तहत कुड़वार पुलिस को सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने फरार चल रहे बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से गांजा, तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। अभियुक्त को मजिस्टेऊट के न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा अपराध रोकने के साथ साथ अपराधियों और बदमाशों पर अंकुश लगाने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। कप्तान के फरमान पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस बदमाशों और अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन इन्द्रधनुष अभियान चला रही है। क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में सक्रिय कुड़वार थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय उप निरीक्षक अवधेश कुमार श्रीवास्तव, हेड कास्टेबल शैलेश कुमार सिंह कांस्टेबल अभिषेक सिंह की टीम ने मु0अ0स0 521/20 धारा 8/20 ख (।।) अ में फरार वांछित अभियुक्त जयंत सिंह पुत्र पारस नाथ सिंह निवासी पूरे उदयराम थाना कुड़वार को सरैया पूरे बिसेन इश्तियाक के भट्टे के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में पुलिस ने उसके कब्जे से 550 ग्राम अवैध गांजा और एक तमंचा 12 बोर तथा एक अदद कारतूस भी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने लिखापढ़ी कर मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### रेप का आरोपी गिरफ्तार

**चांदा** पुलिस ने बलात्कार समेत अन्य धाराओं के वांछित अभियुक्त अभिषेक चौरसिया पुत्र सत्य नरायन चौरसिया निवासी कसईपुर (हनुमान मन्दिर) थाना चांदा को शिवाला चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ चांदा थाने में रेप, मारपीट और धमकी का मामला पंजीकृत किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से वह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही थी।

### एक किलो गांजे के साथ पकड़ा गया युवक

**कोतवाली** नगर पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक युवक को धर दबोचा। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने एक किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। आरोपी की शिनाख्त राकेश पुत्र गुड्डु निवासी गन्दानाला मेराजगंज थाना कोतवाली नगर के रूप में हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

### 27 पर हुई शान्ति भंग की कार्रवाई

**जिले** में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 27 लोगों के खिलाफशांतिभंग की कार्यवाही किया है। जिसमें हलियापुर से दो, धम्मौर चार, कुडवार से पांच, कोतवाली नगर से छह, कूरेभार से एक, जयसिंहपुर से पांच, दोस्तपुर से दो तथा थाना क्षेत्र से दो लोग शामिल हैं।

# कूरेभार क्षेत्र में बढ़ी चोरी की वारदातों से लोगों में दहशत

- पुलिस की रात्रि गश्त पर खड़े हो रहे सवाल
- सीओ बोले जल्द होगा घटनाओं का पर्दाफाश

संवाददाता। कूरेभार, सुलतानपुर

**ठण्ड के** दस्तक देते ही चोर अपने कारनामे को अंजाम देने में सक्रिय हो उठे हैं। जहां चोर बड़े ही इत्मिनान से घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं तो वहीं लोग पुलिस गश्त पर सवालिया निशान उठा रहे हैं। क्षेत्र में एक माह में अब तक हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस पर्दाफाश नही कर सकी है।

पांच तारीख को मनीष कुमार पाण्डेय निवासी फूलपुर कस्बे में बाइक खड़ी करके भारतीय स्टेट बैंक ए टी एम से रुपया निकाल कर वापस लौटे तो देखा तो बाइक गायब थी। दो तारीख की रात संदीप सिंह सेमरौना निवासी के मुर्गी फार्म का ताला तोड़कर नकदी समेत इन्वर्टर व बैट्रा पर हाथ साफ कर दिए। आठ तारीख की रात धनपतगंज चौकी अंतर्गत स्वयंबर दुबे का पुरवा में गैर जनपद में तैनात एल आयु इंस्पेक्टर जगदेव दुबे के यहाँ छत के रास्ते घुसे चोरों ने कीमती जेवर व नकदी समेत लगभग सात लाख रुपये उड़ा दिए। 16 तारीख शुक्रवार की सुबह कस्बे में स्थित मां वैष्णों रेडीमेड साड़ी सेंटर पर एक स्प्लेंडर पर हाथ साफ कर दिया जो की शीतला प्रसाद निवासी चौरे बाजार जनपद अयोध्या जिले के रहने वाले थे। इन सब मामलों में पुलिस अभी तक घटना का अनावरण नही कर सकी है। जहां एक तरफ चोरों के बढ़ते हौसलों से क्षेत्रवासी दहशत में हैं वहीं दूसरी तरफ पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बावत सीओ बल्दीराय विजय मल यादव ने बताया की चोरी की घटनाओं पर रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी। जल्द ही चोरी की घटनाओं का पर्दाफश करते हुए चोरों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# नारी सशक्तिकरण के लिए सरकार गंभीरः विधायक

- सदर विधायक जय चौबे एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाते विधायक एवं अधिकारी पायनियर

**शासन** के निर्देश के क्रम में शनिवार को जिला मुख्यालय से नारी कवच/नारी सशक्तिकरण, नारी सम्मान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यक्रम आगामी 25, अक्टूबर तक निरन्तर शहर से लेकर गांव तक में चलाया जायेगा। शनिवार को खलीलाबाद सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे एवं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने संयुक्त रूप से प्रचार वाहन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के तत्वावधान में बालिका सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने इस अभियान में शामिल होने वाली सभी महिलाओं से अपेक्षा किया है कि अभियान को सफल बनाये तथा शासन के निर्देशो का पालन हो सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदर विधायक जय चौबे ने कहा कि नारी सशक्तिकरण एवं उनकी सुरक्षा के लिए सरकार बहुत ही संवेदनशील है। वर्तमान समय में कुछ घटनाए महिलाओं से जुड़ी है जो कि जागरूकता के अभाव में एक बड़ा विषय बन रहा है। इस विषय पर जागरूकता के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष जागरूकता अभियान नारी सशक्तिकरण का चलाया है। उन्होने जनपद के सभी महिलाए, बहनों, माताओं से अपील किया है कि जागरूकता को अपनाये तथा किसी प्रकार के समस्या होने पर जनप्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से सम्पर्क करें। उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इस अवसर पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय, डीपीओ विजय श्री, कार्यक्रम की प्रभारी श्वेता त्रिपाठी सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दो गैंगेस्टर आरोपियों की जमानत खारिज

**संतकबीरनगर।** अपर जिला जज एव विशेष न्यायाधीश जैनुद्दीन अंसारी ने गैंगेस्टर के मामलो में दो आरोपीयो की जमानत अर्जी निरस्त कर दिया। बस्ती थानांतर्गत राघवेंद्र चौधरी निवासी मंझरिया शुक्ल की तरफ से उनके अधिवक्ता ने जमानत प्रार्थना पत्र दिया और बताए कि अभियुक्त निर्दोष है व जमानत पाने का हकदार हैं। जमानत प्रार्थना पत्र का अभियोजन की तरफसे विशाल श्रीवास्तव ने विरोध किये तथा तर्क दिए की अभियुक्त गैंग बनाकर चोरी का अपराध कारित करते हुए लोक एवं कानून व्यवस्था भंग किये हैं जिससे जनमानस में भय व आतंक व्याप्त है तथा समाज विरोधी कृत्य करते हैं। जिससे समाज मे उनके विरुद्ध कोई गवाही नही देना चाहता है व अभियुक्त का समाज मे व जनता में भय है। अभियुक्त जेल से छूटने पर अपराध में लिप्त हो जाएंगे जिससे उनका जमानत निरस्त होने योग्य है। इसी प्रकार अब्दुल उर्फ गुड्डू बंजारा के जमानत अर्जी को भी निरस्त कर दिए। न्यायाधीश जैनुद्दीन अंसारी ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए गैंगेस्टर के दोनों आरोपीयो की जमानत अर्जी निरस्त कर दिए।

# अब पीडब्लूडी के ठेकेदार नहीं होंगे बेरोजगार

**संवाददाता।** बस्ती

- सीएम के हस्तक्षेप के बाद ठेकेदारों को मिली बड़ी राहत
- रोलर एवं मिक्सभाल का नहीं देना होगा स्वामित्व प्रमाण-पत्र
- मशीनरी की आयु पांच साल के स्थान पर 15 साल किया
- तकनीकी कर्मचारियों के होने की बाध्यता हुई समाप्त

**पीडब्लूडी** में प्रहरी एप पर पिछले कई दिनों से प्रहार हो रहा है। प्रहरी एप पर सबसे पहला आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह ने किया। उनके प्रहार का असर यह रहा कि प्रदेश के दो दर्जन सांसद, विधायक और एमएलसी ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से प्रहरी एप को ही समाप्त करने की अपील कर डाली। अपील में कहा गया है कि एप के क्रियाशील होने से प्रदेश के 90 फीसद छोटे ठेकेदार बेरोजगार हो जाएंगे। इस अपील का नतीजा रहा कि तीन दिन पहले मुख्यमंत्री ने इस मामले में पीडब्लूडी के प्रमुख सचिव से परीक्षण के लिए आख्या मांगा। सीएम के संज्ञान में लेने के बाद सें ही ठेकेदारों लग गया था, कि सरकार ठेकेदारों के वाजिब समस्याओं पर अवष्य विचार करेगी। इसकी खबर 'पायनियर' में शनिवार के अंक में प्रकाशित हुआ। सीएम के हस्तक्षेप का नतीजा रहा कि सरकार ने ठेकेदारों के तीन मांगों को मान लिया, और आदेश भी जारी कर दिया। इसे लेकर ठेकेदारों और उनके संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

जिन तीन कठिन शर्तो को प्रहरी एप से हटाने का निर्णय हुआ, उसमें अब हर काम के लिए तकनीकी कर्मचारियों की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया। जिन मशीनरी की आयु पांच की मांगी गई थी, उसे सरकार ने समाप्त करके 15 साल कर दिया, यही मांग आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति ठेकेदार के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह ने की थी। तीसरी सबसे महत्वपूर्ण मांग, जिसमें सरकार ने रोलर और मिक्सभाल के स्वामित्व प्रमाण-पत्र की बाध्यता को समाप्त कर दिया। जो मांगे अभी तक नहीं मांगी गई, उनमें जमानत राशि को दस फीसद के स्थान पर दो फीसद करना, हैसियत प्रमाण को दो साल के स्थान पर तीन साल करना। जमानत धनराशि आनलाइन के साथ एफडीआर को भी मान्य करना शामिल है।

## धान खरीद पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल धान खरीद को लेकर बेहद संवेदनशील है। शुक्रवार की देर शाम उन्होने कैम्प कार्यालय पर अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर धान खरीद के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। उन्होने डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिया है कि धान खरीद में लापरवाही नही होनी चाहिए लगातार उनके द्वारा मानीटरिंग की जाय तथा उसकी रिपोर्ट प्रतिदिन उनके कैम्प कार्यालय पर उपलब्ध कराया जाय।

उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त कृषक भाइयों को धान खरीद वर्ष 2020-21 में धान क्रय हेतु नियमो से बताया जा रहा है इस वर्ष खरीद में धान का क्रय मूल्य भारत सरकार द्वारा कामन धान का 1868 रू./क. निर्धारित किया गया है। अगर आप सरकारी क्रय केन्द्र पर अपना धान विक्रय करते है तो आपको प्रति कु. उक्त दर से धनराशि दी जायेगी। उन्होने कहा कि यह धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से आपके खाते में आनलाइन प्रेषित की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि विक्रय हेतु लाने वाले धान को साफ सुथरा एवं सुखाकर ही क्रय केन्द्र पर लायें। धान की बिक्री हेतु आपको आनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य है। यह किसी भी जनसेवा केन्द्र/साइबर कैफे से कराया जा सकता है। गेहूँ खरीद में पूर्व में पंजीकृत किसान एडिट/बिना किसी परिवर्तन के भी लॉक करके पंजीकरण करा सकेंगे। उन्होने कहा कि खलीलाबाद मंडी में इस वर्ष किसानों की सुविधा हेतु तीन क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

# नारी शक्ति प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**संवाददाता।** बस्ती

**नारी** कवच, नारी सशक्तिकरण, नारी सम्मान, महिलाओ एवं बच्चो के विरूद्ध हिंसा से रोकथाम के अभियान का शुभारम्भ सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने किया।

कलेक्ट्रेट परिसर से नारी शक्ति प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारम्भ किया। कहा कि इस अभियान में पुलिस, विकास, उद्योग, ग्रामोद्योग, स्वास्थ्य, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, महिला कल्याण, खेल-कूद, श्रम, डेयरी, पशुपालन आदि विभाग शामिल हैं जो महिला सशक्तिकरण, नारी सम्मान संबंधी क्रियाकलाप को अंजाम देंगे। कहा कि प्रत्येक थाने में आने वाली महिलाओं के लिए पिंक शौचालय बनवाया जाएगा।



प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखा रवाना करती सीडीओ पायनियर

महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी। जहां केवल महिला पुलिस कर्मी तैनात रहेंगी और महिलाओं की शिकायते दर्ज कर कार्यवाही करेंगी। यह अभियान प्रत्येक माह संचालित होगा जिसका समापन चैत्र नवरात्रि के अवसर पर होगा। प्रोवेशन अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि इस प्रचार वाहन द्वारा प्रत्येक ब्लाक में जाकर नारी सुरक्षा, सम्मान एवं उनके सशक्तिकरण के सम्बन्ध में भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रावधानों, नियमों एंव कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान करेंगी। इस अवसर पर सीआरओ नीता यादव, अर्थ एवं संख्याधिकारी टीपी गुप्ता, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, समाज कल्याण अधिकारी रामनगीना, ग्रामोद्योग अधिकारी एके सिंह, सहायक अभियन्ता लघु सिचाई डा0 राजेश कुमार, संदीप वर्मा, प्रेम चन्द्र प्रजापति, सीडीपीओ मिथिलेश गौड़, सरिता वर्मा, निशा श्रीवास्तव, रीता राय, संजय गुप्ता, देवेन्द्र कुमार मिश्रा, सचिन राय, कामिनी, अनुराधा पाण्डेय, संरक्षण अधिकारी वीना सिंह, आगनबाड़ी कार्यकत्री व अन्य मौजूद रहे।

## विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया गया मां दुर्गा का पूजा पंडाल

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्र ग्राम सभा बीजपुर के मुख्य बाजार व पुनर्वास प्रथम में स्थित मां दुधईयां देवी मंदिर परिसर आदि स्थानों में नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा के पंडाल सुबह से ही भक्तिमय माहौल में दिखने लगे। यही आलम ग्राम सभा जरहां में अंजीर नदी के तट पर मौजूद अजिरेश्वर धाम मंदिर परिसर के दुर्गा मां के मंदिर में भी देखने को मिला। जरहा के मन्दिरो व पूजा पंडालो में स्थापित माँ आदि शक्ति दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा श्रद्धालु भक्तो द्वारा बड़े ही भक्ति भाव व श्रद्धा के साथ की गई। शनिवार की सुबह से ही माँ दुर्गा के मन्दिरो व पंडालो में श्रद्धालु भक्त वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण मास्क लगाए व सामाजिक दूरियों का अनुपालन करते हुए दिखे।श्रद्धालु भक्त शोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए माँ के चरणों में शीश नवाकर मन्नते की। धूप दिया, फल फूल चढ़ाकर भक्तों ने बिधि बिधान से पूजा अर्चना की ।सिद्ध पीठ माँ दुधईया व बेड़िया हनुमान मंदिर में प्रथम दिन ब्रत धारण करने वाले श्रद्धालु भक्तो ने शीश नवाकर मन्नते की वही अभीष्ट फल प्राप्त करने के लिए नव दिन का अनुष्ठान कलश स्थापित करके किया ।चारो ओर माँ दुर्गा के पूजा अर्चना व जयकारे की गूँज से समूचा इलाका भक्तिमय हो उठा। बेड़िया हनुमान मंदिर के महंत मदन गोपाल दास महाराज ने बताया कि जो भी भक्त नौ दिन ब्रत धारण करके बिधि बिधान से अनुष्ठान करता है माँ दुर्गा निश्चित ही उसके मन की मुराद पूरा करती हैं। प्रभारी निरीक्षक एस बी यादव ने भी चक्रमण कर सुरक्षा ब्यवस्था का जायजा लिया तथा लोगो को आवश्यक दिशा निर्देश देकर कहा कि वे सभी जनपद के जिलाधिकारी द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पूजा अर्चना करें।

# अभा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने एसपी को दिया मांग पत्र

- पिछले दिनों धनघटा में पुलिस द्वारा व्यापारी के उत्पीड़न पर व्यापारियों ने एसपी व अपर एसपी से भेंट कर दिया ज्ञापन



**संतकबीरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन के नेतृत्व में व्यापारी नेताओं ने पुलिस अधीक्षक एवं अपर उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट को मांग पत्र देकर सही जॉच कराये जाने की मांग की है। व्यापारियों ने कहा है कि धनघटा पुलिस द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जो निन्दनीय है। व्यापारी नेता अमित जैन ने कहा कि धनघटा पुलिस द्वारा जॉच करने का तरीका गलत है। यदि नकली पुट्टी की बात है तो सैम्पल लिया जाता है न कि पूरे माल को जब्त किया जाता है। व्यापारियों ने पुलिस की भूमिका पर संदेह जाहिर किया है। पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया है कि मामले की निष्पक्ष जॉच की जायेगी। ज्ञापन देने के दौरान जिलाध्यक्ष श्रवण अग्रहरि, महामंत्री विनीत चड्ढा, धनघटा तहसील अध्यक्ष उदय राज अग्रहरि तथा पौली के व्यापार मण्डल के पदाधिकारी शामिल रहे। इस दौरान पीड़ित व्यापारी मोहम्मद अफसर भी मौजूद रहे।

## भाजपा के मंडलों का प्रशिक्षण आज से प्रारंम्भ

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र के मण्डल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 18.10.2020 को सुबह 9 बजे से आरंम्भ होगा। मण्डल प्रशिक्षण वर्ग सभी मण्डलों का अलग-अलग स्थानों पर प्रशिक्षण होना सुनिश्चित किया गया है प्रशिक्षण वर्ग में मुख्यरुप से मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, व मण्डल कार्यसमिति सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी व मण्डल में निवास करने वाले वर्तमान पूर्व व वरिष्ठ पदाधिकारियों की समय से उपस्थिति अनिवार्य रुप से रहनी है, जिसके मण्डल प्रशिक्षण वर्ग संम्पन्न व सफल बनाया जा सके। 18.10.2020 से 19.10.2020 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंम्भ ओबरा मण्डल का मानस भवन ओबरा में सुबह 9 बजे से होगा। चोपन मण्डल का ग्रामवासी सेवा आश्रम चोपन में होगा। रेनुकुट मण्डल का नगर पंचायत हॉल पिपरी में होगा। 20.10.2020 व 21.10.2020 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंम्भ गौरीशंकर मण्डल का जिला कार्यालय भाजपा सोनभद्र पर होगा।

# मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान अभियान का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता।** सोनभद्र



**प्रदेश** की सरकार द्वारा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान 180 दिवसीय अभियान को सफल बनाने के निमित्त जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित माॅ सरस्वती व माॅ विन्ध्यवासिनी जी के चित्र पर माल्यार्पण करके सांसद पकौड़ी लाल कोल, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव मिशन शक्ति अभियान की महिला आईपीएस नोडल अधिकारी सुधा सिंह, विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्या, विधायक दुद्धी हरिराम चेरो, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अमित पाल शर्मा आदि ने किया। शुभारंभ समारोह कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण पर सांसद पकौड़ी लाल कोल, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, मिशन शक्ति अभियान की महिला आईपीएस नोडल अधिकारी सुधा सिंह, विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या, विधायक दुद्धी हरिराम चेरो, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अमित पाल शर्मा, अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ओ.पी. सिंह, महिला थानाध्यक्ष संतु सरोज, उप निरीक्षक सरोजमा सिंह, शिवानी मिश्रा, दिग्विजय सिंह व प्रगतिशील महिलाओं तथा बेटियों ने विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर मिशन- शक्ति-नारी सुरक्षा-नारी सम्मान 180 दिवसीय अभियान के प्रचार-प्रसार पोस्टरों का संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। जन जागरूकता के निमित्त नारी सम्मान प्रचार अभियान का भी शुभारंभ किया गया।इस मौके पर महिला ''मिशन- शक्ति-नारी सुरक्षा-नारी सम्मान 180 दिवसीय अभियान''सम्बन्धी नुक्कड़-नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एकांकी बड़े ही मनोहारी तरीके से प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार पौत्स्सायन ने किया। इस मौके पर जिला प्रोबेशन विभाग से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी, गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहें।

## पशु हैं नहीं और पशु शेड का कर दिया निर्माण

- अधिक कमीशन के लिए बना दिया जाता है ज्यादा का स्टीमेट
- फर्जी नल मरम्मत और रिबोर के नाम पर कर लिया धन का बंदरबांट

**संवाददाता।** बस्ती

**रामनगर** ब्लॉक के ग्राम पंचायत बारकोनी और परसाकुतुब में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। साक्ष्य सहित मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत भाजपा के जिला मंत्री उमाकांत शुक्ल ने करते हुए बीडीओ, सेक्रेटरी और प्रधान के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की है। कहा गया है कि बिना कमीशन लिए किसी काम का भुगतान ही नहीं किया जाता। कमीशन अधिक पाने के लिए लागत से अधिक कार्य का स्टीमेट बना दिया जाता है। ऐसे लाभार्थी के पशु शेड का निर्माण कागजों में कर दिया, जिसके पास एक भी पशु नहीं है। लोकल का सोलर लाईट और स्टीट लाइट लगवाकर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया। घटिया नाली निर्माण कराकर धन का गबन किया गया। कम्पोस्ट पिट का फर्जी निर्माण कराकर जमकर गोलमाल किया गया। अब डस्टबिन के नाम पर सेक्रेटरी और प्रधान मिलकर बड़ा खेल खेल रहें हैं, इसका खुलासा आडियो के वायरल में भी हो चुका है। बीडीओ की जांच रिपोर्ट भी षिकायत के साथ लगाई गई, जिसमें खुलेआम गलत कामों का सपोर्ट किया गया। एक तरह से बीडीओ की रिपोर्ट से भ्रष्टाचारियों को बल मिला है। नल का मरम्मत और रिबोर किया नहीं और उसके के नाम पर धन निकाल लिया गया। कहागया कि बारहकोनी में लक्ष्मी पत्नी सत्तन के नाम पर कम्पोस्ट पिट एवं पशु शेड बना दिया, जबकि इसके पास एक भी जानवर नहीं है। इी तरह ग्राम पंचायत परसाकुतुब में सचिन इंटर प्राइजेज से से डस्टबिन लगवाया गया, मगर जब भुगतान करने की बारी आई तो प्रधान और महिला सेक्रेटरी द्वारा कमीशन की मांग की जा रही है।

# प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए कृतसंकल्पित

**संवाददाता।** मीरजापुर

- महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों के प्रति अधिकारी व कर्मचारी रहें सचेत
- किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीः मंडलायुक्त

**उत्तर प्रदेश** सरकार के निर्देश के क्रम में आज पुलिस लाइन के सभागार में मिशन शक्ति का शुभारम्भ विधायक नगर, विधायक मझंवा एवं मण्डलायुक्त श्रीमती प्रीति शुक्ला, आईजी पीयूष श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक नगर रत्नाकर मिश्र ने कहा कि महिलाओं तथा बालिकाओं के रोकथाम के लिये प्रदेश सरकार के द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे है परन्तु हम सभी का भी दायित्व है कि घरों में भी भारतीय परम्पराओं व संस्कारों से बच्चों को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि बालक हो या बालिका माता-पिता पहले पहले गुरू होते है। उन्होंने दादा-दादी की कहानियों की चर्चा करते हुये कहा कि माता-पिता को चाहिए कि बच्चों के साथ कुछ समय अवश्य निकालें तथा उन्हें संस्कारों एवं अपनी परम्पराओं के बारे में अवश्य बतायें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी जो इस कार्यक्रम में सम्मिलित है उनकी जिम्मेदारी बनती है है कि वे कार्यक्रम को गांव-गांव तक जाकर प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करें। उनहोंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने एवं उन्हें उनका सम्मान दिलाने के प्रति कृतसंकल्ति है।

इस पर विधायक मझवा ने कहा कि जहां शक्ति है वहां सृजन है और जहां सृजन है वहां मान है। उनहोंने कहा कि जिस समाज में नारी का सम्मान नहीं किया जाता उस घर व समाज का समृद्धि एवं विकास धीरे-धीरे क्षीण हो जाता है। उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न रोकने एवं उन्हें आत्म निर्भर बनाने की दिशा में जो कार्यक्रम व योजनायें चलायी जा रही है उनका वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाये। यह भी कहा कि कार्यालयों में किसी शिकायत पर महिलाओं व बालिकाओं की बातों गम्भीरता से सुना जाये तथा उसका त्वरित निराकरण किया जाये। उन्होंने महिला शिक्षा पर बल देते हुये कहा कि महिलाओं को शिक्षित करने के लिये भारत सरकार व प्रदेश सरकार के द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढाओं अभ्यिान चलाया गया है, कहा कि जब बालिकायें शिक्षित होगी तो उनकी दशा और दिशा बदलेगी और अपना आत्म सम्मान स्वयं पा सकेगी। इस अवसर मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल श्रीमती प्रीति शुक्ला ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन के लिये प्रदेश सरकार के द्वारा 180 दिन का यह कार्यक्रम चलाया गया हैजो प्रथम चरण में 09 दिन तक चलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ अवांछनीय घटनाओं में पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन त्वरित गति से कार्यवाही की जाये ताकि उन्हें न्याय मिल सके। उन्होंने प्रथम प्रथम दृष्टया उनकी एफ0आई0आर0 तत्कल दर्ज कर त्वरित कार्य कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने महिलाओं का उत्पीडन ककरने वाले के विरूद्ध कडी से कडी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि थाने में आने पर उनकी पीडा को सुना जाये। कहा कि महिला अपराधों को संवेदशीलता के साथ रोकना है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को अपने आत्म सम्मान को छीन कर भी लेना होगा इसके लिये तभी सम्भव है जब वे शिक्षित होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी दी जाये। इस अवसर पर आाईजी पीयूश श्रीवास्त ने कहा कि महिलाओं ककी सुरक्षा के लिये पुलिस प्रशासन कटिवद्ध है उन्होंने कहा कि महिलायें या बालिकायें किसी भी असहज स्थिति में 112 व 1090 पर डायल कर सहायेग ले सकती है डायल करने पर पुलिस तत्काल पहुॅचेगी और उनकी मदद की करेंगी यह भी कहा कि फोन करने वालों का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए अभियान

**सोनभद्र।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान अभियान का शुभारंभ विकास खंड रावर्टसगंज के सभाकक्ष में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख अशोक कुमार सिंह पटेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वाबलंबन के लिए आगामी 9 दिनों तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा इस अभियान का लक्ष्य महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी बनाना उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना जन जागरूकता पैदा करना आत्म सुरक्षा की कला हेतु प्रशिक्षण करना तथा दुराचारिओं की पहचान उजागर करना है उक्त अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए संजू मौर्य, हंशा देवी, इंदु देवी, शैल कुमारी, सोनी निर्मला, पूनम व शांति देवी को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजय कुमार सिंह एडीओ समाज कल्याण अशोक कुमार सिंह अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार पांडे कोऑर्डिनेटर आशुतोष कुमार व एनआरएलएम के महेश कुमार द्वारा मिशन नारी शक्ति सुरक्षा व नारी सम्मान अभियान को लेकर विचार व्यक्त किया गया।

## राज्यसभा सांसद ने माथा टेका

मिर्जापुर। शनिवार 17 अक्टूबर को नवरात्र की शुरुआत होते ही दिग्गजों का आवागमन चालू हो गया जिसके तहत कांग्रेस पार्टी के राज सभा सांसद प्रमोद तिवारी ने दोपहर 2रू00 बजे मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया कांग्रेस महासचिव मनीष दुबे ने उनको विंध्यवासिनी धाम में दर्शन कराया।

## दबंगों ने की युवक की पिटाई, चल रहा उपचार

**मछलीशहर, जौनपुर।** घर के सामने मुर्गी चराने से मना करने पर दबंगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। युवक का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार नगर के शादीगंज निवासी अकरम 35 वर्ष पुत्र हुसैन के अनुसार घर के बगल मेरी बिरादरी के कुछ दबंग लोग मेरे घर के सामने अपनी मुर्गियां छोड़ देते हैं। मुर्गियां दिन भर घर के सामने गंदगी करती थीं। मैंने उन्हें इसके लिए कई बार मना किया किन्तु वह लगातार मेरी बात को अनसुनी कर दे रहे थे। शुक्रवार को मैंने उन्हें मना किया तो उन लोगों में से 3 लोगों ने मेरी जमकर पिटाई कर दी जिससे मेरा सिर फूट गया।

## दिनेशकान्त यादव के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्यवाही रद्द

**जौनपुर।** पूर्व सांसद उमाकांत यादव के पुत्र दिनेशकांत यादव के विरुद्ध गैंगेस्टर व कुर्की की कार्यवाही का मुकदमा बदलापुर थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी राजेश यादव ने दर्ज किया था। मुकदमे और गैंगेस्टर की कार्यवाही को चुनौती देते हुए दिनेशकांत यादव ने पुलिस अधीक्षक व तत्कालीन थाना प्रभारी बदलापुर राजेश यादव व थाना प्रभारी सिंगरामऊ को कानूनी नोटिस भेज करके अपने विरुद्ध दर्ज मुकदमे को आधारविहीन बताया।

## समिति ने रामलीला का मंचन न करने का लिया निर्णय

**मछलीशहर, जौनपुर।** श्री आदर्श रामलीला समिति ने महामारी के मद्देनजर इस वर्ष रामलीला मंचन न कर प्रतीकात्मक रुप से करने का निर्णय लिया है। समिति के इस निर्णय की तहसील व पुलिस प्रशासन ने सराहना किया है। इसको लेकर श्री आदर्श रामलीला समिति पुरानी बाजार के पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को हुई जहां वक्ताओं ने कहा कि विगत 107 वर्षों से समिति द्वारा पुरानी बाजार में शारदीय नवरात्र में रामलीला का मंचन होता चला आ रहा है। इस वर्ष महामारी का प्रकोप चल रहा है। ऐसी स्थिति में रामलीला का मंचन विगत वर्षों की भांति होना सम्भव नहीं है।

## ट्रक के धक्के से गिरा शीशम, 6 घंटे जाम रहा हाइवे

**मछलीशहर, जौनपुर।** तेज रफ्तार ट्रक के धक्के से सड़क किनारे स्थित शीशम का पेड़ टूटकर सड़क पर आ गिरा जिससे हाइवे पर लगभग छः घण्टे तक वन वे रहा। सुबह ग्रामीणों ने पेड़ की डाल काटकर हटाया तो आवागमन सुचारू रूप से जारी हुआ। जानकारी के अनुसार आजमगढ़ से एक ट्रक गिट्टी उतारकर इलाहाबाद जा रही थी। ट्रक चालक के अनुसार गुरुवार की भोर में लगभग 3 बजे रायबरेली जौनपुर हाइवे पर स्थित कोरमलपुर गांव के समीप जब वह गाड़ी लेकर पहुंचा कि तभी सामने से आ रही ट्रक उसकी गाड़ी से टकराने की स्थिति में हो गई। उससे बचने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर हाइवे के नीचे जाकर शीशम के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि पेड़ टूटकर गाड़ी के ऊपर से सड़क पर जा गिरा।

## ईट भट्ठा स्वामी सम्पूर्ण बकाया धनराशि करें जमा

**देवरिया।** जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया है कि जनपद देवरिया में स्थापित समस्त ईट भट्ठा स्वामियों को विनियमन शुल्क की सम्पूर्ण बकाया धनराशि के जमा करने के उपरान्त ही ईट भट्ठा सत्र 2020.21 के संचालन की अनुमति प्रदान की जा सकेगी। यदि कोई ईट भट्ठा बगैर विनियमन शुल्क जमा किये व अनुमति प्राप्त किये बिना ईट भट्ठा संचालित किया जायेगा तो ऐसे ईट भट्ठा स्वामी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित होगी। उन्होने सभी ईट भट्ठा स्वामियों से अपेक्षा करते हुए कहा है कि वे अपने बकाया विनियमन शुल्क की सम्पूर्ण धनराशि जमा कर अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही अपने भट्ठे को वर्तमान सत्र में संचालित करेगें।

## पूर्वदशम छात्रवृत्ति आवेदन करने की अन्तिम तिथि अब 1 दिसम्बर

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एन ने बताया है कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9 एवं 10 में आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि को बढा कर 1 दिसम्बर 2020 कर दिया गया है। उन्होने इस समयावधि के अन्दर सभी संस्थाओं, विद्यालयों को आनलाईन आवेदन सहित सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया हैए साथ ही यह भी कहा है कि यदि कोई छात्रछात्रा छात्रवृत्ति से वंचित रह जायेगा तो इसके लिये संबंधित संस्था विद्यालय जिम्मेदार होगें। छात्र का आवेदन प्राप्त करते समय यदि कोई त्रुटि प्रदर्शित होती है तो संस्था छात्र का आवेदन आनलाईन वापस करेगी तथा छात्र द्वारा ऐसे आवेदन को सही करा के पुनः 5 दिन के भीतर विद्यालयध्संस्था को अग्रसारित करना अनिवार्य होगा। छात्र,छात्रा के आधार प्रमाणीकरण एवं आधार से लिंक मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी को अंकित करने पर ही आवेदन टेम्परेरी लाक किया जा सकेगा। छात्र के आधार नम्बर, नाम, पिताध्पति का नाम, लिंग व जन्म तिथि का मिलान भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से मिलान किया जायेगा।

# मिशन शक्ति से बढ़ेगा महिलाओं का सम्मान

### शुरू हुआ मिशन शक्ति अभियान

संवाददाता। गाजीपुर

**नवरात्रि** के दिनों में जहां कन्याओं का पूजन किया जाता है वहीं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और लड़कियों को सम्मान देने के लिए नवरात्रि के प्रथम दिन से मिशन शक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जनपद में शनिवार को जिला मुख्यालय पर प्रभारी मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने मिशन शक्ति का शुभारंभ किया । दूसरी ओर मोहम्दाबाद तहसील पर उप जिलाधिकारी राजेश गुप्ता ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसमें बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों के साथ ही अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग मोहम्मदाबाद परियोजना की बाल विकास परियोजना अधिकारी शायरा परवीन ने बताया कि शनिवार को उप जिला अधिकारी मोहम्मदाबाद की अध्यक्षता में मिशन शक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम का संचालन करते हुए शायरा परवीन ने बताया कि 17 अक्टूबर 2020 से अप्रैल 2021 तक 180 दिनों तक महिलाओं को सशक्त बनाने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रचार प्रसार किया जाएगा एवं समस्त हेल्पलाइन नंबरों से बालिकाओं एवं महिलाओं को अवगत कराने हेतु ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शक्ति योद्धा के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प एवं शपथ ग्रहण भी कराया गया।




### नारी के सम्मान के लिए है मिशन शक्तिः आनंद स्वरूप

**गाजीपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षाए सम्मान व स्वावलम्बन के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 17 अक्टूबर से मिशन शक्ति का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा किया गया। जनपद स्तर पर शारदीय नवरात्र से बासंतिक नवरात्र तक चलने वाले इस अभियान का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद के प्रभारी मंत्री आनन्द स्वरूप शुक्ल ने जिला पंचायत सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात मंच पर आसीन मुख्य अतिथि एंव विशिष्ट अतिथियो को पुष्प देकर सम्मानित कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के वालेन्टियर द्वारा नाटक प्रस्तुति तथा सांस्कृतिक कलाकर राकेश कुमार के गीत उपस्थित आगन्तुको के मनमोहक का केन्द्र रहा।

# महिलाओं को जागरूक, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बनाना हम पुरुषों का कर्तव्यः स्वामी प्रसाद मौर्य

**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा नारी सम्मानद्ध का शुभारंभ शारदीय नवरात्र से किया जा रहा है। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को जागरूकए स्वावलंबीए आत्मनिर्भर बनाना है। हम पुरुषों का कर्तव्य है। हमको अपने घर से महिलाओं का सम्मान करना चाहिए तभी हम बाहर जाकर उनका सम्मान एवं सुरक्षा कर सकते हैं। हमें प्रेरणा लेना चाहिए कि हम नारी सम्मान करेंगे। उक्त बातें मुख्य अतिथि मंत्री श्रम एवं सेवायोजन व प्रभारी मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहीं। वह शनिवार को मुख्यालय स्थित लोहिया कला भवन में आयोजित मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा नारी सम्मानद्ध के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं के प्रति कानून बनाकर उसका कड़ाई से पालन कराती है लेकिन जब तक हम आप लोग जागरूक होकर समाज में अच्छा व्यवहार नहीं करेंगे तब तक ये मिशन सफल नहीं होगा। हमारे देश में बहन बेटियों को देवी मां का दर्जा दिया गया है इसलिए हम सब इनका सम्मान करें। आज हम सबको सोच बदल देनी चाहिए बेटा बेटी में कोई फर्क नहीं करना चाहिए। इसके पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल एवं विशेष सचिव,नोडल अधिकारी सिद्धार्थनगर मंजूलता,जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी,मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में मिशन शक्ति जागरूकता रथ को हरी झँडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ सभी तहसीलोंए विकास खण्डों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर लागों को जागरूक करेगी। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा सिद्धार्थनगर की शक्ति प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया इसके अंतर्गत क्राफ्ट, फोटो, एस्से, स्पीचए वेबसाइट मेकिंगए साइंस, डांस, सिंगिंग, पेंटिंग शामिल है।



### मतदाता पहचान के लिये वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र भी आयोग से अनुमन्य

**देवरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया है कि उप निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत आगामी 3 नवम्बर को मतदान होगा। मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नही कर पाते हैं, उन्हे आयोग द्वारा वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से कोई एक प्रस्तुत करने की अनुमन्यता की गयी है। मतदाता आधार कार्ड मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों,डाकघरों द्वारा जारी की गयी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एन पी आर अन्तर्गत आर जी आई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड,भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज एवं राज्य,केन्द्र सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त पहचान पत्र सांसद,विधायको, जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र में से कोई एक।

# पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

### जय माता दी के जयकारे से गूंजायमान हुआ वातावरण

### मंदिरों में सुरक्षा को लेकर किए गए थे पुख्ता इंतजाम

संवाददाता। मऊ

सुख, समृद्धि, शांति, ऐश्वर्य व ज्ञान प्रदायिनी जगजननी मां दुर्गा के आराधना के साथ ही शनिवार को नवरात्र शुरू हो गया। शारदीय नवरात्र के पहले दिन शनिवार की सुबह कलश स्थापना कर मां दुर्गा के नौ रूपों में प्रथम शैलपुत्री की भक्तों ने पूजा.अर्चना किया।

इस दौरान जय माता दी के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। नवरात्र को लेकर मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए थे। पलपल की गतिविधियों पर उच्चाधिकारी अपनी पैनी नजर रखे हुए थे। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में शारदीय नवरात्र को लेकर भक्तों में काफी उत्साह दिखाई दिया। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन शक्ति की देवी दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री का श्रद्धालुओं ने पूजनअर्चन किया। इस दौरान कलश स्थापना व हवन पूजन के बीच भक्तों ने मां की स्तुति की व व्रत का शुभारंभ किया। मंदिर पहुंचे भक्तों ने पूजन.अर्चन कर घंटाघड़ियाल की गूंज के साथ ही जयकारे लगाए। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का शुरू हुआ आना जाना देर शाम तक चलता रहा। या देवी सर्वभूतेषु प्रकृति रूपेण संस्थिताए नमस्तस्यैए नमस्तस्यैए नमस्तस्यै नमो नम के मंत्रोच्चार के बीच शनिवार को मां दुर्गा के पहले स्वरूप और शैलराज हिमालय की पुत्री सुखसमृद्धि की देवी शैलपुत्री की पूजा.अर्चना किया गया।



मंदिरों में कई तरह के फूलों से सजा मां का दरबार महक उठा। घरों में कलश स्थापना के बाद भक्तों ने पूजाअर्चना की। अमृत की अधिष्ठात्रीए यज्ञों की विधात्री विश्वरूपिणी मां भगवती की आराधना के लिए नगर क्षेत्र के शीतला माता धाम, रोडवेज स्थित दुर्गा मंदिर, वनदेवी मंदिर, मां कोयल मर्याद भवानी माई मंदिर, निधियांव स्थित अष्टभुजी मंदिर सहित जिले के विभिन्न देवी मंदिरों पर बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। भक्तगणों द्वारा नौ दिवसीय इस पूजा की परंपरा को निभाने के लिए काफी उत्साह दिखाई दिया। भक्तगणों का मंदिर में भोर होते से ही का आना शुरू हो गया था। उधर रतनपुरा बाजार स्थित दुर्गा मंदिरए वैष्णो देवी मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ उमड़ी रही।

## दवा व्यापारियों ने ई.फार्मेसी का किया विरोध

**जौनपुर।** केमिस्ट एंड कास्मेटिक वेलफेयर एसोसिएशन जौनपुर ने बैठक करके गैर कानूनी तरीके से चल रही ई.फार्मेसी का विरोध किया। संगठन ने कहा कि ई.फार्मेसी की आड़ में कंपनियां नकली तथा नशीली दवाओं का कारोबार कर रही हैं। संगठन ने आम उपभोक्ताओं को आगाह किया कि आनलाइन दवाओं से बचेंए क्योंकि आनलाइन दवा रख.रखाव के मानक पर खरी नहीं उतरती। संगठन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग किया कि गैरकानूनी तरीके से चल रही आनलाइन कंपनियों पर रोक लगायी जाय। संगठन के महामंत्री राजेन्द्र निगम ने कहा कि अगर सरकार ई.फार्मेसी को कानूनी मान्यता देती है तो छोटे दवा व्यवसाइयों के समक्ष रोजी.रोटी का संकट खड़ा हो जायेगा। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष अमित मौर्या ने किया। इस अवसर पर चेयरमैन महेन्द्र गुप्ता, संयोजक दिलीप गुप्ता, इरफान अहमद, भूपेंद्र सिंह, रितेश श्रीवास्तव, सुभाष मौया, सुनील चौरसिया, दिलीप जायसवाल, ध्रुव जायसवाल समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अपना दल के जयसिंह ने किया नामांकन

**जौनपुर।** राष्ट्रीय अपना दल के जिलाध्यक्ष मनोज नागर ने मल्हनी विस उपचुनाव के लिये घोषित प्रत्याशी जयसिंह यादव एडवोकेट का नामांकन पत्र दाखिल कराया। इस अवसर पर कुलदीप शुक्ला, राजेन्द्र सिंह पटेल, स्वामी महेश नन्द महराज, मनोज पासवान, राजेश सरोज, नन्द लाल निषाद, दयाराम निषाद एडवोकेट, जितेन्द्र शुक्ला, राजवीर यादव, शान्ति निषाद, संदीप निषाद, राजकुमार यादव, संजय नागर एडवोकेट, रामकुमार यादव, भैया लाल यादवए नगेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, विजय नाविक एडवोकेट सहित तमाम लोग सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये मौजूद रहे।

## यज्ञ के साथ ही सम्पन्न हुआ पुरुषोत्तम मास

**मछलीशहर, जौनपुर।** हवन यज्ञ के साथ ही एक माह से चल रहा पुरुषोत्तम मास सम्पन्न हो गया। छाछो गांव में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। उक्त गांव के बागेश्वर नाथ महादेव के मंदिर पर पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन यज्ञ हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कर्मकांड के विद्वान देवी प्रसाद मिश्र की देख.रेख में शुक्रवार को सामूहिक शिव पूजन का आयोजन किया गया। इसके बाद हवन यज्ञ तथा आरती की गई। इस सामूहिक अनुष्ठान के दौरान उक्त विद्वान ने पुरुषोत्तम मास के महत्व के बारे में लोगों को जानकारी दिया। उक्त गांव में भारी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहकर शिवार्चन कार्यक्रम में भाग लिये और प्रसाद ग्रहण किये।

# परियोजना अधिकारी ने दिलाई मतदान की शपथ

**देवरिया।** 17 अक्टूबर 2020 को स्वीप कार्यक्रम के तत्वावधान में चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला नगरीय विकास अधिकरण;डूडाद्ध देवरिया में कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। परियोजना अधिकारी विनोद कुमार मिश्रा ने समस्त स्टाफ एवं उपस्थित जनसमुदाय को मतदान हेतु शपथ दिलाते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने करने को कहा। उन्होंने सभी से मतदान की अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने एवं अपने परिवेश के लोगो को मतदान हेतु प्रेरित करके हम एक मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम में स्वीप कोऑर्डिनेटर आशुतोष नाथ तिवारी ने बिना किसी भयएदबाव के मतदान करते हुए लोकतंत्र में अपने योगदान की बात कही। संचालन शहर मिशन प्रबंधक मनोज वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रभात कुमारएखुशबू जायसवालए आदित्य सिंहए जितेंद्र प्रसादएशिल्पी यादव समेत समस्त स्टाफके स्टाफके सदस्य एवं आम जनमानस उपस्थित रहे । स्वीप जनचौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री पुरमए बरमहिया स्थान आदि मुहल्लों में 3 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।इस दौरान मुहल्ला निवासी शिक्षिका निशी सिंह सहित दर्जनों महिला मतदाताओं ने खुले मन से मतदाता शपथ भी लिया। सुनीता सिंहएनीलम सिंहए मैमुन्निशाएसुमेधा सिंहएसलोनी कुशवाहा जागरूकता टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। आशुतोष यादव,श्रीराम गुप्ता,भोला चौधरी, अरविंद सिंह तथा प्रमोद कुशवाहा ने लोगों से निर्भीक,निर्लोभ, निष्पक्ष होकर अच्छे प्रत्याशी का चुनाव करने का वचन लिया।

# सात नामांकन पत्र जांच में मिले अवैध, हुये निरस्त

संवाददाता। देवरिया

337 देवरिया विधानसभा के उप निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आज नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया में 7 अभ्यर्थियों के पर्चे त्रुटियुक्त पाये जाने पर उसे रिटर्निंग आफिसर द्वारा निरस्त किया गया, जबकि 14 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र वैध मिला।

जिन अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र अवैध,त्रुटियुक्त पाये जाने पर निरस्त हुए है। उनमें संजय राष्ट्रीय समानता दलए अनिल चैहान जन अधिकार पार्टी, नत्थु यादव बहुजन मुक्ति पार्टी, दुर्गा पटेल जय हिन्द समाज पार्टी, ओम प्रकाश निषाद अभय समाज पार्टी एवं घनश्याम व विजय निर्दल के पर्चे शामिल है।

ज्ञातव्य हो कि कुल 21 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र भरे थेए जिसमें से 7 के पर्चे अवैध पाये जाने के फलस्वरुप निरस्त हो चुके है। 19 अक्टूबर को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है।



### मतदान अधिकारी अनिवार्य रुप से प्रशिक्षण में लें भाग, अन्यथा होगी कार्यवाही : सीडीओ

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी कार्मिक प्रशिक्षण शिव शरणप्पा जी एन ने पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों प्रथम की आयोजित टाउन हाल आडिटोरियम में प्रशिक्षण के दौरान कहा है कि निर्वाचन कार्य को सकुशल शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने की महत्ति जिम्मेदारी आप सभी पर है। इसके लिये आवश्यक है कि इवीएम एवं वीवीपैट एवं निर्वाचन की प्रक्रियाओं से सभी आवश्यक जानकारियों से पूरी तरह से अवगत रहें। प्रशिक्षण में जो भी जानकारी दी जा रही है। उसका अक्षरशः पालन किये जाने पर चुनाव सम्पन्न कराने में किसी प्रकार की कठिनाई नही होगी। उन्होने आज अनुपस्थित कार्मिकों को कल 18 अक्टूबर को अनिवार्य रुप से प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने की सख्त हिदायत दी। कहा किसी भी कर्मी को प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने की कोई छूट नही है। कोई प्रशिक्षण से वंचित रहेगा तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

## प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने बैठक कर बनाई रणनीति

**मऊ।** प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल रजिए जिला कमेटी के सदस्यों की बैठक कैम्प कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर रणनीति बनाई गई। साथ ही साथ संकल्प लिया गया कि व्यापारियों की सभी समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल कटिबद्ध है। साथ ही साथ नवरात्रि, दशहरा एभैया दूज व दीपावली पर्व की सभी जनपदवासियों को बधाई भी दिया गया। बैठक के दौरान व्यापारी बंधुओं ने आने वाले त्योहारों में चाइना उत्पादों की खरीद व बिक्री को पूर्णरुप से बहिष्कार करने की भी अपील किया गया। कहा गया कि कोरोना एक विश्व व्यापी महामारी के तौर में उभरकर सामने आया हैए इसलिए कोरोना जैसी महामारी से बचाव के लिए जब तक दवाई नहीं तब तक भलाई नहीं पर अमल करते हुए संगठन के विस्तार पर चर्चा किया गया।

## भानपुर रानी मैं बनेगा प्रेरक न्याय पंचायत



**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय भानपुर रानी के प्रांगण में न्याय पंचायत भानपुर रानी के सभी प्रधानाध्यापकों ध्इंचार्ज प्रधानाध्यापकों की बैठक बुलाई। गई बैठक में मिशन प्रेरणा से संबंधित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। सैट टू के रिपोर्ट कार्ड का वितरण तथा उसको भरने के संबंध में अध्यापकों को बताया गया ।तथा यह भी कहा गया कि आप लोग अभिभावकों को बुलाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सभी बच्चों को रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध करा देंगे ।इस बैठक में रीड अलांग ऐपए दीक्षा एप के संबंध में सभी लोगों को जानकारी दी गई । वर्तमान में दीक्षा एप पर गतिमान निष्ठा प्रशिक्षण को लेने की विधि के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। निष्ठा प्रशिक्षण एक बेहद महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण है जो कि करोना महामारी के कारण स्थगित हो गया था ।

# कोई वसूली के लिए फोन करे तो तत्काल हमसे मोबाइल पर सम्पर्क करें : राज्य मंत्री

संवाददाता। गाजीपुर

**जनपद** में शनिवार को प्रभारी मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने जिला पंचायत सभागार से प्रस्थान का महिला 100 बेडेड चिकित्सालय का नवनिर्मित भवन का निर्माण किया। भूमि पूजन के साथ 2022 तक पूर्ण करने का निर्देश भी दिया कार्यालय संस्था को मानक के अनुरूप समय के साथ पूरा करने का भी अनुरोध किया उन्होंने कहा कि किसी भी नेता या पार्टी से वसूली की फोन कर मांग आती है तो तत्काल मेरे पर फोन करें किसी को कोई वसूली नहीं देना है मानक के अनुरूप कार्य को पूरा किया जाए।



### प्रभारी मंत्री का जिला महामंत्री के आवास पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**चकिया,चन्दौली।** स्थानीय तहसील में आयोजित कार्यक्रम के बाद प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री, चंदौली जनपद के प्रभारी मंत्री रमाशंकर पटेल जी चकिया में स्थित भाजपा जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह के आवास पर पहुंचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।आवास पर कार्यकर्ताओं से मिलकर मंत्री जी ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्रीय समस्याओं के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की।इस मौके पर मंत्री जी के साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भी मौजूद थे। स्वागत करने वालों में भाजपा के जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह जिलाए उपाध्यक्ष काशीनाथ सिंहए जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मौर्याएमंडल अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष डॉ कुंदनएआशु गुप्ताए रवि गुप्ता, ओम प्रकाश शर्मा, सारांश केसरी, भगवान दास, कृष्णानंद चौहान, शिवरतन गुप्ता, कैलाश प्रसाद जायसवाल, सनी गुप्ता, दिनेश मौर्या सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

### पीएम गरीब सहित अन्य योजना का 48 कुंतल खाद्यान बेचा

**सकलडीहा,चन्दौली।** कोरोना महामारी को देखते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत गरीबों को सरकार खाद्यान पहुंचाने के लिये लगातार प्रयासरत है। वही कोटेदार गरीबों को गुमराह कर खाद्यान बेच दे रहे है। इसका खुलासा शनिवार को पूर्ति विभाग ने किया। गुरैनी गांव के कोटेदार द्वारा विभिन्न योजना के तहत 48 कुंतल 30 किलों की खाद्यान की कालाबाजारी करने पर एसडीएम के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कराया गया। विभागीय कार्रवाई से कोटेदारों में खलबली मची है। एमआईएस की रिपोर्ट पर पूर्ति विभाग की टीम ने गुरूवार को गुरैनी कोटेदार के यहां छापेमारी किया।

# सपाइयों ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान

**सकलडीहा,चन्दौली ।** सपा कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यकारणी सदस्य के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जिसके तहत कस्बा सहित गाँवो में दर्जनों की संख्या में पहुँच ग्रमीणों को पूर्व में समाजवादी पार्टी द्वारा किये गये कार्यो को जनता के बीच रखा और लोगो से आने वाले चुनावो में सपा को समर्थन देने की बात कही जानकारी के अनुसार जिला कार्यकारिणी सदस्य दिनेश सिंह यादव सपा के दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ शनिवार को सघन जनसंपर्क अभियान चलाया इस दौरान पूर्व की सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा कहा कि सपा सरकार ने कन्याविद्या धनएलैपटॉपए मेधावियों को साइकिलएबेरोजगारी भत्ताएडायल 100 सहित एक्सप्रेस वे व मेट्रो ट्रेन चलवाया जिसका सीधा लाभ आमलोगों को मिल रहा है लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा पूर्व की योजनाओं को बंद कर दिया गया और साथ ही हर संस्थान को निजीकरण कर पूजी पतियों के हाथों बेचकरलाभ पहुचाने का कार्य किया जा रहा हैं वही इस सरकार में अपराधियो का हौसला भी बुलंद हो गया है जो लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

### ग्राम प्रधान ने जर्जर पोल को बदलवाया

**सकलडीहा,चन्दौली।** बरठी गांव स्थित मुस्लिम बस्ती में जर्जर बल्ली के सहारे लगे बिजली के पोल को शनिवार को ग्राम प्रधान के सहयोग से बदल गया है। जर्जर पोल की वजह से हमेशा दुर्घटना की समस्या बनी रहती थी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बताया था। पोल बदले जाने पर ग्रामीणों ने खुसी जताया है। बरठी गांव में सैकड़ो घर मुस्लिम समुदाय के लोग निवास करते है। यहां बिजली के तार को बल्ली के सहारे लगाया गया था। पोल ज्यादा पुराना होने के कारण लोग के अंदर हमेशा भय बना हुआ था। शुक्रवार को ग्राम प्रधान मुन्ना सिंह ने बस्ती में पोल लगवा दिया। जिसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों में खुशी दिखी।

## पुलिस उपाधीक्षक जितेन्द्र दूबे को मिला प्रशस्ति–पत्र

**जौनपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन बृजभूषण ने पुलिस उपाधीक्षक सदर जितेन्द्र दूबे को प्रशस्ति.पत्र प्रदान किए जाने पर पुलिस महकमे के साथ ही शुभचिंतकों ने हर्ष प्रकट करते हुए बधाई दिया। अपनी सेवा के दौरान उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने के प्रतिफल में इन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। शाहगंज क्षेत्राधिकारी के रूप में कार्य करते हुए श्री दूबे अपनी उच्च कोटि की नेतृत्व क्षमता का परिचय देने के साथ ही सर्वसुलभ न्यायप्रिय पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे। इनके कुशल नेतृत्व में अपराध नियन्त्रण एवं घटना के सफल अनावरण के क्रम में 27 सितम्बर को खुटहन थाना क्षेत्र में अपहृत बालक की महज 12 घण्टे के भीतर सकुशल बरामदगी तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई थी।

# प्रभारी मंत्री ने किया मिशन शक्ति अभियान का शुभारंभ

संवाददाता। बाराबंकी

**प्रदेश** में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान एवं स्वालम्बन के लिए शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र के मध्य मिशन शक्ति अभियान संचालित करने हेतु डीआडीए सभागार में माननीय प्रभारी मंत्री दारा सिंह चैहान द्वारा मिशन शक्ति अभियान का उद्धान दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान सांसद उपेन्द्र सिंह राव, विधायक सतीश शर्मा, जिलाधिकारी आदर्श सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मेधा रूपम, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता व अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे। महिलाओं तथा बच्चों की हिंसा से रोकथाम हेतु प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद विकास



खण्डए तहसीलों, धार्मिक स्थानों व ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सुरक्षा सम्मानए कल्याणकारी योजनाओं व सम्बन्धित कानूनों के प्रचार.प्रसार हेतु एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले के विकास में समर्पित काम किया। टाप.10 की सूची में शामिल होकर बाराबंकी जनपद का नाम रोशन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गयाए साथ ही जनपद स्तर पर हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली 10.10 बालिकाओं को पॉच.पॉच हजार की चेकए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती गीता पाल को कोविड.19 की अनुग्रह राशि 50 लाख की स्वीकृति पत्र दिया गया तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दारा सिंह चैहान, विशिष्ट अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, विधायक सतीश शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, अपर जिला सूचनाधिकारी आरती वर्मा, जिला समन्वयक महिला शक्ति केन्द्र, संरक्षण अधिकारी महिला कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## शारदीय नवरात्र मे पूजी गईं मां शैलपुत्री

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन जगह जगह माँ दुर्गा की पूजा आराधना शैलपुत्री के रूप मे हुई। हालांकि इस बार कोरोना महामारी को लेकर आयोजको द्वारा दुर्गा पाण्डालों का स्वरूप छोटा तथा श्रद्धालुओं की संख्या भी सीमित रखी गई भी नजर आयी। नगर के हरिहरमंदिरम्, बलीपुर कटरा के इनहन भवानी धाम, असरही के गुम्मौर देवी, कल्यानपुर मे मां काली तथा अगई मे दुर्गन देवी धाम, राहाटीकर मे मां दुर्गा मंदिर मे भी वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा का पूजन अर्चन हुआ। देवी धामो मे भक्तो ने मां को नारियल चुनरी अर्पित कर मन्नतें मांगी। वहीं शुभ मुहूर्त मे दोपहर बाद घरों-घरों मे भी मां भगवती की कलश स्थापना होती देखी गई। इनहन भवानी धाम मे आचार्य राजेश मिश्र के संयोजन मे श्रद्धालुओं के लिए मास्क व सेनिटाइजर का भी प्रबन्ध दिखा। नवरात्र के पहले दिन ग्रामीण अंचलो मे देवी धामों मे भीड़ को लेकर एहतियातन मशक्कत करती दिखी।

# मिशन शक्ति से बेटियां बनेंगी आत्मनिर्भर

● विधायक व डीएम ने किया शुभारंभ

संवाददाता। अमेठी

**महिलाओं** तथा बच्चों के विरुद्ध हिंसा से रोकथाम हेतु ष्मिशन शक्तिष् अभियान का शुभारंभ आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरुण कुमार व विधायक तिलोई मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षाए सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु बालिकाओं को स्वावलम्बी बनानाए उन्हें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति करानाए जन जागरूकता पैदा करनाए आत्म सुरक्षा की कला विकसित करने हेतु महिलाओं तथा बच्चों को प्रशिक्षित करना तथा उनके प्रति हिंसाध्अपराध करने वालों की पहचान उजागर करना होगा। यह अभियान आज से प्रारम्भ होकर 25 अक्टूबर तक संचालित किया जायेगा जिसमें महिला कल्याण विभागए बाल विकास सेवा पुष्टाहारए महिला शक्ति केन्द्रए वन स्टाप सेन्टरए जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद स्तर पर शासन द्वारा नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर को नामित किया गया है। उन्होने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुये कहा कि स्वयं आत्मनिर्भर बनेए प्रदेश सरकार द्वारा





महिला सशक्तिकरण एवं महिला सम्मान सुरक्षा के लिये विभिन्न सेवाएं प्रारंभ की गई हैए जिसके अन्तर्गत 1090 वूमेन पावर लाइनए 181 महिला हेल्पलाइनए 1078 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइनए 112 पुलिस आपातकालीन सेवाए 1098 पावर चाइल्ड लाइनए 102 स्वास्थ्य सेवायें एवं 108 एम्बुलेन्स सेवायें आदि सम्मिलित है। कार्यक्रम के दौरान माण् विधायक श्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि मिशन नारी सशक्तिकरण के साथ.साथ बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए भी कार्य किया जाए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। महिलायें अपने ऊपर हो रहे उत्पीड़न एवं भ्रष्टाचार की आवाज निष्पक्ष रूप से बुलन्द करेंए हम सब मिलकर इस दिशा में चलेगें और अपनी बेटियों को सुन्दर पृथ्वी देंगे ताकि वे निडर होकर समाज की हर बुराईयों को समाप्त कर सकें। नारी समाज सशक्त होना चाहता है तो इसके लिये शिक्षा बहुत आवश्यक है इसलिये बालिकाओं को शिक्षित अवश्य करें जिससे कि वे अपने परिवार व देश का नाम रोशन करें और आत्मनिर्भर बने। मुख्य विकास अधिकारी ने इस कार्यक्रम में आयी सभी महिलाओं से कहा कि मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं: राज्यमंत्री

संवाददाता। ललितपुर

**मिशन** शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन जागरुकता कार्यक्रम के तहत नारी शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण हेतु प्रात: राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस लाइन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना कियाए जो पुलिस लाइन से वर्णीचौराहा.तालाबपुरा.घण्टाघर होते हुए राजकीय इण्टर कॉलेज में समाप्त हुई। इसके उपरान्त मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन जागरुकता कार्यक्रम एवं नवरात्रि का शुभारम्भ जिलाधिकारी, अन्नावि दिनेश कुमार की अध्यक्षता में राजकीय इण्टर कॉलेज, ललितपुर में किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, मनोहर लाल पंथ मुख्य अतिथि एवं सदर विधायक रामरतन कुशवाहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन ,वं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा राज्यमंत्री, सदर विधायक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा एवं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर आयुक्त, झांसी तथा अपर पुलिस अधीक्षक का बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरान्त कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि यह अभियान महिला सशक्तिकरण हेतु आज से शुरु होकर 25 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि नारी समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज का यह कार्यक्रम हमारी माताओं, बहनो के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। पुरुषों की सफलता में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। तत्पश्चात नगर पालिका अध्यक्षा ने कहा कि यह कार्यक्रम नारी शक्ति के सम्मान में रखा गया है, आज हमारी बेटियां बेटों से कम नहीं है। बेटियां मायका एवं ससुराल दोनों घरों को जगमगाती हैं, उन्हें जोड़कर रखती है। आज मैं जिस स्थान पर हूंए उसका श्रेय वर्तमान सरकार को है जो नारी सशक्तिकरण के लिए पूर्णत: तत्पर है। मौके पर उन्होंने नारी शक्ति पर कविता भी पढ़कर सुनाई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0 ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज वर्तमान सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। भगवान के नाम में पहले नारी शक्ति का नाम रखा जाता है। वर्तमान सरकार द्वारा नारी के सम्मान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है और हमेशा किया जाता रहेगा। इसके उपरान्त कार्यक्रम में नारी शक्ति पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक ने अपने सम्बोधन में नवरात्रि के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए देवी की स्तुति में श्लोक सुनाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सत्ता में आते ही महिलाओं के कल्याण के लिए लगातार कार्य किये हैं, साथ ही महिलाओं की सहायता के लिए कई हेल्पलाइन नम्बर भी संचालित कराये हैं। वर्तमान सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य किये गए हैं। महिलाएं किसी भी प्रकार से पुरुषों से कम नहीं हैए महिलाओं के प्रति पुरुषों को हमेशा आदर का भाव रखना चाहिए। अंत में उन्होंने महिलाओं को शक्ति के रूप में प्रणाम किया। इसके उपरान्त राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हमारी बेटियां देश में सबसे आगे हैं, इसके लिए मातृशक्ति नमन की पात्र है। हमारी मातृशक्ति प्रदेश एवं देश में हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। देश में अनेकों महिलाओं ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्षा एवं नगर पालिका अध्यक्षा द्वारा उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों एवं आमलोगों को महिलाओं के अधिकार एवं उनकी सुरक्षा के सम्बंध में शपथ दिलायी गई। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज का यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण के लिए आयोजित किया गया है।

# डंफर के बीच फंसकर युवक की मौत

**सिद्धौर बाराबंकी।** जैदपुर कोतवाली की अहमदपुर चौकी अंर्तगत पूरे देव दत्त पुरवा मजरे देवकली में शनिवार की सुबह 33 वर्षीय संजय कुमार पुत्र रामलाल घर से अपने खेतों के लिए निकला गाँव की नहर की पुलिया के पास चल रहे गौशाला की जमीन पर अवैध निर्माण में डाली जा रही अवैध खनन कर लाएं जा रहे दो डम्फर के बीच से निकलने का प्रयास किया। तभी डम्फर के पिछले हिस्से की चपेट में आने से संजय की दर्दनाक मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गाँव मे महातम छा गया। और खनन माफिया व डम्फर चालक मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुँचे रामसनेहीघाट तहसीलदारए क्षेत्राधिकारी व जैदपुर कोतवाली प्रभारी ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को शांत कराया और परिजनों से शव पोस्टमार्टम को भेजने के लिए कहा। लेकिन परिजनों की पहली मांग आरोपियों को सजा मिले। प्रशासन की ओर से परिजनों को यह आश्वासन दिलाया कि आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। काफी मशक्कत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# नारी सुरक्षा व सम्मान का मिशन महत्वपूर्ण: प्रतिभा अम्बेडकर

संवाददाता। प्रतापगढ़

**क्षेत्रीय** ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी सभागार में आज मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान अभियान का शुभारम्भ शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी प्रतिभा अम्बेडकर, विधायक सदर राजकुमार पाल, जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्रतिभा अम्बेडकर ने कहा कि महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। मिशन का उद्देश्य महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाना, उन्हें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, जन जागरूकता पैदा करना, आत्म सुरक्षा की कला विकसित करने हेतु महिलाओं तथा बच्चों को प्रशिक्षित करना तथा उनके प्रति हिंसा/अपराध करने वालों की पहचान उजागर करना होगा। यह अभियान आज से प्रारम्भ होकर दिनांक 25 अक्टूबर तक संचालित किया जायेगा जिसमें महिला कल्याण विभाग, बाल विकास सेवा पुष्टाहार, महिला शक्ति केन्द्र, वन स्टाप सेन्टर, जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

उन्होने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुये कहा कि स्वयं आत्मनिर्भर बने, प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला सम्मान सुरक्षा के लिये सुरक्षा चक्र बनाया गया है जिसके अन्तर्गत 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1078 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 पावर चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवायें एवं 108 एम्बुलेन्स सेवायें आदि सम्मिलित है। कार्यक्रम के दौरान विधायक सदर राजकुमार पाल ने कहा कि माँ अपने बच्चों को पालती-पोषती है और अपने बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करती है। महिलायें अपने ऊपर हो रहे उत्पीड़न एवं भ्रष्टाचार की आवाज निष्पक्ष रूप से बुलन्द करें, हम सब मिलकर इस दिशा में चलेगें और अपनी बेटियों को सुन्दर पृथ्वी देंगे ताकि वे निडर होकर समाज की हर बुराईयों को समाप्त कर सकें। नारी समाज सशक्त होना चाहता है तो इसके लिये शिक्षा बहुत आवश्यक है इसलिये बालिकाओं को शिक्षित अवश्य करें जिससे कि वे अपने परिवार व देश का नाम रोशन करें और आत्मनिर्भर बने।

# पंचायत चुनाव में भाजपा झोंकेगी पूरी ताकत: विजय बहादुर पाठक

संवाददाता। बाराबंकी

**जैसे जैसे** पंचायत चुनाव निकट आ रहे हैंए भाजपा में चुनावी बैठकों का सिलसिला तेज हो गया है।शनिवार को भाजपा कार्यालय पर चुनाव सन्चालन समिति की अहम बैठक आयोजित की गई।बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व पंचायत चुनाव के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर पाठक ने कहा कि भाजपा पूरी ताकत से पंचायत चुनाव में उतरेगी।उन्होने कार्यकर्ताओं से आह्वाहन किया कि वे मतदाता सूची बनवाने के काम मे पूरी ईमानदारी से जुट जाएं जिससे कोई व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित नही रह पाए। कहा कि भाजपा सतत प्रवास व संवाद के जरिये गाँव व मजरों तक पहुँचेगी। उन्होने कहा कि पंचायत



चुनाव में भाजपा की जीत गाँव एगरीब एकिसान की आत्मनिर्भरता का माध्यम बनेगी। बताया कि कार्यकर्ताओं को ही उम्मीदवार बनाने में पार्टी प्राथमिकता देगी। इसके पूर्व पंचायत चुनाव की कार्ययोजना पर मंथन हुआ।बैठक में तय हुआ कि आगामी दिनों में ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके पंचायत चुनाव की रणनीति को धरातल पर उतारा जाएगा। प्रत्येक वार्ड में राजनीतिक एवं सामाजिक लोगों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया गया।शनिवार को आयोजित बैठक में सभी 58 जिला पंचायत वार्ड के संयोजकों और 15 ब्लॉकों के संयोजकों के अलावा सांसद उपेंद्र रावत भी शामिल हुए। पंचायत चुनाव की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए जल्द ही ग्राम सभा स्तर पर भी संयोजक नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

## क्विक न्यूज

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी

**अमेठी ।** नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम तथा आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आज जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। अभिहित अधिकारी डीपी सिंह ने बताया कि बताया कि छापेमारी के दौरान कस्बा जायस स्थित राजेंद्र कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान से मिश्री का नमूनाए शरीफ के प्रतिष्ठान से साबूदाना का नमूना लिया गया। संकलित नमूनों की जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। इसके साथ ही खाद्य सचल दल द्वारा तहसील तिलोई में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य का कारोबारकर्ताओं को मिठाई की ट्रेध्कंटेनरों पर बेस्ट बिफोर की तिथि एवं पकाने का माध्यम यथा घीए वनस्पतिए रिफाइंड तेल इत्यादि अंकित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान खाद्य सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंहए सिद्धार्थ कुमार एवं रश्मि प्रभा उपस्थित रहे।

### विद्यालयों मे कोविड-19 के बचाव को लेकर मंथन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज मे शनिवार को कोविड-19 को लेकर तहसील क्षेत्र के विद्यालयों के संचालन के तहत विचारविमर्श किया गया। राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह के निर्देशन मे प्रधानाचार्य व शिक्षको की बैठक मे कोरोना महामारी से छात्रों के बचाव के उपायो पर चर्चा हुई। वहीं विद्यालयो के खुलने की स्थिति मे छात्र छात्राओं के लिए मास्क तथा सेनिटाइजर के उपयोग को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक का संयोजन प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल ने किया। इस मौके पर आचार्य रामअवधेश मिश्र, राघवेन्द्र पाण्डेय, सुधाकर पाण्डेय, नारेन्द्र प्रसाद तिवारी भी मौजूद रहे।

### अनुराग श्रीवास्तव को सामजिक विज्ञान मे सर्वोच्च अंक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के बेलहा निवासी अनुराग श्रीवास्तव ने लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) श्रेणी परीक्षा मे सफलता लेकर लालगंज क्षेत्र का परचम लहराया है। अनुराग ने 2018 की इस परीक्षा मे सामाजिक विज्ञान विषय मे पूरे प्रदेश मे सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। यह जानकारी मिलने पर मेधावी के परिजनों तथा ग्रामीणों ने शनिवार को प्रसन्नता जताई। बतादें अनुराग ने इसके पूर्व मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिटेंट प्रोफेसर के चयन मे भी सफलता ली है। अनुराग की सफलता पर कायस्थ महासभा के मीडिया प्रभारी शुभम श्रीवास्तव, दीपेश श्रीवास्तव, नंदकिशोर श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान विजय प्रताप सिंह तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य राजू सिंह ने खुशी जताई है।

### सपा मुखिया स्वास्थ्य लाभ के लिए हुआ हवन पूजन

**अमेठी।** शुक्रवार को शिवनगर खेरौना स्थित शिव मन्दिर पर समाजवादी पार्टी छात्र सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयसिंह प्रताप यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने सपा संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए हवन पूजन कर ईश्वर से जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की । सपा छात्रसभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयसिंह प्रताप यादव ने सपा संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के कोरोना पाजिटिव होने की जानकारी मिलने पर शुक्रवार को सपा कार्यकर्ताओ के साथ हवन पूजन करते हुए ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की ।सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि नेता जी आजीवन समाज के गरीबों मजलूमों किसानों की बेहतरी के लिए चिंतित रहें हैं ।नेता जी के साथ करोड़ों लोगो की दुआये हैंएवो जल्द ही कोरोना को हराकर हम के बीच आयेंगेए हमेशा की तरह हम सबको आशीर्वाद देकर मार्गदर्शन करेंगे। इस मौके पर कपिल जगमोहन सौरभ अभिषेक आयूष अंकुर रजनीश जेपी विकास संदीप आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया गैंगरेप कांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा



**बाराबंकी।** दलित किशोरी गैंग रेप कांड के मामले में शनिवार को पुलिस ने घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है प्रभारी पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी डॉ आदर्श सिंह ने यह जानकारी दी है संयुक्त बयान में बताया कि घटना में शामिल पड़ोसी पड़ोसी रिश्ते में चाचा दिनेश गौतम को पुलिस ने शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर लिया था इसके बाद उसके साथ संगठन के आधार पर सेठ मऊ निवासी ऋषिकेश सिंह को भी आज गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार अभियुक्त ने घटना में शामिल होने की बात भी स्वीकार की है मालूम हो कि बुधवार की शाम सतरिख थाना क्षेत्र के सेठ मऊ मजरे पिपरी में एक दलित किशोरी के साथ तब गैंगरेप की घटना प्रकाश में आई थी जब धान काटने गई किशोरी देर शाम तक वापस नहीं लौटी थी इस पर परिजनों ने मौके पर पहुंचकर तलाश की तो दूसरे के खेत में उसका शो मृत अवस्था में पाया गया विभक्त तरीके से की गई हत्या के मामले में हां किशोरी के दोनों हाथ पर गर्दन से बने हुए थे तथा कपड़े भी अस्वस्थ मिले थे इससे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था घटना का अनावरण करने के लिए फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच पड़ताल की थी इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने तीन अन्य टीमें गठित कर घटना के खुलासे का निर्देश दिया था वहीं इस घटना से राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई थी।

## विवेचना का हवाला देकर आरोपियों को बचाने में लगी जहांगीराबाद पुलिस

**बाराबंकी।** पहले दबंगों ने उसकी जमीन हड़प ली और जब विरोध किया तो उसे लोहे की रॉड से हमला कर लहूलुहान कर दिया । गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस विवेचना का हवाला देकर आरोपियों को बचाने में लगी हुई है जिससे पीड़ित न्याय के लिए दर.दर भटकने को मजबूर है ।मामला जहांगीराबाद के ग्राम बहादुरपुर का है मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले प्रवेश कुमार पुत्र स्वर्गीय देशराज को दबंगों ने उस समय लोहे की रॉड से पिटाई कर मरणासन्न कर दिया था जब वह अपने हिस्से की खेत पर जबरन धान की फसल काटने का विरोध कर रहा था । इस पर गांव वालों ने पहुंचकर उसे बचाया था तथा बेहोशी की हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज कर चिकित्सीय परीक्षण कराया था जिसमें सिर व शरीर में कई जगह गंभीर चोटें पाई गई थी जिसके बाद पुलिस ने अभियुक्त राधेश्याम पुत्र रामकिशन व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के विरुद्ध 7 अक्टूबर को अपराध संख्या 0 235 ध्2020 धारा 147ए 148ए 308ए 325ए 323ए 506 के अंतर्गत नाम दर्ज रिपोर्ट दर्ज कर ली थी लेकिन अब पुलिस विवेचना का हवाला देकर पीड़ित को ही कारवाई से टाल मटोल कर रही है जिससे उसे न्याय नहीं मिल रहा और वह दर.दर भटकने को विवश है वहीं विपक्षी खुलेआम एलानिया जानमाल की धमकी भी दे रहे हैं ।

# मनाया गया डा. सोनेलाल का परिनिर्वाण दिवस



संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**अपना** दल एस के संस्थापक डा. सोने लाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मरीजों को फल वितरण किया। पार्टी की विधानसभा रामपुरखास इकाई के तत्वाधान में डा. सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस नगर स्थित प्रयाग नर्सिंग होम पर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अपना दल एस के प्रदेश महासचिव बौद्धिक मंच दिनेश शुक्ला रहे। संयोजन करते हुए विधानसभा अध्यक्ष पवन पटवा एवं युवा मंच के सुनील सिंह ने सोने लाल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विशिष्टअतिथि डा. एके द्विवेदी रहे। परिनिर्वाण दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे दिनेश शुक्ला की अगुवाई मे मरीजों को फल व मास्क तथा सेनिटाइजर बांटा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिनेश शुक्ला ने कहा कि डा. सोनेलाल पटेल जी ने व्यवस्था परिवर्तन एवं वोटर पेंशन लागू करने की हमेशा वकालत की थी। उन्होनें कहा कि कृषि आयोग गठित करने की मांग की थी कमेरा समाज शोषित समाज पिछड़े समाज गरीब तबकों के लिए इंसानियत की लड़ाई डा. सोनेलाल पटेल ने लड़ी थी। कार्यकर्ताओं ने डा. सोनेलाल पटेल के बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मे अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद अनुप्रिया पटेल की नीतियों को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष विक्रम कौशल, नीरज पटेल, डा. राजेंद्र मिश्र, राजेंद्र पटेल, रामू वर्मा, लल्लूलाल पटेल, रामचंद्र वर्मा, श्रीराम वर्मा, राहुल तिवारी, रविंद्र तिवारी, संजय सिंह, मोनू वर्मा, मनोज वर्मा आदि रहे।

पायनियर
रविवार, 18 अक्टूबर, 2020

# एजेण्डा

हमारी विविधता हमारी ताकत है। कितना बेकार और नीरस जीवन हो जाएगा अगर हर कोई एक जैसा होगा
- एंजेलीना जोली





# फिल्टर बबल का है जमाना

**विषयवस्तु या कंटेंट रचना, जो कि वायरल हो सके, आज अधिकांश मार्केटिंग कंपनियों के लिए पवित्र मरीचिका है। मनोरंजन के नाम पर आज जो हमारे सामने परोसा जा रहा है, उसमें सावधानीपूर्वक चुनाव करने की पैरवी करती है राजा साही की रिपोर्ट...**

क्या हमें मनोरंजन किया जाना पसंद नहीं आता है। हजारों साल पहले जिसकी गुफा चित्र तथा शाम की आगे के इर्दगिर्द कंठस्थ ध्वनियों के रूप में शुरूआत हुई थी, आज यूट्यूब, नेटफ्लिक्स, अमेजोन या उन जैसे अन्य मंचों पर दिखने वाले कंटेंट की अनंत श्रंखला के रूप में कहीं अधिक परिष्कृत हो गया है। हमारे पास लगभग अनंत किताबें हैं जिन्हें हम प्रत्यक्ष व डिजीटल दोनों माध्यमों से पढ़ सकते हैं। हमारे पास चयन के लिए इतने ज्यादा चैनल हैं कि हममें से ज्यादातर इसकी चयन प्रक्रिया के दौरान ही चयनकार्य में पस्ती सी महसूस करते हैं। और यदि आप त्वरित फैसला करना चाहते हैं तो आप अपने व्हाट्सएप समूहों में से किसी एक में ताजी गपशप में झांक सकते हैं या फिर टिकटाक पर जा सकते हैं, एक चुनाव करें और फिर वहां से एप्लीकेशन को इसे लेने दें।

46 साल का होने और नयी दिल्ली में पला-बढ़ा होने से, जब मैं किशोर आयु का था, उस समय मेरे लिए मनोरंजन में, सुबह का अखबार पढना और उसके बाद, ज्यादातर किसी के घर जाना और वहां ताश या बोर्ड गेम खेलना शामिल होता था। केबल टीवी, स्मार्टफोन के दिन और जो भी चाहा, और जब भी चाहा, को देखने की क्षमता हासिल करने में अभी भी कुछ साल बाकी थे।

एक सेकेंड के लिए अपने आसपास देखें। यदि आप पर्याप्त मुखर हैं और घर पर, संभावनाएं हैं कि एक टीवी है, रिमोट के साथ, लगभग आसपास कहीं, आप कम से कम एक स्मार्टफोन उपकरण के मालिक हैं। इसीलिए आप सिर्फ आप मनोरंजन के मनचाहे प्रारूप में से चुनाव करने के लिए सिर्फ एक या दो क्लिक बटन दूर हैं वो भी आप अभी जहां भी बैठे हैं वहां की मनचाही आरामदेह सुविधा के साथ।

## कंटेंट क्रिएशन का लोकतांत्रीकरण

हम वो होते हैं जो हम खाते और जीते हैं लेकिन हम आम तौर पर वो बनते हैं जो हम देखते हैं। हमारा दिमाग सीखना पसंद करता है और हम सभी आत्मसात करते हैं जब हम अपने चुने हुए मनोरंजन माध्यम के सामने बैठे होते हैं। चाहे वो प्रिंट न्यूजपेपर हो या कोई इलेक्ट्रानिक माध्यम हो। हम दूसरों के बारे में जानकर आनंद लेते हैं जवाब में, हम दूसरों को बताना चाहते हैं कि हमारे साथ क्या हो रहा है।

तकनीक ने चीजों को अधिक आसान बना दिया है। हममें से कोई भी, पर्याप्त प्रेरणा से, एक इंस्टाग्राम प्रभावशाली, यूट्यूब सिलेब्रिटी या टिकटॉक हस्ती बनने का फैसला कर सकता है। महंगा कैमरा खरीदने और उसका रख रखाव करने तथा एक अत्यंत जटिल वीडियो एडिटिंग साफ्टवेयर चलाना सीखने की कोई आवश्यकता नहीं है। सिर्फ एक स्मार्टफोन के इस्तेमाल से, आप जो कुछ भी चाहते हैं, वो कर सकते हैं।

मोबाइल उपकरणों की सर्व मौजूदगी और उसके लिए मुफ्त या वास्तव में सस्ते साफ्टवेयर की उपलब्धता ने यूजर द्वारा उत्पन्न कंटेंट (यूजीसी) को जैसा अवसर उपलब्ध कराया है जो आज से पहले कभी संभव नहीं था। इसके अलावा, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे मंच बहुत आसानी के साथ ऐसे कंटेंट को वितरित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

आप कंटेंट को बेचने के लिए उन पर , व अन्य मंचों पर पहल भी ले सकते हैं, और सुनिश्चित कर सकते हैं कि यह उन पर अपेक्षित संख्या में नजर जाती हो। एक समय था जब लोगों को याद रखे जाने के लिए पुलों व इमारतें बनाने की जरूरत थी। आज आपको बस एक इंस्टाग्राम खाते की जरूरत है। यदि आप एक लेखक हैं तो आप मांग पर किताबें छाप व प्रकाशित कर सकते हैं। यदि आप कलाकार हैं तो आप एट्सी जैसी वेबसाइट पर जा सकते हैं और अचानक, समूची दुनिया आपकी सीप है।

## समुदाय, प्रभावशालियों व मार्केटिंग के प्रभाव

किसी ऐसी चीज के लिए जिसे आप जानते हैं, एक अच्छा शब्द दूरगामी असर रखता है। कंटेंट पूर्णांक मंच यह जानता है। अधिकांश उपयोग एवं पारिस्थितिकियां अब मन में प्रस्तावना प्रेरकों के साथ डिजाइन की जाती हैं। आपको बताया जाता है कि आपके दोस्त ने क्या देखा या किसी अन्य ने क्या अनुभव किया ताकि आप वही निर्णय हासिल करने के लिए तराशे जा सकें।

एप्स और मंचों को मन में पंसदीदा कंटेंट के साथ डिजाइन किया जाता है ताकि हर कोई आलोचक बन सके। हमें अपने अनुभव साझा करने की योग्यता प्रदान की जाती है और इस डाटा को पोषित व एकत्रित किया जाता है और भीड़ को अनुमानतया, औसत भाव में दिखाया जाता है। भीड़ के अंग के रूप में, हम फिर उस डाटा से प्रभावित होते हैं जिसे हमें दिखाया जाता है। क्या आप उस जगह नहीं जाएंगे जिसके पास अधिक उच्च जोमेटो रेटिंग होती है? क्या आप कपड़े का वो ब्रांड नहीं खरीदेंगे जिसे बतौर यूटयूबर आपने चर्चा करने की सदस्यता ली थी? गेहूं को चोकर से अलग करने के प्रति सावधान रहें। आपके पास समझदारी होनी चाहिए कि किसकी पैरवी करने की कीमत मिली है और किसकी नहीं।

संभावनाएं अत्यंत अच्छी हैं कि पहली कुछ प्रविष्टियां जो आप जोमेटो या गूगल पर देखते हैं वे इसलिए होती हैं क्योंकि किसी ने शीर्ष बिलिंग पाने के लिए उनकी कीमत दी है। मनोरंजन और कंटेंट पारिस्थितिकीयां भी इसी प्रकार लक्षित दर्शक को अनुमति देती हैं। विज्ञापनकर्ता और प्रमोटर वो डाटा सामग्री का चयन कर सकते हैं जो आपको आपकी भौगोलिक स्थिति, आपकी वैवाहिक स्थिति, आपकी आर्थिक हैसियत और आपकी पूर्व खरीदारी गतिविधि जैसी तमाम पहलुओं के आधार पर शामिल करते हैं।

इसके अलावा, कंटेंट अब रचित, कीवर्ड आधारित और इस तरह रेखांकित किया जा रहा है जो कि हमारा ध्यान अपनी ओर खींच सके। कुछ गपशपनुमा या सनसनीखेज के हमेशा ज्यादा सुर्खियां हासिल की संभावना होती है। आखिरकार, व्यक्ति को ऐसा कंटेंट क्यों रचना चाहिए जिसे केवल हजारों देख सकें जबकि आप कुछ ऐसा रच सकते हैं जिसमें लाखों की रूचि हो सकती है ताकि आप ऊंची रेटिंग या उसके लिए अधिक राजस्व हासिल कर सकें? विषयवस्तु या कंटेंट रचना, जो कि वायरल हो सके, आज अधिकांश मार्केटिंग कंपनियों के लिए पवित्र मरीचिका है।



> बतौर उपभोक्ता, हमें शायद वो मिल रहा है जो हम चाहते हैं, लेकिन इसका एक बदसूरत पक्ष भी है। हम अब फिल्टर बबल्स का शिकार हो सकते हैं। यहीं पर, जब एक मंच, हमें परोसने वाले कंटेंट को फिल्टर करके, क्योंकि उन्हें लगता है कि हम पसंद करेंगे, केवल हमारे तात्कालिक ध्यानाकर्षण हेतु कंटेंट प्रमोट करता है जो उसी से मिलता जुलता है जिसने हमने अतीत में देखा था।

## डाटा आधारित कंटेंट रचना व प्रोत्साहित करना

जब नेटफ्लिक्स ने शुरुआत की थी तो वे उन डीवीडी पर सवार थे जो दूसरों द्वारा बनाई गयी थीं। यहां तक तक उन्होंने कंटेंट निर्धारित करना शुरू किया मगर उनके पास कोई विकल्प नहीं था सिवाय इसके कि अन्य फिल्म और टीवी स्टूडियोज व संबंधित निर्माता कंपनियों से उसका लाइसेंस ले।

लेकिन नेटफ्लिक्स ने समझ लिया कि यदि वे अपनी नीयति के खुद मालिक बने रहना चाहते हैं, तो उन्हें अपनी खुद की कंटेंट तालिका की आवश्यकता होगी। चूंकि नेटफ्लिक्स पिछले कुछ समय से डिस्क्स और निरंतरता पर सवार रही थी, उनकी भारी डाटा तक पहुंच थी। वो डाटा जो हम उपभोक्ताओं ने उसे दिया था। वे सभी शोज जो हमने देखे और जिन्हें हमने बंद कर दिया और कभी उस ओर नहीं गए, कंटेंट की विधाएं जिन्हें हमने अन्य विधाओं से ज्यादा देखा, सभी ने नेटफ्लिक्स को उपभोक्ता के रूप में हमारे व्यवहार से संबंधित अत्यंत मूल्यवान जानकारी प्रदान की।

इस डाटा का उपयोग करके, उन्होंने पता लगाया कि अभिनेता केविन स्पेसी और निर्देशक डेविड फिंचर उनके दर्शकों के लिए एक शानदार बिकने योग्य संयोजन होगा। उन्होंने यह भी महसूस किया कि काफी लोगों ने राजनीतिक ड्रामों को पसंद किया। इसी कारण, हाऊस आफ काड्र्स के अमरीकी धारावाहिक की परिकल्पना की गयी और उसे प्रस्तुत किया गया। जैसा कि संख्या ने उन्हें बता दिया था कि यह नेटफ्लिक्स के लिए ब्लॉकबस्टर हिट था।

कंटेंट को प्रोत्साहित करने के लिए बिग डाटा तकनीकियों का भी फेसबुक, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे मंचों द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने सोचा कि हम पसंद करेंगे। स्पष्टतया, यह उनके सर्वोत्तम हित में है कि वे अपने अधिकांश कंटेंट को, जितना कि उनके लिए संभव है, देखने के लिए हमें अपने कार्यक्रमों के साथ जोड़े रखें। इसलिए वे उसके साथ मेल बिठाते हैं जो हम देखते हैं, जो हमारे मित्र देखते हैं, जो दूसरे बतौर समूह देखते हैं और फिर हमारे सामने प्रस्ताव पेश करते हैं। यदि आपने अपनी स्क्रीन को छोड़ना नहीं चाहा है और उसी समय गौर किया कि जो चीज दो मिनट देखने के बतौर शुरू हुई थी वो दो घंटे का मैराथन बन गयी है फिर आप उस जानकारी के साथ आराम से रह सकते हैं कि अलगोरिद्म और कृत्रिम मेधा (एआई) व मशीन लर्निंग (एमएल) मॉडल जिन्हें कार्यक्रमों ने रचा है, अपना काम काफी बेहतर ढंग से कर रहे हैं।

हां, बतौर उपभोक्ता, हमें शायद वो मिल रहा है जो हम चाहते हैं, लेकिन इसका एक बदसूरत पक्ष भी है। हम अब फिल्टर बबल्स का शिकार हो सकते हैं। यहीं पर, जब एक मंच, हमें परोसने वाले कंटेंट को फिल्टर करके, क्योंकि उन्हें लगता है कि हम पसंद करेंगे, केवल हमारे तात्कालिक ध्यानाकर्षण हेतु कंटेंट प्रमोट करता है जो उसी से मिलता जुलता है जिसने हमने अतीत में देखा था। यह करने में, हमारे सामने फिल्टर बबल में फंसने का खतरा होता है। बबल जहां हम वही देखते हैं जो दुबारा पेश होता है जिसे हमने पहले देखा होता है और हमारे उन धारणाओं को मजबूत बनाता है जो पहले से हमारे भीतर हो सकती हैं। विविधतापूर्ण कंटेंट न दिखाए जाने और हमारे भीतर उसकी खोज करने का विकल्प न होने से, अब हमारे सामने उसी एक बंद सुरंग में और गहरे जाने का खतरा उपस्थित होता है, जिसमें कि हम पहले से हो सकते हैं। हम सिक्के के एक पहलू को देखने का अधिक शिकार हो सकते हैं और उसका दूसरा पहलू नहीं देख पाते, यद्यकि दूसरा पहलू शायद वही पक्ष हो सकता है जो हम होते हैं।

यह एक अनंत पुनरावलोकन गांठ बन जाता है। जितना ज्यादा हम कुछ देखते हैं मंच हमें उतना ही ज्यादा उसे दिखाते हैं, उतना ही अधिक वे रचेताओं को जानकारी प्रदान करते हैं कि जो कुछ हमने देखा है वही हम चाहते हैं और फिर उतना ही ज्यादा उससे मिलती जुलती चीजों को हमारी मांग पूरी करने के लिए रचा जाता है।

## बदलती सच्चाई

हाल में , संवर्धक वास्तविकता (एआर) और आभासी वास्तविकता (वीआर) जैसे मंत्रमुग्ध करने वाले मनोरंजन अनुभव के नए प्रारूप उभरने शुरू हुए हैं। एआर और वीआर अभी भी अपनी आरंभिक अवस्थाओं में हैं। जैसे जैसे ये तकनीकें व मंच विकसित होते हैं हम किस प्रकार इनमें ढलेंगे, सामाजिक स्तर पर पूछने वाला सवाल है? किस प्रकार का कंटेंट हम उनके लिए रचेंगे ? क्या हम उन्हें अपने वर्तमान मनोरंजन अनुभवों के संवर्धन के तरीकों के रूप में सरल ढंग से देखेंगे? खेल और उत्प्रेरणाएं जो डिजीटल व वास्तविक दुनियाओं पर टिके होते हैं, शायद आपके घर के अंदर माइनक्राफ्ट इमारत बना रहे हैं या आप खुद आभासी स्तर पर नयी लिपस्टिक को आजमा रहे हैं जब आप सेफोरा देखते हैं। या क्या हम इन तकनीकों को इस ढंग से उपयोग करेंगे जिससे कि कुल मिलाकर हम सभी को लाभ हासिल हो? इनका उपयोग करके व्यक्ति वास्तविक दुनिया में थ्रीडी डिजीटल आर्ट और असंभव इमारतें गढ़ सकता है।

>> पेज 3



तीन चीजें ज्यादा समय तक छिपाई नहीं जा सकतीं। सूर्य, चन्द्रमा और सत्य
- महात्मा बुद्ध



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

# वर्तमान में होते हैं भविष्य के बीज

एक दिन, स्वयं-भू तर्कशास्त्रियों का एक समूह ज्योतिष की प्रासंगिकता पर मुझसे सवाल करने मेरे आफिस चला आया।

उन्होंने सवाल किया, '' आप इस अवैज्ञानिक विधा से लोगों को गुमराह क्यों करते हैं?'' मैंने उत्तर दिया कि '' वैसे, मैं विज्ञान का छात्र रह चुका हूं, इसीलिए मैं आत्मविश्वास के साथ इस विधा को मानता हूं।'' विज्ञान की एक या अन्य विधा की जानकारी के अलावा, यह वैज्ञानिक सोच है जो सर्वाधिक महत्व रखती है। वैज्ञानिक सोच किसी भी नजरिए को, खुले दिमाग से, किसी भी प्रकार की सीमाओं से मुक्त होकर, स्वीकारने या नकारने से पहले गहन छानबीन की मांग करती है। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप विषय की प्रासंगिकता को चुनौती देने से पहले उसकी गहराई से जांच कर लें। मैं आपको बताता हूं कि ज्योतिष अपने स्तर पर एक विधा है, जिसका अपना खुद का दर्शन, आधार, शब्दावली या कामकाजी प्रारूप हैं। इसे किसी अन्य आस्था या विधा की अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है, विज्ञान समेत, जो अपने आपमें निरंतर बदलाव का विषय है।

एक दशक पहले, मेरी एक परिचित महिला, आम तौर पर अप्रचलित, ज्योतिष शब्दों की एक सूची लेकर आई। वह उन सब पर एक छोटी जानकारी पाना चाहती थी। उन्होंने मुझे बताया कि खुशवंत सिंह (जो उस समय जीवित थे) ज्योतिष पर आलोचनात्मक लेख लिखना चाहते थे। एक सप्ताह बाद, राष्ट्रीय दैनिक में अपने साप्ताहिक स्तंभ में, उन्होंने उन कुछ पंक्तियों के आधार पर ज्योतिष पर उपेक्षात्मक ढंग से लिखा। ऐसी गंभीर विधा पर कुछ चुनींदा शब्दों पर नजर डालकर टिप्पणी की जा सकती है, जिसे उन्होंने नहीं समझा था?

फिर आता है अगला प्रश्न: '' आप सुनिश्चित शब्दों में किसी के भाग्य को कैसे परिभाषित कर सकते हैं? '' क्या वैयक्तिक इच्छाशक्ति व्यक्ति का भाग्य बनाने में महत्व नहीं रखती है? वैसे, यह आपकी स्वेच्छाशक्ति है जो आपका भाग्य तय करती है। इंसान के पास अपनी पसंद व खूबी के जरिए अपने कार्मों को निर्देशित करने की विशिष्ट योग्यता का सुख है। लेकिन जहां कहीं भी हाथों में चयन का विकल्प होता है, उसके उपयोग व दुरूपयोग की संभावना की समान स्तर पर होती है।

और इस दुनिया में मुफ्त भोजन जैसा कुछ भी नहीं है। आप अपने द्वारा लिए गए चुनावों का परिणाम भुगतने की जिम्मेदारी उठानी होती है। यह पुन: एक गलत अवधारणा है कि ज्योतिष सीधे व्यक्ति के भविष्य को देखती है। बल्कि, यह आपके वर्तमान में देखती है, जो और कुछ नहीं है बल्कि अतीत में किए गए कार्यों का अंतिम प्रतिफल है। और जो वर्तमान में बोया जाता है वही भविष्य के रूप में आपके सामने होगा। यदि आप जानते हैं कि आपने आज आम का पेड़ लगाया है,



यदि आपने उसे रोपा और उसकी देखभाल की है तो इसका स्वाभाविक नतीजा यह होता है कि वह पहले अंकुरित होगा और फिर वह बाद में विशालकाय आम के पेड़ बनकर उभरेगा। यहां यह उल्लेख करना अनुचित नहीं होगा कि आप अपनी विचार प्रवृत्तियों का तटस्थ भाव से आत्ममंथन करें ताकि आप अंतर्निहित इच्छा प्रवृत्तियों का पता लगा सकें। आपके स्तर पर किए गए आपके सभी काम निहित इच्छा प्रवृत्तियों से संचालित होते हैं, जिसके जीवन के भावी क्रम में सापेक्ष परिणाम सामने आते हैं। इसलिए, ज्योतिष आपके वर्तमान में झांकती है, उसी के आधार पर भावी रूझानों की सटीक पूर्वानुमानों की संकल्पना की जाती है।

तब सवाल किया गया: '' मान लिया, व्यक्ति आत्ममंथन के जरिए अपनी विचार प्रवृत्तियों पर नजर रख सकता है। लेकिन आप इसे ग्रहीय अवस्थाओं के जरिए कैसे पढ़ सकते हैं? ग्रहों का गुरूत्वाकर्षण संबंधी खिंचवा का हम पर बिरले ही कोई अवसर पड़ सकता है।'' पहले मैं आपको यह बता दूं कि यह सिर्फ ग्रहों का गुरूत्वाकर्षण संबंधी खिंचाव नहीं है जो महत्व रखता है। ग्रहों को सिर्फ ब्रम्हांड में चक्कर लगाती भौतिक इकाइयों के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वे सभी ऊर्जा पुंज है जो या तो सूर्य या अन्य नक्षत्रीय इकाइयों की तरह प्रकाश को प्रेरित करते हैं या अन्य नक्षत्रीय इकाइयों या दोनों से प्राप्त ऊर्जा पर प्रतिक्रिया करते हैं।

यहां वैज्ञानिक सिद्धांतों की पड़ताल ध्यानाकर्षण की हकदार बनती है। आधुनिक सैद्धांतिक भौतिकी की अवधारणा के अनुसार, इस मौजूदा जगत में समस्त जीवन असलियत में महाविस्फोट के बाद एकलता से प्रेरित ऊर्जा प्रवाहों का प्रकटन हैं। और ऊर्जा पदार्थ समान जड़ें होने के कारण, एक दूसरे के साथ सीधा व गहन संबंध में बंधे होते हैं। यहां तक कि इंसानों के मामले में भी, सख्त हाडमांस वाले शारीरिक रूप में आप जिस व्यक्ति को देखते हैं, वे सूक्ष्म स्तर पर और कुछ नहीं बल्कि ऊर्जा शैलियों का एक अखंड संजाल है जो प्रकृति से मुख्यतया स्रोतबद्ध है। इसलिए ऊर्जा स्तर पर, इंसान और नक्षत्रीय जगत के बीच सीधा संबंध है।

अब, मन के जरिए सक्रिय विचार पुन: और कुछ नहीं बल्कि ऊर्जा हैं। उनके प्रवाह को सीधे नहीं पढ़ा जा सकता। लेकिन ग्रहीय गतियों को अधिक सटीक अनुमान के साथ मापा जा सकता है। यह ग्रहीय इकाइयों और इंसान की चाल के बीच का परस्पर संबंध है जो यह बताने में सहायता करता है कि कैसे व्यक्ति का दिमाग चल रहा होगा। इसलिए ग्रह कर्ता नहीं हैं, बल्कि हमारे मन में जो कुछ चल रहा है, वे उसके संकेतक है। अंत में, हालांकि ज्योतिष की विधा वैज्ञानिक विरासत होने का दावा नहीं करती , लेकिन इसके कामकाजी सिद्धांतों को किसी भी तरह से अवैज्ञानिक नहीं कहा जा सकता।

# जब हम ईश्वर को स्वीकारते हैं

**अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि जब ईश्वर जीवन जीने के दौरान हमारा मार्गदर्शन करता है तो जीवन अकल्पनीय लाभ के साथ उत्तम दिशा ग्रहण करता है**

तब हम उसकी सृष्टि को स्वीकारते हैं। इसका हमारे जीवन से भारी जुड़ाव रहा है। हम ईश्वर से मार्गदर्शन और सहायता मांगने लगेंगे क्योंकि यह सृष्टि का विधान है। हम, आत्माएं, ईश्वर का अंश हैं। (भागवतगीतता 15.7) हमारा जीवन, ईश्वर पर निर्भर है, वह समस्याओं से भरा है क्योंकि वे लोग जिनका ऐसा जुड़ाव नहीं होता है, वे आज नही तो कल महसूस करते हैं। और ईश्वर मार्गदर्शन व सहायता करेगा, हमें बस पूरे मन से उस तक पहुंचने की आवश्यकता है। इसीलिए, उदारता पहला गुण है जो हमें अपने भीतर जगाना होता है। उस दुनिया की कल्पना करें जहां लोग उदार हैं और दूसरों का सम्मान करते हैं। यह हमें अगले गुण तक ले जाता है- यानी बेहतर होना । जैसी यह सृष्टि है, यहां केवल एक बड़ी सत्ता है, वो ईश्वर है। हम इंसान छोटे हैं और छोटे की रहेंगे। हालांकि, बेहतर बनने की कोई पाबंदी नहीं है।

यह हमें तीसरे गुण की ओर ले जाती है - यानी दूसरों के साथ मिलकर रहना। हमारे सबंध तेजी से बेहतर होते हैं। हमें लगता है कि कोई भी सर्वगुणसंपन्न नहीं है, केवल ईश्वर है, इसीलिए हमें दूसरों की कमियों को स्वीकारने की जरूरत है, जैसे वे हमारी कमियां स्वीकारते हैं। हम यह भी महसूस होता है कि हम अपने जीवन के लिए सभी लोगों पर निर्भर हैं। धीरे धीरे, अच्छाई की भावना प्रबलता हासिल करने लगती है। हम अच्छा बोलने लगते हैं, अच्छा आचरण करते हैं, आदि। इसने हमारी इन्द्रियों व मन पर जबरदस्त प्रभाव डाला है। यह हमें वो खाने के लिए प्रेरित करती है जो हमारे लिए उपयोगी



है, हम वो देखते हैं जो प्रकाशमान है, वो सुनते हैं जो लाभकारी है, आदि-इत्यादि।

धीरे धीरे, हम आध्यात्मिक दायरे में प्रवेश करते हैं। हम समझते हैं कि कर्मफल सिद्धांत जैसी कोई चीज है। यह संक्षेप में- जो हम बोते हैं, वही काटते हैं। यह उसी कहावत की तरह सरल है। कुछ फल ठोस होते हैं, मसलन यदि हम किसी की प्रशंसा करते हैं तो हम उस व्यक्ति से उत्कृष्ट उमंग हासिल करते हैं। कुछ फल में समय लगता है मसलन वित्तीय स्तर पर आत्मनिर्भर होने के लिए पढ़ाई करना। हम अपने लिए बेहतर भविष्य गढ़ने के लिए अपने कर्मों पर नजर रखने लगते हैं। यह आध्यात्मिक समझदारी की शुरूआत होना है।

समझदार लोग आध्यात्मिक ज्ञान की पुस्तक- गीता की ओर मुड़ते हैं। फिर व्यक्ति या तो ईश्वर का माध्यम या उपकरण बनने की ओर अग्रसर होता है। ईश्वर अन्य लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हमारा उपयोग करता है। उदाहरण के लिए, किसी को दान प्राप्त करना है तो ईश्वर हममें से किसी को प्रेरित करता है कि वो यह भला काम करे, जिसके लिए ईश्वर उसे अच्छी तरह नवाजता है। फिर, ईश्वर परम भक्तों का उपयोग करता है ि कवे अन्य भक्तों तक उसके उपदेश पहुंचाएं, वहीं है जो स्वयं अपने भक्त का इस महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए उपयोग करता है। इस राह में अग्रसर होकर, आत्मा ईश्वर की संगत का सुख पाने लगती है- कुछ जीवनों के बाद मुक्ति प्राप्ति की पूर्व परम उपलब्धि।

यह उनके बारे में है जो ईश्वर को मानते हैं। कहानी उन लोगों से बिलकुल भिन्न है जो नहीं मानते हैं। वे संयोग सिद्धांत में विश्वास करते हैं, कि कभी भी कुछ भी हो सकता है, हालांकि यह बेतुका है। एक बार एक व्यक्ति इस विषय पर मुझसे बहस कर रहा था, उसने कहा कि वह संयोग में विश्वास करता है। मैंने उससे पूछा कि क्या वह अपने बच्चों को स्कूल भेजता है।


उसने कहा, हां। फिर मैंने उसे उस दर्द से बचने की सलाह दी, वे संयोग से शिक्षित हो सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों का अहंकार बहुत भयंकर होता है, वे तर्क नहीं सुनते हैं। वे भौतिक समझदारी से मार्गदर्शित होते हैं हालांकि इसमें कार्य कारण संबंध है और उसका असर भी है। वे अधिकांशतया जुनून और अंधकार की अवस्थाओं में होते हैं, और उससे पीड़ित रहते हैं। उनकी इन्द्रियां और मन अधिकांशतया बेलगाम होते हैं। वे ज्यादा बड़ा- मरीचिका बनना चाहते हैं।

अपने अधिकांश जीवन में ऐसे लोग दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा में लगे रहते हैं या महसूस करते हैं कि दूसरे उनके पीछे हैं। वे अधिकांशतया अकेले होते हैं, कम से कम ऐसा वे महसूस करते हैं। जीवन अधिकांशतया दिशाहीन रहता है, एक मामले से दूसरे मामले पर कूदफांद करता, बिरले ही एकाग्रता होती है। आखिरकार, ईश्वर भक्ति के बिना, इंसान केवल जुनूनी ही होगा।

इसीलिए, समझदारी है कि ईश्वर को स्वीकार किया जाए। जीवन अकल्पनीय लाभ के साथ उत्तम दिशा हासिल करेगा और ईश्वर हमे भावी जीवनों से पार पाने में सहायता करेगा, जब तक कि हम परम वरदान - मुक्ति पाने के लायक नहीं हो जाते।

## इस सप्ताह आपका भविष्य
**मधु कोटिया**


### मेष (मार्च 21-20 अप्रैल)



यह सप्ताह अपने स्वास्थ्य का आनंद लेने और अपने व्यक्तित्व को अतिरिक्त निखार देने का अच्छा समय है। आप मस्त, आशावान और जीवन से भरे हैं। आप अपना और अपने करीबी जनों का अच्छा खयाल रखते हैं। स्वास्थ्य मसलों को नजरंदाज न करने की सलाह है। अपने काम व संबंधों में संतुलन लाना महत्वपूर्ण है। करियर मोर्चे पर, सावधान रहें यदि नौकरी करते हैं। जिस संस्था के साथ काम कर रहे हैं उसके नियमों व अनुशासन का पालन करें, वर्ना अपने अधिकारियों की कुछ नाराजगियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। व्यवसायी लेन देन में सजग रहें।

**शुभ अंक:** 10 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** रविवार


### वृष (अप्रैल 21-21 मई)



इस सप्ताह आपको साधारण जीवन से अवकाश लेने की आवश्यकता है। थकाऊ कार्यगति को धीमा करने व आराम करने की जरूरत है। स्वयं को जबरदस्ती काम में न झोंकें, इससे बीमार या चोटिल हो सकते हैं। करियर मोर्चे पर, आपको अपने मौखिक व लिखित दोनों संवादों का लाभ है और आपको अपने करियर से संबंधित अच्छी खबरें प्राप्त होंगी। व्यापारियों को आर्थिक रूप से सुरक्षित स्थिति प्राप्त होगी। नौकरीशुदा लोगों को इस सप्ताह अपने अधिकारियों व वरिष्ठों से सहयोग प्राप्त होगा जो आपके करियर में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

**शुभ अंक:** 8 **शुभ रंग:** हल्के रंग **शुभ दिन:** बुधवार

### मिथुन (मई 22-21 जून)



भरपूर ध्यान व एकाग्रता से अपनी सेहत का ख्याल रखें। आप या तो अत्यधिक खा रहे हैं या वजन कम करने के लिए खुद को भूखा रख रहे हैं। दोनों स्थितियां स्वास्थ्य के लिए बुरी हैं। खान पान आदतों में संतुलन लाना न केवल अपना वजन संतुलित करने में आपकी सहायता करता है बल्कि आपको एक दृढ़ मानसिकता प्रदान करता है। आप वैसे स्वस्थ्य व मस्त हैं, स्वास्थ्य का आनंद लेते हैं। कार्य मोर्चे पर, अतीत में किए गए निवेश का इस सप्ताह फल मिलने वाला है। आप अपने अधिकारियों की सदिच्छाओं में हैं और जल्द ही आपको इसका लाभ प्राप्त होगा।

**शुभ अंक:** 17 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** बुधवार


### कर्क (जून 22-22 जुलाई)



तनाव व अवसाद आप पर भारी पड़ सकते हैं आपको पस्त व संशयग्रस्त व्यक्ति बना सकते हैं। पढ़ना, ध्यान, व हल्का फुल्का व्यायाम आपको आराम प्रदान करेंगे और अच्छी नींद से आपको मन:स्थित सुधार में सहायता मिलेगी। जीवन में अनिश्चिताएं व भ्रम दूर होंगे यदि आप सकारात्मक व रचनात्मक सोच रखते हैं। कार्य मोर्चे पर, आपको कुछ त्वरित फैसले लेने की आवश्यकता है। सुनिश्चित करें कि आपकी बुद्धिमानी व तर्कशीलता का भले काम में उपयोग होता है। विवादों में अपना समय न बर्बाद करें। समस्या का समाधान पहले से उपलब्ध है।

**शुभ अंक:** 21 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** सोमवार


### सिंह (जुलाई 23-23 अगस्त)



आप बहुत सकारात्मक, रचनात्मक व खुशहाल व्यक्ति हैं। यह आपके व्यक्तित्व में नजर आता है। अपना आकर्षण बढ़ाने और व्यक्तिगत विकास के मार्ग पर चलने का यह उत्तम समय है। मन में पूर्णता, क्षमता व शांति की भावना इस सप्ताह आपको अत्यंत सक्षम व्यक्ति बनाएगी। करियर मोर्चे पर, आप दृढ़ हैं और अपने सामने उपस्थित होने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इस सप्ताह आप विजयी हो सकते हैं और अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। आप अपने अधिकारियों की अच्छी सूची में होंगे। संबंध के मोर्चे पर सावधानी बरतें।

**शुभ अंक:** 14 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** शुक्रवार


### कन्या (अगस्त 24-23 सितम्बर)



इस सप्ताह अपने चक्रों या अपने तन, मन व आत्मा व भावना को संतुलित करने पर ध्यान दें। समस्त तीनों पक्षों पर पर्याप्त ध्यान दें। ध्यान, प्राणायाम व प्रकृति के बीच टहलना अनोखे ढंग से कारगर होगा। आपको अपने प्रयासों की तुलना में लाभ कहीं अधिक प्राप्त होंगे। पेशेवर स्तर पर, नए लोगों से, खासकर विदेशों से आए लोगों से मिलना लाभकारी होगा। नये व्यापारिक सौदे करने, नयी परियोजनाओं व कार्यादेशों पर हस्ताक्षर करने का यह समय है। अपनी क्षमता का उपयोग करें। सितारे आपके पक्ष में हैं। रचनात्मकता, बदलाव व विकास सप्ताह का सूत्र हैं।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** पीला **शुभ दिन:** गुरूवार


### तुला (सितम्बर 24-23 अक्टूबर)



आपको अपनी व्यक्तिगत व पेशागत जिम्मेदारियों के साथ अपने स्वास्थ्य प्रयासों को संतुलित करने की जरूरत है। सुनिश्चित करें कि आप अपने लिए, आराम व उपचार के लिए पर्याप्त समय निकाल रहे हैं। अगर आप अपने कामों की सूची में खुद को खपा देंगे तो आपका स्वास्थ्य प्रभावित होगा। पर्याप्त आराम व नींद लेना भी सुनिश्चित करें। पेशेवर मोर्चे पर, यदि आप नौकरी तलाश रहे हैं तो आपमें उसे तलाशने की योग्यता व हुनर हैं। यदि आप पहले से नौकरीशुदा हैं तो आप बेहतर स्थिति प्राप्त करेंगे। रिश्तों में मन की बात कहने में संकोच न करें।

**शुभ अंक:** 19 **शुभ रंग:** काला **शुभ दिन:** शनिवार


### वृश्चिक (अक्टूबर 24-22 नवम्बर)



स्वास्थ्य मोर्चे पर, आप आत्मवैधता और अपनी प्रतिभाओं में भरोसा चाहते हैं। रोगमुक्त, खुशहाल परिवार का आपका लक्ष्य आपको व्यस्त रखेगा। यह देखने का समय है कि चीजें किस तरह पूर्णतया भिन्न व अनोखी हो सकती हैं। पेशेवर स्तर पर, आप सकारात्मक हैं और आप अपने काम में प्रेम व करूणा लाने का प्रयास करेंगे। आप अत्यंत अंर्तज्ञानी भी हैं। लोग आपकी यह खूबी देखकर चकित रहते हैं। यह समय अपने लक्ष्यों व साध्यों पर ध्यान देने का है। जो व्यवसाय में हैं उन्हें आर्थिक लेन देने में सख्त होने की आवश्यकता है। प्रेम संबंधों में चरम भावुकता में हो सकते हैं, सजग रहें।

**शुभ अंक:** 15 **शुभ रंग:** भूरा **शुभ दिन:** शुक्रवार


### धनु (नवम्बर 23-23 दिसम्बर)



आप किसी ऐसी चीज को लेकर अपना मन बदलने वाले हैं जो आपको लगता है कि आपके स्वास्थ्य के लिए बुरी है। डाक्टर की सलाह को नजरंदाज न करें। गंभीर बिमारियों से जूझते लोगों को निरंतर डाक्टर की निगरानी में रहने की जरूरत है। अन्य को भी उन मौसमी बिमारियों पर रोकथाम की आवश्यकता है जो उभर सकती हैं यदि समय रहते ध्यान न दिया जाए। कार्य मोर्चे पर, मौजूदा नौकरी छोड़ने, व्यापार शुरू करने या कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियां को लेकर मन भ्रमित हो सकता है। अपना कार्यक्षेत्र बदलना आपको कहीं नहीं पहुंचाएगा।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** कत्थई **शुभ दिन:** सोमवार


### मकर (दिसम्बर 24-20 जनवरी)



इस सप्ताह अपने लिए थोड़ा समय निकालें। आप अभी सही राह पर हैं, जो कर रहे हैं उसे करते रहें। पुरानी परंपराओं के बारे में और ज्यादा जानें। वे आपकी आध्यात्मिक समझदारी व आचरण में गहरे पैठ जमाएंगी और संतुलन लाने में आपकी सहायता करेंगी। करियर मोर्चे पर, अनेक गतिविधियां, कार्य संपन्न होने की संभावनाएं हैं। आप अपने सहयोगियों को ईर्ष्यालु बना सकते हैं। आप थकान नहीं महसूस करते हैं, आपमें काम करने का जुनून है। अपने आचरण का ध्यान रखें, कटु शब्दों का उपयोग होने की संभावनाएं हैं। खुद को शांत रखें व स्थिति में संतुलन लाएं।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** मंगलवार


### कुम्भ (जनवरी 21-19 फरवरी)



इस सप्ताह आप तनावमुक्त महसूस करने वाले हैं। आप शायद अपनी भावनाओं को दबाते आए हैं और इससे आपका स्वास्थ्य प्रभावित होगा। सजग रहें कि कैसे, कब और कहां अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त करनी हैं। अपना तनाव स्तर घटाने के लिए काम करें। सकारात्मक सोचें। शांत व स्थिर रहें। क्रोध एक मूक हत्यारा है। करियर मोर्चे पर, तनाव के संकेतक हैं। सकारात्मक रहें, यह एक तात्कालिक चरण है। अगर नौकरी बदलने के बारे में सोच रहे हैं तो यह उचित समय है। योजनाएं बनाना काम नहीं आएगा, उन्हें गंभीरता से लागू करें।

**शुभ अंक:** 22 **शुभ रंग:** नीला **शुभ दिन:** रविवार

### मीन (फरवरी 20-20 मार्च)



इस सप्ताह अपना अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए अपने तनाव स्तर को काबू में रखें। सामने आने वाली हर समस्या का सामना करें, उनसे भागने का प्रयास न करें। पर्याप्त आराम करना भी सुनिश्चित करे। यदि उपचार की जरूरत है तो उसे बताएं। संवेदनशील लोगों को देखभाल, खयाल, मालिश व प्रियजनों के आलिंगन की आवश्यकता है जो उन्हें लंबे समय तक स्वस्थ बनाए रखेगी। करियर मोर्चे पर, दूसरे लोग आपके नए विचारों या प्रस्तावों का विरोध कर सकते हैं, लेकिन यदि आप जानते हैं कि आप सही राह पर है तो फिर निसंकोच आगे बढ़ें।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** लाल **शुभ दिन:** गुरूवार



हर रोज मैं दस मिनट का चिंतन करता हूं जहां मैं ध्यान करता हूं और रोजमर्रा के जीवन में उपयोग करता हूं
- टॉम डाले



# चित्रों में कृष्ण के उपदेश

**आशा गोस्वामी का कहना है कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा में चित्रों का एक महत्वपूर्ण स्थान है चूंकि इसमें धर्म और दर्शन इसके अभिन्न अंग के रूप में होते हैं**



कृष्ण, कथानक अपने आपमें सिर्फ साहित्यिक कार्यों तक सीमित नहीं था, लेकिन इसने अपने आपको भारत के कला प्रारूपों में भी व्याख्यायित किया है जिसमें, मूर्तिकला प्रस्तुतियों, चित्रों, छवियों, पेंटिंग, भित्तिचित्रों व पुरातत्व शामिल हैं। (पुरातत्व, जिसकी अपनी उपांगी मोहरें होती हैं- पुरालेख, सिक्के और स्मारक आदि)। यह आलेख का उद्देश्य एक अनुमान प्रदान करना है कि कैसे श्री कृष्ण ने भारत की इस विविधतापूर्ण कला परंपरा के जरिए स्वयं को गहराई से व्यक्त किया है।

**कृष्ण पर आधारित यह कला परंपरा पुराणों व महाभारत के आधार पर विकसित हुई। इसका मुख्य उद्देश्य उन अवधारणाओं - छवियों की विषयवस्तुओं का वर्णन करना था जो समय-समय पर कृष्ण से संबंधित थी। इसका उद्देश्य उत्तर पुराण काल में कृष्ण से संबंधित नए आध्यात्मिक विषयों, प्रवृत्तियों व प्रतीकों को चित्रित करना भी है।**

आम तौर पर, चित्रों के नाम हैं, कृष्ण का अर्च - अवतार। चित्रों के लिए संस्कृति शब्द है अर्च-विग्रह। इसके अलावा, चित्र का अर्थ अपने आप में प्रतिमा शब्द के समानांतर है। जिसका अर्थ होता है छवि। छवियों या प्रतिमाओं के विज्ञान के रूप में, चित्रावली का भारत में लंबा इतिहास रहा है, जो वैदिक काल तक जाता है।एक ऋग्वेद कालिक मंत्र के उल्लेख के अनुसार, एक सर्वोत्तम चित्र है (परम प्रतिमा)। मौर्य काल के बाद, भारत में मंदिर मूर्तिकला विकसित हुई और यह मुस्लिम आक्रमणों के काल तक जारी रही। मूर्ति विज्ञान का भारत की सांस्कृतिक परंपरा में महत्वपूर्ण स्थान रहा है चूंकि इसी में धर्म और दर्शन जो इसका अभिन्न हिस्सा था और जैसा कि मूर्ति पूजा धर्म का मूलआधार बनती है। चूंकि धार्मिक एवं दार्शनिक रूझान लोगों के मन से उपजते हैं और इस कारण उनके जीवन में प्रमुख भूमिका साबित होते हैं। चित्र इस प्रकार इन आदर्शों की अभिव्यक्ति की असरकारी पद्धतियों का काम करते हैं और कृष्ण के पसंदीदा चित्रों के संदर्भ में व्यक्त होते हैं और अन्य देवता भी मंदिरों में उनके साथ मूर्तियों में स्थापित कर दिए गए थे।

कृष्ण पर आधारित यह कला परंपरा पुराणों व महाभारत के आधार पर विकसित हुई। इसका मुख्य उद्देश्य उन अवधारणाओं - छवियों की विषयवस्तुओं का वर्णन करना था जो समय समयपर कृष्ण से संबंधित थी। इसका उद्देश्य उत्तर पुराण काल में कृष्ण से संबंधित नयी आध्यात्मिक विषयों प्रवृत्तियों व प्रतीकों को चित्रित करना भी है। परिणामस्वरूप, उनके चित्र उनकी अवधारणा के नए अर्थों व आयामों को भित्ति चित्रण के साथ कलमबद्ध किए गए। हालांकि, इस प्रकार धर्मग्रंथों ने उनके चित्रों को ज्यादा आधारभूत संरचना प्रदान की है और कृष्ण की मूर्तिविज्ञान के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई है, फिर भी इन दोनों स्त्रोतों द्वारा कृष्ण अवधारणा की प्रस्तुति में अंतर स्पष्ट नजर आते हैं।

जैसा कि भारत में किसी भी परंपरा को उभरने से रोका नहीं गया है बल्कि विकसित किया गया है, और यही कृष्ण के चित्रात्मक प्रकटन से संबंधित कला परंपरा में भी यही सोच लागू दिखती है। इसने समय और हालात की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वयं को एक नए प्रारूप में विकसित किया है। इसने अपने भीतर पुराणों से नए आध्यात्मिक विवरणों के अपना दायरा विकसित किए थे और इस प्रकार मूर्तियों ने भारतीय के धार्मिक परिदृश्य में पूजा के अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यमों के रूप में अपनी जगह बनाई। इसलिए, इस दौर के दौरान, कृष्ण की मूर्ति ने भारत की सांस्कृतिक कला में विराट हैसियत हासिल की।

अब, मूर्ति को परिभाषित करने के लिए, यह पाया गया है कि आम तौर पर ईश्वर या कृष्ण के चित्र उनकी अनुकृति दर्शाते हैं। भारत में मूति विज्ञान का कला परंपरा का संदर्भ वेदों व उपनिषदों में, प्रतिकृति के रूप में , मिलता है। इसके अलावा, यह भी कहा जाता है कि देवताओं की वैदिक अवधारणा ने देवताओं की मूर्तियां बनाने के लिए प्रेरित किया है, जैसा कि वेदों व बाद के कार्यों में देवताओं को आकाश पुरूष या दिवो-नरस कहा गया है और उनका नृ-पेश या इंसानों जैसा रूप भी बताया गया है।

जहां तक कृष्ण के मूर्ति विज्ञान का प्रश्न है यह अगमों व पुराणों जैसे धर्मग्रंथों के आधार पर विकसित हुआ है। ये कार्य कृष्ण के प्रतीक पर अधिक प्रामाणिक सामग्री प्रदान करते हैं, जिन्हें चल, अचल जैसे प्रारूप भी बताया गया है जिनका अर्थ होता है कि वे जो भार में बहुत हल्के और वजन में भारी हैं, हल्के भार वाले प्रतीक चार किस्म के बताए गए है- वौतका, (जिनकी रोज पूजा होती है), उत्सवा (विशेष अवसर पर जिनकी पूजा होती है), बलि (प्रसाद चढ़ाने के साथ हर रोज पूजा के लिए), स्नापना (पवित्र जल छिड़क कर)।

जहां अचल प्रतीक पत्थर के बने होते हैं और जो मूल विग्रह व ध्रुव जैसे प्रारूपों के हैं। ध्रुव प्रतीक के निम्न प्रारूप होते हैं मसलन खड़ी मूर्ति (स्थानक), आसन (बैठी हुई) और शायन (लेटी हुई), जो मूर्तियों की वेशभूषा निर्धारण के संदर्भ में उन क्षेत्रों के अपने सांस्कृतिक मानकों व प्रचलनों के अनुसार लोगों द्वारा लागू किए जाते हैं। कृष्ण की इस प्रकार की मूर्तियों के अलावा, अन्य प्रकार की मूर्तियों का कृष्ण मूर्तियों द्वारा उल्लेख मिलता है जिन्हें भगवतपुराग में स्वयं कृष्ण द्वारा उद्धव के साथ संवाद में उल्लेख किया जाता है, जहां वह कहते हैं कि उनकी मूर्तियां मिट्टी, चंदन की लकड़ी, पत्थर, धातु, मिट्टी और मनोमाया द्वारा बनाई जा सकती हैं। आम तौर पर, कृष्ण संबंधी साहित्यिक परंपरा में, कृष्ण की मूर्तियां प्रतीकों के आधार पर बनी हैं जो व्यक्तिगत स्तर पर मूर्ति बनाने के मुख्य वचनों का काम करती है और इन रूपों से अन्य से अलग करती हैं। मूर्तियों की संरचना अमूर्त रूप में कुछ प्रतीकों के अनुसार अपेक्षित हैं और फिर विशिष्ट प्रतीक के भौतिक अमूर्त रूप में अभिव्यक्त हुई हैं। समस्त देवताओं में, कृष्ण ही हैं जिनकी मध्यकाल की सबसे प्रभावी मंदिर कलारूप रहे हैं, जहां उन्हें वेणुगोपाल, अकेले या राधा के साथ व अन्य रास के दौरान गोपियों संग, गोवर्धन पर्वत थामे, नारद की दृष्टि में योगी के रूप में, बलराम और सुभद्रा के साथ युवा ग्वाले के रूप में, कंस का वध करते योद्धा के रूप में तथा जरासंध और शिशुपाल का वध करते व अर्जुन का रथ चलाते जैसे बहुआयामी रूपों में दिखाया गया है।

प्रतीकों में, कृष्ण या तो दो या चार भुजाओं से शोभायमान हैं। दो भुजाओं वाले कृष्ण अभयदान की मुद्रा में हैं। जबकि, चार भुजाओं वाले कृष्ण हाथों में कमल, चक्र, शंख और छड़ी लिए हुए हैं। विभिन्न संप्रदायों ने मूर्तिगत रूपों में कृष्ण के विभिन्न रूप दिखाए हैं। उदाहरण के लिए, कमल का और शंख का पंथ, यक्ष के साथ संबंधित छड़ी का पंथ का उल्लेख मिलता है (वह हमेशा छड़ी लिए होते हैं।) इसके अलावा, मिथकों में प्रतीकों की संरचना में उसकी भूमिका भी है जहां वह अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ चित्रित हैं। अंत में कहूं कि आइए मान लेते हैं कि कृष्ण की प्रतीकात्मक प्रस्तुति हमें पुराणों तथा महाकाव्य के साहित्यों के पाषाण रूप का सच्चा अनुवाद प्रदान करती है और उसे पूर्ण बनाती है।

**- लेखक प्रसिद्ध भारतीय विद तथा कृष्णकथा विशेषज्ञ हैं ।**

# रचनात्मक रहने के तरीके

**डॉ. बिनय सिंह का कहना है कि हालांकि कुछ लोगों ने इस महामारी को मुकाबले में कठिन स्थिति के बतौर देखा है, मगर इसमें कुछ महत्वपूर्ण लाभ भी हैं**



बीते कुछ महीने महामारी के मौजूदा दौर से उबरने की कोशिश में हर व्यक्ति के लिए सचमुच कठिन रहे हैं, लेकिन यह लोगों के लिए अन्वेषण के अवसर भी लेकर आई है। घर पर समय बिताना जहां अधिकांश बड़े लोगों और सभी बच्चे को हर रोज स्कूल जाने या काम के लिए भागने की कोई जल्दी नहीं रह गयी थी। यह एक अनोखा उपहार है जो इस महामारी ने हम सबको नवाजा है और दुनिया भर में हम लोगों को कुछ इस ढंग से आनंद लेते देख रहे हैं जिसे वे कभी संभव नहीं पाते थे। घर पर रहते हुए और उत्पादक बने रहकर लोग अपने समय को उचित काम में लगा सकते थे। आशावादी बने रहने के ये कुछ ऐसे तरीके हैं जो महामारी के दौरान उत्पादक व उपयोगी बन रहने में आपकी सहायता करेंगे:

**प्रसिद्ध रचनाएं पढ़ें:** स्थानीय पुस्तकालयों की सीमा हो सकती है, लेकिन अनेक उपकरण हैं जिनका आप अपने मन मुताबिक किताबें, पत्रिकाएं, कामिक्स, या चित्रात्मक उपन्यास पढ़ने में इस्तेमाल कर सकते हैं, वो भी काफी कम कीमत पर। हर तरफकिताबों की सूची के साथ अनेक पुस्तक बेवसाइटें है जिन्हें हर एक अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार पढ़ना चाहिए। हर सप्ताह एक किताब पढ़ने का लक्ष्य बनाएं और देखें कि आपने कितना ज्यादा हासिल किया और कितनी अनोखी दुनिया आप खोज सकते हैं।

● **रोपण एवं बागबानी:** आपका घर आपका किला है। इसे उन्नत बनाने में समय है। अगर आपके कामकाजी घंटे घट गए हैं या कुछ समय के लिए बिलकुल समाप्त हो गए हैं, अपनी ऊर्जा को अपने घर व आंगन की स्थिति सुधारने में लगाएं। निश्चित रूप से आपके घर में कहीं, करने को अनेक कार्य हैं जिन्हें आप संभालने में पर्याप्त उपयोगी हैं। यह अपनी दीवार में छेद भरना हो सकता है, घर को दुबारा रंगना हो सकता है, दरवाजे पर मौसमी चादर बदलना या नए पौधे लगाने से लेकर अपने जीवन कुछ रंग शामिल करना हो सकता है। अधिकांश घरेलू मरम्मत घर अभी खुले हुए हैं क्योंकि उन्हें अत्यंत आवश्यक माना जाता है। खुले में होने वाली अधिकांश परियोजना जो आप हाथ में लेना चाह सकते हैं उसका एक उपयोगी वीडियो यूट्यूब या किसी अन्य साइट पर आनलाइन उपलब्ध है, इसलिए अपने घर और आंगन का सर्वे करें और वो काम तलाशें जिसे लेकर आप अर्से से सोचते आए हों।

● यदि आप पढ़ाना नहीं सीख सकते ! तो कोई चीज इंसानी स्वभाव में अनुवांशिक है जो हमें रोकती है कि हम स्वयं को एक दूसरे से पूर्णतया अलग कर सकें। हम अभी भी वायरस के खिलाफलड़ाई में , अपने अनुकूल संसाधनों के जरिए, अपना योगदान करने की तलाश में हैं। हर कहीं लोग मददगार ढंग से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए इंटरनेट की ओर गए हैं।

कुछ मनोवैज्ञानिक सहयोग प्रदान करते हैं, तो कुछ अन्य कक्षाओं में पढ़ाकर तथा डू-इट-योरसेल्फ कोर्सेज (डीआईवाई) के जरिए समय बिताने के अनोखे तरीके प्रदान करते हैं। कुछ भले लोग तो उन लोगों का संवाद-साथी बनने का प्रस्ताव देते हैं जो अपने घर में अकेले बंद हैं।

● यदि आपको एक उपकरण मिल गया है जो वीडियो रिकार्ड करता है, तो आप लोगों को पढ़ाने में सक्षम हैं कि कैसे कुछ करें। यदि आपके पास आडियो रिकार्डर और एक आवाज हैं तो आप अपना मनचाहा काम, जो आपकी पसंदीदा फिल्म या संगीत हो सकता है, आपका अपना हंसाने का अंदाज, या जिस काम के आप विशेषज्ञ हैं उसकी जानकारी के बारे में पॉडकॉस्ट रिकार्ड करके लोगों के बीच प्रसारित कर सकते हैं। मकसद यह कि आपको लगे कि इसे सुनकर लोगों का मनोरंजन होगा।

● इंटरनेट हमारे लिए न केवल एक साथ आने का, बल्कि मुसीबत के इस दौर में सकारात्मक संदेश व कहानियों को साझा करने का माध्यम है।

● **टीम बिल्डिंग अभ्यास क्रियाएं:** ज्ञान को फैलाएं। लोगों ने धीरे धीरे घर से काम करने की इस नयी सहजता को अपना लिया है। इसमें निश्चित रूप से थोड़ा समय लगा है चूंकि हमउम्रों ने काम के बजाय फोन काल्स पर एक दूसरे से बात की होगी, नए सत्र लेकर आए होंगे जहां टीम घर से काम करने के अपने अनुभवों के बारे में बता सके,कुछ अच्छे विचार साझा करना और कुछ खेल खेलना कर्मचारियों की विचार प्रक्रिया को ताजगी देने में सहायता कर सकता है और वे तरोताजा महसूस करते हैं और सकारात्मक सासेच के साथ काम शुरू कर देते हैं।

● **अपने बजट का विश्लेषण करें:** हालांकि, अर्थव्यवस्था फिर से जोर पकड़ रही है मगर अभी इसे सामान्य स्थिति और आगे बढ़ने में लौटने में समय लगने वाला है और इसलिए यह बेहद जरूरी हो जाता है कि हम मौजूदा बजट और अपने खर्चों का पुनर्मूल्यांकन करें। व्यक्ति को रेखांकित करना चाहिए और खर्च वही करना चाहिए जहा कम से कमं इस महामारी के दौरान बहुत जरूरी हो क्योंकि यह अनुमान प्रदान करने में आपकी सहायता कर सकता है कि पैसा कहां जा रहा है और जो दूरगामी तौर पर लाभकारी होगा।

- (लेखक *कोरोना वायरस: आपरचुनिटी थ्रू एडवरसिटी* के लेखक हैं और सिंह मेरीन मैनेजमेंट लिमिटेड के सीईओ हैं)



अंतर्दृष्टि
प्रमोद पाठक

# बॉलीवुड उठो!





बालीवुड तूफान के बीच है। इंडस्ट्री, जिसने आम लोगों का मनोरंजन करने के लिए योमन सेवा की थी, अचानक मलकुंड बन गयी है, यानी वो एक शब्द जिसका बिग बी ने राजनीति के लिए उपयोग किया था। इसके बावजूद, बालीवुड मूंगफली की कीमत पर सबके लिए तीन घंटे की पावर पैक्ड एक्शन, फेंटेसी, आनंद और रोमांस प्रदान करता आया है। इसने लोगों को हंसाया, रूलाया हैं, उन्हें गुस्से से भरा है और उन्हें आस्था जगाने की दुनिया में शामिल कराया है। इसने उकसाया और कभी कभी जगाया भी है। वो सब हाशिए पर धकेल दिया गया है। लेकिन समाज में सबकुछ बुरा है, इस सबके लिए बालीवुड को दोष देने से पहले हमें ठहरने और विचार करने की जरूरत है। एक सदी से भी ज्यादा के अपने इतिहास में, मुंबई फिल्म उद्योग ने समाज की वो सेवा की है जो सिर्फ गिने चुने उद्योग ही कर पाए हैं। इसने वो शोध किया है जो कोई अन्य संस्थान नहीं कर पाया है। इसने जिस तरह से सिखाया है, वैसा कोई शिक्षक नहीं सिखा पाया होता। इसने लोगों को उसी कीमत पर तनावमुक्त किया जितना कि वे वहन कर सकते थे। इसने लोगों को भावनाएं चित्रित करने का एक ठिकाना प्रदान किया, उन्हें आनंदित व हंसाया है, उन्हें आह्लादित महसूस कराया, उन्हें जादुई भाषा से लोगों को अपने दुख भुलवाए। सलामी वाला नशा भी होता था। लोग फिल्म देखकर आने के बाद भी बातें करते और बहसें करते। उस भारी बहुसंख्या के लिए सेवा का कोई माध्यम नहीं था जो खुशी व आनंद की भूखी थी। इसने सही सबकों की पैरवी भी की। कि यह अच्छाई है बुराई पर विजय प्राप्त करती है। या जैसा आप बोते हैं, वैसा आप काटते हैं। अचानक, सबकुछ सियाह लगने लगता है। इतना सियाह कि एक खास गंध छोड़ता है। कारण पता लगाना कठिन नहीं है। फ्रेंसिस बेकन ने एक बार कहा था कि यदि आप किसी समस्या की जड़ में जाएंगे तो आपको लोग मिलेंगे। केवल राजनीति से लोगों को बदलिए। आखिरकार, इंसान एक राजनीतिक पशु है। इसलिए यदि आप समस्या की जड़ में जाएंगे तो आप राजनीति को वहां पाएंगे। गंदी राजनीति। उन दोषारोपणों को भूल जाएं। विकृतियों व गिरोहबंदियों, धड़ाबंदियों व दबाव समूहों के उन विचारों को भूल जाएं। वे हर कहीं हैं। उत्तम संस्थानों में भी हैं वे। हमें मूल बातों की ओर वापस लौटना होगा। और वह अंग्रेजी भाषा की कक्षा चौथी का मुहावरा याद दिलाती है- बुरा कर्मचारी अपने औजारों को दोष देता है। एक हिंदी मुहावरा भी है और वो बालीवुड भाषा में: '' अगर आप नृत्य करना नहीं जानते हैं तो आप नृत्य मंच में खोट तलाशते हैं। यानी नाच न जाने आंगन टेढ़ा। '' फिल्में और फिल्मी दुनिया भिन्न विधा और भिन्न उद्देश्य के लिए होती हैं। वस्तुगत हो जाएं तो फिल्में समाज नहीं रचती हैं, वे समाज को दिखाती हैं। और इस मामले में वे उन अनेक समाचार चैनलों से कहीं ज्यादा वास्तविक हैं जो फिल्मों से कहीं ज्यादा समाज को प्रदूषित करते हैं। फिल्में बाजार संचालित होती हैं और समाज को दिखाती हैं। हिट फिल्म का न तो कोई फार्मूला होता है और न लॉबी। यह फिल्म का दर्शक है जो फैसला करता है और वह अत्यंत जिद्दी होता है। मजेदार बात यह कि वह खुद नहीं जानता कि ऐसा क्यों। फिल्म स्टारों के मामले में यही होता है। वर्ना मामूली बजट और बिना किसी स्टार के जय संतोषी मां जैसी फिल्म उस समय बहुत बड़ी हिट नहीं हुई होती जो उसी साल भारी बजट की बहु सितारा फिल्म शोले से बड़ी हिट हुई थी। इसे बड़ा बनाने वाले सितारों पर आता हूं, ढेरों प्रमाण साबित करते हैं कि यह ईश्वर प्रदत्त खूबी है, गॉड फादर नहीं। देव आनंद, दिलीप कुमार और राजकुमार से लेकर अमिताभ बच्चन, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे तमाम उदाहरण साबित करते हैं कि यह केवल प्रतिभा है। और स्टार पुत्रों की विफलता इसकी पुष्टि करती है। एक अंतिम और अत्यंत महत्वपूर्ण बात। हालांकि अनेक समाचार चैनल झूठ को सच बनाकर बेचने का प्रयास कर रहे हैं, मगर फिल्म इसे बिलकुल भिन्न ढंग से कर रही हैं। बालीवुड को खड़ा होना चाहिए और शो जारी रहना चाहिए।

## पेज 1 का शेष

# फिल्टर बबल का ...

हम दोस्तों के साथ कालेज जा सकते हैं और परिवार के साथ छुट्टियों पर जा सकते हैं क्योंकि वे हमारे बहुत करीब होते हैं। क्या हम असल दुनिया को, जैसी कि हम इसे जानते हैं, को त्याग देंगे और उसका डिजीटल स्तर पर उन्नत संस्करण स्वीकार कर लेंगे? या क्या हम वास्तविक व डिजीटल दुनियाओं दोनों को, उतने ही सुंदर रूप में निर्मित करने के लिए पर्याप्त प्रेरित व रचनात्मक रहेंगे?

### भविष्य

सरल शब्दों में कहें तो भविष्य वो है जैसे हम बने होते हैं। हम, उस सबके उपभोक्ताओं के रूप में, जो कि हमारे सामने प्रस्तुत है, रोज हर दूसरे सेंकेंड में सक्रिय चुनाव करते हैं। ये चयन महत्व रखते हैं। ऐसे लोग होते हैं जो मशीनों द्वारा उत्पादित रिपोर्टें पढ़ते हैं और फैसला करते हैं कि कैसे हमें वो चीजें ज्यादा दी जाएं जोकि हम चाहते हैं।

बिलकुल, हम जानकार संवेदनशील व्यक्ति हो सकते हैं। फिर भी, हम अपनी इच्छाओं के व्यसनी और गुलाम भी हो सकते हैं। हम सिर्फअपना समय बिताने के लिए कुछ भी देखने का फैसला कर सकते हैं। या हम कुछ नया रचने का फैसला कर सकते हैं, कुछ मूल्यवान। हमारे लिए व दूसरों के लिए दोनों महत्वपूर्ण हैं।

कुछ ऐसा जो हम रचते हैं, सिर्फ इसलिए नहीं कि हम प्रसिद्ध हस्ती बनने या पैसा कमाना चाहते हैं, बल्कि इसलिए कि हम जानते हैं कि हमारे द्वारा इसे रचने में और दूसरों द्वारा इसे देखने में, दोनों पक्ष उससे, जो अंतिम उत्पाद के रूप में मौजूद है, कुछ समग्र लाभ प्राप्त करते हैं। तकनीक को एक वाहन के रूप में देखा जाना चाहिए जिसका कि हम अपना मनचाहा पाने के लिए चुनाव कर सकें। इसलिए कृपया सावधान रहें कि आप उस वाहन के साथ क्या करते हैं। हमारी व्यक्तिगत व सामूहिक यात्राओं के लिए अनेक रास्ते सामने हैं जिनमें से हम चुनाव कर सकते हैं। आइए उन दिशाओं में आगे बढ़ने का प्रयास करें जो हमें एक साथ लाती हैं, जो हमें अधिक खुशहाल बनाती हैं और उन्हें, जिन्हें हम अनेक पीढ़ियों के बाद गौरवपूर्ण ढंग से पीछे मुड़कर देख सकें।


- (लेखक तकनीकविद, उद्यमी व कलाकार हैं। टीएसएन ग्रुप, इंक के सीईओ हैं और वर्तमान में नए, अधिक सुरक्षित सोशल नेटवर्किंग समाधान पर काम कर रहे हैं)



जब भी मास्टर जी (गणेश आचार्य) मुझे किसी भी चीज के लिए धन्यवाद देते हैं, मुझे लगता है कि वह मुझे गाली दे रहे हैं, क्योंकि जिस तरह से उन्होंने मेरी पहली फिल्म के बाद से मेरी मदद की है, मैं वास्तव में उनका आभारी हूं।

- टाइगर श्राफ







# कोरोना काल में रचनात्मक सांत्वना देना उद्देश्य



**इंडस वैली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक और रचनात्मक निर्देशक हर्ष नारायण का कहना है कि वो कोविड महामारी का प्रकोप समाप्त होने के बाद भी डिजिटल संस्करण पर काम करना जारी रखेंगे क्योंकि उनके अनुसार इस एकल प्लेटफॉर्म का भविष्य उज्जवल है ...**

ये वर्ष का वो समय है जब हम किसी न किसी फिल्म फेस्टिवल में फिल्मी सितारों को अपने डिजाइनर परिधानों और नवीनतम शैलियों के माध्यम से चमक बिखेरते हुए देखा करते थे। लेकिन अब कोरोना वायरस और इसके चलते लगे प्रतिबंधों के चलते वास्तविक फिल्म महोत्सवों का स्थान पर इनके डिजिटल संस्करण ने ले लिया है।

आज हमारे बीच कई फिल्म फेस्टिवल ऑनलाइन आयोजित किये जा रहे हैं ताकि लोग इनका पूरा आनंद ले सकें। ऐसा ही एक फिल्म फेस्टिवल है इंडस वैली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल। लॉकडाउन के दौरान अपने पहले संस्करण को सफलतापूर्वक आयोजित करने के बाद आयोजकों ने इसके दूसरे और अधिक उच्चीकृत संस्करण का आयोजन किया जिसमें नौ दिनों की अवधि में फिल्म, सिलेब्रिटीज़ से बातचीत, फिल्म निर्माण पर वर्कशॉप, मास्टरक्लास, पटकथा लेखन, थियेटर में अभिनय के साथ साथ निर्देशन आदि के बारे में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इसमें श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान तथा भारत की फिल्मों को प्रस्तुत किया गया था। इसके अंतर्राष्ट्रीय पैनोरमा विभाग में इटली तथा स्पेन जैसे देशों की फ़िल्मों को भी सम्मिलित किया गया।

इसका प्रारंभ आर बाल्की की फिल्म पैडमैन से तथा अंत विशाल भारद्वाज की फिल्म रंगून से हुआ। अभिनेता हिमांशु मलिक इसमें मास्टर ऑफ सेरेमनी थे जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों में जुरी द्वारा चयनित 25 पुरस्कारों की घोषणा की। इसकी जुरी में विविधता एवं समावेशिता सलाहकार के रूप में सुप्रीति, थियेटर निर्देशक विनीत चोपड़ा, एवं फिल्म निर्माता हर्ष नारायण थे। इसका आयोजन साउथ एशिया फोरम फॉर आर्ट एंड क्रियेटिव हेरिटेज, द्वारा किया गया था। इस महोत्सव के आयोजन के माध्यम से जिन फिल्मों को दिखाया गया उनसे दक्षिण एशिया की समृद्ध विविधता एवं विरासत को सामने लाया जा सका।

इस महोत्सव के संस्थापक तथा रचनात्मक निर्देशक हर्ष नारायण इस बार के संस्करण के नए परिवर्तनों, ऑनलाइन संस्करण आयोजित करने की राह में आने वाली चुनौतियों तथा इसके भविष्य की नई बातों को हमसे साझा किया। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

**❖ इस महोत्सव के दूसरे डिजिटल संस्करण के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे?**

इसके दूसरे संस्करण ने हमें और अधिक लोगों तक पहुंच प्रदान की। हम जब भी भौतिक रूप में महोत्सव का आयोजन करते हैं तो ये एक नगर तक ही सीमित रह जाता है लेकिन इस बार हमारे यहां विभिन्न देशों के अनेक सक्रिय प्रतिभागी थे, साथ ही अमेरिका, अफ्रीका, यूरोप तथा सभी दक्षिण एशियाई देशों से पंजीकरण कराया गया था। लोगों ने हमारे विभिन्न सत्रों में भाग लेने के साथ ही डिजिटल फिल्म पोर्टल के माध्यम से फिल्मों को देखा भी। यहां तक कि अंतिम दिन तक भी अमेरिका जैसे देशों से पंजीकरण कराए जाते रहे। सभी प्रतिभागी उत्साहित थे क्योंकि वे महोत्सव के आधिकारिक रूप से समाप्त होने के बाद भी वीओडी के माध्यम से रिकॉर्डेड सत्रों तथा फिल्मों को देख पा रहे थे।

इससे हमारे विश्वास में वृद्धि हुई कि अब डिजिटल महोत्सव को कोरोना काल के दौरान केवल एक औपचारिकता ही नहीं समझा जाता है, बल्कि एकल प्लेटफॉर्म के रूप में भौतिक महोत्सव के समकक्ष इसका भी भविष्य सुदृढ़ है।

**❖ इस बार के संस्करण में महोत्सव में क्या-क्या नया था?**

इस बार हमनें फेस्टिवल पोर्टल के माध्यम से फिल्म निर्माण, पटकथा एवं वृत्तचित्र पर ऑनलाइन वर्कशॉप तथा मास्टर क्लास आयोजित की थीं। हमें छात्रों तथा सिनेमा जिज्ञासुओं से पंजीकरण प्राप्त हुए जिन्होंने अपने-अपने विश्वविद्यालयों या घरों से इनमें भाग लिया। इसके अलावा हमनें दक्षिण एशिया में फिल्म निर्माण तथा संगीत के क्षेत्र में रचनात्मक सहयोग पर पैनल विमर्श आयोजित किया। इनमें पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश एवं श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों के शीर्ष फिल्म निर्माताओं एवं संगीतकारों ने भाग लिया। ये बहुत गंभीर विमर्श थें जिनमें लोगों ने किसी ऐसी डिजिटल संस्था की आवश्यकता अनुभव की जो इस उद्योग में सहयोग, सहनिर्माण तथा संयुक्त उपक्रमों में सुविधाजनक बनाने में सहायक हो।

**❖ इस प्रकार के ऑनलाइन महोत्सव के आयोजन की राह में किस तरह की चुनौतियां होती हैं?**

मुख चुनौती तो प्रारंभ में फिल्म निर्माताओं, निर्देशकों तथा स्टूडियो आदि को अपनी फिल्में इस डिजिटल संस्करण के लिए उपलब्ध कराने हेतु सहमत करना था। ये सही भी है फिल्मों के सभी डिजिटल अधिकार बेचे जा चुके होते हैं या उस हेतु सुरक्षित किये जा चुके होते हैं। ऐसे में फिल्म निर्माताओं को किसी डिजिटल फिल्म फेस्टिवल के लिए अपनी फिल्म उपलब्ध करने में चोरी की आशंका रहती है लेकिन फिल्म के फेस्टिवल स्क्रीनिंग अधिकार भी उनके पास ही रहते हैं।

उनकी इस आशंकाओं को कम करने के लिए हमनें एक सुरक्षित आईवीआईएफ्एफ डिजिटल फेस्टिवल पोर्टल स्थापित किया था जिसे केवल पंजीकृत प्रतिभागी ही देख सकते थे। इसके अलावा हमारी अतीत की विश्वसनीयता के कारण हम फिल्म निर्माताओं तथा प्रोड्यूसर्स को अपनी योजना से संतुष्ट करने में सफल रहे। इस प्रकार हम कुछ शीर्ष प्रोडक्शन हाउस और स्टूडियो को अपने साथ लाने में सफल रहे।

**❖ क्या आपको लगता है कि महोत्सव का ऑनलाइन संस्करण अधिक उपयोगी रहा?**

जी हां। क्योंकि हमारे महोत्सव में विभिन्न देशों के प्रतिभागी थे जबकि भौतिक स्तर पर आयोजित होने वाले महोत्सव में इतने प्रतिभागियों को एक मंच पर लाना दुष्कर काम था। इसी के साथ इतने लोगों के लिए वीज़ा प्राप्त करना तथा क्लीयरेंस प्राप्त करना भी टेढ़ी खीर होती है। इसके अलावा इसमें एक और सुविधा ये होती है कि फिल्म निर्माताओं तथा अभिनेताओं को अपने सत्र में ही अपने घर या कार्यालय से ऑनलाइन उपलब्ध होना होता हैं इससे उनके दूसरे कार्यों के लिए भी पर्याप्त समय उपलब्ध होता है। भौतिक महोत्सवों में उन्हें उस नगर तक भ्रमण करना होता है और कम से कम एक दिन का समय लग ही जाता है।

**❖ कोरोना महामारी काल में ऐसे महोत्सव कला और रचनाशीलता को किस प्रकार सशक्त बनाते हैं?**

आजकल लोग तनावग्रस्त, उदास और दबावों में जी रहे हैं और हर दिशा से उन्हें नकारात्मकता के ही दर्शन होते हैं फिर चाहे महामारी हो, युद्ध, आत्महत्या, अवसाद, मादक पदार्थों का सेवन, सामाजिक अशांति या राजनीतिक संघर्ष। ऐसे समय में हम लोगों को एक रचनात्मक सांत्वना और एक आशा की किरण देना चाहते थे ताकि वे जीवन के उजले पक्ष से परिचित हों। हमें स्मरण रखना होगा कि अंधकार के समय रचनात्मकता ही हमारे हृदय को उजालो से भर सकती है। कला और रचनाशीलता से हमारे हृदय और आत्मा के घावों को भरा जा सकता है। इससे हम प्रेम और करुणा की शक्ति में हमारा विश्वास भी बहाल होता है और हमारी सामाजिक चेतना को एक नई ऊर्जा प्राप्त होती है।

**❖ आपने उल्लेख किया कि 'इंडसवैली फेस्टिवल में नियमित रूप से फिल्मों की स्क्रीनिंग, विमर्श, वर्कशॉप तथा पैनल विमर्श आयोजित होते रहना चाहिये...' इसके अलावा इस प्रकार के और किन उपायों से हमारी गतिशीलता बनी रह सकती है?**

हम इंडसवैली को एक स्थायी डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाना चाहते हैं जिससे दक्षिण एशिया तथा बाद में दक्षिण-पूर्व एशिया के कलाकार, संगीतकार तथा फिल्म निर्माता जुड़े रहें। इससे वे एक दूसरे से मिलकर कार्य कर सकते हैं। वे अपनी रचनाशलता को दूसरों से मूल्य के आधार पर साझा भी कर सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से वे वृहद मार्केट से जुड़े रहने में भी समर्थ होंगे। उन्हें इस क्षेत्र में उपलब्ध तकनीकी तथा अन्य प्रकार की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का लाभ भी मिल सकेगा। हमनें तय किया है कि अब से हम दक्षिण एशिया के सर्वश्रेष्ठ संगीतकारों को संगीत के निर्माण के लिए लाएंगे। एक सुझाव ये भी था कि हम एक दक्षिण एशियाई सिनेमा कोष का निर्माण करें ताकि दक्षिण एशिया क्षेत्र में अच्छी फिल्म स्क्रिप्ट का विकास संभव हो सके और बाद में वो एक श्रेष्ठ स्क्रीन कंटेंट बनने में सफ्ल हों। इस बारे में विचार विमर्श के लिए हम एक समिति बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

## वेब वर्ल्ड



### वॉट द कान्स्टीट्यूशन मीन्स टु मी

इसमें हाइडी श्रेक के नाटक के इस लाइव ब्रॉडवे कास्ट प्रोडक्शन में अमेरिका के संविधान के संबंध में विभिन्न ऐतिहासिक अवधारणाओं तथा उनके व्यक्तिगत अनुभवों को प्रस्तुत किया गया है। इसे अक्तूबर के मध्य से अमेजॉन प्राइम वीडियो प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है।



### सोशल डिस्टेंस


पृथक वास की अवधि में इसकी संकल्पना करने से लेकर निर्माण तक सबकुछ दूर रहते हुए किया गया है। इसमें विभिन्न प्रकार से दिखाने का प्रयास किया गया है कि महामारी के दौरान दूर रहते हुए भी हम कैसे एक दूसरे के निकट बने रह सकते हैं। वर्तमान में नेटलिक्स पर देखने के लिए उपलब्ध है



### द ट्रायल ऑफद शिकागो 7

शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किस प्रकार से पुलिस के साथ हिंसक संघर्ष में परिवर्तित हो जाता है और बाद में इसपर चला वाद इतिहास के सबसे कुख्यात मुकद्मों में से एक के रूप में याद किया जाता है। इसमें अमेरिका की संघीय सरकार द्वारा 1969 में इनमें से सात प्रतिवादियों के ट्रायल का वर्णन है। फिल्म नेटलिक्स पर उपलब्ध है।

# हिमानी शिवपुरी और योगेश त्रिपाठी ने अपने पसंदीदा पकवानों के बारे में बताया



**भारतीय पकवानों** में बहुत सारी विविधतायें हैं। अगर खाने-पीने के सामानों की बात करेंए तो हर जगह की अपनी कुछ खासियत होती है और कई पारंपरिक व्यंजन उस क्षेत्र से जुड़े होते हैं। खान-पान की यह विविधता भारत की एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषता भी है। वर्ल्ड फूड डे के अवसर पर एण्डटीवी के हप्पू के उलटन पलटन के हप्पू सिंह यानी कि योगेश त्रिपाठी और कटोरी अम्मा उर्फ हिमानी शिवपुरी ने प्रयागराज के अपने पसंदीदा पकवानों और खाने.पीने के लिये मशहूर जगहों के बारे में बात की। हिमानी जी ने कहा यमुनाए गंगा और सरस्वती नदियों के संगम के और भव्य मेलों के अलावा यह शहर अपने अलग-अलग किस्म के शानदार भोजन, खासतौर से अपने स्ट्रीट फूड के लिए भी लोकप्रिय है। यदि मैं अपनी बात करूं तो, मुझे टमाटर चाट, आलू टिक्की, खस्ता कचोरी, दही-सोंठ के बताशें, पापड़ी चाट और गोल गप्पे बहुत पसंद हैं।

सिविल लाइन्स नेत्रम मूलचंद एंड संस हरी राम एंड संस और लोकनाथ में निराला की चाट तक ऐसी कई जगहें हैंए जहां पर तरह.तरह की चाट का स्वाद लिया जा सकता है। यदि मैं यह कहूं कि इलाहाबाद, चाट के शौकीनों के लिये जन्नत से कम नहीं हैए तो गलत नहीं होगा। इसके अलावा वहां के समोसेए खासकर छोला समोसा बहुत अच्छा होता है। इस बारे में आगे बात करते हुएए योगेश त्रिपाठी ने कहाए श्भारतीय मिठाईयों के शौकीन लोगों को सोहबतिया बाग जरूर जाना चाहिए। इस शहर में सबसे बेहतरीन गुलाब जामुन मिलते हैंए जिसे देहाती के रसगुल्ले के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा यहां की मक्खन मलाईए इमरती और निश्चित रूप से पान भी मशहूर है। चुरमुराए जो कि यहां का लोकल स्नैक्स है, वह भी लोगों को काफी पसंद आता है। मैं तो बस इतना ही कह सकता हूं कि यहां के खाने का मजा ही कुछ अलग है। तो प्रयागराज जरूर आएं और यहां के खाने का खूब लुत्फ उठाए। इस वर्ल्ड फूड डे परए मेरी सभी लोगों से बस यही गुजारिश है कि खाना बर्बाद न करें और भूखों को खाना खिलाएं। तोए यदि आपने अभी तक प्रयागराज के इन व्यंजनों के स्वाद नहीं लिया हैए तो वाकई में आप एक बहुत बड़ी चीज मिस कर रहे हैं! हप्पू की उलटन पलटन में हिमानी शिवपुरी को कटोरी अम्मा और योगेश त्रिपाठी को दरोगा हप्पू सिंह के रूप में देखिए, हर सोमवार से शुक्रवार रात 10:00 बजे सिर्फ एण्ड टीवी पर!

# मिथुन चक्रवर्ती के बेटे के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की पत्नी योगिता बाली और बेटे महाअक्षय के खिलाफ बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि 38 वर्षीय महिला की शिकायत पर बृहस्पतिवार की रात ओशिवारा थाने में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता ने कहा है कि वह 2015 से 2018 के बीच महाअक्षय के साथ संबंध में थीं और उस दौरान उन्होंने उनसे शादी का वादा किया था।



अधिकारी ने बताया कि, महिला ने कहा कि दोनों के बीच संबंधों के दौरान वह महाअक्षय से मिलने अंधेरी पश्चिम के आदर्श नगर में उनके फ्लैट में गई थीं। महिला ने कहा कि जब वह वहां पहुंची तो आरोपी ने उन्हें सॉफ्ट ड्रिंक पेश की और शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। अधिकारी ने कहा, महिला ने आरोप लगाया कि जब वह गर्भवती हो गई तो महाअक्षय ने गर्भपात कराने के लिए कहा और उन्हें गोलियां भी दीं। उन्होंने बताया महिला ने कहा है कि वह अकसर महाअक्षय से शादी के लिए कहा करती थीं, लेकिन जनवरी 2018 में महाअक्षय ने उनसे कहा कि वह शादी नहीं कर सकते, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। महिला ने कहा कि जब वह उन्हें फोन करती तो उनकी मां योगिता बाली उन्हें धमकाती थीं।

अधिकारी ने कहा कि बाद में शिकायतकर्ता अपने भाई के साथ दिल्ली जाकर पारिवारिक मित्र के घर पर रहने लगीं। वहां उन्होंने जून 2018 में बेगमपुर थाने में महाअक्षय और योगिता बाली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और 313 और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और जांच वहां अपराध शाखा को सौंप दी गई। दिल्ली की अदालत ने बाद में महाअक्षय और उनकी मां को इस मामले में अग्रिम जमानत दे दी।

अधिकारी ने कहा कि मार्च 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने महिला को उस स्थान की अदालत में शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा, जहां अपराध हुआ है। इसके बाद महिला ने इस साल जुलाई में ओशिवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने कहा, इसके बाद, आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 376 (2) (एन), 328, 417, 506, और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। महाअक्षय हांटेड 3डी और लूट जैसी कुछ फिल्मों में काम कर चुके हैं।